पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025 । वर्ष – 66 । अंक– 340 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से तबाही

7.3 की तीव्रता से कांपी धरती, अब तक 144 की मौत, 730 से अधिक घायल

- एक ही दिन में छह बार कांपी धरती
- ताश की तरह मलबे में तब्दील हुईं आसमान छूती इमारतें
- म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था भूकंप का केंद्र

बैंकॉक,28 मार्च (एजेंसियां)। म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को लगे भूकंप के तेज झटकों के बाद भारी तबाही हुई। इस शक्तिशाली भूकंप में इमारतों, पुल और बांध को नुकसान हुआ है। दो सबसे अधिक प्रभावित शहरों से विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। रिक्टर स्केल पर 7.7 तीव्रता के इस भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। दोपहर करीब 12 बजे लगे झटकों के कुछ ही देर बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप भी आया। गृहयुद्ध में उलझे देश म्यांमार में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में प्रमाणिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं। आधिकारिक बयान के तौर पर म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने मरने वाले लोगों की संख्या बताई। टीवी पर प्रसारित भाषण के मुताबिक कम से कम 144 लोग मारे गए और 730 अन्य घायल हुए हैं। देखते ही देखते कुछ ही पलों में आसमान छूती इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखर गईं। हर ओर चीख-पुकार और तबाही का मंजर है, जिसे देखो वो अपनी और अपनों की जान बचाने के लिए इधर-उधर भागता दिखा। म्यांमार के मंडाले से भूकंप का खौफनाक वीडियो सामने आया है, जहां, मंडाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की लैंडिंग से ठीक पहले भूकंप से बचने के लिए लोग एयरपोर्ट पर जमीन पर लेटकर खुद को बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। विमान कर्मी यात्रियों के साथ उन्हें बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

सुप्रसिद्ध अवा ब्रिज के भूकंप में गिरने की फैली सूचना

शुक्रवार को म्यांमार में 7.7 और 6.4 तीव्रता के दो लगातार भूकंप आए। दावा किया जा रहा है कि म्यांमार के मांडले में इरावदी नदी पर बना सुप्रसिद्ध अवा ब्रिज गिर गया है। भूकंप में कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भूकंप इतना तेज था कि करीब 900 किलोमीटर दूर बैंकॉक में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप की वजह से थाईलैंड और म्यांमार के पूलों से पानी बहने लगा। वहीं कई बिल्डिंग के नष्ट होने की बात कही गई है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घबराए हुए निवासियों को घनी आबादी वाले सेंट्रल बैंकॉक में ऊंची इमारतों वाले कॉन्डोमिनियम और होटलों की सीढ़ियों से नीचे उतारा गया। लोगों को हताहत से बचने के लिए सड़कों पर ही रहने के लिए कहा गया है।

20 मिनट में म्यांमार में लगे दो झटके

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, म्यांमार में 20 मिनट के अंदर भूकंप के दो तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7 और 7.2 मांपी गई है। इस तीव्रता के भूकंप अक्सर भारी तबाही माचते हैं। सोशल मीडिया निर्माणाधीन इमारतों के गिरने के वीडियो सामने आ रहे हैं। हालांकि, इनकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी गई। कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि म्यांमार रुक-रुककर लगातार भूकंप के झटके लग रहे हैं। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था। भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप का एपिसेंटर म्यांमार के साउदर्न कोस्ट के सागाइंग के पास था।

नाव की तरह हिलीं बैंकॉक और म्यांमार के शहरों में बड़ी-बड़ी इमारतें

शुक्रवार को आए इसि भूकंप के तेज झटके की वजह से बैंकॉक और म्यांमार के शहरों में बड़ी-बड़ी इमारतें नाव की तरह हिलने लगी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लोग चीखते-चिल्लाते हुए सड़कों पर भाग रहे हैं। म्यांमार और थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के तेज झटकों से दोनों देशों को कितना नुकसान हुआ है, उसकी जानकारी अभी तक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

परिवहन निगम के कर्मचारियों को मिलेगा भत्ता और गृह भाड़ा

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां नवा रायपुर, अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में छत्तीसगढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (सी.आई.डी.सी.) की 45वीं बैठक आयोजित की गई। संचालक मंडल की बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में लिये गए निर्णयों पर प्रबंध संचालक द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात् संचालक मंडल ने विगत वर्षों के वित्तीय गतिविधियों पर चर्चा की।

सी.आई.डी.सी. के बैठक विभिन्न योजनाओं और संकल्पों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में सी.आई.डी.सी. में संविलियित विघटित परिवहन निगम के कर्मचारियों को राज्य शासन द्वारा जारी आदेशों के अनुरुप 22 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 33 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 42 प्रतिशत, 40 प्रतिशत,

- मंत्री केदार कश्यप ने ली छत्तीसगढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बैठक

60 प्रतिशत एवं 53 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ देने हेतु अध्यक्ष द्वारा प्रदत्ता अनुमोदन की पुष्टि करने तथा भविष्य में महंगाई भत्तों का लाभ देने हेतु प्रबंध संचालक को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही संचालक मण्डल, सी.आई.डी.सी. में संविलियित विघटित परिवहन निगम के कर्मचारियों को राज्य शासन के आदेशानुसार अगस्त, 2023 से गृह गाढ़ा भत्ते का लाभ देने हेतु मंत्री केदार कश्यप द्वारा प्रदत्त अनुमोदन का पुष्टि किया गया है।

बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सचिव ऊर्जा विभाग रोहित यादव, सचिव सह आयुक्त परिवहन एस. प्रकाश, सचिव राजस्व विभाग अविनाश चम्पावत, सचिव जल संसाधन विभाग राजेश सुकुमार टोप्पो, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह, संजय कुमार ओझा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

मुर्मु करेंगी पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म शनिवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगी जबकि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को इसके समापन में शामिल होंगे। अधिकरण ने शुक्रवार को बताया कि पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 29 और 30 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। मुर्मु सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी और धनखड़ इसके समापन में मौजूद रहेंगे।

भारत-रूस नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र' चेन्नई में

नई दिल्ली। भारत और रूस के बीच स्थायी सामुद्रिक साझेदारी की आधारशिला माने जाने वाला 14वां भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र' शुक्रवार को चेन्नई में शुरु हो गया। इस अभ्यास की शुरुआत 2003 में हुई थी और इसे दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों तथा सहयोग का प्रतीक माना जाता है। यह अभ्यास दो चरणों में, बंदरगाह चरण 28 से 30 मार्च तक चेन्नई में और समुद्री चरण 31 मार्च से 2 अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया जा रहा है।

पी एंड के उर्वरकों पर सब्सिडी की मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटिक और पोटासिक (पी एंड के) उर्वरकों पर खरीफ सीजन, 2025 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए बजटीय आवश्यकता लगभग 37,216.15 करोड़ रुपये होगी। यह रबी सीजन 2024-25 के लिए बजटीय आवश्यकता से लगभग 13,000 करोड़ रुपये अधिक है। यह स्वीकृति एक अप्रैल से 30 सितंबर 2025 की अवधि के लिए दी गई है।

किसान के घर से लाखों की नगदी और जेवरात पार

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा नगर पंचायत के ग्राम केवड़ा डीह से डकैती का मामला सामने आया है। यहां पर एक किसान के घर से बदमाशों ने 6 लाख नगदी समेत लाखों जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना को 7 नकाबपोश डकैतों ने अंजाम दिया है। सभी पिस्टल, तलवार, फरसा लेकर पहुंचे थे। किसान राधे लाल भरद्वाज के घर चोरी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। वहीं आला अधिकारी भी मौजूद हैं। आधी रात को डकैत घर में घुसे थे, इन्होंने किसान के परिवार वालों के हाथ-पैर बांधकर वारदात को अंजाम दिया है। डकैतों के पास पिस्टल और अन्य हथियार थे, जिन्हें दिखाकर उन्होंने किसान के परिवार को धमकाया। बदमाशों ने इनसे मारपीट भी की, जिससे किसान के परिजन डरे हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- पिस्टल, तलवार लेकर पहुंचे थे नकाबपोश

सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में उठाई रायपुर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने की मांग

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने और बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों में हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर रायपुर के लोकप्रिय सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाई।

श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से देश का एक उभरता हुआ राज्य है। यहाँ बाल्को, जिंदल, भिलाई स्टील प्लांट, हिंडाल्को, एनएमडीसी, एनटीपीसी जैसे कई बड़े उद्योग स्थापित हैं। इसके अलावा, राज्य में 32त्न आदिवासी और 12त्न अनुसूचित जाति समुदाय के लोग निवास करते हैं। रायपुर हवाई अड्डे से प्रतिमाह 60,000 से 70,000 लोग देश-विदेश की यात्रा करते हैं, साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय निवेशक छत्तीसगढ़ में निवेश के इच्छुक हैं। किन्तु अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुपलब्धता के कारण निवेश की संभावनाओं को पूरी तरह से साकार नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि यदि रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाए और आवश्यक सुविधाएँ, जैसे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

निगमों-पंचायतों में 10 लाख या उससे अधिक के कार्य ई टेंडरिंग से होंगे

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के निगमों और पंचायतों में अब 10 लाख रुपए या इससे अधिक की राशि वाले कार्य ई टेंडरिंग के माध्यम से हो सकेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने संशोधित आदेश जारी किया है।

पूर्व में ई टेंडरिंग से 20 लाख रुपए के कार्य होने का था आदेश पूर्व में जारी आदेश के अनुसार 20 लाख रुपए या उससे अधिक राशि के कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया लागू थी, जिसे अब संशोधित कर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। यह निर्णय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने, कार्य आवंटन को अधिक सुचारु बनाने और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।

विकास कार्यों की गुणवत्ता में होगा सुधार-सरकार के इस फैसले से नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा और ठेका प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। आदेश जारी होने के बाद अब 10 लाख रुपए से अधिक के कार्यों के लिए अनिवार्य रूप से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया अपनानी होगी।

जस्टिस वर्मा पर एफआईआर की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक काम न सौंपने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। कैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आदेश जारी किया गया है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश दिया गया है कि जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा मामले में सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिला तो एफआईआर होगी या मामला संसद को भेजा जाएगा। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को उनके स्टोर रूम में बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। तब से ही यह पूरा मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

34 साल पुराने फैसले को चुनौती दी गई-जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा और तीन अन्य ने याचिका दायर की थी। याचिका में 34 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को भी चुनौती दी गई थी। 1991 में के वीरस्वामी केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि सीजेआई की परमिशन के बिना हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी जज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला मंजूर

दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। सरकार ने शुक्रवार को इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में कार्यभार संभालने के लिए कहा गया है।

केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात

महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वद्धि का ऐलान

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा। सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक वर्ष में महंगाई भत्ते में दो बार बढ़ोतरी की जाती है, जो कि छमाही आधार पर की जाती है।

प्रदेश में नई शराब नीति 1 अप्रैल से कीमतों में 4 फीसदी की कटौती

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई शराब दरों की घोषणा कर दी है। विभाग का दावा है कि 1 अप्रैल से शराब की कीमतों में 4 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे ग्राहकों को राहत मिलेगी। उदाहरण के लिए, 1000 रुपये की शराब की बोतल पर 40 रुपये तक की छूट मिलेगी। हालांकि, यह राहत सीमित होगी, क्योंकि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की तुलना में छत्तीसगढ़ में शराब की कीमतें अब भी अधिक रहेंगी।

मध्यप्रदेश की तुलना में अब भी महंगी शराब-मध्यप्रदेश की तुलना में छत्तीसगढ़ में शराब की दरें अधिक बनी रहेंगी। उदाहरण के लिए, बैगपाइपर व्हिस्की मध्यप्रदेश में 1250 रुपये में मिल रही है, जबकि छत्तीसगढ़ में इसकी कीमत 1800 रुपये होगी। इसके अलावा, बीरा ब्रांड की बीयर और मैकडॉवेल नंबर वन का पौव्वा छत्तीसगढ़ में नहीं बेचा जाएगा।

67 नई दुकानें खुलेंगी

थोक खरीदी प्रक्रिया पूरी, फुटकर दरें तय-छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने शराब की थोक खरीदी प्रक्रिया पूरी कर ली है। 20 मार्च को रेट ऑफर खोले गए, जिसके बाद कंपनियों के साथ समझौता किया गया। इसके आधार पर फुटकर दरें ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

आतंकवाद | सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में चला रखा है अभियान

कठुआ में जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकी ढेर

चार पुलिसकर्मी शहीद

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 28 मार्च (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग इलाके में 24 घंटे तक चले अभियान में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन के पांच आतंकवादी मारे गए। इस दौरान चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि कुछेक भागने में कामयाब रहे हैं। मारे गए पुलिसकर्मियों की संख्या की पुष्टि होना बाकी है जबकि आतंकियों के शवों की तलाश सुबह से की गई।

वैसे अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मारे जाने वाले आतंकी सन्याल से भागने वाले ही हैं या फिर कोई दूसरा ग्रुप है क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने 10 से 12 आतंकियों की घुसपैठ की सूचना दी है। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान फिर से शुरू किया गया था। एक दिन पहले वहां मुठभेड़ में तीन आतंकवादी और इतने ही पुलिसकर्मी मारे गए थे। बाद में एक लापता जवान का शव मुठभेड़स्थल पर देखा गया जबकि पांच आतंकियों के शवों को ड्रोन द्वारा देखे जाने का दावा किया गया। गुरुवार को मुठभेड़ में एक अधिकारी समेत सात अन्य घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि रात में रुकने के बाद, सुबह होते ही तलाशी दल अलग-अलग दिशाओं से निकल पड़े। उनका मुख्य ध्यान मृतकों के शवों को बरामद करने, लापता पुलिसकर्मी को खोजने और किसी भी अन्य खतरे को बेअसर करने पर था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल लक्षित क्षेत्र की ओर सावधानी से बढ़ रहे हैं, लेकिन आतंकवादियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई और ऐसा माना जा रहा है कि सभी आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि, ड्रोन के जरिए पांचों आतंकवादियों के शव ही देखे जा सके और यह भी दावा किया जा रहा हे कि कुछेक भागने में कामयाब रहे हैं। राजबाग के घाटी जूथाना इलाके में जखोले गांव के पास आतंकवादियों के खिलाफ अभियान गुरुवार सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ करने वाले संदिग्ध पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादियों के एक समूह के खिलाफ पुलिस के नेतृत्व में अभियान तेज किया गया है।

देश

उवाच “ मुझे आप सभी पर गर्व है, जिसमें छात्र और संकाय शामिल हैं। आप सभी भारत को देख रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भविष्य हमारा है, कल हमारा है। आईआईटी, मद्रास एनआईआरएफ रैंकिंग में नंबर वन है। विश्व रैंकिंग में 227वें स्थान पर है। अंततः यह निकट भविष्य में 100 के अंदर आ जाएगा: **चंद्रबाबू नायडू**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	32.3	20.9
मुंबई	33.6	22.3
कोलकाता	40.0	26.2
चेन्नई	37.1	25.9

एक घराने के लिए किए जा रहे नियमों में बदलाव : कांग्रेस

नीरज डांगी ने सदन में 'वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण विधेयक 2025' पर चर्चा की

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने राज्यसभा में कहा कि देश में एक उद्योग घराने को लाभ पहुंचाने के लिए हवाई अड्डा संचालन के नियमों में बदलाव किये जा रहे हैं और इनका निजीकरण किया जा रहा है। कांग्रेस के नीरज डांगी ने सदन में 'वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण विधेयक 2025' पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि हवाई अड्डों का निजीकरण किया जा रहा है। एक उद्योग घराना काबिज होता जा रहा है। एक विशेष उद्योग घराने के हित के अनुरुप नियम बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय और नीति आयोग की सिफारिशों को दरकिनार किया गया है। हवाई अड्डों को घाटे में दिखाया जाता है और बेच दिया जाता है। इससे पहले नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सदन में 'वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण विधेयक 2025' चर्चा के लिए पेश किया। यह विधेयक 10 फरवरी को राज्यसभा में पेश किया गया। यह भारत में लागू होने वाले कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों को कानूनी प्रभाव देता है। श्री डांगी ने कहा कि देश में हवाई अड्डों के संचालन में एकाधिकार स्थापित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की उड़ान योजना विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने के वास्तविक प्रयास करने आवश्यक है। हवाई अड्डों पर दुर्घटनाएं बढ़ रही है। राजनीतिक और चुनावी लाभ लेने के लिए अधूरे या निर्माणाधीन हवाई अडडों को उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने बेंगलुरु, अंडमान – निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली हवाई अडडे, भुवनेश्वर और अन्य हवाई अड्डों पर हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने हवाई अड्डे और विमानन कंपनियों के वित्तीय मॉडल का भी उल्लेख किया।

देश में हवाई अड्डों के संचालन में एकाधिकार स्थापित होता जा रहा है। सरकार की उड़ान योजना विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने के वास्तविक प्रयास करने आवश्यक है: नीरज डांगी, कांग्रेस नेता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि राष्ट्र को इस पर गर्व करना चाहिए कि विमान सेवायें हर हिस्से के लिए शुरु हो रही है। देश को नये हवाई अड्डे चाहिए और सुरक्षा के मानक तय होने चाहिए। सरकार को इसके लिए सक्रियता से काम करना होगा। इससे हवाई अड्डा क्षेत्र को लाभ होगा। भारतीय जनता पार्टी के धनंजय भीमराव महादिक ने कहा कि समय के साथ बदलना आवश्यक है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह आवश्यक है। इससे देश का विमानन क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बन सकेगा। देश में तकरीबन 900 वायु मार्ग और 16 करोड़ से अधिक यात्री हैं। तकनीक की सहायता से यात्री अपने टिकट ले सकते हैं और रद्द कर सकते हैं। सीटों और खानपान का चयन कर सकते हैं। यह विधेयक वायुयान यात्रा को सुरक्षित बनाने में मदद करता है। इससे विदेशी निवेश के लिए सहायक होगा। उन्होंने मुबई से महाराष्ट्र के कई शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू करने की मांग की।

सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने वक्फ संशोधन विधेयक, नमाज विवाद पर विरोध-प्रदर्शन का किया समर्थन

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में मुस्लिमों की प्रमुख संस्था ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा रमजान के आखिरी जुमे की नमाज में काली पट्टी बांधने की अपील पर प्रतिक्रिया दी। बर्क ने कहा कि वह पहले से ही वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हैं और सदन से लेकर सड़क तक इसका विरोध कर रहे हैं। बर्क ने कहा कि यदि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने काली पट्टी बांधने की अपील की है, तो यह उनका संवैधानिक अधिकार है, और उन्हें विरोध-प्रदर्शन करने का हक है। बर्क ने इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय को किसी भी मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराने का पूरा अधिकार है, और इस तरह के प्रदर्शन उनकी हक की लड़ाई का हिस्सा हैं।

नमाज के विवाद पर बर्क ने स्पष्ट किया कि लंबे समय से मुसलमानों की नमाज सड़क पर अदा नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि अगर कभी नमाज सड़क पर अदा करनी पड़ी, तो इसका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना या किसी को परेशानी में डालना नहीं था। उनका कहना था कि जुम्मे के दिन मस्जिद में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण मजबूरी में सड़क पर नमाज अदा करनी पड़ती थी। हालांकि, यदि सरकार इस पर पाबंदी लगाती है, तो मुसलमानों के लिए किसी वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करनी चाहिए, जहां वे एक साथ नमाज अदा कर सकें।

संसद से

लोकसभा में ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा में शुक्रवार को कर्मचारी पेंशन योजना-95 (ईपीएस-95) के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन को बहुत ही कम बताते हुये इसको कम से कम इतना किये जाने की मांग की गयी कि निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों को गुजर-बसर में कुछ ठोस मदद हो सके। शिवसेना के श्रीरंग आप्पा बरने ने शून्य काल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुये मांग की कि ईपीएस-95 के तहत इस समय पेंशनभोगियों को मात्र एक हजार रुपये महीने की न्यूनतम पेंशन मिलती है, जिससे आज की महंगाई के दौर में जीवन गुजारना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ईपीएस-95 की यह व्यवस्था निजी क्षेत्र के पेंशनभोगियों के साथ एक तरह का यह अन्याय है। श्री बरने ने इस योजना के तहत न्यायोचित वृद्धि की सरकार से पुरजोर अपील करते हुये कहा कि पेंशन भोगी पेंशन बढ़ाने के लिये बार-बार धरने-प्रदर्शन को मजबूर हैं। सेवानिवृत्ति के बाद वरिष्ठ नागरिकों को अपनी मांग उठाने के लिये इस उम्र में दिल्ली में जंतर-मंतर पर आंदोलन करना पड़ रहा है।

हवाईअड्डों पर पेयजल की व्यवस्था है: नायडू

नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने लोकसभा में कहा कि देश के सभी हवाईअड्डों पर जल्द ही पेयजल के साथ-साथ सामान्य दर पर चाय-कॉफी और स्नैक्स उपलब्ध कराने की व्यवस्था करा दी जायेगी। 'हवाई यात्रा किराये के विनियमन के लिए उचित उपाय' संबंधी निजी संकल्प पर हो रही चर्चा के दौरान सदस्यों ने हवाईअड्डों पर पेयजल महंगा होने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सदस्य शफी परम्बिल की ओर से प्रस्तुत इस संकल्प पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुये श्री नायडू ने कहा कि हवाईअड्डों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। इससे पहले अध्यक्ष ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुये नागर विमानन मंत्री को सभी हवाईअड्डों पर वाटर कूलर लगवाने पर विचार करने को कहा। इस पर श्री नायडू ने कहा कि सभी हवाईअड्डों पर पेयजल की व्यवस्था है। चेन्नई, अहमदाबाद और कुछ अन्य हवाईअड्डों पर ऐसी व्यवस्था की गयी है, जहां 10 रुपये में पेयजल, 20 रुपये में चाय- कॉफी और इसी दर पर स्नैक्स मिलते हैं।

समुद्री माल परिवहन विधेयक 2024 लोकसभा से पारित

लोकसभा ने समुद्री माल परिवहन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केन्द्रीय जलमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा का संक्षिप्त जवाब दिया और इसके बाद इस विधेयक का ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विपक्ष के नेताओं द्वारा लाये गये संशोधनों को बहुमत से खारिज कर दिया। श्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि ये विधेयक स्वतंत्रता पूर्व का कानून के स्थान पर लाया गया है। आज भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र है तो देशवासियों की इच्छा है कि हमारे कानून हमारे दृष्टिकोण से बने। इसे लाने का काम हमारे सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। देश में बहुत बड़ा बदलाव देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश में भाजपा ने एक भी वादा नहीं किया पूरा : पटवारी

सीधी। मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेता इन दिनों विंध्य क्षेत्र के दौरे पर हैं। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में सारी व्यवस्था चरमरा जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में क?िया गया एक भी वचन पूरा नहीं किया। सीधी प्रवास के दौरान पटवारी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने जो वादे किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। यही कारण है कि सभी वर्ग से जुड़े लोग सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारी, किसान, युवा, बेरोजगार सभी आंदोलित है। बात चौथे स्तंभ की करें, तो पत्रकारों तक को सड़क पर उतरना पड़ा है। पटवारी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पर माफियाओं का कब्जा हो गया है। एक साल में इस सरकार का भ्रष्टतम चेहरा सामने आ गया है।

सार संक्षेप

झारखंड के गुमला और सिमडेगा में हाथी ने 12 घंटे में चार लोगों को कुचला

रांची। झारखंड के गुमला और सिमडेगा जिले में गुस्साए हाथी ने गुरुवार-शुक्रवार को 12 घंटे के दौरान चार लोगों को कुचलकर मार डाला। हाथी के हमले में दो अन्य लोगों के घायल होने की भी सूचना है। इन घटनाओं से इलाके में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि यह हाथी अपने झुंड से बिछड़ने की वजह से गुस्से में है। हाथी जिन इलाकों से गुजर रहा है, वहां भगदड़ और दहशत का आलम है। हाथी के हमले में मृत लोगों की पहचान गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय क्रिस्टोफर एक्का, 35 वर्षीय हेमवती देवी और सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र निवासी सिबिया लुगुन और विकास ओहदार के रूप में हुई है।

पीएम मोदी कल महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के दौरे पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। पीएम मोदी नागपुर में सुबह करीब 9 बजे स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे, फिर दीक्षाभूमि जाएंगे। सुबह करीब 10 बजे वे नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री बिलासपुर जाएंगे और दोपहर करीब 3ः30 बजे 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अनुरूप, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। वह बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण- ढ्ढढ्ढढ्ढ की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 9,790 करोड़ रुपए से अधिक है।

मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालय शुरू करें मेडिकल कॉलेज : मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के सक्षम और समर्थ होने पर जोर देते हुए कहा है कि सभी विश्वविद्यालय अपने यहां चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करें। राज्य सरकार की ओर से अस्पताल संचालन में पूरी सहायता दी जाएगी। राजधानी के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री यादव का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को अपने यहां चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करना चाहिए। इसमें सरकार की ओर से मदद की जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालय में सबसे ज्यादा खर्च अस्पताल पर आता है।

साइबर सुरक्षा रैंकिंग में भारत शीर्ष दस देशों में पहुंचा

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि देश में साइबर हमलों से निपटने के लिए एक मजबूत तंत्र है और साइबर सुरक्षा में भारत की रैंकिंग दुनिया के शीर्ष दस देशों में पहुंच गयी है। श्री वैष्णव ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की दुनिया में रैंकिंग 30 से 40 के आस पास रहती थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश में एक मजबूत साइबर सुरक्षा तंत्र का गठन किया गया है। इससे भारत साइबर सुरक्षा रैंकिंग में शीर्ष दस देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी मजबूत साइबर सुरक्षा तंत्र की मदद से पिछले वर्ष जी- 20 देशों की बैठक और अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश में बड़े स्तर पर साइबर हमले की कोशिश को विफल किया गया था। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि देश से फलों के निर्यात में 47 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात को बढाने तथा फलों के रख-रखाव और उनकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है।

भारत की दुनिया में रैंकिंग 30 से 40 के आस पास रहती थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश में एक मजबूत साइबर सुरक्षा तंत्र का गठन किया गया है। इससे भारत साइबर सुरक्षा रैंकिंग में शीर्ष दस देशों में शामिल हो गया: अश्विनी वैष्णव

कैबिनेट ने बिहार में 6,282 करोड़ रुपए की कोसी मेची लिंक परियोजना को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी दी। सीसीईए ने 6,282.32 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3,652.56 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता को भी स्वीकृति दी है।

इस योजना के अंतर्गत मौजूदा पूर्वी कोसी मुख्य नहर (ईकेएमसी) के पुनर्निर्माण के माध्यम से बिहार में स्थित महानंदा बेसिन में सिंचाई के विस्तार के लिए कोसी नदी के अधिशेष जल के एक हिस्से को मोड़ने और ईकेएमसी को आरडी 41.30 किमी पर इसके अंतिम छोर से आगे आरडी 117.50 किमी पर मेची नदी तक विस्तारित करने का प्लान बनाया गया है, जिससे बिहार से होकर बहने वाली कोसी और मेची नदियों को बिहार के भीतर एक साथ जोड़ा जा सके।

- **इस परियोजना में प्रस्तावित लिंक नहर के माध्यम से कोसी के लगभग 2,050 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिशेष जल को मोड़ने/उपयोग करने की क्षमता**

सीसीईए के अनुसार, लिंक परियोजना से बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में खरीफ मौसम में 2,10,516 हेक्टेयर की अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई संभव हो जाएगी। इस परियोजना में प्रस्तावित लिंक नहर के माध्यम से कोसी के लगभग 2,050 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिशेष जल को मोड़ने/उपयोग करने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त, मौजूदा ईकेएमसी की रिमॉडलिंग से 1.57 लाख हेक्टेयर मौजूदा कमांड में जल आपूर्ति की कमी दूर हो जाएगी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) वर्ष 2015-16 के दौरान शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य खेतों तक पानी की पहुंच बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत कृषि योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, खेतों में जल उपयोग दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण पद्धतियों को लागू करना है। केंद्र सरकार ने 2021-26 के दौरान 93,068.56 करोड़ रुपए (37,454 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता) के समग्र परिव्यय के साथ पीएमकेएसवाई के कार्यान्वयन को स्वीकृति दी है।

मायावती ने अखिलेश यादव पर किया कटाक्ष, कहा

मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी याद कर लेना चाहिए

लखनऊ, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर हुए हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 30 वर्ष पुरानी घटना का जिक्र करते हुए पश्चाताप करने की मांग की है। मायावती ने एक्स पर दो पोस्ट किए। पहली पोस्ट में मायावती ने कहा, 'आगरा की हुई घटना के साथ-साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी इनको जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।' उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा, 'अतः आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे और आगरा की हुई घटना की तरह यहां दलितों का उत्पीड़न और ज्यादा न कराए।' इससे पहले गुरुवार को भी मायावती ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा था, 'सपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपने दलित नेताओं को आगे करके जो घिनौनी राजनीति कर रही है अर्थात उनको नुकसान पहुंचाने में लगी है, यह उचित नहीं। दलितों को इनके सभी हथकंडों से सावधान रहना चाहिए। आगरा की हुई घटना अति चिंताजनक है।' उन्होंने कहा था, 'साथ ही, सपा को अपने स्वार्थ में किसी भी समुदाय का अपमान करना ठीक नहीं, जिसके तहत अब इनको किसी समुदाय में दुर्गंध व किसी में सुगंध आ रही है। इससे समाज में अमन-चैन व सौहार्द बिगड़ेगा, जो ठीक नहीं।'

बता दें कि आगरा में दक्षिणपंथी संगठन से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हमला किया था।

'आगरा की हुई घटना के साथ-साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी इनको जरूर याद कर लेना चाहिए : मायावती

किसानों के पहचान पत्र में डेटा पूरी तरह सुरक्षित : कृषि मंत्री

सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसान पहचान पत्र में किसानों के डेटा पूरी तरह सुरक्षित हैं और ये डेटा उनकी अनुमति के बिना किसी भी एजेन्सी या संगठन के साथ साझा नहीं किया जायेगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत किसानों को पहचान पत्र देकर कृषि संबंधी तमाम प्रक्रियाओं को आसान बनाया है। उन्होंने कहा कि यह विकसित कृषि और समृद्ध किसान की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि अब तक देश में चार करोड़ 60 लाख किसानों को पहचान पत्र दिये गये हैं और इसकी संख्या निरंतर बढ रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस पहचान पत्र की मदद से किसान सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का आसानी से लाभ उठा सकेगा।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/1286 Korba West, dtd. 27-03-2025
TENDER NOTICE No. 310/2025. (e-Bidding)
Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

S. No	Tender No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date and time of submission
1.	RFX No. 8100042261	Work contract of rewinding of 1600KVA, 11/0.4 KV Dry Type Transformer, make : CGL, Insulation class:H, of 1x500 MW, HTPS, Korba West. (Location of 1600 KVA 11/0.4 KV transformer : ASH DYKE MCC Dindolbhata)".	590/-	8,460/-	16.04.2025
2.	RFX No. 8100042270	AOH of plate heat exchanger and revisioning/ replacement of various valves, door/disc seal replacement of butterfly valves, overhauling of centrifugal pumps (DMCW & ACW pump) of turbine auxiliary, 1x500 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West.	590/-	9,845/-	16.04.2025
3.	RFX No. 8100042274	Replacement of Boiler feed pump cartridge of 1x500 MW, HTPS, Korba West.	590/-	8,260/-	16.04.2025

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
SUPERINTENDING ENGINEER (P-II) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहनों के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।
1) ASHOKLEYLAND1615
2) Reg. No. CG04NX2618
3) YOM. 2022
4) Mini Reserve Price 7,52,000/-

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है। इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर यानी 04.04.2025 को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ऑफलाईन) दे सकते हैं (कृपया ध्यान दें कि नीलामी की अंतिम तिथि साप्ताहिक अवकाश/छुट्टी नहीं होगी)।

kotak Kotak Mahindra Bank
शाखा का पता: कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
ब्लॉक बी 1, तीसरी मंजिल, पुजारी कॉम्पलेक्स, पचपेड़ी नाका चौक के पास, रायपुर छत्तीसगढ़-492001 या
संपर्क: शंकर सिंह
मो. 88177 34767
ई-मेल: shankar.singh5@kotak.com

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1 प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले औद्योगिक एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है। कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) के नाम (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर)	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	शिव प्रताप पाल और फूल कुमारी (पुराना डीएचएफएल ऋण खाता नंबर 8200004807 और नया आईसीआईसीआई ऋण खाता नंबर QZJBL00005024625)	ख नं. 384/2/3/2, मौजा धवारी, हालका धवारी, तहसील रघुराजनगर, वार्ड नं. 34, सतना, मध्य प्रदेश- 485001/ मार्च 25, 2025	जून 03, 2021 रु. 21,50,626.00/-	सतना

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : मार्च 29, 2025
स्थान : गरियाबंद
प्राधिकृत अधिकारी आईसीआईसीआई बैंक लि.

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, तृतीय तल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	स्वर्ण सिंह, नछत्तर सिंह, जसवीर कौर, रमनजीत सिंह, यूनिट एसटीएफ 667, सी/ओ 99 एपीओ बस्तर, छत्तीसगढ़- 490001, खाता नंबर QZBTN00005022548 एवं 245000000738	भूमि परिमाप 17.5 मरला, भूमि परिमाप 15 कनाल 15 मरला का 35/630 भाग, जमाबंदी वर्ष 2009-2010 के अनुसार खसरा नंबर 2379/335/ मिन (11-0) 2688/344/ मिन खेवट नंबर 430/492 खतौनी संख्या 1028 में शामिल है, जो आबादी गांव औलख तहसील कोटकपूरा, जिला फरीदकोट, पंजाब में स्थित है तथा विक्रय विलेख वसीका नंबर 3220, दिनांक 10-01-2012 के माध्यम से जसवीर कौर के नाम है।	27-02-2025 रु. 6,45,562.96/-	08-01-2025

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 29-03-2025
सीन :
प्राधिकृत अधिकारी टीम आईसीआईसीआई बैंक

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला- दुर्ग

निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2025/1895 **भिलाई, दिनांक 28.03.2025**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भव निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015/रोड एस.ओ.आर दिनांक 01.06.2020, विद्युत एस.ओ.आर. 01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा जारी करने की तिथि: 28.03.2025 — निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 16.04.2025 साय 5.30 बजे तक
आवेदन की अंतिम तिथि: 07.04.2025 सायं 5.30 बजे तक — निविदा खोले जाने की तिथि: 17.04.2025

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 29 वृन्दानगर प्रज्ञा स्कूल, आन्ध्रा स्कूल, शासकीय स्कूल, वार्ड कार्यालय जाने वाली मार्ग एवं छपरा मोहल्ला दुबे निवास के पास स्पीड ब्रेकर्स लगाने का कार्य।	2.64	3000.00	750.00	60 दिन
2	निगम मद (पेयजल संधारण) अंतर्गत जोन क्र. 02 क्षेत्रांतर्गत कैलिक्स मशीन द्वारा बोर में फंसे एसेम्बली निकालने एवं बोर सफाई का कार्य।	2.99	3000.00	750.00	आवश्यकतानुसार
3	निगम मद (पेयजल संधारण) अंतर्गत जोन क्र. 02 क्षेत्रांतर्गत एम.डी.पी.ई. पाईप लाईन का इंटरकनेक्शन कार्य।	3.50	3500.00	750.00	आवश्यकतानुसार
4	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर बघवा चौक के पास स्थित अमृत मिशन गार्डन का संधारण कार्य।	3.78	4000.00	750.00	60 दिन
5	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 28 प्रेमनगर आन्ध्रा स्कूल के पास सी.सी. रोड संधारण कार्य।	3.99	4000.00	750.00	60 दिन
6	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 22 कुरूद विश्वबैंक कालोनी में सीवर लाईन एवं सिवरेज चेम्बर संधारण कार्य	4.00	4000.00	750	60 दिन

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।
जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-02

दुनिया रंग-बिरंगी

ज्यादा कॉमेडी और रोमांच के साथ लौट रही 'दुपहिया'

मुंबई। काल्पनिक गांव धड़कपुर गांव पर बनी वेब सीरीज 'दुपहिया' के दूसरे सीजन की घोषणा हो चुकी है। सीरीज में अभिनेता गजराज राव और रेणुका शहाणे मुख्य भूमिका में हैं। अपने पहले सीजन की सफलता के बाद, वेब सीरीज 'दुपहिया' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार है। शो का सीजन 2 अभी तैयार किया जा रहा है। सीरीज ने पहले सीजन में मंझे हुए कलाकारों, हास्य, शानदार अभिनय और छोटे से गांव की कहानी दर्शकों को पसंद आई। सीरीज के बारे में प्राइम वीडियो इंडिया ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने एक बयान में कहा कि हमने हमेशा माना कि अच्छी, प्रामाणिक कहानियां दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आती हैं। 'दुपहिया' की सफलता उत्साह बढ़ाने वाली रही है।

सेहत के लिए वरदान है जामुन की गुठली का चूर्ण

पाचन तंत्र को मजबूत करने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। जामुन की गुठली (बीज) का चूर्ण (पाउडर) प्रकृति का एक अनमोल तोहफा है, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद में इसका विशेष महत्व है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके औषधीय गुणों के कारण यह घरेलू नुस्खों में भी लोकप्रिय है।

आयुर्वेद के प्रसिद्ध ग्रंथ 'चरक संहिता' में जामुन के पूरे पौधे के उपयोग का उल्लेख किया गया है। जामुन की छाल, पत्ते, फल, गुठलियां और जड़ आदि सभी आयुर्वेदिक औषधियां बनाने में काम आते हैं। आयुर्वेद की विभिन्न दवाओं में जामुन के बीज, फल, पत्ते, छाल आदि का इस्तेमाल किया जाता है। जामुन बहुत हेल्दी और स्वादिष्ट फल है। यह गर्मियों में बाजारों में छा जाता है।

जामुन को खाने के बाद उसकी गुठलियों को फेंकने की बजाय किसी साफ बर्तन में इकट्ठा करें और उसे धूप में सुखा लें। इसके बाद इसका चूर्ण बना लें। इसके चूर्ण के बहुत फायदे

हैं। अगर आप प्री-डायबिटीज या डायबिटीज के मरीज हैं, तो यह चूर्ण आपके लिए बहुत फायदेमंद है। चूर्ण का इस्तेमाल शरीर में इंसुलिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीज जामुन के बीज के पाउडर (चूर्ण) का सेवन करते हैं, तो उनका

जामुन की छाल, पत्ते, फल, गुठलियां व जड़ आदि औषधियां बनाने में इस्तेमाल

ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में रहेगा। प्री-डायबिटीज में पाउडर खाने से डायबिटीज होने से रोका जा सकता है।

जामुन के बीज में मौजूद गुण ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, इससे शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। स्वस्थ रहने के लिए शरीर को समय-समय पर डिटॉक्स करना बहुत जरूरी होता है। प्रतिदिन जामुन के बीजों के चूर्ण के इस्तेमाल से शरीर को डिटॉक्स किया जा सकता है। इसके सेवन से शरीर में जमा गंदगी बाहर निकल जाती है, यानी शरीर डिटॉक्स हो जाता है।

जामुन के बीज में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में कारगर हैं। इसके चूर्ण के सेवन से लिवर की कोशिकाओं की रक्षा होती है। इसके अलावा, यह हार्ट हेल्थ के लिए भी बहुत बेहतर है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो लिवर और हार्ट की सूजन को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। चूर्ण का सेवन मोटापा घटाने में भी सहायक है।

जामुन के बीज के चूर्ण का सेवन करने से पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह लेना जरूरी है। कभी-कभी इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी और जलन की समस्या हो सकती है, इसलिए चिकित्सक से सलाह लेना आवश्यक है।

स्वास्थ्य के लिए वरदान है त्रिफला, पाचन से लेकर रोग प्रतिरोधक क्षमता तक का बेहतर साधन

त्रिफला पाचन तंत्र की समस्याओं, विशेषकर कब्ज, के उपचार में अत्यंत प्रभावी

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। आयुर्वेद में त्रिफला को एक महत्वपूर्ण औषधि माना गया है, जो तीन फलों- आंवला, हरड़, और बहेड़ा को मिलाकर बनता है। त्रिफला अपने विविध स्वास्थ्य लाभों के लिए प्रसिद्ध है और प्राचीन काल से विभिन्न रोगों के उपचार में उपयोग होता आ रहा है।

त्रिफला पाचन तंत्र की समस्याओं, विशेषकर कब्ज, के उपचार में अत्यंत प्रभावी है। यह आंतों की सफाई करता है और पाचन क्रिया को सुधारता है। अध्ययन में पाया गया कि दो सप्ताह तक त्रिफला के सेवन से कब्ज से पीड़ित व्यक्तियों में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की अगस्त 2017 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि त्रिफला में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में सहायक हैं। यह संक्रमणों से लड़ने में मदद करता है और इंसान को स्वस्थ रखता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने और नेत्र संबंधी विकारों के उपचार में त्रिफला उपयोगी माना जाता है। नियमित रूप से त्रिफला के पानी से आंखें धोने से दृष्टि में सुधार हो सकता है और आंखों की जलन कम हो सकती है। शोध में बताया गया है कि त्रिफला त्वचा की चमक बढ़ाने और बालों के झड़ने को कम करने में मदद करता है। यह खून को साफ करता है, जिससे त्वचा की रंगत निखरती है और बालों के जड़ को मजबूत करता है, जिससे बाल घने और मजबूत बनते हैं। त्रिफला चयापचय को बढ़ावा देता है और वसा के टूटने में मदद करता है, जिससे वजन कंट्रोल में सहायता मिलती है। इसका नियमित सेवन भूख पर नियंत्रण रखता है और पाचन को सुधारता है, जो स्वस्थ वजन बनाए रखने में सहायक है। इसका उपयोग प्राचीन काल से ही होता आया है। साथ ही, आधुनिक शोधों ने भी त्रिफला के स्वास्थ्य लाभों की पुष्टि की है। एक अध्ययन में पाया गया कि त्रिफला में कैंसर विरोधी गुण हो सकते हैं, जो ट्यूमर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में मदद करते हैं।

■ नई दिल्ली में 18वीं सदी की सुनहरी मस्जिद में इस्लामी पवित्र रमजान महीने के दौरान अपने अंतिम शुक्रवार की दोपहर की नमाज अदा करते मुस्लिम श्रद्धालु। छाया : इम्तियाज खान

सनी सर एक पावरहाउस हैं, उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक चुनौती और सम्मान दोनों : रणदीप हुड्डा

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेता सनी देओल के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा आगामी फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फैंस को जाट का ट्रेलर पसंद आया है। इस बीच, अभिनेता रणदीप हुड्डा ने बताया कि कैसे सनी देओल ने उनकी फिटनेस यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें और उनके दोस्तों को सनी के प्रतिष्ठित पोस्टरों से प्रेरणा मिली, जिसने उन्हें जिम जाने और अच्छी बॉडी बनाने के लिए प्रेरित किया। आगामी थ्रिलर 'जाट' में देओल के साथ काम कर रहे रणदीप ने

कहा कि मैं हमेशा से सनी देओल का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। बड़े होते हुए, हमने उन्हें स्क्रीन पर शक्तिशाली किरदारों में देखा है। मुझे अभी भी याद है कि हमारे स्कूल के हॉस्टल की अलमारियों में उनके पोस्टर लगे थे, उन्हें देखकर हम वजन उठाने और पुश-अप करने के लिए प्रेरित होते थे।

रणदीप ने कहा कि जब मुझे उनके साथ काम करने के लिए यह भूमिका ऑफर की गई तो मैं बहुत खुश था क्योंकि मुझे यकीन था कि मैं सनी सर जैसे दिग्गज के साथ एक अल्ट्रा माचो एक्शन स्टार की भूमिका निभा रहा हूं। फिल्म में उनके साथ काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। सनी सर एक पावरहाउस हैं, और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक चुनौती और सम्मान दोनों है। इससे पहले एक बयान में सनी देओल ने खुलासा किया कि 'गदर 2' के दौरान 'जाट' की यात्रा शुरू हुई थी।

अश्लील जोक्स मामले में पूछताछ के लिए पेश हुए समय रैना

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद मामले में यूट्यूबर और कमीडियन समय रैना शुक्रवार को महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश हुए। सेल ने उन्हें 25 मार्च को समन भेजकर 27 या 28 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। महाराष्ट्र साइबर सेल के कार्यालय पहुंचे समय रैना रेड और ब्लैक चेक शर्ट के साथ डेनिम पैंट और सनग्लास लगाए नजर आए। इससे पहले, महाराष्ट्र साइबर सेल ने सोमवार को समय रैना का बयान दर्ज किया था और दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया था। अपने बयान में कमीडियन ने शो में हुई घटना पर खेद जताया था। अधिकारियों को दिए बयान में उन्होंने कहा कि अगली बार ऐसा कुछ दोबारा न हो, इसके लिए मैं सावधान रहूंगा। इस पूरे मामले की वजह से मेरी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मेरा कनाडा दौरा भी अच्छा नहीं रहा। मैंने जो कहा, उसके लिए मुझे खेद है। मैं जानता हूं कि मैंने जो कहा, वह गलत है।

कमीडियन ने हाल ही में इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने भारत आने के बारे में जानकारी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने दर्शकों को आश्वासन दिया कि उनके टिकटों के पैसे जल्द ही वापस कर दिए जाएंगे। रैना ने लिखा, हेलो, दोस्तों मैं अपने भारत दौरे को फिर से शेड्यूल कर रहा हूं। आप सभी को जल्द ही रिफंड मिल जाएगा, जल्द ही मिलते हैं। समय रैना के शो में पॉडकास्टर-यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणी के बाद देश भर में इसका विरोध देखने को मिला था। रणबीर के साथ ही शो से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई और गुवाहाटी में शिकायतें दर्ज की गईं। साइबर सेल और मुंबई पुलिस रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जांच कर रही है।

'सिकंदर' का 'हम आपके बिना' गाना आउट, फिर से छाए अरिजीत सिंह

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। सलमान खान-रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच निर्माताओं ने शुक्रवार को फिल्म के नए गाने 'हम आपके बिना' को जारी कर दिया है। अरिजीत सिंह की आवाज में गाए गए गाने में सलमान-रश्मिका की केमिस्ट्री खूब जम रही है। 'हम आपके बिना' को गायक अरिजीत सिंह ने आवाज दी है और संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। गाने के बोल समीर ने लिखे हैं। यह 'सिकंदर' का चौथा गाना है। इससे पहले 'जोहरा जबीं', 'बम बम भोले' और 'सिकंदर नाचे' रिलीज हो चुके हैं।

सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर नए गाने का म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि हम आपके बिना गाना आउट हो चुका है। गाने में सलमान और रश्मिका की केमिस्ट्री शानदार नजर आई, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

निर्माताओं ने 18 मार्च को फिल्म के गाने 'सिकंदर नाचे' को लॉन्च किया था, जिसमें सलमान और रश्मिका गजब के मूव्स पर थिरकते नजर आए। इस ट्रैक में स्वैग से भरे हुक स्टेप्स हैं, जिन्हें 'डबके' डांस फॉर्म के नाम से जाना जाता है। 'डबके' एक अरबी लोक नृत्य है, जो तुर्की, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन जैसे कई देशों में काफी लोकप्रिय है। यह आमतौर पर शादियों और अन्य समारोहों में किया जाता है। गाने में एक शानदार सेटअप भी है। इसमें तुर्की के स्पेशल डांसर्स को शामिल किया गया है। 'सिकंदर नाचे' गाने की कोरियोग्राफी अहमद खान ने की है, जिसमें तुर्की के डांसर्स अपना अनूठा अंदाज जोड़ते नजर आए। गाने को सिद्धांत मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि समीर ने बोल तैयार किए हैं। अमित मिश्रा, अकासा और सिद्धांत मिश्रा ने गाने को अपनी आवाज दी है। ए.आर. मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान, रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

'टीबी' के खिलाफ शिविंग्स फाउंडेशन व आईओसीएल को मिल रहा डॉक्टरों का साथ

नोएडा, 28 मार्च (देशबन्धु)। भारत में क्षय रोग (टीबी) आज भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। विश्व भर में टीबी के सबसे अधिक मामले भारत में दर्ज किए जाते हैं, इससे यह बीमारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है। इस गंभीर मुद्दे को सुलझाने और टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के लिए शिविंग्स फाउंडेशन और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'टीबी मुक्त विश्व की ओर एक कदम - बदलाव का हिस्सा बनें था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने टीबी के निदान और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। पैनल में मैक्स सुपर स्पेशलिटी

अस्पताल के डॉ. प्रवीन कुमार, मूलचंद अस्पताल के क्रिटिकल केयर निदेशक डॉ. राजेश मिश्रा, हेल्थकेयर रणनीतिकार अंशुमान और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ मीनाक्षी सक्सेना शामिल थे।

चर्चा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की खाई को कम करने और दवा प्रतिरोधी टीबी की बढ़ती चुनौती जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से बात की गई। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी उन्मूलन के लिए केवल सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसमें विभिन्न क्षेत्रों के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है।

इस अवसर पर सफल टीबी उन्मूलन योजनाओं का भी अध्ययन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कार्यकारी निदेशक हेमंत राठौर ने कहा कि हम 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने की इस मुहिम का समर्थन करते हैं। वहीं, शिविंग्स फाउंडेशन के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हम जमीनी स्तर पर टीबी की जांच और रोकथाम के लिए प्रयासों को और बढ़ा रहे हैं, जिससे यह आंदोलन घर-घर तक पहुंचे।

धूम्रपान, अनियमित जीवनशैली बन सकती है कोलोरेक्टल कैंसर का कारण

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकन एसोसिएशन फॉर कैंसर रिसर्च हर साल मार्च महीने में 'कोलोरेक्टल कैंसर जागरूकता माह' मनाता है। इसके तहत लोगों को कोलोरेक्टल कैंसर के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्हें बताया जाता है कि इसके शुरुआती लक्षण क्या हो सकते हैं और इसके लक्षण दिखने पर फौरन क्या कदम उठाना चाहिए। इस बीमारी के बारे में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. (प्रो.) अमित जावेद और सी.के. बिरला अस्पताल के डॉ. नीरज गोयल का कहना है कि धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली कोलोरेक्टल कैंसर का बड़ा कारण बन रही है। डॉ. गोयल ने बताया कि सिगरेट के धुएं में 70 से ज्यादा ऐसे जहरीले तत्व होते हैं, जो डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं और कोशिकाओं को कैंसर की ओर ले जाते हैं। धूम्रपान से शरीर में सूजन और तनाव बढ़ता है, जिससे ट्यूमर बनने का खतरा 18-30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जितना ज्यादा और लंबे समय तक धूम्रपान करें, खतरा उतना ही बढ़ता है। धूम्रपान छोड़ने के बाद भी यह जोखिम कई साल तक बना रहता है। डॉ. जावेद ने कहा कि

- **सिगरेट के धुएं में 70 से ज्यादा ऐसे जहरीले तत्व**
- **ट्यूमर बनने का 18-30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है खतरा**

खराब खान-पान भी इस बीमारी को न्योता देता है। कम फाइबर, ज्यादा रेड मीट, प्रोसेस्ड फूड और शराब का सेवन इसके खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। युवाओं में भी यह बीमारी बढ़ रही है, जिसके पीछे मोटापा, तनाव और कम व्यायाम जैसे कारण हैं। इसके लक्षणों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पेट दर्द, मल में खून, मल त्याग की आदतों में बदलाव, कमजोरी, थकान और अचानक वजन घटना इसके शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अगर ये लक्षण दो सप्ताह से ज्यादा रहें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

डॉ. गोयल ने सलाह दी कि धूम्रपान छोड़ना और नियमित कोलोनोस्कोपी कराना इस बीमारी से बचने के सबसे जरूरी कदम हैं। संतुलित आहार और व्यायाम भी खतरे को कम करते हैं।

डॉ. जावेद के अनुसार, 50 की उम्र के बाद स्क्रीनिंग जरूरी है, क्योंकि इस उम्र में जोखिम बढ़ता है। समय पर पहचान हो तो सर्जरी, कीमोथेरेपी और रोबोटिक तकनीकों से इलाज आसान और प्रभावी होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट की खराबी, जैसे कब्ज या बार-बार सूजन भी आंतों को नुकसान पहुंचा सकती है। सही खान-पान और पानी पीने की आदत से इसे ठीक रखा जा सकता है।

'पाप माना जाता है', सलमान खान की राम मंदिर वॉच पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

बरेली, 28 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेता सलमान खान की श्री राम मंदिर घड़ी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सख्त ऐतराज जताया है। मौलाना के मुताबिक शरिया में किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं है और ऐसा करना हराम माना गया है। दरअसल, सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर कीं। सलमान इस दौरान अपने हाथ में एक खास घड़ी पहने हुए हैं, जिसमें अयोध्या के श्री राम मंदिर की तस्वीर अंकित है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ईद पर सिनेमाघरों में मिलते हैं।' अब ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इसे पाप समान बताया है। वीडियो जारी कर उन्होंने बताया कि मैं शरिया के दृष्टिकोण से इस मामले को स्पष्ट करना चाहता हूं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सलमान खान एक मशहूर मुसलमान हैं

और हिन्दी फिल्मों में अपने अभिनय की वजह से जाने जाते हैं। लाखों की तादाद में उनके चाहने वाले हैं। राम मंदिर के प्रचार के लिए एक घड़ी बनाई गई है। सलमान खान ने प्रचार के लिए उस घड़ी को पहन रखा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह सबसे पहले मुसलमान हैं।

रजवी ने आगे कहा कि इस्लामी कानून किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं देता है। यदि कोई मुसलमान इस तरह के प्रचार में शामिल होता है-चाहे वह मंदिर का हो या राम संस्करण वाली घड़ी पहनकर—तो शरिया के अनुसार, वह अपराध कर रहा है और उसे पाप माना जाता है। यह कार्य हराम है और उसे इससे बचना चाहिए। मैं सलमान खान को नसीहत देना चाहता हूं कि वह अपने हाथों से राम नाम एडिशन की घड़ी उतार दें। बता दें कि सलमान खान की फिल्म सिंकदर सिनेमाघरों में ईद पर 30 मार्च को रिलीज हो रही है।

अभिमत

सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ की खूबसूरती देखते ही बनती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ सांस्कृतिक विविधता भी यहां की पहचान हैं। पचमढ़ी, जिसे सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, महादेव की नगरी है। यहां नर्मदा तो यहां की मैय्या है, लोग पूजा करते हैं और परिक्रमा करते हैं। जंगल एक समुदाय की तरह है, यहां सिर्फ पेड़ ही नहीं, कई तरह की जड़ी-बूटियां, जंगली-जानवर, पक्षी, कीट पतंगे इत्यादि हैं। इसके साथ इसका एक इतिहास भी है, खेती-बाड़ी, खान-पान, रहन-सहन की विविध संस्कृति भी है। यह हमारी बहुमूल्य धरोहर है,जिसका संरक्षण करते रहना चाहिए।

पहाड़ में पलाश के फूलों की निराली छटा

नवाचार

■ बाबा मायाराम

इन दिनों सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ों में पलाश के फूलों की बहार है। आम के बौर आए हैं, उनकी ताज़ी खुशबू हवा में फैली है। पेड़ों में नए पत्तों की कोपलें आ गई हैं। नीम भी हरी-भरी हो गई है। पक्षियों की चहचहाहट है। मौसम खुशगवार है। आज के कॉलम में जंगल और उसके आसपास के जनजीवन की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इलाके को समग्रता से समझा जा सके। इस इलाके के लोग, जंगल, पहाड़ और नदियां ही यहां की पहचान है।

छुटपन ही मेरा गांव में बीता है। हमारा गांव सतपुड़ा की तलहटी में बसा है। अगर हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है।

गांवों के आसपास अमराई (आम के बगीचे) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है। मुझे कुछ समय तक इटारसी के पास केसला में अमराई में रहने का मौका मिला था। आम की मंजरी (आम के फूल, जो छोटे-छोटे समूहों में होते हैं) की तरह तुलसी की मंजरी भी होती है। इसे पुष्प गुच्छ भी कह सकते हैं। इस पर तरह-तरह के पक्षी, तितलियां व भंवरे मंडराते रहते हैं। हवा में इसकी खुशबू फैलती है। जब में गर्मी के दिनों में खुले आसमान के नीचे सोता था, तब इसकी मंद-मंद बयार बहुत भाती थी।

होली का त्यौहार आते ही यह जंगल पलाश (स्थानीय भाषा में इसे खकरा कहते हैं) के लाल फूलों से सज जाता है। जंगलों में इसकी छटा देखते ही बनती है। इस पर भी चिड़िया फुदक-फुदक कर रस चूसती दिखती हैं। हालांकि ये फूल कुछ ही दिन रहते हैं, और मुरझा कर गिर जाते हैं। किसी कवि ने कहा है कि- दिन दस फूला, फूलि के खंखड़ भवा पलास।

लेकिन साल भर इस मौसम का इंतजार रहता है। होली में इसके फूलों का रंग बनाया जाता था। बांस की पिचकारी में इसे भरकर एक दूसरे पर रंग डाला जाता था। जब गांव में हुरयारे घूमते थे, फागें गाते थे, तब उन पर यही रंग डाला जाता था। पूरा माहौल उत्साह व जोश से भरा होता था। इसके पत्तों से दोना-पत्तल बनाए जाते हैं और इसके तने से रस्सी भी बनाई जाती थी। यानी यह बहुपयोगी वृक्ष है।

एक और वृक्ष हमें आकर्षित करता है, वह है सेमल का। अंग्रेजी में इसे सिल्क कॉटन कहते हैं और बुंदेली में इसे सेमरा कहते हैं। इसके चटख लाल फूल अलग से ही अपनी ओर खींचते हैं। इसका एक इस्तेमाल पुराने समय में आग पैदा करने में भी होता था। (चकमक लोहा) को पत्थर से रगड़ने से जो चिंगारी निकलती तो उसे रूई के माध्यम से चूल्हा जलाया जाता था। उस समय माचिस का चलन नहीं होता था।

इसके अलावा, जंगल में आंजन की पत्तियां गर्मी में भी हरी होती हैं। इसकी पत्तियों से रस टपकता है। गर्मी में यह ठंडक देती है। इसके अलावा जंगल में महुआ, आम, आंजन, साज, बील, धावड़ा, हर्र, बहेड़ा, आंवला, सरई और कई पेड़-पौधे व कई वनस्पतियां हैं। पतझड़ के मौसम में ये जंगल उदास और पत्तेहीन हो जाते हैं। सतपुड़ा पहाड़ से कई नदियां निकली हैं, जिसकी वजह भी जंगल है, जिन्हें वनपुत्री भी कहा जाता है।

इन दिनों खेतों में भी काफी चहल-पहल होती है। गेहूं की कटाई चल रही है। कहीं हाथ से कटाई हो रही है, तो कहीं हारवेस्टर से गेहूं कट रहा है। चना की कटाई हो चुकी है। एक दिन मेरे किसान मित्र ने मुझे होउरा खिलाया। होउरा यानी हरे चने को भूनना, इसका स्वाद ही अनूठा है। पहले चना कटाई के समय मित्रो व पड़ोसियों को होउरा खाने के लिए खेत पर आमंत्रित भी किया जाता था।

किसान और मजदूरों का भाईचारा भी इसी समय देखने को मिलता है। किसान को गेहूं कटाई के लिए मजदूरों की मदद चाहिए होती है, मजदूरों को काम। यह वह समय होता है, जब दोनों एक दूसरे के काम आते हैं। खेतों का काम तो होता ही है, साथ में दुख-सुख की बातें भी हो जाती हैं।

हालांकि इसमें हारवेस्टर के कारण कमी आई है, फिर भी खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए मजदूरों की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह रिश्ता बना हुआ है। भूमिहीन मजदूर भी इन खेतों में कटाई के बाद शेष बची बालियां बीनते हैं, किसानों की तरफ से इन्हें छूट दी जाती है। इन गेहूं की बालियां बीनने वालों को बिनैय्या कहते हैं, जो इन दिनों खेतों में खूब दिखते हैं।

अगर हम मानसून की बात करें तो उसके आते ही सतपुड़ा के पहाड़ों और जंगलों की छटा देखती ही बनती है। जो जंगल गर्मी में सूखे, उदास और बेजान से दिखते हैं, वे मानसून की बारिश आते ही हरे-भरे और सजीव हो उठते हैं। मन मोह लेते हैं, बरबस अपनी ओर खींचते हैं।

बारिश से जमीन, चट्टानें और पेड़ों की नंगी डालियों में नई जान आ जाती है। चारों तरफ हरियाली फूट पड़ती है। पेड़ों की शाखाएं सरसराती हवा में डोलने लगती हैं। चिड़ियां फुदकने लगती हैं। उनके गीत और जंगल की हवा मिल जाती है।

जो नदी नाले गर्मी में सूख जाते हैं, या कहें अदृश्य हो जाते हैं, बारिश में बहने लगे हैं। पहाड़ियों से निकल कर झरने कल-कल बहने लगते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है जैसे गुमा हुआ व्यक्ति अचानक से मिल जाता है।

मौसम में नई बहार आ जाती है। जगह-जगह से छोटे-बड़े पौधे निकल आते हैं। पेड़ों के बीच से, चट्टानों की दरारों से और जहां आप सोच भी नहीं सकते वहां से पौधे झांकने लगते हैं।

बारिश के दौरान पेड़ों से बूंदें टपकना, पेड़ों की डालियों में लड़ियों सी सज जाती हैं। घने मिश्रित के वनों के ऊपर छतरी से छाए बादल मंडराते हैं, धुएं सा आभास होता है, पानी की फुहार गिरती रहती है, रिमझिम-रिमझिम, धीरे-धीरे।

उन दिनों सागौन के पेड़ सफेद फूलों से लदे रहते हैं। इसके जुड़वा पत्ते हवा में हिलते हैं। हाथ के स्पर्श से खरखराते हैं। सागौन इमारती लकड़ी है। इसके खुरदरे पत्तों से किसान खेतों में ढबुआ (मंडप) बनाते थे, जिससे वे रखवाली करने के दौरान रहते हैं। जंगल वाले इलाकों में अब भी बनाते हैं। इसके पत्तों से बने ढबुए बहुत ठंडे होते हैं।

नर्मदा जो विन्ध्यांचल और सतपुड़ा के बीच मैकल पर्वत से निकलती है, इसलिये इसे मैकलसुता कहते हैं। इसकी बंजर, शेर, दूधी, शक्कर, पलकमती, तवा, देनवा जैसी सहायक नदियां भी सतपुड़ा पहाड़ से निकलती हैं। इनमें में कुछ सदानीरा थी, बारहमासी नदियां थी, जो अब बारिश में ही बहती हैं। जंगल का मोहक रूप मानसून में होता है, इसी जंगल और पहाड़ से नदियों का अस्तित्व जुड़ा है।

जबलपुर के पास भेड़ाघाट, जहां मैं जाता रहा हू, नर्मदा को देखने का आनंद ही अनूठा है। विशेषकर, यहां जब नर्मदा कोई 10-12 फीट नीचे खड्डु में गिरती है और फुहारों के साथ ऊपर उछलती है, मचलती है। गेंद की तरह टप्पा खाकर फव्वारों के साथ ऊपर कूदती है। घंटों निहारते रहो, फिर भी मन न भरे। जल प्रपात का ऐसा नजारा शायद ही कहीं और देखने को मिले।

यहां की संझा आरती में मुझे शामिल होने का मौका मिला है। भक्तगण नर्मदा मैया की आरती करते हैं। दीया जलाकर लोग आरती करते हैं और कुछ लोग नर्मदा में दीप प्रवाह करते हैं। नर्मदा की धार में दीप प्रवाह का यह नजारा अनोखा है, यह दृश्य बरसों बाद भी मेरी आंखों में तैर रहा है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ की खूबसूरती देखते ही बनती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ सांस्कृतिक विविधता भी यहां की पहचान हैं। पचमढ़ी, जिसे सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, महादेव की नगरी है। यहां नर्मदा तो यहां की मैय्या है, लोग पूजा करते हैं और परिक्रमा करते हैं।

जंगल एक समुदाय की तरह है, यहां सिर्फ पेड़ ही नहीं, कई तरह की जड़ी-बूटियां, जंगली-जानवर, पक्षी, कीट पतंगे इत्यादि हैं। इसके साथ इसका एक इतिहास भी है, खेती-बाड़ी, खान-पान, रहन-सहन की विविध संस्कृति भी है। यह हमारी बहुमूल्य धरोहर है,जिसका संरक्षण करते रहना चाहिए।

हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है। गांवों के आसपास अमराई (आम के बगीचे) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है।

बीता सप्ताह

22 मार्च
- मणिपुर पुलिस ने 24 घंटों के दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्फ्तार किया।
- सूडानी सेना ने राष्ट्रपति भवन पर पूर्ण कबजा कर लिया।
- आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद से निपटने मजबूत रणनीति पर बल दिया गया।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया निदेशक मंडल की 614वीं बैठक तिरूअनंतपूरम में संपन्न हुई।

23 मार्च
- छग के रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने का ऐलान हुआ।
- सुप्रीम कोर्ट की ओर जारी बयान में कहा गया कि जस्टिस वर्मा जिनके यहां आग लगने पर नोटों का बंडल पाया गया का ट्रांसफर इलाहाबाद कर दिया गया है। सत्य से परे है जबकि तबादले पर कोई फैसला नहीं हुआ है।
- आईपीएल के 18वें सीजन का कोलकाता के ईडनगार्डन में धमाकेदार आगाज हुआ।
- डोनाल्ड ट्रंप ने चार देश क्यूबाई, हैनी, निकारागुआ और वेनेजुएला का लोगल स्टेटस छिन लिया।

24 मार्च
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित किया।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेलंगाना, आंध्र, ओडीशा बार्डर में सक्रिय 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की पांच सदस्यीय टीम मणिपुर दौरा कर मणिपुर हिंसा के समाधान का रास्ता निकालने दौर पर।
- केन्द्र सरकार बालटाल से अमरनाथ गुफा तक रोपवे बनाने का ऐलान किया वहीं अमरनाथ यात्रा की अवधि भी बढ़ने का संकेत दिया।

25 मार्च
- सुप्रीम कोट्ट कालेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीय न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया।
- सेंटर फॉर स्टडीज की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल लोकसभा चुनाव में 1.35 लाख करोड़ रूपये खर्च हुए और भाजपा ने चुनाव में सबसे ज्यादा खर्च किया।
- केन्द्र सरकार ने सांसदों के वेतन भत्ते और पेशन में 24 प्रतिशत की वृद्धि की।
- चीनी विज्ञान अकादमी के क्वांगशी वनस्पति अनुंसंधान और वियतनाम के विज्ञान अकादमी के पारिस्थकी व जैविक संसाधन संस्थान के शोधकर्ताओं ने चीन के दक्षिणी और वियतनाम के उत्तरी इलाके में एस्पिडोस्पर्मम वंश की 6 नई प्रजातियों का पता लगाया।

26 मार्च
- छग के बस्तर में जवानों व नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हो गए।
- लोकसभा में 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया गया।
- अमेरिकी अरबपति एवं स्पेसएक्स के संस्थापक एलन ने कहा कि टेस्ला के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई आतंकवाद है।
- भारत व चीन के राजनयिकों ने बीजिंग में सीमा प्रबंधन को लेकर विचार विमर्श किया।

27 मार्च
- छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सीबीआई ने देशभर के 60 ठिकानों पर छापे मारी।
- लोकसभा में सहकारिता विवि विधेयक ध्वनीमत से पारित हो गया।
- आस्ट्रेलिया में शोधकर्ताओं के अध्यक्ष से ब्रेस्ट केंसर से मिलेगी निजात।
- दक्षिण कोरियाई अपील अदालत ने विपक्षी नेता ली-जे-क्यांग को झूठ बोलने के आरोप से बरी कर दिया।

28 मार्च
- हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 25 के अनुसार गौतम अडाणी सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं और दूसरे नंबर पर है।
- देश में 92 प्रतिशत से ज्यादा करोड़पति सांसद है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 साल में करोड़पति सांसद 153 से बढ़कर 504 पर पहुंचे गए है।
- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की मतदाता पहचान पत्र को लेकर भारत की तारीफा।
- ब्लूचिस्तन में 6 पंजाबी मजदूरों की कलमट क्षेत्र में हत्या कर दी गई।

नरेंद्र मोदी के बड़े पैमाने पर प्रचारित मेक इन इंडिया की पोल खुली

■ नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलों के सुपर सेल्समैन के रूप में जाने जाते हैं। जनधन खाते से लेकर हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां पैदा करने तक, 2014 से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सभी प्रचार-प्रसार एक बड़ी विफलता साबित हुए हैं। पिछले कुछ सालों में भी भाजपा की चुनावी मशीनरी या आधिकारिक एजेंसियों ने प्रधानमंत्री के इन दो वायदों का कभी जिक्र नहीं किया। लेकिन उनका सबसे चर्चित और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मेक इन इंडिया था, जिसकी घोषणा केंद्र में उनके कार्यभार संभालने के तुरंत बाद की गयी थी। 23अरब अमेरिकी डॉलर की उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, जो 2021 में एमआईआई कार्यक्रम का प्रमुख कार्यक्रम है, के बारे में मोदी ने घोषणा की थी कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप 2025 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक होने के साथ भारत दुनिया का उत्पादन केंद्र बन जायेगा। अब 2025 आ गया है, लेकिन सरकार ने बिना किसी आधिकारिक घोषणा के चुपके से मेक इन इंडिया के लिए बनायी गयी 23अरब डॉलर की पीएलआई योजना को समाप्त कर दिया है।

इस योजना का विस्तार 14 पायलट क्षेत्रों से आगे नहीं किया जायेगा और उत्पादन की समय सीमा नहीं बढ़ायी जायेगी। सरकार की विफलता बहुत बड़ी थी। मेक इन इंडिया और संबंधित पीएलआई योजना की नीतियों को तैयार करने में पीएमओ द्वारा दिया गया नेतृत्व कंपनियों को प्रेरित करने और नियामक और नौकरशाही बाधाओं को दूर करने में पूरी तरह विफल रहा। इसका एक मुख्य उद्देश्य चीन से आने वाले अमेरिकी और अन्य विदेशी निवेशों में से कुछ को भारत में स्थानांतरित करना था। उद्देश्य न केवल अपूर्ण रहा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार 2025 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा 25 प्रतिशत के वादे के विपरीत अभी 14.3 प्रतिशत पर अटका हुआ है। विरोधाभास यह है कि पीएलआई योजना की शुरुआत के समय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा 15.4 प्रतिशत था। इसलिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा पीएलआई योजना के पिछले चार वर्षों के मुकाबले कम हो गया।

रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को भारतीय उद्योग के लिए भयानक खबर जारी की, जिसके कारण विदेशी निवेशकों और प्रतिस्पर्धियों, खासकर चीन की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया आई। बुधवार तक, सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर पीएलआई योजना की समाप्ति पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है, हालांकि पूरे भारतीय उद्योग के लोग इसके प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। पीएलआई योजना में भाग लेने वाले कई लोगों ने कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने पर काम करना शुरू कर दिया है। रॉयटर्स ने सरकारी दस्तावेज के हवाले से बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाली कई फर्में उत्पादन शुरू करने में विफल रहीं, जबकि विनिर्माण लक्ष्य को पूरा करने वाली अन्य फर्मों ने पाया कि भारत सब्सिडी का भुगतान करने में धीमा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा संकलित कार्यक्रम के विश्लेषण के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक, भाग लेने वाली फर्मों ने कार्यक्रम के तहत .151.93अरब मूल्य के सामान का उत्पादन किया था, जो मोदी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 37 प्रतिशत था। दस्तावेज़ में कहा गया है कि भारत ने केवल .1.73 बिलियन का प्रोत्साहन जारी किया था-जो आवंटित धन का 8 प्रतिशत से भी कम है।

भारतीय व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक लालफीताशाही और नौकरशाही की सावधानी ने पीएलआई योजना की प्रभावशीलता को बाधित करना जारी रखा है। एक विकल्प के रूप में, भारत संयंत्र स्थापित करने के लिए किये गये निवेश की आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति करके कुछ क्षेत्रों का समर्थन करने पर विचार कर रहा है, जिससे फर्मों को दूसरे के उत्पादन और बिक्री की प्रतीक्षा करने की तुलना में लागत को तेज़ी से वसूलने की अनुमति मिलेगी। नवीनतम निर्णय भारत और अमेरिका के बीच नई दिल्ली में व्यापार वार्ता के संदर्भ में हुआ है, जो भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क लगाने की ट्रम्प की धमकी की छाया में है। पीएलआई योजना की जगह लेने वाली वैकल्पिक योजना को वैश्विक स्तर पर नये व्यापार युद्ध की स्थिति को ध्यान में रखना होगा।

विदेश व्यापार के एक प्रमुख विशेषज्ञ बिस्वजीत धर का मानना है कि पीएलआई योजना भारत के पास देश के विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का संभवत: आखिरी मौका था। उनके अनुसार, यदि इस तरह की बड़ी योजना विफल हो जाती है, तो हम कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि कुछ भी सफल होने वाला है?

दिलचस्प बात यह है कि चीन पहला देश था जिसने अंग्रेजी दैनिक ग्लोबल टाइम्स में एक विश्लेषण के माध्यम से उसी दिन प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिस दिन रॉयटर की 23अरब डॉलर की पीएलआई योजना की समाप्ति के बारे में रिपोर्ट जारी की गयी थी। पीएलआई योजना की विफलता के कारणों पर एक विश्लेषण में, ग्लोबल टाइम्स लिखता है, 'चीन के विनिर्माण प्रभुत्व को चुनौती देने के उद्देश्य से अपनी 23अरब डॉलर की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने के चार साल बाद, भारत की प्रमुख 'मेक इन इंडिया' पहल संस्थागत जड़ता का एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण बन गयी है। जैसा कि शुक्रवार को रॉयटर्स ने खुलासा किया, यह एक बार बहुप्रतीक्षित और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम अपने रास्ते से भटक गया है।ज्ज

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का योगदान केवल 13 प्रतिशत है – जो चीन के 26 प्रतिशत और वियतनाम के 24 प्रतिशत से काफी कम है। ग्लोबल टाइम्स विश्लेषण बताता है कि ये आंकड़े एक गहरी प्रणालीगत अस्वस्थता को दर्शाते हैं। भारत के विनिर्माण विकास की वास्तविकता यह दर्शाती है कि मानवीय कारक निर्णायक बना हुआ है, जिसके लिए औपनिवेशिक संस्थाओं और वैचारिक ढांचों से प्रस्थान की आवश्यकता है, जिसमें संस्थागत समायोजन और नवाचार भी शामिल है।

जी.टी. विश्लेषण में कहा गया है कि 'आगे का रास्ता प्रणालीगत संस्थागत सुधार में निहित है जो भारत की वास्तविकताओं के अनुकूल हो। विनिर्माण शक्तियों की श्रेणी में शामिल होने के लिए, भारत को अपनी औपनिवेशिक विरासत की बेड़ियों को तोड़ना होगा जिसमें शासन संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना, स्थानीय सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और शैक्षिक समानता के माध्यम से औद्योगिक कार्यबल को बढ़ावा देना शामिल हो। इसके लिए राज्य की मशीनरी और आधुनिक उद्योग की मांगों के बीच एक व्यापक संरेखण की ओर पीएलआई योजना के 'वित्तीय बैंड-एड' दृष्टिकोण से आगे बढ़ना आवश्यक है।'

ग्लोबल टाइम्स चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा संचालित पीपुल्स डेली समूह का अंग्रेजी दैनिक है। इसलिए इसके विचार चीनी सरकार के विचारों को दर्शाते हैं। समय महत्वपूर्ण है। 22 अक्टूबर को रूसी शहर कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से भारत-चीन संबंधों में सुधार हुआ है। अमेरिकी पत्रकार लेक्सफ्रिडमैन को दिये गये अपने साक्षात्कार में भारतीय प्रधानमंत्री ने चीन के साथ संघर्ष नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और सहयोग पर जोर दिया है। इससे यह संकेत मिला कि भारत चीन के साथ मुद्दों को मित्रवत तरीके से सुलझायेगा। आर्थिक सहयोग उनमें से एक था।

मोदी सरकार के पिछले आर्थिक सर्वेक्षण में भारत में चीनी निवेश के माध्यम से भारतीय उद्योग के लिए अवसरों का उल्लेख किया गया था। चीनी आयात जारी है, लेकिन निवेश पर प्रतिबंध है। ऐसे संकेत हैं कि विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह बढ़ाने की वैकल्पिक योजना के हिस्से के रूप में, चीनी निवेश का स्वागत किया जा सकता है – वर्तमान बाधाओं में से कुछ को हटाकर। भारतीय निर्माता इसमें रुचि रखते हैं। यह सही समय है कि प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था के मूल सिद्धांतों पर आधारित टिकाऊ विनिर्माण कार्यक्रम का विकल्प चुनें, न कि महत्वाकांक्षी दिखावटी वायदे करें जो हासिल नहीं किये जा सकते।

जी.टी.विश्लेषण में कहा गया है कि `आगे का रास्ता प्रणालीगत संस्थागत सुधार में निहित है जो भारत की वास्तविकताओं के अनुकूल हो। विनिर्माण शक्तियों की श्रेणी में शामिल होने के लिए, भारत को अपनी औपनिवेशिक विरासत की बेड़ियों को तोड़ना होगा जिसमें शासन संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना, स्थानीय सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और शैक्षिक समानता के माध्यम से औद्योगिक कार्यबल को बढ़ावा देना शामिल हो।

अमेरिका के पलटने से वैश्वीकरण का सपना टूटा

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी नीति में और अधिक बदलाव का संकेत देने वाले एक महत्वपूर्ण भाषण में वैश्वीकरण की नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने उस विचार प्रणाली पर भी हमला किया है जिसने अमेरिकी कंपनियों को आउटसोर्स सुविधाओं में आप्रवासियों और सस्ते श्रम से लाभ कमाने में सक्षम बनाया है। भाषण का फोकस अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी उत्पाद डिजाईनों को त्यागने और लागत बचाने के लिए कहीं और उत्पादित उत्पादों को अपनाने के कारण अमेरिकियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। वेंस ने चीन का नाम तीन बार लिया लेकिन भारत का नहीं। फिर भी, ऑफ़शोरिंग की बुराइयों पर ज़ोर देने से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया कि भारत के सॉफ़्टवेयर और संबंधित सेवाओं को इस तर्क के व्यापक विषय से बाहर नहीं रखा गया था। भारत ने वर्ष 2023-24 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात किया जिसमें से आधे से अधिक अमेरिका को किया गया है। ट्रम्प पहले भी भारतीय कॉल सेंटरों का मजाक उड़ा चुके हैं जिनमें से अधिकांश यूएस-आधारित ग्राहकों की सेवा करते हैं लेकिन पहले ही एआई-संचालित समाधानों की बढ़ती तैनाती के कारण एक अलग खतरे में हैं। उपराष्ट्रपति वेंस 18 मार्च को उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज़ द्वारा आयोजित एक तकनीकी कार्यक्रम अमेरिकी गतिशीलता शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। शिखर सम्मेलन 'राष्ट्रीय हित' के लिए काम करता है; और इस संदेश के साथ 2025 की बैठक को बढ़ावा दिया गया कि 'यह अमेरिका के निर्माण करने का समय है।'

हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वेंस की नीति तत्काल कैसे चल सकती है और अगर यह एक जटिल और बेहद कुशलता से काम करने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखला को उजागर करने का एक यथार्थवादी उद्यम है' तो भारतीय संदर्भ में कई दिलचस्प बातें सामने आ खड़ी होती हैं।

पहली तो यह कि, भारत अब चीनी मॉडल की नकल करके विनिर्माण केंद्र बनाने या बनने की उम्मीद नहीं कर सकता। फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को अपने कारखानों को भारतीय साइटों पर लाने और अमेरिकी बड़ी कंपनियों के लिए निर्माण करने वाली बात पीछे छूट रही है। उस तरह के विनिर्माण आधार के निर्माण का खेल इसकी समाप्ति तिथि से आगे निकल चुका है। यहां तक कि यदि भारत इस नीति को जारी रखता है तो भी वह यह खेल के निचले सिरे तक ही सीमित रहेगा। वह भी ऐसी जगह जिसे चीन ने इस श्रृंखला में कुछ ज्यादा पाने के लिए पीछे छोड़ दिया था। उदाहरण के लिए, आंकड़ों के मुताबिक चीन में 2009 में आईफोन 3 जी की असेंबली के लिए कुल मूल्य केवल 6.5 अमरीकी डालर या उस मॉडल के लिए सामग्री के बिल का 3.6 प्रतिशत था। यह केवल फॉक्सकॉन द्वारा असेंबली के लिए था। एक दशक बाद 2018 में आईफोन एक्स के लिए यह 104 अमरीकी डालर या सामग्री के बिल का 25.4 प्रतिशत तक पहुंच गया क्योंकि चीन बहुत धीरे-धीरे आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो गया और बैटरी, फ्रेम तथा कैमरा मॉड्यूल जैसे कई (गैर-कोर) भागों की आपूर्ति की। यह डेटा टोक्यो के नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज के युकिंग जिंग की रिपोर्ट से है।

वेंस के विरोध का एक कारण मूल्य श्रृंखला में चीन का ऊपर जाना भी है, जबकि अमेरिका इस बात से नाखुश है कि वैश्वीकरण ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं। (मूल्य श्रृंखला व्यवसायों के लिए रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। मूल्य श्रृंखला किसी उत्पाद या प्रक्रिया के पूरे जीवनचक्र को संदर्भित करती है , जिसमें सामग्री सोर्सिंग, उत्पादन, खपत और निपटान-पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं।) अमेरिका इस बात से भी असहज है कि इस प्रक्रिया ने उन देशों को लाभान्वित किया है जहां उत्पादों या सेवाओं का निर्माण होता है। दूसरे शब्दों में अमेरिका स्वीकार कर रहा है कि वैश्वीकरण केवल अमेरिकी हितों की सेवा के लिए था और विनिर्माण केंद्रों के लिए काम नहीं करने वाला था। वेंस ने इसे कई शब्दों में कहा- 'हमने माना कि अन्य राष्ट्र हमेशा मूल्य श्रृंखला में हमारा पीछा करेंगे लेकिन यह पता चला है कि जैसे-जैसे वे मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर बेहतर होते गए उन्होंने भी ऊंचे स्तर (इसमें प्रीमियम, अपस्केल, शानदार, टॉप-ऑफ़-द-लाइन और उच्च-गुणवत्ता शामिल हैं) पर पकड़ना शुरू कर दिया। हम दोनों सिरों से निचोड़े गए थे। यह वैश्वीकरण का पहला झूठा घमंड या दावा था।

तथ्य यह है कि भारत को खतरे के रूप में कम नहीं समझा गया है या उल्लेख नहीं किया गया है, यह भी एक संकेतक है कि देश अपने सभी दावा किए गए तकनीकी कौशल के लिए सस्ते श्रम वाली मध्यस्थता में फंसा हुआ है जिसमें नारायण मूर्ति के युवाओं के लिए 70 घंटे के कार्य सप्ताह जैसे नुस्खे में सीमित आकांक्षाएं देखी गई हैं। भारत को उत्तेजक, आकर्षक और अभिनव सॉफ्टवेयर समाधानों के साथ आगे होना चाहिए था लेकिन भारत की नीतियां बहुत धीमी गति से आगे बढ़ने की है; जबकि चीनियों ने लंबी छलांग मारकर खुद को आगे कर लिया जिसके उदाहरण डीपसीक, मानुस या अलीबाबा के क्यूडब्ल्यूक्यू -32 बी जैसे चीनी एआई मॉडल हैं।

वेंस के अनुसार, वैश्वीकरण का दूसरा झूठा दावा यह था कि सस्ता श्रम एक बैसाखी बन गया, यहां तक कि एक नशीली दवा बन गया जिसने अमेरिकी नवाचार को दबा दिया है। वेंस की योजना के अनुसार यदि यह 'दवा आपूति' काट दी जाती है तो कंपनियों को उसी काम के लिए अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो उन्हें उत्पादकता और मार्जिन बनाए रखने हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा। पहले कई लोगों ने आउटसोर्सिंग को एक नवाचार कहा है। अब हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां आउटसोर्सिंग को नवाचार की मौत की घंटी के रूप में देखा जा रहा है। यह एक नाटकीय उलटफेर है जो यह संकेत दे सकता है कि रोजमर्रा में अमेरिकी श्रमिकों के गुस्से ने कितना कुछ गहरा छोड़ दिया है।

दूसरी बात जो सामने आती है वह यह है कि उपभोक्तावाद ने अमेरिका के मन में खालीपन भर दिया है। इसका बड़ा सबूत इस बात से मिलता है जब वेंस इशारा करते हैं कि 'श्रमिकों को उनकी नौकरियों से, उनके समुदायों से, उनकी एकजुटता की भावना से अलग करने' के कारण अमेरिका को नुकसान पहुंचा है। उपभोक्तावाद विरोधी गहरी भावना के साथ उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा- 'आप लोगों में उनके उद्देश्य की भावना से अलगाव देखते हैं और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक ऐसे नेतृत्व को देखते हैं जो मानता है कि लोक कल्याण नौकरी की जगह ले सकता है और एक मोबाईल फोन एप उद्देश्य की भावना को बदल सकता है।? वेंस ने वास्तव में तर्क दिया कि पैसा भले ही उपलब्ध हो लेकिन वह 'किसी ऐसी चीज को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है जो काम के बारे में सम्मानजनक और उद्देश्यपूर्ण थी।'

ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने नि:संदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।

क्यू-एनॉन और इसके मनगढ़ंत दावों और षड्यंत्र के सिद्धांतों को भूल जाइए। हम नए क्षेत्र में हैं जिसमें 'डार्क एनलाइटनमेंट' नामक नव-प्रतिक्रियावादी आंदोलन के संस्थापक टेक नेता कर्टिस यारविन जैसे पर्दे के पीछे के प्रभावशाली खिलाड़ी हैं, जो चाहते हैं कि अमेरिकी लोकतंत्र को राजशाही में बदल दिया जाए। तकनीकी-स्वच्छंदतावाद का उदय सरकार की दखलदांजी को कम करना और व्यक्तियों के लिए अधिक स्वतंत्रता उपलब्ध कराएगा लेकिन विपक्ष को चुप कराने के लिए सरकार का अधिकतम उपयोग करने के लिए तैयार है। बेशक, ऐलन मस्क हैं जो मानते हैं कि सरकार एक हिंसक एकाधिकार है और इसे ध्वस्त करने की जरूरत है। पे पॉल के सह संस्थापक पीटर थिएल हैं जो मानते हैं कि मृत्यु अपरिहार्य नहीं है। फिर ट्रम्प भी हैं जो हमेशा के लिए राजा बनकर खुश रहना चाहते हैं।

भारत में कुछ लोगों को उम्मीद थी कि ट्रम्प एक दक्षिणपंथी सरकार के लिए पसंद के साथी थे, इन घटनाओं को देखते हुए उम्मीद है कि उनकी आंखें खुल जाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडीकेट: द बिलियन प्रेस)



जगदीश रत्तनानी

ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने नि:संदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।

देश विदेश

दक्षिण कोरिया में जंगल की आग से नुकसान पर अमेरिका ने जताया दुख

सोल, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका ने शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के दक्षिणी क्षेत्र में जंगल की आग से हुए नुकसान और जान-माल की हानि पर दुख जताया। वाशिंगटन ने सोल को पूरी मदद देने का वादा किया। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहाकि दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में जंगल में आग से हुई जान-माल की हानि और भारी नुकसान के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया गणराज्य के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। उन्होंने दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम लिया। ब्रूस ने कहा कि इस कठिन समय में अमेरिका अपने सहयोगी के साथ खड़ा है। संयुक्त राज्य कोरिया बल भी आग से निपटने और प्रभावित समुदायों की सहायता करने के लिए तैयार है।

युद्ध का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संभव : पुतिन

मास्को, 28 मार्च (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संभव है, लेकिन इसके लिए इस संघर्ष के मुख्य कारणों को दूर करना जरूरी है। उन्होंने इस युद्ध को जटिल मामला बताते हुए सतर्क और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।

पुतिन ने रूसी नौसेना के साथ बैठक के दौरान कहा कि हम सभी समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के पक्ष में हैं, लेकिन इसके लिए उन कारणों को भी समाप्त करना होगा, जिनकी वजह से मौजूदा हालात बने हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने यह भी स्पष्ट किया कि रूस यूरोप के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन पिछली गलतियों से सीख लेगा और पश्चिम पर जरूरत से ज्यादा भरोसा नहीं करेगा।

रूसी मीडिया के अनुसार, पुतिन ने कहा कि हम यूरोप के साथ काम करने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन वे लगातार असंगत तरीके से काम कर रहे हैं और हमें धोखा देने की कोशिश करते रहते हैं। खैर, हमें इसकी आदत हो गई है। उम्मीद है कि अब हम अपने तथाकथित भागीदारों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करके कोई गलती नहीं करेंगे। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में एक सम्मेलन में यूक्रेन को

हमें उन कारणों को भी समाप्त करना होगा, जिनकी वजह से मौजूदा हालात बने हैं : व्लादिमीर पुतिन

समर्थन देने के लिए कई नई पहल की घोषणा की। फ्रांस और ब्रिटेन ने मिलकर यूक्रेन की सेना को पुनर्गठित करने के लिए एक योजना तैयार की है।

मैक्रों ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और मैं यूक्रेन के अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के समन्वय प्रयासों का संयुक्त रूप से नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि रूस पर लगे प्रतिबंध हटाने का समय अभी नहीं आया है, मैक्रों ने भी इस बात पर सहमति जताई कि रूस पर प्रतिबंधों को हटाने का यह सही समय नहीं है।

इस बीच, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यूक्रेन में पश्चिमी देशों द्वारा शांति सैनिकों की तैनाती का रूस कड़ा विरोध करता है। जखारोवा ने चेतावनी दी कि अगर पश्चिमी देश यूक्रेन में शांति मिशन के नाम पर अपनी सेना भेजते हैं, तो इससे रूस और नाटो के बीच सीधा टकराव हो सकता है। लंदन और पेरिस सैन्य हस्तक्षेप की योजना बना रहे हैं, जो शांति प्रयासों के लिए खतरनाक हो सकता है।

रूस और अमेरिका के बीच हाल ही में यूक्रेन संकट के समाधान को लेकर आपसी बातचीत की इच्छा जताई गई थी। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि मॉस्को और वाशिंगटन दोनों शांति वार्ता की ओर बढ़ने के इच्छुक हैं। इसके अलावा, रूस और अमेरिका के बीच रियाद में हुई बातचीत के बाद ब्लैक सी इनिशिएटिव (काला सागर पहल) को लागू करने पर सहमति बनी है। इस समझौते के तहत रूसी बैंकों पर लगे प्रतिबंध हटने के बाद कृषि उत्पादों और उर्वरकों के व्यापार को सुगम बनाया जाएगा। बता दें ब्लाक सी पहल को यूक्रेन का सर्मथन है। वाशिंगटन और कीव की इस संबंध में रियाद में बातचीत हुई थी।

पुतिन ने यूक्रेन युद्ध सुलझाने के लिए रूस के संभावित साझेदारों में उत्तर कोरिया को भी किया शामिल

सोल। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया को उन देशों में शामिल किया है, जिनके साथ वह यूक्रेन युद्ध के समाधान पर काम करने के लिए तैयार हैं। रूस के मरमंस्क दौरे के दौरान युद्ध को सुलझाने की कोशिशों पर बात करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि न केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, बल्कि चीन, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, सभी ब्रिक्स देश और उत्तर कोरिया भी सहयोग के लिए साझेदार बन सकते हैं। समाचार एजेंसी योनहाप ने रूसी समाचार एजेंसी तास के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वह स्थिति को सुलझाने के किसी भी प्रयास का स्वागत करते हैं। ब्रिक्स एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसमें दस देश शामिल हैं, जैसे ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र। यह टिप्पणी यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच आई है, जिसमें प्योंगयांग ने रूस के पक्ष में हजारों सैनिकों को तैनात किया है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने हाल ही में कहा था कि इस साल उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की रूस यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। इससे पहले, गुरुवार को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन को रूसी सरकार ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर एक पदक से सम्मानित किया। दूतावास के सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक, यह पदक द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत का प्रतीक है और इसे राष्ट्रपति पुतिन के निर्देश पर किम जोंग-उन को दिया गया। प्योंगयांग के मानसुडे असेंबली हॉल में एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जहां रूसी राजदूत एलेक्जेंडर मात्सेगोरा ने उत्तर कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के उपाध्यक्ष कांग युन-सोक को पदक और प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र में कहा गया है कि किम जोंग-उन को यह पदक उत्तर कोरिया में शहीद हुए और वहां दफनाए गए सोवियत सैनिकों की याद में उनके योगदान के लिए दिया गया है। यह पदक विजय दिवस से एक महीने पहले दिया गया, जो 9 मई को मनाया जाता है। रूस ने इससे पहले मई 2015 और मई 2020 में 70वीं और 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर किम जोंग-उन को इसी तरह के पदक दिए थे।

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 29 मार्च, 2025 चैत्र कृष्ण पक्ष 15

राशिफल

मेष - आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। सर्दी, कफ और बुखार के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। स्वजनों से वियोग हो सकता है।

वृषभ - आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा। प्रवास ङ्क पर्यटन के योग हैं।

मिथुन - आज शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में आपके काम की प्रशंसा होगी। व्यापारियों अपने व्यापार की वृद्धि कर सकेंगे। इससे आप अधिक प्रोत्साहित होंगे। पदोन्नति का योग है।

कर्क - आज आपकी भाग्य वृद्धि के साथ आकस्मिक धन लाभ होगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के प्रयास सफल होंगे। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। धार्मिक काम या यात्रा के पीछे धन खर्च होगा।

सिंह - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना रहेगा। तबीयत के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। निषेधात्मक विचार आपको गलत मार्ग पर न ले जाए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा।

कन्या - आज आप दांपत्यजीवन के सुखद क्षणों का अनुभव करेंगे। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों में भाग लेंगे। वस्त्राभूषण और वाहन की खरीदी होगी।

तुला - सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति की भी तबीयत में सुधार होगा। घर में सुख- शांति के वातावरण में आप समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

वृश्चिक - आपका दिन मध्यम फलदायी हैं। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता मिल सकती है। नए काम की शुरुआत आज ना करें। आर्थिक आयोजन के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

धनु - मानसिक रुप से आज आपमें उत्साह का अभाव रहेगा, जिससे मन में अशांति बनी रहेगी। परिजनों के साथ अनबन होने से पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। स्थायी संपत्ति के दस्तावेजी कामों में विशेष ध्यान रखें।

मकर - आज का दिन नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ है। नौकरी, व्यापार तथा दैनिक काम में अनुकूलता बनी रहेगी। इससे मन खुश रहेगा। भाई-बंधुओं से लाभ तथा सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

कुंभ - आज किसी से भी विवाद ना करें, अन्यथा मानहानि हो सकती है। धार्मिक काम में खर्च हो सकता है। पारिवारिक वातावरण बिगड़ सकता है। काम में असफलता से मन में असंतोष तथा निराशा की भावना रहेगी।

मीन - आज का दिन शुभ फलदायी है। उत्साह बना रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए के लिए दिन अच्छा है। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ भोजन का अवसर मिलेगा। धनलाभ होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

नेपाल में जोर पकड़ रही राजशाही की वापसी की मांग

काठमांडू, 28 मार्च (एजेंसियां)। काठमांडू में शुक्रवार को नेपाली सुरक्षा बलों और राजशाही समर्थक कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं। हिंसा में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिससे शहर में अफरा-तफरी मच गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस और रबर की गोलियां चलाईं, जिसके बाद कई घरों, अन्य इमारतों और वाहनों में आग लगा दी गई। हालात बिगड़ते देख कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया।

काठमांडू में हिंसक झड़प, आगजनी व तोड़फोड़

स्थानीय मीडिया के अनुसार, स्थिति तब बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निर्धारित सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की और पुलिस पर पत्थर फेंके। जवाब में, सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक व्यापारिक परिसर, एक शॉपिंग मॉल, एक राजनीतिक पार्टी मुख्यालय और एक मीडिया हाउस की इमारत में आग लगा दी, जिसमें एक दर्जन से ज़्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आपीपी) और अन्य समूह भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए नेपाल के राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की तस्वीरें लिए हजारों राजतंत्रवादी तिनकुने क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने राजा आओ, देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजतंत्र वापस चाहिए जैसे नारे लगाए और नेपाल में राजतंत्र की बहाली की मांग की। काठमांडू में सैकड़ों पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, और प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए कई युवाओं को हिरासत में लिया गया है।

ऑस्ट्रेलिया में 3 मई को आम चुनाव, पीएम अल्बनीज ने किया ऐलान

कैनबरा, 28 मार्च (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संघीय संसद को भंग करने और 3 मई को औपचारिक रूप से आम चुनाव कराने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन से मुलाकात की। अल्बनीज ने सुबह ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश सम्राट के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल से मुलाकात की और उनसे 3 मई को ऑस्ट्रेलिया की 48वीं संसद के सदस्यों के चुनाव के लिए होने वाले चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह पांच सप्ताह का अभियान है, जिसमें अल्बनीज और उनकी सत्तारूढ़ लेबर पार्टी विपक्षी नेता पीटर डुट्टन के लिबरल और नेशनल पार्टियों के गठबंधन के खिलाफ खड़ी होगी। मोस्टिन का दौरा करने के बाद संसद भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अल्बनीज ने कहा कि मतदाता चुनाव में आगे का रास्ता चुनेंगे। उन्होंने कहा कि हम यह तय नहीं कर सकते कि हमें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन हम यह तय कर सकते हैं कि हम कैसे जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आपका वोट पहले कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। जनमत सर्वेक्षणों ने संकेत दिया है कि चुनाव में कड़ी टक्कर होने वाली है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

म्यांमार और थाईलैंड में ...

नहीं आई है। बताया जा रहा है कि दोनों ही देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। यह बिल्डिंग निर्माणाधीन था, जो भूकंप के झटके को सह नहीं पाया। इसी तरह कई और वीडियो भूकंप के बाद के वायरल हो रहे हैं, जिसमें भूकंप के बाद के दहशत को देखा जा रहा है। भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप का एपिसेंटर म्यांमार के साउदर्न कोस्ट के सागाइंग के पास था। बता दें कि 6 दिन बाद थाईलैंड में बिम्सटेक का आयोजन होना है। बिम्सटेक के लिए बिम्सटेक के सदस्य थाईलैंड जाएंगे। 3 से लेकर 6 अप्रैल तक थाईलैंड में बिम्सटेक सम्मिट प्रस्तावित है। इस बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जाएंगे।

किसान के घर से ...

के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस डकैतों की तलाश में नाकेबंदी कर रही है।

गांव में फैली दहशत-इस सनसनीखेज वारदात के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कर रही है।

सांसद बृजमोहन ने...

इमिग्रेशन ऑफिस, एक्साइज ऑफिस, कार्गो टर्मिनल, बेहतर पार्किंग और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाए, तो इससे छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा। श्री अग्रवाल ने केंद्र सरकार एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय से रायपुर हवाई अड्डे को शीघ्र अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने और राज्य के प्रमुख शहरों—बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर एवं जगदलपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार की माँग की। उन्होंने कहा कि यह सुविधा मिलने से छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुगम हवाई यात्रा का लाभ मिलेगा और छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा।

जस्टिस वर्मा पर ...

के खिलाफ कोई क्रिमिनल केस शुरू नहीं किया जा सकता। उधर जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव पैनल से हटा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 26 मार्च को हाईकोर्ट में प्रशासनिक कामों से जुड़ी कमेटियों का पुनर्गठन किया गया था। इसमें जस्टिस वर्मा को शामिल नहीं किया गया। एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती, बेमियादी हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवासीय बंगले में आग लगने से एक बड़ा खुलासा हुआ था। इस घटना ने न्यायिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया था। जज के घर से भारी मात्रा में नोटों की अधजली गड्डियों की बरामदगी हुई थी। यह मामला संसद से सड़क तक चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष के नेताओं ने इस मामले को काफी जोर-शोर से उठाया है, उनकी मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस घटना ने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को भी तत्काल कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। इस मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश में नई शराब नीति...

तय कर सभी जिलों के कलेक्टरों को सर्कुलर जारी कर दिया गया है। नई आबकारी नीति के तहत इस वर्ष राज्य में 67 नई शराब दुकानें खोली जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टरों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल 674 शराब दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनमें प्रीमियम शॉप्स भी शामिल हैं।

चुनिंदा कंपनियों को ही मंजूरी, बड़े ब्रांड्स को बाहर रखा गया-आबकारी विभाग के निर्णयों को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि सिर्फ कुछ चुनिंदा कंपनियों की शराब को ही मंजूरी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, यूएसएल और रेड लेबल जैसे बड़े विदेशी ब्रांड्स को अप्रूवल नहीं मिला है। इसके अलावा, बीरा ब्रांड की बीयर भी छत्तीसगढ़ में नहीं बिकेगी। प्रदेश में सबसे अधिक बिक्री पौव्वा शराब की होती है, लेकिन इंटरनेशनल ब्रांड्स के बजाय लोकल ब्रांड्स के साथ अधिक कीमत पर समझौते किए गए हैं। यह नीति उपभोक्ताओं के लिए कितनी फायदेमंद होगी, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

आज का इतिहास

1561- अकबर ने मालवा की राजधानी 'सारंगपुर' पर हमला करके बाजबाहुदर को हरा दिया।

1857- कोलकाता के पास बैरकपुर छावनी में सिपाही मंगल पांडे ने पहली गोली चलाकर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह का आगाज किया।

1867 - ब्रिटिश संसद ने कनाडा के गठन के लिए उत्तरी अमेरिका अधिनियम पारित किया।

1901 - ऑस्ट्रेलिया में पहली बार संघीय चुनाव हुआ।

1906 - अमेरिका में अधिक वेतन की मांग को लेकर पांच लाख खनिकों ने काम करना बंद कर दिया।

1932 - अमेरिका में जैक बेनी ने पहली बार रेडियो पर अपने कार्यक्रम की शुरुआत की।

1943- स्वतंत्रता सेनानी एवं नेता शहीद लक्ष्मण नायक को बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया।

1951 - चीनी ने कोरिया में एक संघर्ष विराम के लिए मैकआर्थर के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

1954- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया।

1967 - फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरआत की।

1992- विशेषज्ञ समिति ने बिहार से झारखंड क्षेत्र के लिए एक स्वायत्त परिषद की सिफारिश की।

1999 - हिमालय की तलहटी में आये भूकंप में कम से कम 87 लोगों की मौत हो गई।

2004- बुल्गारिया, एस्टोनिया, लाटविया, लिथुआनिया, रोमानिया, स्लोवाकिया, और स्लोवेनिया नाटो के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुए।

2004- आयरलैंड कार्यस्थलों पर ध्रूम्रपान प्रतिंबंधित करने वाला पहला देश बना।

2014- एंड्रेज किस्का स्लोवाकिया के राष्टपति चुने गए।

2014- ब्रिटेन और वेल्स में पहला समलैंगिक विवाह हुआ।

चिंताजनक *पाकिस्तान में भारी परेशानियों का सामना कर रहे अफगान शरणार्थी*

निर्वासन का सामना कर रहे 170 शरणार्थियों को जर्मनी ने दी शरण

बर्लिन, 28 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान से 170 से अधिक अफगान नागरिकों को लेकर एक विमान जर्मनी के हनोवर एयर पोर्ट पर उतरा। यह अफगानों को फिर से बसाने की बर्लिन की कोशिशों का नतीजा है। अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने सभी अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने के लिए 31 मार्च की समय सीमा तय की है। जर्मन मीडिया आउटलेट बिल्ड ने जर्मन संघीय आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि गुरुवार को पहुंचे इस समूह में 82 महिलाएं और 92 पुरुष शामिल हैं।

74 लोग 18 वर्ष से कम उम्र के हैं। दो वर्ष से कम उम्र के नौ बच्चे भी शामिल हैं। एक अफगान शरणार्थी ने कहा कि हम ग्यारह महीने तक पाकिस्तानी शरणार्थी शिविर में रहे। मेरी पत्नी को वकील के रूप में नौकरी के कारण तालिबान की ओर से धमकी दी गई थी। बारह घंटे की उड़ान के बाद जब विमान उतरा, तो मैं बहुत खुश और आभारी महसूस कर रहा था।

इससे पहले फरवरी में, 155 अफगान नागरिक विमान से बर्लिन पहुंचे थे। उन्हें देश के संघीय स्वागत कार्यक्रम के जरिए जर्मनी में प्रवेश की अनुमति दी गई। जर्मन सरकार ने अफगानिस्तान में अपने दो दशक के मिशन के दौरान जर्मन सैन्य या नागरिक एजेंसियों के साथ काम करने वाले अफगानों की मदद के

लिए 2021 में प्रवेश कार्यक्रम शुरू किया था। जर्मन सरकार के अनुसार, केवल उन शरणार्थियों को लाया जा रहा है जिनमें अफगानिस्तान में तालिबान की तरफ से विशेष खतरा है।

अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से, लगभग 36,000 लोगों को स्वीकार किया गया है, जिन्हें संघीय सरकार ने विशेष रूप से जोखिम में के रूप में वर्गीकृत किया था। जर्मन मीडिया आउटलेट वेल्ट ने बताया कि जर्मनी में पुनर्वास के लिए स्वीकृत लगभग 2,800 अफगान लोग अभी भी इस्लामाबाद में रह रहे हैं, और उनकी स्थिति लगातार निराशाजनक होती जा रही है।

वीजा तीन महीने के लिए वैध होता है और जर्मनी जाने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अफगान प्रवासियों के निर्वासन की समयसीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

हाल ही में, संयुक्त राज्य अमेरिका में पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे अफगान शरणार्थियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन शरणार्थियों के निर्वासन को तत्काल रोकने की मांग की गई, जिनके पास अमेरिका में प्रवेश के लिए लंबित या स्वीकृत वीजा आवेदन हैं या जिन्होंने संयुक्त राज्य शरणार्थी प्रवेश कार्यक्रम में रेफरल स्वीकार किए हैं।

सुडोकू 6866

7	1	6		4				3
				6		9		
			7		8		1	
9					1		3	7
		8				6		
2	7		5					1
	2		8		7			
		1		3				
8				1		3	5	2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6866

१		२		३	■	४		५	
	■		■	६			■		■
७			■		■	८			९
	■		■	१०			■	■	
■	११		१२		■	■	१३		
■		■		■	१४			■	
१५		१६		■		■	१७	१८	
	■		■	१९		२०	■		■
२१			■		■	२२			२३
	■	२४					■	■	

बायें से दायें:-

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, फिल्म, पुस्तक या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को निकाल देता है (सेंसर)
४. देर करना, देर होना
६. किरण
७ वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
१२. किसी विशेष संकल्प के लिए किया गया उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, उजागर, प्रगट (उर्दू):
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट(उर्दू)
२२. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

ऊपर से नीचे:-

१. मघ्यान्ह
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतन वृद्धि की सलिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

वर्ग पहेली-6865

१ ज	ल्ली	२ क	टू	■	■	३ अ	र्द्धां	४ गि	नी
म	■	ल्प	■	५ वि	प	क्ष	■	र	■
६ घ	रा	ना	■	भा	■	७ रि	क्त	ह	८ स्त
ट	■	ती	■	९ ज	न्न	त	■	■	ब्ध
■	१० वै	त	११ नि	क	■	■	१२ उ	त्था	न
■	ध	■	य	■	१३ नि	मि	त्त	■	य
१४ सी	ता	१५ प	ति	■	पु	■	१६ म	१७ लि	न
घा	■	द	■	१८ प्र	ण	१९ त	■	ट	■
२० सा	द	र	■	ता	■	२१ र	म	जा	२२ न
दा	■	२३ ज	हां	प	ना	ह	■	■	भ

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

चीन के स्वनिर्मित चिकित्सा रोबोट हुए प्रदर्शित

बीजिंग, 28 मार्च (एजेंसियां)। चीन के स्वनिर्मित कई बुद्धिमान एकीकृत चिकित्सा बचाव उपकरण हाल में पेइचिंग में प्रदर्शित हुए। इनमें प्राथमिक चिकित्सा रोबोट और आपातकालीन स्थानांतरण रोबोट पर लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ। प्राथमिक चिकित्सा रोबोट और आपातकालीन स्थानांतरण रोबोट चार पैर, चार पहिए और पटरियां समेत चलने के तीन तरीके उपलब्ध हैं। इनमें चलने, दौड़ने, सीढ़ियां चढ़ने, ढलान पर चढ़ने, लेटने, बाधाओं से बचने और बाधाओं पर विजय पाने की क्षमता है।

रोबोट -20 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियस के वातावरण में स्थिर रूप से काम कर सकते हैं। इनका प्रयोग प्राकृतिक आपदा के बचाव, जटिल पर्यावरण में संचालन, सुरक्षा दुर्घटना के बचाव और अस्पताल के अंतर स्थानांतरण आदि में किया जाएगा। इसके अलावा, प्राथमिक चिकित्सा रोबोट और आपातकालीन स्थानांतरण रोबोट में पोर्टेबल प्राथमिक चिकित्सा उपकरण भी उपलब्ध है, जो रक्त ऑक्सीजन की निगरानी, डिफिब्रिलेशन और हृदय गति की निगरानी कर सकते हैं।

खेल जगत

डीसी के खिलाफ थोड़ी अलग योजना के साथ उतरेगी एसआरएच : विटोरी

हैदराबाद। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लखनऊ सुपर जायंट्स से पांच विकेट से हारने के बाद, मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि टीम इस हार से सकारात्मकता लेकर रविवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करने के लिए थोड़ी अलग योजना के साथ उतरेगी। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, एलएसजी ने एसआरएच की प्रसिद्ध बल्लेबाजी लाइन-अप को आक्रामक होने का मौका नहीं दिया, और अंतत: 190/9 का स्कोर बनाया। जवाब में, एलएसजी ने 23 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। हमने 190 का स्कोर बनाया, जो मुझे लगता है कि प्रतिस्पर्धी था। लेकिन हम यह भी जानते हैं कि हम विजाग जा रहे हैं, जहां की परिस्थितियां और मैदान का आकार पूरी तरह से अलग है।

पांड्या की वापसी से मुंबई की नजर मेजबान गुजरात के खिलाफ पहली जीत पर

■ शुभमन व सुदर्शन मुंबई के खिलाफ गुजरात की जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 28 मार्च (देशबन्धु)। अपने नियमित कप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया की टीम में वापसी से मुंबई इंडियंस अब शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके घर अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में शनिवार को जीत की राह पर लौटने के मकसद से उतरेगी। हार्दिक अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को पहले ही प्रयास में खिताब जिताने के बाद ही बतौर कप्तान वापस मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। हार्दिक ऐसे में गुजरात टाइटंस के ज्यादातर खिलाड़ियों और उसकी रणनीति से वाकिफ है। ऐसे में गुजरात टाइटंस को नई रणनीति और पूरी तरह चौकस रह कर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने उतरना होगा। दोनों टीमो के बीच पिछले पांच में तीन मैच गुजरात और दो मुंबई इंडियंस ने जीते हैं। गुजरात टाइटंस ने मुंबई से पिछले सीजन में दोनों मैच जीते थे। साई सुदर्शन की बढ़िया पारी से पिछले सीजन के मैच में गुजरात ने मुंबई इसी अहमदाबाद के मैदान पर छह रन और फिर क्वालीफायर 2 में कप्तान

शुभमन गिल के शतक से 62 रन से हराया था। शुभमन गिल और साई सुदर्शन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रख कर गुजरात टाइटंस का जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगे। गुजरात टाइटंस भी अपने घर में अपने पहले मैच में सई सुदर्शन और जोस बटलर के अर्द्धशतकों के बावजूद श्रेयस अय्यर की 98*रन की पारी की पारी के चलते पंजाब किंग्स से अपना मौजूदा सीजन का पहला खासा करीबी मैच 11 रन से हार गई थी। वहीं मुंबई इंडियंस हार्दिक पांडया पर धीमी ओवर रेट के चलते लगे एक मैच के निलंबन के चलते रोहित शर्मा, रेयन रिकलटन, विल जैक के रूप में शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों के सस्ते में आउट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले सूर्य कुमार यादव(29), तिलक वर्मा (31) और निचले क्रम में दीपक चाहर (28) की उपयोगी पारियों की बदौलत 150 के पार पहुंचने के बाद सीएसके के लेग स्पिनर (4/18), रविचंद्रन अश्विन (1/31) और रवींद्र जडेजा (0/21) द्वारा बुने स्पिन के जाल के चलते20ओवर मे 9 विकेट पर 155 रन बना पाई। मुंबई इंडियंस के केरल के कलाई के स्पिनर विगनेश पुतर (3/32) के स्पिन के जादू के बावजूद सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने अर्द्धशतक जड़ सीएसके को पांच गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से जीत दिला दी। सीएसके के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (3/29) ने जिस तरह ऑफ स्टंप से गेंद को बाहर निकाल कर जिस तरह मुंबई के शीर्ष और निचले क्रम को परेशान किया उससे गुजरात टाइटंस के तेज गेदबाज कसिगो रबाड़ा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज मुंबई के रोहित शर्मा, रिकलटन, विल जैक , तिलक वर्मा और सूर्य कुमार यादव को सस्ते में पैवेलियन लौटा कर उसके शीर्ष क्रम को बिखेरने की कोशिश करेंगे ही बाएं हाथ के साई किशोर, रशीद खान और राहुल तेवतिया निचले क्रम को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोकने की पुरजोर कोशिश करेंगे। गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल, सई सुदर्शन, जोस बटलर को मुंबई इंडियंस के तेज गेदबाज ट्रेंट बोल्ट ,खुद कप्तान हार्दिक पांडया,दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के नवोदित चतुर स्पिनर विगनेश पुतर व मिचेल सेटनर से चौकस रहने की जरूरत होगी।

'हमने पंजाब के खिलाफ आखिर में बहुत रन दे दिए'

'हमें पंजाब किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हुए मौके मिले। हमने पारी के आखिर में बहुत ज्यादा रन दे दिए। साथ ही हमने पारी के बीच के तीन ओवर में करीब 18 रन बनाए। हमने अपनी पारी के शुरू में भी ज्यादा रन नहीं बना पाए और इसके चलते ही हम मैच हार गए। पंजाब से हारने के बावजूद कुछ सकारात्मक भी रहा। काफी समय बाहर बेंच पर रहने के बाद टीम में वापसी पर सीधे यॉर्कर फेंकना आसान नहीं था। पिच बल्लेबाजी के लिए हमेशा बढ़िया रही।

-शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस के कप्तान.

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद को पीसीआई से मान्यता मिली

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने पैरालंपिक समिति (पीसीआई)-देश में पैरा खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए समर्पित शीर्ष शासी निकाय से मान्यता प्राप्त करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है । डीसीसीआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह मान्यता एक महत्वपूर्ण कदम है जो पूरे देश में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए क्रिकेट को बढ़ावा देने और बढ़ावा देने के लिए डीसीसीआई के समर्पण को उजागर करता है। यह मान्यता डीसीसीआई को पीसीआई के एक आवश्यक सदस्य के रूप में स्थान देती है, जो क्रिकेट परिषद को खेलों में समावेशिता के अपने मिशन को बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्कालीन सचिव जय शाह के मार्गदर्शन में 2021 में स्थापित, डीसीसीआई भारत में दिव्यांग क्रिकेट के चार अनूठे प्रारूपों के लिए शीर्ष संगठन के रूप में खड़ा है- नेत्रहीन क्रिकेट, बधिर क्रिकेट, शारीरिक रूप से विकलांग क्रिकेट और व्हीलचेयर क्रिकेट।बीसीसीआई के तत्वावधान में, डीसीसीआई भारत में दिव्यांग क्रिकेट प्रारूपों के लिए समर्पित चार प्रतिष्ठित क्रिकेट संघों के लिए छत्र संगठन के रूप में कार्य करता है।

'पूरन के साथ बल्लेबाजी करना रोमांचक' : मार्श

हैदराबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद पर लखनऊ सुपर जायंट्स की पांच विकेट की जीत में 52 रन बनाने के बाद,ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने कहा कि निकोलस पूरन के साथ बल्लेबाजी करना उनके लिए एक रोमांचक अनुभव था, जिन्होंने 269.23 की स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 26 गेंदों पर 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोर बनाया। मार्श, जिन्होंने प्रतियोगिता में अपना दूसरा अर्द्धशतक लगाया,ने कहा कि मेरे पास इसके लिए केवल एक ही शब्द है 'आकर्षक'। मैं लंबे समय से निकी (पूरन) के खिलाफ खेल रहा हूं, और आमतौर पर, मैं ऐसी पारियों का शिकार होता रहा हूं। एक ही टीम में होने के कारण, मैं

एक ऐसे व्यक्ति के रूप में उनके साथ एक बेहतरीन जुड़ाव महसूस करता हूं और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसके साथ मैं उम्मीद करता हूं कि मैं बहुत अधिक बल्लेबाजी करूंगा। मार्श ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो ज्यादा बातचीत नहीं हुई। जब कोई खिलाड़ी अपनी लय में होता है, तो आप बस साझेदारी बनाने की कोशिश करते हैं और आगे बढ़ते रहते हैं। वह यहां लगभग अजेय था। उन्होंने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की भी तारीफ की, जिन्होंने 4-34 विकेट चटकाए और एसआरएच की दमदार बल्लेबाजी लाइन-अप को मैच में बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया।

मैं छक्के मारने के लिए अलग से योजना नहीं बनाता : पूरन

हैदराबाद। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के आतिशी बल्लेबाज निकोलस पूरन को सिक्स-हिटिंग मशीन कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। वह आईपीएल 2025 के दो मैचों में ही 13 छक्के लगा चुके हैं। इसमें से छह छक्के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मैच के दौरान आए। हालांकि पूरन का कहना है कि वह छक्के मारने के लिए कोई योजना नहीं बनाते बल्कि बस गेंद को ठीक तरीके से टाइम करने की कोशिश करते हैं। 26 गेंदों पर 70 रनों की पारी खेलने के बाद पूरन ने कहा कि मैं छक्के मारने के लिए कोई योजना नहीं बनाता बल्कि सही पोजिशन में आने की कोशिश करता हूं ताकि गेंद को ठीक तरीके से टाइम कर सकूं। मैंने पिछले नौ सालों में बस इसी पर काम किया है। इसके अलावा यहां मुझे पावरप्ले में भी बल्लेबाजी का मौका मिल रहा है, जिसका निश्चित रूप से मुझे फायदा मिल रहा है। यह जरूरी है कि आप तब मौकों को भुनाए, जब विकेट अच्छा हो और आपके खिलाफ एक आसान मैच-अप हो। पूरन ने 18 गेंदों पर अर्द्धशतक लगाया, जो कि आईपीएल में उनका तीसरा सबसे तेज पचासा है। उन्होंने कहा, कि मैंने अपने बैट स्पीड पर भी कभी काम नहीं किया है बल्कि मैं अविश्वसनीय प्रतिभा से धन्य हूं। मैं खुश हूं कि जो मैंने सालों से मेहनत की है, उसका मुझे अब रिवार्ड मिल रहा है और मैं अपनी टीम को मैच जिता रहा हूं।

कोर्डा को हराकर जोकोविच अंतिम चार में

फ्लोरिडा, 28 मार्च (एजेंसियां)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को हराकर मियामी ओपन में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना

ली है। एक घंटा 24 मिनट तक चले मुकाबले में गुरुवार को दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने दूसरे सेट में ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए कोर्डा पर 6-3 7-6 (7-4) से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही 37 वर्षीय जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1,000 इवेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये हैं। यह क्वार्टरफाइनल मैच बुधवार रात को खेला जाना था, लेकिन जेसिका पेगुला और एम्मा राडुकानु के बीच महिला क्वार्टरफाइनल मैच रात 11 बजे के बाद तक चलने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जोकोविच शुक्रवार को सेमीफाइनल में बुल्गारियाई 14वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से मुकाबला करेंगे। 2016 के बाद से जोकोविच इस टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि मेरे लिए यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ सर्विंग प्रदर्शन रहा, मैं काफी नर्वस था क्योंकि मुझे पता है कि कोर्डा बहुत आक्रामक और प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

विलियमसन ने शार्दुल ठाकुर की गेंदबाजी को सराहा

■ अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया



आइपीएल 2025

हैदराबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के अनुभवी खिलाड़ी केन विलियमसन ने आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद पर लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम एसआरएच को कम स्कोर पर रोकने में सफल रही। उन्होंने शार्दुल ठाकुर की गेंदबाजी की सराहना की। पहले गेंदबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने चार विकेट चटकाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन और मिशेल मार्श ने शानदार अर्धशतक जड़कर मेहमान टीम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच विकेट से जीत दिलाई। केन विलियमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि हैदराबाद जाकर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स इसके लिए तैयार थी। उनके पास अपनी योजना को तुरंत लागू करने का साहस था। लखनऊ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैदराबाद को 200 के अंदर समेट दिया। विलियमसन ने जियो हॉटस्टार पर लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व की जमकर सराहना की। जिसकी वजह से हैदराबाद उनके सामने बड़ा टोटल खड़ा करने में सफल नहीं हो पाई। मोहसिन खान की जगह एलएसजी में शामिल ठाकुर ने 100 आईपीएल विकेट पूरे किए। उन्होंने अभिषेक शर्मा (6), ईशान किशन (0) के साथ-साथ अभिनव मनोहर (2) और मोहम्मद शमी (1) के विकेट चटकाए। उन्होंने 34 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। विलियमसन ने ठाकुर के प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शार्दुल एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और हैदराबाद में एसआरएच के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करना कोई आसान काम नहीं है। लेकिन वह एक ठोस योजना के साथ आए, टीम की रणनीति के साथ तालमेल बिठाया और इसे शानदार ढंग से अंजाम दिया। उन्होंने विविधता के साथ गेंदबाजी की और बल्लेबाजों को आउट करने का प्रयास किया। इस तरह के विशेष प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब मिलना पूरी तरह से उचित था।

> मुझे लगता है कि हैदराबाद जाकर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना सबसे मुश्किल कामों में से एक है : केन विलियमसन

सार संक्षेप

रूसी पहलवान बेबोरिको पर लगा दो साल का प्रतिबंध

जिनेवा। रूस के पहलवान दिमित्री बेबोरिको के डोपिंग परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ टैमोक्सीफेन की मात्रा पाये जाने के बाद उन्हें दो वर्ष के लिये अयोग्य ठहराया गया है। रूसी पहलवान ने सजा स्वीकार कर ली है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संयुक्त विश्व कुश्ती शासी निकाय की ओर से प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि 23 अक्टूबर 2024 अल्बानिया के तिराना में 130 किलोग्राम हैवीवेट ग्रीको-रोमन कुश्ती वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बेबोरिको का डोपिंग परीक्षण पॉजिटिव पाये जाने पर उन पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बेबोरिको ने इस प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। आईटीए ने 20 दिसंबर 2024 से 19 दिसंबर 2026 तक बेबोरिको पर प्रतिबंध लगाया गया है और 23 अक्टूबर 2024 से सभी प्रतिस्पर्धी परिणामों को अयोग्य घोषित कर दिया है। चैंपियनशिप में जीते गये उनके रजत पदक छीन लिया जाएगा।

मियामी ओपन में सबालेंका और पेगुला के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

फ्लोरिडा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका और अमेरिका की टेनिस स्टार जेसिका पेगुला के बीच शनिवार को मियामी ओपन में खिताबी भिड़ंत होगी। आज यहां खेले गये महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में 26 वर्षीय बेलारूसी सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। सबालेंका ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और वह शानदार फॉर्म में हैं। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का लगातार यह दूसरा फाइनल हैं। इस बीच महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल के दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिकी जेसिका पेगुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा इला पर 7-6 (7-3) 5-7 6-3 से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

ओसासुना को हराकर बार्सिलोना अंकतालिका में शीर्ष पर

मैड्रिड। फेरान टोरेस और डानी ओल्मो के शुरुआती गोलों की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने ओसासुना को हराकर, ला लीगा की अंकतालिका में तीन अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

केमार रोच पहले चार चैम्पियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे

लंदन, 28 मार्च (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच पहले चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे। रोच लगातार पांचवें सीजन के लिए थ्री फेदर्स में शामिल हो रहे हैं और एसेक्स, हैम्पशायर, ससेक्स और समरसेट के खिलाफ खेलने के लिए उपलब्ध होंगे क्योंकि सरे अपने खिताब की रक्षा के लिए एक मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं। लाल गेंद को सीम और स्विंग करने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले रोच चेम्सफोर्ड में सीजन के पहले मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे और अप्रैल के अंत तक टीम के साथ रहेंगे। उन्होंने सरे के लिए 28 प्रथम श्रेणी मैचों में

25.60 की औसत से 93 विकेट लिए हैं, जिसमें हैम्पशायर के खिलाफ 2021 में 8-40 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। मई 2023 में, रोच को क्लब में उनके योगदान के लिए सरे कैप से सम्मानित किया गया। पिछले सीजन में रोच ने 20 विकेट चटकाए थे, जिसकी बदौलत सरे ने अपना 23वां काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीता था। उनके अभियान का मुख्य आकर्षण घरेलू मैदान पर वारविकशायर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने दूसरी पारी में 6/46 के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सरे को जीत दिलाई थी। 36 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो काउंटी चैंपियनशिप में सरे की ऐतिहासिक तीन बार की जीत के दौरान एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, ने वेस्टइंडीज के लिए 284 टेस्ट विकेट लिए हैं और 566 प्रथम श्रेणी विकेट अपने नाम किए हैं। थ्री फेदर्स में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रोच ने कहा कि मैंने पिछले चार वर्षों में सरे के साथ अपने समय के हर पल का आनंद लिया है।

ऐतिहासिक : पहली बार हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर होगा

गुरुग्राम, 28 मार्च (एजेंसियां)। ऐतिहासिक पहली बार, डीडी स्पोर्ट्स हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण कर रहा है, जो अभी चल रहा है। यह टूर्नामेंट, जो एशिया के प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है और 1964 से खेला जा रहा है, भारत में इसकी सबसे अधिक पुरस्कार राशि 2.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और यह रविवार, 30 मार्च तक खेला जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण पहली बार डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है और यह भारतीय गोल्फ यूनियन की योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य खेल को आम जनता और युवाओं तक पहुंचाना है, जिसमें भारत के राष्ट्रीय प्रसारक की पहुंच सबसे बड़ी है। इस सप्ताह हीरो इंडियन ओपन में कुछ सबसे रोमांचक प्रतिभाएं शामिल हैं और यह अब तक का सबसे मजबूत क्षेत्र है।

रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

अम्मा, 28 मार्च (एजेंसियां)। मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया हैं। जार्डन के अम्मान में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान रीतिका किर्गिस्तान की ऐपेरी मेदेत किजी से 7-6 से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एक समय रीतिका 6-2 से आगे थीं, लेकिन आखिरी सेकेंड में बढ़त को गंवा दिया।

रीतिका ने सेमीफाइनल में जापान की नोदोका यामामोटो को हराकर अपना दूसरा सीनियर एशियाई पदक पक्का किया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की सियोयोन जियोंग को 10-0 से हराया था। इस

■ एक समय रीतिका 6-2 से आगे थीं, लेकिन आखिरी सेकेंड में बढ़त को गवां दिया

बीच अन्य मुकाबलों में मुस्कान ने (59 किग्रा) वर्ग और मानसी लाठर ने (68 किग्रा) वर्ग स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। मुस्कान क्वार्टर फाइनल में जापान की सकुरा ओनिशी से 12-2 से हारीं, लेकिन रेपेचेज में मंगोलिया की अल्टजिन तोगतोख को 4-0 से हराकर कांस्य जीता। वहीं 18 साल की मानसी ने सीनियर डेब्यू में कजाकिस्तान की इरीना कज्युलिना को 12-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पहले नॉकआउट मैच में भिड़ेंगे मुम्बई सिटी और बेंगलुरू

बेंगलुरू, 28 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरू एफसी शनिवार को शाम 7:30 बजे श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 प्लेऑफ के पहले सिंगल-लेग नॉकआउट मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। ब्लूज ने 24 मैचों में 11 जीत, पांच ड्रा और आठ हार से 38 अंक लेकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, आइलैंडर्स ने अपने अंतिम लीग मैच में बेंगलुरू एफसी पर 2-0 की जीत

दर्ज करके प्लेऑफ के छठे स्थान में जगह बनाई, और अब जीत से अंतिम-चार में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबलों में चार बार हारने के बाद बेंगलुरू एफसी आगामी मैच में उतरेगी। ये दोनों टीमें प्लेऑफ में केवल दूसरी बार भिड़ेंगी। ब्लूज ने सीजन 2022-23 के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की थी। आइलैंडर्स ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले चार आईएसएल मैचों में कोई गोल नहीं खाया है और रक्षात्मक दृढ़ता दिखाई है। इस दौरान उन्होंने आठ गोल किए हैं।

ब्लूज की आक्रामक फॉर्म: आक्रामक निरंतरता- बेंगलुरू एफसी ने आईएसएल 2024-25 में हर 35.2 पास पर एक शॉट निकाला है, जो इस सत्र में सबसे अधिक औसत है।

सुनील छेत्री का प्लेऑफ रिकॉर्ड : सुनील छेत्री ने आईएसएल प्लेऑफ में आठ गोल किए हैं, जो लीग इतिहास में सबसे अधिक है। उन्होंने अपने पिछले चार प्लेऑफ में से तीन में गोल किए हैं।

मुम्बई सिटी का प्लेऑफ में प्रदर्शन: जीत की लय: आइलैंडर्स ने अपने पिछले चारों प्लेऑफ मैच जीते हैं, जो आईएसएल के नॉकआउट दौर में सबसे अधिक है।

पीटर क्रेटकी का रिकॉर्ड: पीटर क्रेटकी के नाम तीन प्लेऑफ जीत हैं, और यहां जीत से वह आईएसएल इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक प्लेऑफ मैच जीतने (सर्जियो लोबेरा के साथ) वाले कोच बन जाएंगे। एंटोनियो लोपेज छह प्लेऑफ जीत के साथ टॉप पर हैं।

आमने-सामने

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 18 मुकाबले हुए हैं। बेंगलुरू एफसी ने छह बार जीत हासिल की है, जबकि मुम्बई सिटी एफसी ने 10 मैच जीते हैं।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स: साई गांधीनगर के पावरलिफ्टरों ने 10 पदक जीतकर दबदबा बनाया

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां) गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के पावरलिफ्टिंग एथलीटों ने गुरुवार को संपन्न हुए दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। एनसीओई के शिविरार्थियों ने जेएलएन स्टेडियम परिसर में आयोजित पैरा-पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सात स्वर्ण सहित 10 पदक हासिल किए। झंडू कुमार (पुरुष 72 किग्रा), जसप्रीत कौर (महिला 45 किग्रा), सीमा रानी (महिला 61 किग्रा) और मनीष कुमार (पुरुष 54 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतने के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। झंडू, जसप्रीत और मनीष की तिकड़ी ने नोएडा में एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय स्तर पर बनाए गए अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उल्लेखनीय प्रदर्शन पर विचार करते हुए, साई गांधीनगर के मुख्य पावरलिफ्टिंग कोच, राजिंदर सिंह राहेलू, जो 2004 के ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में 56 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता हैं, ने साई मीडिया को बताया कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स से ठीक पहले, हमने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया था, जिसमें हमने आठ स्वर्ण और तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड सहित 12 पदक जीते थे।

■ झंडू कुमार (पुरुष 72 किग्रा), जसप्रीत कौर (महिला 45 किग्रा), सीमा रानी (महिला 61 किग्रा) और मनीष कुमार (पुरुष 54 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतने के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े

सुडोकू 6866 का हल

7	1	6	9	4	5	8	2	3
5	8	2	1	6	3	9	7	4
4	3	9	7	2	8	5	1	6
9	6	5	4	8	1	2	3	7
1	4	8	3	7	2	6	9	5
2	7	3	5	9	6	4	8	1
3	2	4	8	5	7	1	6	9
6	5	1	2	3	9	7	4	8
8	9	7	6	1	4	3	5	2

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

कोटक बैंक	1.88 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.01 प्रतिशत
आईसीआईसीआई बैंक	0.87 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	0.82 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.75 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

इंडसइंड बैंक	3.57 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	2.45 प्रतिशत
एचसीएल टेक	2.20 प्रतिशत
मारुति	2.10 प्रतिशत
जोमैटो	2.07 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	87,970
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	99,734
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	77.95	90.38
पौंड स्टर्लिंग	100.90	117.04
यूरो	84.13	97.57
चीन युआन	8.33	13.54

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	3100-3200
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	4280-4380
चीनी एम	4280-4380
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4250-4350

दाल-दलहन

चना	5450-5550
दाल चना	6450-6550
मसूर काली	7400-7500
उड़द दाल	8800-8900
मूंग दाल	9400-9500
अरहर दाल	8300-8400

भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्विक क्षमता केंद्रों का योगदान 2030 तक पांच प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में पांच प्रतिशत योगदान होने का अनुमान है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'आर्थिक सर्वेक्षण 2024' ने जीसीसी से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.5 प्रतिशत योगदान का अनुमान लगाया था।

हालांकि, मौजूदा विकास और डिजिटल ट्विन के आधार पर, लीडिंग जीसीसी इनेब्लर इंडक्टस का अनुमान है कि देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा क्षमताएं स्थापित करने की तेजी से बढ़ते ट्रेंड को देखते हुए यह योगदान 5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंटीग्रेटेड डिजिटल ट्विन रणनीति ने परिचालन, लागत और दक्षता से जुड़े सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी योगदान दिया है। इंटीग्रेटेड डिजिटल ट्विन अप्रोच पारंपरिक जीसीसी मॉडल की तुलना में परिचालन लागत में कटौती करते हुए कार्यान्वयन समयसीमा को काफी कम करता है।

डिजिटल ट्विन प्रक्रिया जीसीसी संचालन की वर्चुअल जिससे प्रक्रियाओं की निगरानी और विश्लेषण संभव होता है। डिजिटल अप्रोच दक्षता को बढ़ाने के लिए पूर्वानुमान विश्लेषण, स्वचालन प्रक्रिया और डेटा-संचालित निर्णय लेने को लागू करती है।

तेजी से बदलती तकनीक की दुनिया में इनोवेशन से संचालित रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश करने वाले विश्व स्तरीय निगम न केवल जीवित रहते हैं बल्कि फलते-फूलते हैं।

इनोवेशन वह शक्ति है जो संगठनों को एक उभरते बाजार में प्रासंगिक, लागत-प्रतिस्पर्धी और भविष्य के अनुकूल बने रहने में मदद करती है।

इंडक्टस के संस्थापक और सीईओ आलोक कुमार ने कहा कि डिजिटल ट्विन' रणनीति को लागू करने वाली कंपनियां मिरर-लाइक ऑफशोर कॉन्फिगरेशन बना रही हैं, जो वैश्विक मुख्यालयों के साथ सहजता से तालमेल बिठाती हैं। जिससे रियल टाइम में सहयोग और निर्णय लेने में मदद मिलती है। डिजिटल ट्विन' रणनीति ने टेक और आईटी, बीएफएसआई, फार्मा और लाइफ साइंसेज, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग और रिटेल और ई-कॉमर्स जैसे इंडस्ट्री सेक्टर में असाधारण परिणाम दिए हैं।

जीका डीएमआरटीसीपी के फेज 4 के लिए 4649 करोड़ का ऋण देगा

नई दिल्ली। जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी (जीका) ने दिल्ली मास रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम प्रोजेक्ट (डीएमआरटीसीपी) फेज़ 4 अतिरिक्त कॉरिडोर प्रथम के लिए 79,72.6 करोड़ येन (लगभग 4,649 करोड़ रुपए) के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह राशि 298,35.8 करोड़ येन की कुल परियोजना लागत का हिस्सा है। इस परियोजना से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली में दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में विस्तार के लिए अतिरिक्त कॉरिडोर का निर्माण होगा और शहरी मोबिलिटी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। दिल्ली में ट्रैफिक और वायु प्रदूषण की समस्या काफी बढ़ गई है और साथ ही, यातायात के साधनों में वृद्धि की मांग भी बढ़ी है। इस पहल से, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने के साथ-साथ ऑटोमोबाइल पर निर्भरता घटाने में भी मदद मिलेगी जिससे शहरी पर्यावरण में सुधार होगा। आर्थिक मामलों के विभाग की अतिरिक्त सचिव मनीषा सिन्हा और भारत में जीका इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि ताकेउची ताकुरो ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) इस प्रोजेक्ट की कार्यान्वयन एजेंसी है जो क्रियान्वयन, परिचालन के अलावा परियोजना का काम पूरा होने के बाद मेट्रो नेटवर्क के रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगी।

भारत पर अमेरिकी टैरिफ का असर रहेगा कम : मॉर्गन स्टेनली

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी ट्रेड टैरिफ को लेकर घरेलू मांग की मजबूती के कारण भारत और जापान सबसे कम प्रभावित अर्थव्यवस्थाएं हैं। शुक्रवार को जारी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

■ ऑटो व ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने से जापान और कोरिया सबसे अधिक प्रभावित होंगे

जीडीपी में माल निर्यात का अनुपात सबसे महत्वपूर्ण मीट्रिक है, यह अर्थव्यवस्थाओं के व्यापार की सीमा निर्धारित करता है। इससे वैश्विक शोध फर्मों को यह आकलन करने में मदद मिलती है कि किस अर्थव्यवस्था को विकास को लेकर अधिक नकारात्मक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिका ने ऑटो आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ भी लागू किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने से जापान और कोरिया सबसे अधिक प्रभावित होंगे, क्योंकि दोनों ही देश का अमेरिका को ऑटो निर्यात उनके कुल निर्यात का 7 प्रतिशत है।

अमेरिकी प्रशासन 2 अप्रैल को व्यापार संबंधों में रेसिप्रोसिटी के लिए एक योजना प्रस्तावित कर सकता है। अमेरिकी प्रशासन यह भी संकेत दे रहा है कि वह ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर, कृषि, तांबा और लकड़ी पर क्षेत्रीय शुल्क लगाएगा। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि रेसिप्रोकल टैरिफ एशिया में लगभग सभी अर्थव्यवस्थाओं को या तो सीधे या अर्थव्यवस्था-विशिष्ट शुल्कों या क्षेत्रीय शुल्कों के माध्यम से प्रभावित करेगा। लेकिन हमारी मुख्य चिंता यह है कि नीति अनिश्चितता के उच्च स्तर पूंजीगत व्यय और व्यापार पर भार डालते हैं, जिससे व्यापार चक्र को नुकसान पहुंचता है। अमेरिका 245 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर यात्री वाहनों, माल परिवहन के लिए वाहनों और ऑटो पार्ट्स में एक उचित रूप से बड़ा संयुक्त घाटा चलाता है।

स्कोडा ऑटो का वियतनाम में असेंबली प्लांट की घोषणा

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। स्कोडा ऑटो और वियतनाम के क्षेत्रीय भागीदार थान्ह कॉन्ग ग्रुप ने वियतनाम के क्वांग निन्ह प्रांत में स्कोडा कुशाक और स्लाविया मॉडलों की असेंबली के लिए एक अत्याधुनिक फैक्ट्री शुरू करने की घोषणा की है।

भारत से निर्यात होंगे कुशाक

स्कोडा ऑटो ने कहा कि यह कदम स्कोडा की वैश्विक रणनीति का अहम हिस्सा है, जिससे वह यूरोप के बाहर खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी उपस्थिति को सशक्त कर रही है। इस नई फैक्ट्री में स्कोडा भारत से कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन (सीकेडी) किट्स आयात कर कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान की असेंबली करेगी। कुशाक का सीरीज उत्पादन 26 मार्च से शुरू हो चुका है और स्लाविया का उत्पादन इस गर्मी में शुरू होने की योजना है। यह रणनीति भारत और वियतनाम के बीच भौगोलिक तालमेल का लाभ उठाने के साथ-साथ लागत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने का एक कारगर माध्यम भी है। क्वांग निन्ह स्थित इस अत्याधुनिक प्लांट में वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली की संपूर्ण सुविधाएं हैं।

भारत का चिप बाजार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा : केंद्र

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। सेमीकंडक्टर डिजाइन में कुल वर्कफोर्स का करीब 20 प्रतिशत भारत में है और देश की चिप मांग वर्तमान में 45-50 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 100-110 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्र सरकार ने दी है।



■ सेमीकंडक्टर डिजाइन में कुल वर्कफोर्स का करीब 20 प्रतिशत भारत में

एमईआईटीवाई के सचिव एस. कृष्णन ने इस लक्ष्य का प्राप्त करने के लिए, इनोवेशन और टैलेंट डेवलपमेंट को बढ़ावा देते हुए नैनो सेंटर की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो 85 हजार प्रोफेशनल का सेमीकंडक्टर रेडी वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं।

आईआईएससी बेंगलुरु के नेशनल साइंस सेमिनार कॉम्प्लेक्स में पहले 'नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स रोड शो' में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम मंत्रालय और सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने का प्रतीक है, जिसमें सरकार भारत के तकनीकी और औद्योगिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कृष्णन ने उपस्थित लोगों से कहा कि मंत्रालय का मुख्य ध्यान भारत सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी अलग-अलग प्रयासों को एक साथ लाना है, जो दुनिया के सबसे व्यापक सब्सिडी और अनुदान कार्यक्रमों में से एक है। प्रमुख सेमीकंडक्टर सुविधाओं में लगभग 70-75 प्रतिशत निवेश करदाताओं के पैसे से आता है, इसलिए प्रत्येक भारतीय इस मिशन में एक हितधारक है। रोड शो में 100 से अधिक बौद्धिक संपदा (आईपी), 50 से अधिक ग्राउंड ब्रेकिंग तकनीक और 35 से अधिक होनहार स्टार्टअप के इनोवेशन को प्रदर्शित किया गया। रोड शो ने 700 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों के लिए भारत के नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने की रणनीतियों के तहत सहयोग के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

सार संक्षेप

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त इजाफा होने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 658.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 558.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.9 अरब डॉलर उछलकर 77.3 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.2 करोड़ डॉलर गिरकर 18.2 अरब डॉलर रह गया।

ट्रूहोम फाइनेंस ने 10 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई

मुंबई। आवास क्षेत्र को वित्त सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस) ने 10 करोड़ डॉलर (लगभग 870 करोड़ रुपए) का अपना पहला सिंडिकेटेड बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) जुटाई है। कंपनी ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि यह फंडिंग डीबीएस बैंक और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) के माध्यम से हासिल की गई है। इस सिंडिकेशन में दोनों संस्थान संयुक्त सामाजिक ऋण समन्वयक की भूमिका में भी शामिल थे। यह सुविधा विशेष रूप से एक सामाजिक ऋण के रूप में संरचित की गई है, जो वित्तीय समावेशन और संधारणीय हाउसिंग फाइनेंस के प्रति ट्रूहोम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस फंड का उपयोग विशेष रूप से अर्ध-शहरी और किफायती आवास खंडों में ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए किया जाएगा ताकि वंचित उधारकर्ताओं को गृहस्वामी बनने का अवसर मिल सके।

आईएचसीएल ने पेश किया नया 'क्लेरिजेज कलेक्शन'

नई दिल्ली। टाटा समूह की प्रमुख आतिथ्य सेवा कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने शुक्रवार को अपना नया क्लेरिजेज कलेक्शन पेश करते हुए कहा कि क्लेरिजेज से शुरू होकर नए बुटीक लक्जरी होटल ब्रांड के तहत 2030 तक 20 से अधिक संपत्तियां जोड़ने की योजना है। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने क्लेरिजेज होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के सुरेश नंदा की मौजूदगी में यह घोषणा करते हुए कहा कि आईएचसीएल की क्लेरिजेज कलेक्शन के तहत करीब 20 संपत्तियां रखने की योजना है। उन्होंने कहा कि ये प्रमुख प्रवेश द्वार वाले शहरों के केंद्र में स्थित होंगे जो सांस्कृतिक और सामाजिक प्रमुखता के केंद्र के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्लेरिजेज कलेक्शन पोर्टफोलियो का ज्यादातर हिस्सा, 80 फीसदी मौजूदा संपत्तियां होंगी।

व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका से बाजार ढेर

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताबड़तोड़ टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, रियल्टी, टेक औश्र फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 191.51 अंक टूटकर 77,414.92 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.60 अंक उतरकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.68 प्रतिशत की गिरावट लेकर 41,531.12 अंक और स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत फिसलकर 46,638.13 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2499 में बिकवाली जबकि 1497 में लिवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2976 कंपनियों के शेयरों में से 1807 में गिरावट जबकि 1099 में तेजी रही वहीं 70 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस, बैंकिंग और एफएमसीजी में 0.67 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.37, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.02, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.36, आईटी 1.77, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.08, ऑटो 1.07, कैपिटल गुड्स 0.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, धातु 0.43, पावर 0.97, रियल्टी 1.44, टेक 1.39, सर्विसेज 0.79 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.87 प्रतिशत लुढ़क गए।



विदेशी बाजारों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.98, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.67 प्रतिशत कमजोर रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 84 अंक बढ़कर 77,690.69 अंक पर खुला और दमदार लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,766.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 77,185.62 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 77,606.43 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत लुढ़ककर 77,414.92 अंक पर आ गया।

■ सेंसेक्स 191.51 अंक टूटकर 77,414.92 पर रहा
■ निफ्टी 72.60 अंक उतरकर 23519.35 पर बंद

इसी तरह निफ्टी भी आठ अंक की बढ़त लेकर 23,600.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,649.20 अंक के उच्चतम जबकि 23,450.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,591.95 अंक की तुलना में 0.31 अंक गिरकर 23,519.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 3.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.45, एचसीएल टेक 2.20, मारुति 2.10, जोमैटो 2.07, इंफोसिस 2.07, पावरग्रिड 1.51, अडानी पोर्ट्स 1.33, टीसीएस 1.29, अल्ट्रासिम्को 0.90, एनटीपीसी 0.87, टाइटन 0.71, टाटा स्टील 0.68, टेक महिंद्रा 0.64, बजाज फाइनेंस 0.41, एलटी 0.35, रिलायंस 0.27, एसबीआई 0.10 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, कोटक बैंक 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.01, आईसीआईसीआई बैंक 0.87, टाटा मोटर्स 0.82, नेस्ले इंडिया 0.75, एचडीएफसी बैंक 0.18, आईटीसी 0.10, सन फार्मा 0.06 और बजाज फिनसर्व के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

अशोक लीलैंड रक्षा कारोबार को 700 करोड़ के ऑर्डर मिले

कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)। वाहन समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसके रक्षा कारोबार को 700 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के कई ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने बताया कि ये ऑर्डर विभिन्न सैन्य परिवहन, लॉजिस्टिक्स और विशेष गतिशीलता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) कार्यक्रम के तहत दिए गए हैं। इन ऑर्डर में स्टैलियन 4×4, स्टैलियन 6×6, शॉर्ट चेसिस बस और मोबिलिटी सिस्टम ट्रैवलिंग प्लेटफॉर्म सहित विभिन्न विशेष वाहनों की आपूर्ति शामिल है। ये वाहन बेहतरीन विश्वसनीयता और असाधारण ऑफ-रोड क्षमता प्रदान करते हैं, जिससे देश के कठिन इलाकों में भी निर्बाध गतिशीलता सुनिश्चित होती है।

अशोक लीलैंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेनू अग्रवाल ने कहा कि दशकों से अशोक लीलैंड रक्षा मोबिलिटी में एक भरोसेमंद भागीदार रहा है। हमें इन नए ऑर्डर को हासिल करने पर गर्व है, जो इस क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को मजबूत करते हैं और सशस्त्र बलों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 93 रिंगिट उबलकर 4785 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट की गिरावट के साथ 44.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने की जरूरत : एफएलओ

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। देश में व्यवसायी महिलाओं की शीर्ष संस्था फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों की मदद करने और संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एफएलओ के मुताबिक ये देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा।

सरकार ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'ड्रोन दीदी' और 'लाडली बहन योजना' जैसी योजनाएं शुरू कीं। हालांकि, फिर भी आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 ने देश में महिलाओं के रोजगार और उद्यमिता से जुड़े आंकड़ों में भारी अंतर को उजागर किया। इसमें दिखाया गया कि भारत में केवल 22 प्रतिशत एमएसएमई ही महिलाओं के स्वामित्व में हैं।

■ सरकार ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'ड्रोन दीदी' व 'लाडली बहन योजना' जैसी योजनाएं शुरू की

राष्ट्रीय राजधानी में महिला एमएसएमई के लिए एफएलओ के पुरस्कार समारोह में फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की अध्यक्ष जयश्री दास वर्मा ने कहा कि यह केवल एक आंकड़ा नहीं है बल्कि ये हमें आगे बढ़कर महिला उद्यमियों को और ताकतवर बनाने और सपोर्ट करने के लिए प्रेरित करता है, क्योंकि उनकी सफलता हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी।

वर्मा ने कहा कि महिलाओं के लीडरशिप वाले एमएसएमई इनोवेशन, रोजगार और आर्थिक लचीलेपन के लिए अहम हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19213/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19213
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344I0277A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SANTRAM पिता/पति श्री/श्रीमती SHYAM LAL SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ईशबाई साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्र संतराम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./18965/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18965
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R0452B जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARSH KUMAR LUNKAD पिता/पति श्री/श्रीमती PARASMAL LUNKAD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती तामेश्वरी साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री कमल कुमार साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./18963/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18963
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00450 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KIRTESH SNGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती JAYPAL SINGH THAKUR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती देवेश्वरी ठाकुर पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री भूपेन्द्र ठाकुर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19159/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19159
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R0072C जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SANCHIN SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती KAMAL NARAYAN SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती द्रोपेती साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री प्रवीण कुमार साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19190/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19190
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00835 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MAA SHARDA BUILDCON PARTNER BY POA MAHESH DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती DOMURAM DHANGAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती प्रीती सेन पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री रामरतन सेन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./18958/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18958
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651G00009 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS SITA RAM AGRAWAL AND SONS पिता/पति श्री/श्रीमती MS SITA RAM AGRAWAL AND SONS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती श्री सीताराम अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19283/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19283
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652J00312 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. SOMNATH SHARMA 2. SUDHIR KUMAR MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती RAM JANAM SHARMA, SURYNARAYAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती रोहणी मरकाम पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री प्रदयूम्न मरकाम ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./18642/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18642
वार्ड का नाम- 56-अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR447B00043 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BHARAT TALREJA पिता/पति श्री/श्रीमती BHIKHAML TALOJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. श्रीमती विजय तरलेजा 2. हेमंत तलरेजा 3. मौलिक तलरेजा पिता/पति श्री/श्रीमती 1. पति श्री स्व. भरतलाल तलरेजा 2. पिता श्री स्व. भरतलाल तलरेजा 3. पिता श्री स्व. भरतलाल तलरेजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./बी-2024-2025
ग्राम रायपुर, प.ह.नं. ....
रायपुर, दिनांक 18.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दुलारी साहू पिता स्व. श्री समारू साहू तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते जन्म प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक दुलारी साहू स्वयं की जन्म दिनांक 15.08.1976 को स्थान घर में हुआ है। अत: आवेदक दुलारी साहू की जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 01.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19216/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19216
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344I00238 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती A.P. CHANDRAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RAMNIHAL CHANDRAKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती संस्कार चंद्राकर पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री जितेन्द्र चंद्राकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19351/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19351
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651G00007 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS SITARAM AGRAWAL AND SONS पिता/पति श्री/श्रीमती MS SITARAM AGRAWAL AND SONS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री सीताराम अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती पति स्व. बेगराज अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19217/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19217
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00595 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MAA SHARDA BUILDCON PARTNER BY MAHESH DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती DOMU RAM DHANGAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री हिमांशु वर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री नेमेश्वर वर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19310/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19310
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00799 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VEENU TRADERS DWARA VIJAY KUMAR DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती YASHWANT DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती प्रतिमा वैष्णव पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री भूपेन्द्र दास वैष्णव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./19330/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27.03.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19330
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

क्योंकि अपीलार्थीगण ने उत्तरवादीगण के विरूद्ध लापता देवलूराम आ. जगदीश ग्राम अचौद प.ह.नं. 45 तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) को सिविल मृत घोषित करने बाबत् इस न्यायालय में व्यवहार अपील का मुकदमा दायर किया है, इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति जो इस मुकदमें में संबंध रखता है तो इस नोटिस के जरिये तुम्हे हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 05.05.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि तुम मुकदमें की बाते ठीक-ठीक तौर से समक्षा दी गई हो और जो मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजुद हो जो कि. ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ और तुम्हारी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के सुनवाई के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें इस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, कि जिस पर तुम अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो। तुम्हे ताकिद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजूकर 05.05.2025 पर हाजिर न होओगे, तो तुम्हारे गैरहाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा, यदि मुकर्रर तारीख को अवकाश घोषित हो जावे या कार्य स्थगित हो जावे या मेरे स्वयं के अवकाश पर रहने से प्रकरण की सुनवाई उसके अगले कार्य दिवस पर नियत किया जावेगा। आज दिनांक 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से से जारी किया गया।

(एस. एल. नवरत्न)
प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद
मुहर जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
क्रमांक: 202503092200019
विषय-अ-74 सन् 2024-2025
भंडारपुर प.ह.नं. 00030
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रतिराम, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतिराम आ. केजूराम जाति कंवर सा. भंडारपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम भंडारपुर प.ह.न. 30 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 42 में ख.न. क्रमशः 63, 147/2, 591/2, 795/2 रकबा क्रमशः 0.1210, 0.2300, 0.0330, 0.1500हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.534हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में रतीराम पिता केजूराम, बिसंतीन पिता केजूराम, बीसमत बाई पिता केजूराम, रतनी बाई पिता केजूराम सभी जाति कंवर सभी सा. भंडारपुर के नाम पर दर्ज है। आवेदक की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) कहीं गुम हो गई है, एवं आवेदक द्वारा खोज बीन करने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो हो पायी है। जिसकी थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत् निवेदन किया गया हे।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मुहर डोंगरगढ़

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंकित अग्रवाल एवं श्री अर्पित अग्रवाल पिता श्री अभय कुमार अग्रवाल, निवासी-बंगला नं. ए-155 विधानसभा रोड, स्वर्ण भूमि आमासिवनी जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-कचना, प.ह.नं. 43 स्थित भूमि खसरा नं. 15042/1, कुल रकबा 29.799 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 5613/नग्रानि/30 'क्र.' / पी.एल.-44/2022, रायपुर, दिनांक 22.11.2022 द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास में स्थित व्यवसायिक प्रयोजन के भूखंड क्रमांक N-52, N-53, N-54, N-55 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
जी-242506203 क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, (छ.ग.)

वन आधारित आजीविका को मजबूत कर जनजातीय समाज की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत है सरकार : विष्णुदेव साय

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जनजातीय समाज और वनों के मध्य गहरा संबंध है और दोनों एक दूसरे के पूरक के रूप में संरक्षित - संवर्धित हो रहे हैं। प्रकृति की गोद में ही जनजाति समाज का पीढ़ी दर पीढ़ी विकास हुआ है। यह कार्यशाला आदिवासियों और वनों के सहअस्तित्व को केंद्र में रखकर उनके उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज नवा रायपुर में आदिवासी समुदायों के लिए वन आधारित जीविकोपार्जन के अवसर विषय पर नीति आयोग तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यशाला में सभी प्रबुद्धजनों, विषय विशेषज्ञों और अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को जीविकोपार्जन के समुचित अवसर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत जनजाति समुदाय निवासरत है और 44 प्रतिशत इलाका वन आच्छादित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से अधिक के सार्वजनिक जीवन में मैंने प्रदेश के जनजाति समुदाय और विशेष पिछड़ी जनजातियों के संघर्ष और पीड़ा को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की व्यथा को समझा और एक आदिवासी बहुल नए राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आया। श्री साय ने कहा कि अटल जी ने आदिवासियों के कल्याण के लिए पृथक मंत्रालय का भी गठन किया और आदिवासियों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही राशि का सही उपयोग हो पाया। अटल जी के प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ में विकास के नए आयाम स्थापित हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में कोई भी भूखा न रहे, इस उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में व्यापक स्तर पर पीडीएस सिस्टम लागू कर लोगो को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराया। उन्होंने समर्थन मूल्य पर वनोपज की खरीदी प्रारंभ की, जिसने आदिवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज पर्याप्त मात्रा में है। कुल 67 प्रकार के लघु वनोपजों का संग्रहण, प्रसंस्करण और विक्रय महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वनोपजों से जुड़ी प्रोत्साहक नीतियों का लाभ उठाकर स्व सहायता समूह की बहनें आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के आजीविका और उत्थान के लिए संचालित पीएम-जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस मौके पर श्री साय ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनजाति समुदायों के उत्थान के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नीति आयोग और वन विभाग की इस संयुक्त कार्यशाला से जनजातीय समाज को तकनीक और नवाचार से जोड़ने के साथ ही आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि नीति आयोग के सहयोग से एक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण विषय पर आज एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन अब तेजी से हो रहा है और वनवासी क्षेत्रों में व्यवस्थाएं अब सुदृढ़ हुई है। उन्होंने पर्यावरण संतुलन के साथ वन संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर देने और रोजगार सृजन की बात कही।

कार्यशाला में नीति आयोग के सलाहकार सुरेंद्र मेहता, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर एपीसीसीएफ शालिनी रैना, नीति आयोग के निदेशक अमित वर्मा, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण और झारखंड, मध्यप्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आए प्रबुद्धजन, विषय विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने वनोपज आधारित स्टालों का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अरण्य भवन परिसर में वन उत्पादों पर आधारित स्टालों का भी अवलोकन किया। लीफ प्लेट टेक्नोलॉजी, हैदराबाद की टीम ने मुख्यमंत्री श्री साय को लीफ से तैयार डिनर सेट भेंट किया। इस दौरान भोपालपट्टनम, बीजापुर जिले से आये बी. आर. राव ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि वे पिछले 35 वर्षों से वनौषधीय पौधों के बीजों का संरक्षण कर रहे हैं। वे अपने च्चामलों से जंगल की ओरज् अभियान के तहत नि:शुल्क बीजों का वितरण भी करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने श्री राव के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। बलौदाबाजार जिले के अमरवा बांस प्रसंस्करण केन्द्र के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बांस शिल्प से बना गुलदस्ता भेंट करते हुए केन्द्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। श्री साय ने लाख उत्पादक किसान समिति कांकेर, छत्तीसगढ़ हर्बल और जशप्योर एफपीसी जशपुर के स्टालों का अवलोकन कर समूह के सदस्यों के साथ चर्चा की।

कलेक्टर ने ग्रामीण पीएम आवास योजना और उपस्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

■ व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

अभनपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज अभनपुर के ग्राम निमोरा में उप स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले रेडी-टू-ईट लड्डू की गुणवत्ता का स्वयं स्वाद लेकर जांच की और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए.

इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित और निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया. उन्होंने गांव के पुरानिक राम और गांधी राम यादव के घर (पीएम आवास) पहुंचकर उनके और उनके परिवार से बातचीत कर उन्हें मिल रही लाभप्रद योजनाओं की जानकारी ली.

कलेक्टर गौरव सिंह स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे और वहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का भी जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल में प्रसव के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए, ताकि स्थानीय लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें.

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अभनपुर एसडीएम रवि सिंह, जनपद सीईओ राजेंद्र पांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

भीषण गर्मी के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में हुआ बदलाव

1 अप्रैल से लागू होगा नया शेड्यूल

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया है. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा. इस अवधि में केंद्रों का संचालन 6 घंटे की बजाय 4 घंटे ही संचालित रहेंगे. जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके.

महिला एवं बाल विकास विभाग के सरगुजा जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने बताया कि ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 2025 से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक पुन: 6 घंटे के लिए किया जाएगा. नौनिहालों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में परिवर्तन किए गए हैं.

ऑनलाइन और म्यूल अकाउंट से धोखाधड़ी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

■ डरा धमका कर कुल 3,48,000 रकम का किया गया धोखाधड़ी

बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। क्रेडिट कार्ड बकाया होने, सीबीआई जांच, कोर्ट वारंट आदि का डर दिखाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। डरा धमकाकर, लोगों को अपने झांसे में लेते हुए क्यूआर कोड भेज कर, पैसा भेजने के लिए लोगों को धमकाया जाता था। प्रकरण में पुलिस द्वारा म्यूल खाता धारक आरोपियों की भी पहचान, कर कार्रवाई की गई। आरोपियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से डरा धमकाकर कुल 3,48,000 रकम का धोखाधड़ी किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा विभिन्न म्यूल खाता धारकों के माध्यम से प्रकरण में ठगी की रकम का आहरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को धनबाद झारखंड एवं नयागढ़ उड़ीसा से हिरासत में लिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 15 जनवरी 2025 को प्रार्थिया के मोबाइल नंबर पर एक नए नंबर से कॉल आया और उस नंबर से आरोपियों द्वारा कहा गया कि आपका क्रेडिट कार्ड का बैलेंस बकाया है। आप मनी लांड्रिंग केस में सम्मिलित हो, इस प्रकार की बातें बोलकर एवं कोर्ट का वारंट की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से प्रार्थिया के मोबाइल में प्रेषित कर डराते हुए, आरोपियों द्वारा एक क्यूआर कोड भेजा गया एवं प्रार्थिया से कहा गया कि उस क्यू आर कोड में पैसा जमा करें। तब प्रार्थिया द्वारा डर के कारण 15 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 2025 तक अलग-अलग समय में कुल 3,48,000 यूपीआई के माध्यम से आरोपियों द्वारा भेजे गए अलग-अलग क्यू आर कोड में ट्रांसफर किया गया। इस बीच आरोपियों द्वारा वीडियो कॉल, व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से स्वयं को पुलिस हैडक्वाटर दिल्ली का सीबीआई अधिकारी बताते हुए प्रार्थिया को धमकी भी दिया गया। आरोपियों द्वारा इस प्रकार क्रेडिट कार्ड बकाया होने एवं सीबीआई जांच, आरबीआई अकाउंट एवं कोर्ट वारंट का डर दिखाकर प्रार्थिया से कुल 3,48,000 धोखाधड़ी कर लिया गया।

उक्त प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 121/2025 धारा 318(4),308(7) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 4 आरोपियों को क्रमश: धनबाद झारखंड एवं नयागढ़ उड़ीसा से हिरासत में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा प्रार्थिया को ऑनलाइन विभिन्न माध्यमों से डरा धमकाकर 3,48,000 की धोखाधड़ी करना एवं उक्त रकम को विभिन्न म्यूल खाता के माध्यम से आहरण करना पाया गया। आरोपी भोला उर्फरोहित कुमार से पूछताछ में यह पता चला कि- उसने बीए फाइनल तक की पढ़ाई किया है। आरोपी द्वारा ऑनलाइन फर्जी तरीके से फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग कर अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से आइसीआइसीआइ बैंक के साथ-साथ अन्य बैंक, इंडस्ट्रियल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, स्टेट बैंक ऑफइंडिया में खाता खुलवाया गया है। आरोपी द्वारा अपने फर्जी मोबाइल नंबर के माध्यम से लोगों को मनी लांड्रिंग केस में संलिप्त होने, क्रेडिट कार्ड का बकाया राशि, सीबीआई जांच आदि का डर दिखाकर धमकाकर फर्जी तरीके से लोगों के साथ धोखाधड़ी किया जाता है। आरोपी द्वारा इसी प्रकार प्रार्थीया के साथ भी उसे डरा धमकाकर फर्जी तरीके से पैसा आहरण करना स्वीकार किया गया।

इसी प्रकार नयागढ़ उड़ीसा निवासी 3 आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि-आरोपियों द्वारा स्वयं के नाम से उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में ऑनलाइन के माध्यम से साइबर फ्रॉड के लिए अकाउंट खोला गया है, जिसमें जो भी फायदा होता है इसका एक हिस्सा आरोपियों को दिया जाता है। आरोपियों के खोले गए अकाउंट पर जब भी पैसा आता है तो उसमें से 500-1000 रुपए आरोपियों को मिलता है। आरोपियों द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से मिलने वाले पैसों को ट्रांजैक्शन करने एवं खपाने का काम किया जाता है। प्रकरण में सभी चारों आरोपियों को 28 मार्च 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों में-भोला उर्फ रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी हरि मंदिर लोवर चौथाई कुल्ही अमतल धनबाद थाना झरिया जिला धनबाद झारखंड, देवनाथ विसोई उम्र 20 वर्ष निवासी विजय मंडप गली ओडागांव थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा, कालूचरण बारीक उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 मथसरेजुरिया थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा, शिबाशंकर अचारी उम्र 23 वर्ष निवासी जारीन थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा शामिल है।

सामूहिक विवाह ने समाज मे आदर्श स्थापित किया: मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवविवाहित जोड़ों को दिये आशीर्वाद
- सामाजिक भवन के लिए 20-20 लाख रुपये देने की घोषणा
- प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए एमओयू

बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज खल्लारी महाकालेश्वर बलौदाबाजार के तत्वावधान मे आयोजित गोंड़वाना सामाजिक विवाह एवं महासम्मेलन मे शामिल हुए। उन्होंने भगवान बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियो की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी मे आयोजित सामूहिक विवाह मे पारम्परिक गोंडी रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुए विवाह उपरांत नवविवाहित 44 जोड़ों को मुख्यमंत्री श्री साय ने आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का चेक एवं सामग्री प्रदान किया। मुख्यमंत्री का समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा पीला वस्त्र से पगड़ी बांध कर एवं गजमाला से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर बलौदाबाजार एवं खल्लारी सुहेला मे सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जिले के बाहर कोचिंग व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं न्यूवोको सीमेंट के माध्यम ओएमयू किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक तुलेश्वर नेताम, गोंड़ समाज के जिला अध्यक्ष भागबली ध्रुव ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत भाषण प्रतिवेदन मे जिला प्रशासन की उपलब्धियों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य इंदु जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, डॉ. सनम जांगड़े, के.पी. प्रधान, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट एवं गाइड राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गोंड समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने मनोविकास केंद्र बलौदाबाजार का किया अवलोकन

- बच्चों एवं अभिभावकों से की मुलाकात
- केंद्र को बताया अनुकरणीय पहल

बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बलौदाबाजार प्रवास के दौरान कृषि उपज मंडी परिसर बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से बातचीत कर उनकी प्रगति की जानकारी ली एवं उनके अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री जी ने उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कोविड केंद्र को मनोविकास केंद्र के रूप मे बेहतर ढंग से संचालित करने पर जिला प्रशासन के सरहाना करते हुए अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर शेष साहू ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर मुख्यमंत्री को सुनाया। वहीं सोमनाथ साहू ने ढोलक बजाकर जसगीत प्रस्तुत किया। चार बच्चों नीलकमल, पुष्कर, सोमनाथ और शेषकृने सूर्य नमस्कार कर योग प्रदर्शन किया, जिसे मुख्यमंत्री ने खूब सराहा।

मनोविकास केंद्र विशेष बच्चों के समग्र विकास हेतु समर्पित संस्थान-बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र रवान के सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। यह केंद्र जनवरी 2025 से शुरू हुआ है और अल्प समय मे ही बेहतर परिणाम सामने आने लगा है।यहाँ विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएँ (फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी), व्यावसायिक प्रशिक्षण (सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, बागवानी), मनोवैज्ञानिक परामर्श, और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। साथ ही, बच्चों के आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है। इस दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े,जिला अध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एसीबी ने नौकरी के नाम पर रिश्वत लेते मंडल निरीक्षक को पकड़ा

■ दो महीने के भीतर जिले में दूसरी कार्रवाई

सक्ती, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई जारी है. एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज सक्ती जिले में नौकरी लगाने के नाम पर रिश्वत लेते मंडल निरीक्षक को रंगे हाथों पकड़ा. बता दें कि दो महीनेभर के भीतर सक्ती जिले में ट्रैप की यह दूसरी कार्रवाई है.

बता दें कि ग्राम कुटराबोड़ जिला सक्ती के राजेंद्र जांगड़े ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में नौकरी के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी. उन्होंने बताया था कि उसका बेटा रवींद्र जांगड़े बालक अनुसूचित जाति बालक आश्रम कुटराबोड़ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में चौकीदारी और रसोइया का काम करता है. आज से करीब एक माह पूर्व इस छात्रावास में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया था, जिससे उसके बेटे रवींद्र जांगड़े को उसके पद से हटा दिया गया था, जिस पर रवींद्र जांगड़े ने उसे (प्रार्थी राजेंद्र जांगड़े) को विभाग के अधिकारियों से मिलकर काम पर फिर से रखने के लिए निवेदन करने के लिए भेजा था. वह आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती के जैजैपुर कार्यालय में पदस्थ मंडल निरीक्षक संदीप खांडेकर से मिला तो मंडल निरीक्षक ने रवींद्र जांगड़े को पुन: सेवा में लेने के एवज में 1.5 लाख रुपए रिश्वत की मांग की.

शिकायत का सत्यापन कराए जाने के दौरान आरोपी 50000 रुपए प्रार्थी से प्राप्त कर लिया था और अगले किश्त के रूप में 50000 रुपए और लेने के लिए सहमति दी गई थी. शिकायत के आधार पर कार्रवाई की योजना बनाकर एसीबी बिलासपुर की टीम ने आज आरोपी संदीप खांडेकर को रिश्वती रकम 50000 देने के लिए प्रार्थी को रिश्वती रकम सहित भेजा था. आरोपी द्वारा प्रार्थी को जेठा जिला सक्ति कलेक्ट्रेट से लगे आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में बुलाए जाने पर प्रार्थी ने वहां जाकर आरोपी को रिश्वती रकम 50000 रुपए देने पर आरोपी ने उसे अपनी मारुति कार में रखवायाराजस्व निरीक्षक को भी रिश्वते लेते पकड़ा गया था।

नारायणपुर में नक्सली हमला, आईईडी ब्लास्ट में 1 जवान घायल

नारायणपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एक बार फिर नक्सली आतंक देखने को मिला। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। नक्सली कई जगह पर मुठभेड़ तो कई जगह पर द्घश्वष्ठ प्लांट कर रहे हैं और जवानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर नक्सली अपने मंसूबे में कामयाब हुए हैं। आपको बता दें कि, नक्सलियों द्वारा लगाए गए द्घश्वष्ठ के चपेट में एक जवान आ गया। इस दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। हालांकि इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं हाल ही में दंतेवाड़ा बीजापुर सीमा पर जवानों ने बड़े नक्सल ऑपरेशन को अंजाम देते हुए पांच खूंखार नक्सलियों को मौत के घाट उतार दिया था। इस दौरान जवानों की टीम ने भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद भी बरामद किए थे। दरअसल, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने ऐलान किया है कि, मार्च 2026 तक प्रदेश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

NECC

29.03.2025	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	450	68	175
चिल्हर	6	90	200

डिलीवरी 465 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक शराबी आंखें दान करने गया, काउंटर क्लर्क ने कहा, कुछ कहना चाहते हो?
शराबी - जिसे लगाओ उसे बता देना कि दो घूंट बाद ही खुलती है।

प्राथमिकता से पूर्ण होंगे विकास के कार्य राशि की नहीं होगी कमी : किरण देव

शहर के वार्डों में लाखों के विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। शहर के गुरू गोविंद सिंह,रम्मैया व महेंद्र कर्मा वार्ड में लाखों रुपए के विकास कार्यों का शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधिवत लोकार्पण व भूमिपूजन किया। शहर के अलग अलग वार्डों में सीसी सड़क कार्य ,राशन दुकान का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। क्षेत्र में विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता से पूर्ण होंगे। विकास अनवरत जारी रहेगा। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा होगा। वार्ड पार्षदों एवं वार्डवासियों ने क्षेत्रीय विधायक के समक्ष वार्ड विकास एवं वार्ड के तालाब सौंदर्यीकरण की मांग रखी। जिसपर विधायक किरण देव ने कहा जल्द ही वार्ड में विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से किये जायेंगे। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष

खेमसिंह देवांगन, विद्याशरण तिवारी, पूर्व महापौर सफीरा साहू,एम आई सी सदस्य निर्मल प्रसाद पानीगाही , संग्राम सिंह राणा,सुरेश गुप्ता, श्वेता बधेल,संजय विश्वकर्मा,पार्षद पारुल बोथरा,रोशन सिसोदिया, मनोहर तिवारी, प्रदीप देवांगन,यशवर्धन राव , मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा,दिगंबर राव,उपस्थित रहे ।शहर के गुरू गोविंद सिंह वार्ड में सीसी सड़क 200 मीटर निर्माण लागत 08 लाख रूपये ,नाली निर्माण लागत 7.87 लाख रुपए, एवं वार्ड में चार स्थल में बोर खनन कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। रम्मैया वार्ड में राशन दुकान का लोकार्पण किया गया वहीं महेंद्र कर्मा वार्ड में राशन दुकान निमार्ण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया । कार्यक्रम में संबोधित करते विधायक किरण देव ने कहा कि जनता के मांग के अनुरूप शहर में चौमुखी विकास कार्य होंगे विकास कार्य में समझौता नहीं किया जाएगा। जन मानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। विकास अनवरत जारी रहेगा। विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी,वार्डवासियों के मांग के अनुरूप निर्माण कार्य किए जाएंगे । श्री देव ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में चौमुखी विकास होंगे। आज शहर मे लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण होने चाहिए । इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज ,निगम के अधिकारी , कर्मचारी ,काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे ।

प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के 4 बच्चों ने नवोदय विद्यालय के चयन परीक्षा में लहराया परचम



जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिले के बस्तर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मधोता 2 के शासकीय प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के चार बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए हुई प्रवेश परीक्षा को पास किया है। चार बच्चों का चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानध्यापक छन्नू राम मंडावी ने बताया कि विद्यालय के कक्षा पांच के चार बच्चे दीक्षा ठाकुर रिंकी बघेल भोमेश ठाकुर व शैलेन्द्र ठाकुर ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास कर कक्षा छह में प्रवेश के लिए स्थान पक्का किया और अपने अध्यापकों, अभिभावकों व सभी मार्गदर्शकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय की अध्यापिका इन्दुमति ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं पढ़ाई के प्रति जागरूकता के चलते इस बार एक साथ चार छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। बीते साल विद्यालय से एक छात्रा का चयन हो चुका है। लगातार दो साल से प्राथमिक शाला खैरगुड़ा से नवोदय विद्यालय के लिए चयन हो रहा है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर बच्चों के पालक इसका श्रेय स्कूल के प्रधान अध्यापक छन्नू राम मंडावी व शिक्षिका इंदूमती को दे रहे। वार्ड पंच गोमती ठाकुर ने सभी चयनित बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम स्थापित समस्या समाधान हेतु टोलफ्री नम्बर जारी

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पेयजल समस्या समाधान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही टोलफ्री नम्बर जारी किया गया है । ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता और उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव की उपस्थिति में गत 24 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में पेयजल प्रदाय की सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के परिपालन में बस्तर संभाग के सभी जिलों में हैंडपंपों का सुधार अभियान चलाया जा रहा है। आवश्यक होने पर हैंडपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने व बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार हेण्डपम्पों के समुचित संधारण के लिए पर्याप्त मात्रा में स्पेयर पार्टस एवं राइजर पाइप की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। वहीं सभी जिलों में विशेष संधारण वाहन भी चलाए जा रहे हैं। बस्तर संभाग में संचालित सोलर आधारित पेयजल योजनाओं का भी क्रेडा के माध्यम से रख-रखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही खण्ड और उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम स्थापित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

टोलफ्री नम्बर 1800-233-0008 में दर्ज करवा सकते हैं शिकायत

गांजा परिवहन के लिए बस का इंतजार करते 2 आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। थाना नगरनार में मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम धनपुजी मण्डी नाका एनएच 63 रोड किनारे दो लड़के अपने दो पिट्ठू बैग के अंदर मादक पदार्थ गांजा संयुक्त रूप से रखे हुये है तथा बिकी हेतु ले जाने के लिये रायपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार करते मण्डी नाका के पास रोड किनारे खड़े है। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपुंजी मण्डी नाका एनएच 63 के पास पहुंच कर देखे, दो लड़के रोड किनारे खड़े मिले जो पुलिस को देखकर सहम गये।

आरोपियों के कब्जे से 23.546 किलोग्राम गाजा जप्त, गांजा की कीमत करीबन 1,17,730 रुपए

दोनों को पकड़ कर नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम सन्नी कुमार सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर, थाना बासडीह जिला बलिया उत्तरप्रदेश और दूसरा जयसिंह निवासी ग्राम सहतवार पुर्वी टोला दीक्षित मोहल्ला थाना सहतवार जिल बलिया उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताये आरोपियो के दोनों पिट्ठू बैग का तलाशी लेने पर कुल 5 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ कुल वजन 23.546 किग्रा. कुल किमती 1,17,730/ को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) आईआई (ग) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों को न्यायिक रिमाड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप महाविद्यालयों में सिलेबस एवं शिक्षण में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। पिछले वर्ष 2024 में स्नातक कक्षाओं में प्रथम सेमेस्टर का अध्यापन एवं सत्रांत की परीक्षा संपन्न होने के बाद द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर में विद्यार्थियों को जेनेरिक इलेक्टिव विषय के साथ-साथ प्रयोग एवं कौशल आधारित च्कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम का चुनाव करना है। इस संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा बनाई जाने वाली सभी विषयों की सूची से संबंधित चर्चा हेतु शासकीय दंतेश्वरी पी0जी0 महिला

महाविद्यालय जगदलपुर में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजीव गुहे ने की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मास्टर ट्रेनर रहे, डॉ0 योगेन्द्र मोतीवाला एवं डॉ0 रवि द्विवेदी ने द्वितीय सेमेस्टर में लागू होने वाले कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम संबंधी उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के प्रावधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य तथा गृह विज्ञान से संबंधित कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उ ?द्बोधन में डॉ0 राजीव गुहे ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए सत्र में शिक्षकों के मन में उठने वाली अस्पष्टताओं को शंका - समाधान द्वारा दूर करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ गुलाब चंद साहू ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विद्यार्थी एम्बेसडर एवं सभी विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को जेनेरिक इलेक्टिव विषय के साथ-साथ कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम चुनने के विषय पर चर्चा

उच्च योग साधना शिविर होगा 1 से 6 अप्रैल तक

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। बिहार योग विद्यालय मुंगेर के मार्गदर्शन में उच्च योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है द्य शिवम् योग समिति एवं श्री जलाराम सेवा ट्रस्ट, जगदलपुर के सयुक्त तत्वावधान में 1 से 6 अप्रैल 2025 तक ये शिविर श्री जलाराम मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा द्य शिविर में योग साधना करवाने मुंगेर से श्री गोरखनाथ सरस्वती पधार रहे हैं जो कि ध्यान, स्वर साधना, चक्रानुसंधान, अन्तरमौन, नादयोग, अजपाजप आदि का विशेष अभ्यास करवाएंगे द्य शिविर में पंजीयन हेतु सुनील जैन, गोल बाजार, किशोर पारख, मेन रोड, तरुण राठी, बस स्टैंड रोड, प्रमोद मोतीवाला, स्टेट बैंक चौक से सम्पर्क कर सकते हैं द्य आयोजक मंडल ने अनुरोध किया है कि कृपया शीघ्र पंजीयन करवाकर इस विशेष योग शिविर का लाभ लें द्य

कृषि विभाग के कार्य से अनुपस्थित चौकीदार को कर्तव्य में तत्काल उपस्थित होने के निर्देश

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर द्वारा कार्यालय में पदस्थ चौकीदार सुकालू राम यादव को सूचित किया गया है कि विगत 03 अक्टूबर 2024 का आकस्मिक अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आज पर्यंत लगातार बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित हैं। इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 593 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 एवं 614 दिनांक 05 नवम्बर 2024 एवं 640 दिनांक 28 नवम्बर 2024 एवं अंतिम स्मरण पत्र क्रमांक 803 दिनांक 15 जनवरी 2025 द्वारा सम्बन्धित को तत्काल कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया, किन्तु आज पर्यंत सम्बन्धित अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए हैं। अतएव इस सूचना के माध्यम से सम्बन्धित कर्मचारी को अंतिम बार सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि सम्बन्धित को शासकीय सेवा की आवश्यकता नहीं है और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण संहिता के नियमों के तहत सम्बन्धित की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कट आउट और पोस्टर मिल रहे कचरा कूड़ा और गंदगी स्थलों पर, लोग परेशान

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। इन दिनों किसी भी आयोजन या चुनाव के अवसर पर हमारे आदरणीय नेताओं के कट आउट और पोस्टर काफी संख्या में शहर के विभिन्न स्थलों पर लगाए जाते हैं, लेकिन जब चुनाव या कार्यक्रम समाप्त होने के बाद इन कट आउट और पोस्ट की क्या स्थिति होती है। इस विषय में पार्टी के कार्यकर्ता या जनप्रतिनिधियों के चाहने वाले जो काफी उत्साह के साथ पोस्टर और कट आउट लगते हैं वे कभी भी चिंता नहीं करते हैं की की कार्यक्रम के बाद इन पोस्ट और कट आउट का क्या होगा, जिसके चलते कभी-कभी यह देखने को मिलता है कि जिस

जगह पर कट आउट या पोस्टर लगाया गया था वह यदि खंबे में लगा है तो तिरछा होकर गिरने की स्थिति में है जिसके चलते कोई दुर्घटना हो सकती है या फिर गिरकर उल्टा ही लटक रहा है। कभी-कभी हमारे सम्माननीय जनप्रतिनिधियों आदरणीय नेताओं के कटआउट और पोस्टर ऐसी जगह पर पड़े मिलते हैं जहां पर लोग कचरा फेंकते हैं या पेशाब करते हैं। इस स्थिति में लोगों को काफी दुख पहुंचता है । लोगों का कहना है कि जब भी किसी कार्यक्रम के लिए कट आउट या पोस्टर लगाया जाए उसे कार्यक्रम समापन के बाद ससम्मान उतार कर किसी निश्चित जगह पर रख दिया जाए ताकि उस पोस्टर या कटआउट के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और नेताओं का अपमान नहीं हो इससे शहर भी स्वच्छ नजर आएगा।

घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा में खुलेगा बैंक

सुकमा, 28 मार्च (देशबन्धु)। सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के सकारात्मक प्रयासों से नक्सलगढ़ कहे जाने वाले जगरगुंडा में बैंक का नया ब्रांच स्थापित किया जा रहा है। शुक्रवार को संपूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर इंडियन ओवरसीज़ बैंक के नए ब्राँच का शुभारंभ किया गया।

ग्रामीणों को मिलेगी सभी बैंकिंग सुविधाएँ

जगरगुंडा में बैंक ब्रांच खुल जाने से शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ग्रामीणों को लोन सुविधा, पेंशन योजना की राशि के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। उन्हें जगरगुंडा में ही पैसा जमा और निकासी के साथ सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। पूर्व में जगरगुंडा और आसपास के ग्रामीणों को बैंकिंग संबंधी कामों के लिए चिंतलनार और दोरनापाल पर आश्रित रहना पड़ता था जो जगरगुंडा से काफ़ी दूर स्थित हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्हें बैंक आने जाने में सुबह से शाम हो जाती थी और ऊपर से उनका खर्चा भी बढ़ जाता था। ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए कलेक्टर और जिला सीईओ ने तत्काल जगरगुंडा में बैंक ब्रांच खोलने का निर्णय लिया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि ग्रामीणों की बैंक सम्बंधी समस्या के निराकरण के लिए नया ब्रांच खोलने का निर्णय लिया गया। परिणामस्वरूप आज इंडियन ओवरसीज बैंक के ब्रांच का शुभारंभ किया गया। माओवाद प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा में बैंक खुल जाने से बैंक संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणों को अब दूर जाना नहीं पड़ेगा। इससे उन्हें बैंक आने जाने में लगने वाला समय और पैसा दोनों की बचत होगी। जिला सीईओ नम्रता जैन ने कहा कि ग्रामीणों की बैंकिंग संबंधी समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा नया ब्रांच खोलने के लिए प्रयास किया जा रहा था जो अंततः आज फलीभूत हुआ। जगरगुंडा में बैंक खुल जाने से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

ग्रामीणों की बैंकिंग समस्या को दूर करने जगरगुंडा में खुलेगी नई ब्रांच

जिला सीईओ ने लिया अधिकारियों की बैठक, कल गृह प्रवेश कार्यक्रम करने दिए आवश्यक निर्देश

सुकमा, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास और अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में जिला पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में जिला सीईओ श्रीमती जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को वर्ष 2024-25 के निर्मित पीएम आवासों में 30 मार्च तक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित करने, आवास प्लस सर्वे पूर्ण करने , नियद नेल्लानार योजनांतर्गत आवास निर्माण पूर्ण करने एवं आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत स्वीकृति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। पंचायतों में चल रहे मनरेगा के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, पीएम आवास के तहत 90 दिवस की राशि भुगतान पूर्ण करने, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों एवं आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने और पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद सीईओ छिंदगढ़ पीके गुप्ता, जनपद सीईओ कोंटा नारद मांझी, जिला समन्वयक पीएम आवास, जिला समन्वयक एसबीएम, जिला शिकायत समन्वयक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम का कांग्रेस भवन में स्वागत

कोण्डागांव, 28 मार्च (देषबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जारी छत्तीसगढ़ के 11 जिला अध्यक्षों की सूची में कोंडागांव जिला अध्यक्ष के रूप में बुधराम नेताम का नाम शामिल है। बुधराम नेताम के नए जिला अध्यक्ष बनने पर कोंडागांव कांग्रेस भवन में जिले भर के कोंग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं निवर्तमान जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम को कार्यभार सौंपा। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा संगठन में निःस्वार्थ भाव से काम करने का नतीजा है, एक सरपंच व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।

कांग्रेस पार्टी में कार्य करने वालों की पूछ परख होती है। इनको ही नहीं मुझे भी एक ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए विधायक पीसीसी अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री के रूप में सेवा देने का मौका कांग्रेस पार्टी ने दी। वर्तमान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज हों या राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे हों पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करने का परिणाम है, पार्टी ने इतने ऊँचे पद पर सेवा करने का अवसर दिया है। जबकि हमारा कोई पुराना राजनीतिक बैक ग्राउंड नहीं है, पार्टी में काम करने वालों की पहचान होती है। पूर्व मंत्री शंकर सोढ़ी ने कहा कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि जनता की आवाज बनना है और हम बखूबी इस कार्य को कर रहें हैं। संगठन को मजबूत करना है, मिलकर डटकर भाजपा से मुकाबला करना है, भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करना है। बूथ से लेकर जिला तक संगठन को मजबूत करना है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने कहा संगठन सर्वोपरि है, मुझ जैसे आम कार्यकर्ता को पार्टी में जिला अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष तक काम करने का अवसर मिला, आप सभी का हमेशा सहयोग मिला अब वैसा ही सहयोग समर्थन हमें बुधराम नेताम को करना है और पार्टी को मजबूत करना है। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा मैं कांग्रेस पार्टी का एक सक्रिय कार्यकर्ता हूं और आज मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी आप सभी के आशीर्वाद से मिला है। मेरा केवल एक ही लक्ष्य होगा संगठन को बॉटम से टॉप तक मजबूत करना और इस कार्य में मेरे साथ आपको भी एक सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका अदा करनी है। कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है, यह हमें काम करके दिखानी है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व मंत्री द्वय मोहन मरकाम, शंकर सोढ़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी, रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, राजेश नेताम, प्रवीण अग्निहोत्री, सुखराम पोयाम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, ब्रिज सोढ़ी, योगेंद्र राठौर, लखु पोयाम, बुधराम सागर, गोकुल प्रधान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, हेमलाल बघेल, ब्रम्हा मरकाम, मोतीबाई नेताम, देवेंद्र कोर्राम, सहदेव पोयाम, रविंद्र दीवान, गीतेश बघेल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप का स्थानांतरण

कोण्डागांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थ उत्तरा कुमार कश्यप एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मनीषा ठाकुर के स्थानांतरण होने पर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायाधीशगण को भावानात्मक विदाई दी गई।

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा दी गई न्यायाधीशगण को भावानात्मक विदाई

28 मार्च 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मनीषा ठाकुर का स्थानांतरण होने पर सकारात्मक क्षणों के साथ एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला न्यायाधीश कोण्डागांव के कार्यकाल में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए समस्त अधिवक्तागण के द्वारा समस्त न्यायधीशगण को पुष्प से स्वागत करते हुए जिला न्यायाधीश उत्तरा कुमार कष्यप के प्रति इस कार्यकाल में उनके योगदान, समर्थन, भावनाओं और सकारात्मक अनुभवों को व्यक्त किया। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों को सप्रेम भेंट भी दिया गया।

इस दौरान जिला न्यायाधीश के द्वारा न्यायपालिका की अहम भूमिका को बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और सभी का जीवन उज्जवल होने की कामना किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया। कार्यक्रम के अंत में कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो कोण्डागांव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव एवं दीपक ठाकुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने भी न्यायाधीश के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डगाांव एवं कोण्डागांव जिला के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन

पलारी, 28 मार्च (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम रेंगाडीह में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, महेंद्र मोनू साहू, धन्नू साहू, सरपंच तीरथ राम रात्रे सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि रामायण के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें मर्यादा, कर्तव्य और भक्ति की सीख देती है जो समाज को सही दिशा में ले जाने में सहायक होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति प्रतिभागियों और दर्शकों को इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। समापन समारोह में धन्नू साहू ने सभी अतिथियों प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के आयोजनों से समाज को धार्मिक और नैतिक प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर गाजू राम साहू, कृष्णा साहू, गंगा राम साहू, रेवा राम साहू, सुखी राम साहू, फिरंटा राम यादव, धर्मेंद्र साहू, कालीराम साहू, पारस विश्वकर्मा, प्रमोद साहू, नंदलाल साहू और किशन साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पेंशनर भवन कोंडागांव में बैठक आयोजित

कोण्डागांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। पेंशनर भवन कोंडागांव में बैठक आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में संघ के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि ईंजी. एस.पी.विश्वकर्मा सृजेता के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 27 मार्च 2025 को पेंशनर भवन कोंडागांव में छ.ग.पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव की बैठक संघ के निष्ठावान कर्मठ तथा सभी के विश्वास पात्र अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि ईंजी. एस.पी.विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच शासन द्वारा लंबित 53 प्रतिषत महंगाई राहत भत्ता का आदेश अभी तक नहीं जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। इसी बीच फरसगांव तहसील के ग्राम बरकई निवासी और वन विभाग से सेवानिवृत हुए रूपसिंह पांडे ने संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिस पर उनका सम्मान करते हुए सभी ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा फरसगांव तहसील के अध्यक्ष महेंद्र पांडे का मोबाइल नंबर देकर उनसे भी संपर्क रखने की सलाह भी दिया गया। इसके पश्चात् संघ भवन में 12 साल उम्र तक के बच्चों के लिए डांस प्रशिक्षण देने के संबंध में उपस्थित प्रशिक्षक तामेशकार द्वारा पेंशनर भवन में प्रशिक्षण संचालन के लिए मांग किए जाने की बात को रखा गया। जिस पर सभी लोगों से चर्चा कर सहमति भी लिया गया और पेंशनर भवन के मान मर्यादा को ध्यान में रखते हुए डांस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए प्रशिक्षक से वचनबद्धतापूर्वक सहमति स्वीकार किया गया। प्रशिक्षण 30 मार्च से प्रारंभ करने हेतु प्रशिक्षक के द्वारा जानकारी भी दिया गया।

लंबित 53 फीसदी महंगाई राहत भत्ता पर हुई गंभीर चर्चा

बैठक में संघ के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि ईंजी.एस.पी.विश्वकर्मा सृजेता, संरक्षक जी.जी. देवांगन, उपाध्यक्ष आर.एस.पांडेय, नए सदस्य रूपसिंह पांडे, आर.एम.सेन, नासिर अली, उपाध्यक्ष आई.सी.निषाद, संग्राम सिंह यादव तथा राजेंद्र गोन्नाडे आदि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले हिंदू नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं अर्पित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

एक दिवसीय शतरंज का प्रशिक्षण विज्ञान आश्रम में कल

बागबाहरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी, अविभाजित मध्यप्रदेश शतरंज संघ के पूर्व सचिव और इंटरनेशनल आर्बिटर श्री पी एन राव द्वारा 30 मार्च की सुबह 7.30 बजे से 10 बजे तक विज्ञान आश्रम कसेकेरा में नए शतरंज खिलाड़ियों को शतरंज की मूलभूत अवधारणाओं और ओपनिंग्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया है कि वे पुराने शतरंज खिलाड़ियों को चुनिंदा एंडगेम और जीतने के मनोवैज्ञानिक दबाव के बीच सहज कैसे रहें? के बारे में भी जानकारी देंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी शतरंज खिलाड़ियों के साथ उनके द्वारा एक साइमलटेनियस मैच भी खेला जाएगा जिसमें वे एक साथ सभी खिलाड़ियों के साथ शतरंज खेलेंगे। इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को चेस क्लॉक चलाने के बारे में भी बताया जाएगा। विज्ञान आश्रम कसेकरा के कोऑर्डिनेटर और छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के उपाध्यक्ष श्री विश्वास मेश्राम द्वारा क्षेत्र के शतरंज खिलाड़ियों और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों से इस निःशुल्क प्रशिक्षण में भागीदारी की अपील की है।

जरौदा में साहू समाज ने कलश यात्रा निकालकर मनाई मां कर्मा जयंती

खरोरा, 28 मार्च। विगत दिनों ग्राम जरौदा में साहू समाज के तत्वधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां कर्मा जयंती समारोह मां कर्मा मंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा की 1009 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई द्य इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई , जिसमें महिलाएं सिर पर कलश रख कर शामिल हुई द्य भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण एवं रामायण का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सारागांव परिक्षेत्र नारायण प्रसाद साहू , सलाहकार परिक्षेत्र ईशकुमार साहू , अध्यक्ष तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवां अनिल साहू , उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील थलेश्वर साहू , सरपंच अजीत वर्मा , उपसरपंच शेषनारायण साहू , तेजराम साहू , गंगाराम साहू , पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह संपन्न

52 जोड़ी का विवाह कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग नगरी के तत्वाधान में कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 52 जोड़ो का पूरे रीति रिवाज के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें स्वजनों सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। महिला बाल विभाग के द्वारा नव दंपत्तियों को 1नग बिछिया, 1नग मंगलसूत्र और वर वधु श्रृंगार सामग्री भेट स्वरूप प्रदान किया गया, पुरोहित के मंत्रोपचार द्वारा विधि विधान से इनका विवाह संपन्न हुआ। नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सर्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सदस्य प्रेमलता नागवंशी, कमल डागा, रामगोपाल साहू, पार्षद विनीता कोठारी, मिक्की गुप्ता, अलका साव, चेलेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित उपस्थित जनों ने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सुभाष चंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस से मिले नगरी के प्रतिनिधि

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। सर्व हिंद सनातन समाज, जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत सामाजिक समन्वय जन संकल्प अभियान का आयोजन 27 मार्च को नूतन स्कूल प्रांगण मराठपारा में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुभाष चंद्र बोस जी के वंशज सोमनाथ बोस थे। आयोजन समिति के विशेष निवेदन पर नगरी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए, कार्यक्रम में सभी समाज प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र व गमछे से सम्मानित किया गया।

समारोह में नगरी सिहावा के प्रतिनिधियों ने सोमनाथ बोस से भेंट कर सप्तऋषि क्षेत्र के बारे में अवगत कराया। इस दौरान डॉक्टर गोकुलराम देवांगन, रवि शंकर दुबे, महेन्द्र नेताम, मोतीलाल दिवाकर, विनय देवांगन, शारदा प्रसाद ग्वाले, अधिवक्ता तुलसीराम साहू, रुपेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, डेविड ने मुलाकात कर नगरी आगमन का आग्रह किया।

महाअभियान में बनाए गए 9 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में 24 से 27 मार्च 2025 तक संचालित आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान के तहत 08 हजार से से अधिक आयुष्मान कार्ड तथा एक हजार से ज्यादा प्रधानमंत्री वय वंदना कार्ड बनाए गए। इस बारे में सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि संपूर्ण बस्तर जिले और जगदलपुर शहरी क्षेत्र में चार दिवसीय आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान के दौरान 8002 आयुष्मान कार्ड और 1021 वय वंदना कार्ड पंजीकृत किए गए। जिसमें बस्तर जिले के सभी सातों ब्लॉक में प्रत्येक पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्र जगदलपुर में 48 वार्ड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही प्रधानमंत्री वय वंदना कार्ड 70 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक जिसके पास आधार कार्ड हो को शासकीय अस्पताल और मान्यताप्राप्त निजी अस्पताल में 05 लाख रुपए तक की चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित किए जाने हेतु वरिष्ठ नागरिकों का 1021 वय वंदना कार्ड भी बनाए गए। इस महाभियान के दौरान बस्तर विकासखण्ड में 863 आयुष्मान कार्ड एवं 119 वय वंदना कार्ड, बकावंड ब्लॉक में 957 आयुष्मान कार्ड एवं 113 वय वंदना कार्ड, बास्तानार में 251 आयुष्मान कार्ड एवं 18 वय वंदना कार्ड, दरभा में 428 आयुष्मान कार्ड एवं 61 वय वंदना कार्ड, जगदलपुर ब्लॉक में 1315 आयुष्मान कार्ड एवं 189 वय वंदना कार्ड, लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड में 793 आयुष्मान कार्ड एवं 53 वय वंदना कार्ड, तोकापाल ब्लॉक में 401 आयुष्मान कार्ड एवं 239 वय वंदना कार्ड और जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 2994 आयुष्मान कार्ड एवं 229 वय वंदना कार्ड निर्मित किए गए। आगामी दिनों में छूटे हुए नागरिकों का आयुष्मान कार्ड तथा वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड पंजीयन अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।

नगर के दैवीय मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू

सिमगा, 28 मार्च। बासंती चैत्र नवरात्रि का पर्व 30, मार्च से शुरू हो रही है जो 6 अप्रैल तक अर्थात आठ दिनों तक चलेगी । चैत्र नवरात्रि के लिए नगर के सभी देवी मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है । दैविय मंदिरों का रंग रोगन, लाइटिंग, ज्योति कलश कक्ष की सफाई के सांथ ही उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है । चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के मां कंकालिन मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां माहेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना हेतु रसीद काटी जा रही है । 29 मार्च शनिवार की शाम 4,33बजे प्रतिपदा प्रारंभ हो जावेगी जो रविवार 30,मार्च को दोपहर 2 .15 बजे तक रहेगी । उदया तिथि के कारण 30 मार्च को ही चैत्र नवरात्रि की कलश स्थापना होगी । ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चैत्र नवरात्रि पर विभिन्न पुण्य कारी शुभ संयोग बन रहे हैं । चैत्र नवरात्र रविवार से शुरू होने के कारण देवी मां की सवारी हांथी है जो समृद्धि एवं शक्ति का प्रतीक है ।

प्रादेशिकी का शेष...

पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल...

किया गया है। कंट्रोल रूम में पेयजल समस्या से संबंधित शिकायत हेतु टोलफ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और ग्राम पंचायतों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दीवार लेखन किया गया है। उक्त टोलफ्री नंबर में आम जनता से प्राप्त होने वाले समस्याओं एवं शिकायतों का संवेदनशीलता से त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

घोर माओवाद प्रभावित...

ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की राशि को बैंक से निकालने में आसानी होगी। उनका सभी बैंकिंग कार्य एक छत के नीचे मिलने लगेगा। 2 अप्रैल से जगरगुंडा बैंक में सभी बैंकिंग कार्य प्रारंभ किए जाएँगे।

6 लाख के इनामी 6 महिला नक्सलियों ने किया सरेंडर

नारायणपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। नारायणपुर में हो रहे विकास कार्यो से प्रभावित होकर माड़ डिवीजन कुतुल/नेलनार एरिया कमेटी के अन्तर्गत सक्रिय रूप से कार्यरत कुल 6 लाख ईनामी 6 महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

नारायणपुर पुलिस, आईटीबीपी एवं बीएसएफ के प्रयासों के फलस्वरुप माओवादी आत्मसमर्पित होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर स्वच्छंद रूप से चाह रहें है सामान्य जीवन जीना ।नियद नेल्लानार योजना के वृहत प्रचार-प्रसार एवं अबूझमाड़ के अंदरुनी क्षेत्रों में लगातार स्थापित किए जा रहे जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार का भी बड़ा कारण रहा।

माओवादियों के आत्मसमर्पण के पीछे माड़ और नारायणपुर जिले में चलाये जा रहे समग्र विकास कार्य के साथ सुरक्षा बलों द्वारा स्थानीय लोगों के दिलों में जगाया गया विश्वास से बदलाव आया।

नारायणपुर क्षेत्र में चलाये जा रहे ''माड़ बचाओ अभियान'' एवं सुरक्षा बलों के सघन प्रयासों से आत्मसमर्पित माओवादियों 06 महिला शामिल है। इस प्रकार से लगातार माओवादियों के हो रहे आत्मसमर्पण से क्षेत्र में नक्सल मुक्त माड़ की सपना हो रहा है सकार व नक्सलियों के लिए बड़ा झटका है।

वर्ष 2024 से अब तक कुल 98 बड़े/छोटे कैडर के माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

आत्मसमर्पण करने पर सभी माओवादियों को प्रोत्साहन राशि 25 हजार का चेक प्रदाय किया गया एवं उन्हें नक्सल उन्मुलन नीति के तहत् मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं दिलाया जायेगा।

आत्मसमर्पित नक्सलियों में

पायके मण्डावी पिता दसरू उम्र 20 वर्ष निवासी ओयंगेर पंचायत मण्डाली थाना ओरछा जिला नारायणपुर (छ.ग.) पद- नेलनार एलओएस सदस्य, ईनामी-1 लाख।

रैनी वड्डे पिता पुसू उम्र 26 वर्ष जाति माड़िया साकिन मापंगल पंचायत कच्चापाल थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ0ग0) पद- कुतुल एलओएस सदस्य, ईनामी-1 लाख।

मोडडे गोटा पिता सोनसाय उम्र 24 वर्ष जाति माड़िया साकिन कस्तुरमेटा पंचायत पदमकोट थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ0ग0) पद- कुतुल एलओएस सदस्य, ईनामी-1 लाख।

पण्डरी गोटा उर्फ सुनिता पिता बत्तेराम उम्र 25 वर्ष जाति माड़िया साकिन कस्तुरमेटा पंचायत पदमकोट थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ0ग0) पद- कुतुल एलओएस सदस्य, ईनामी-1 लाख।

ज्योति उसेण्डी पिता स्व. सुखराम उम्र 28 वर्ष जाति माड़िया साकिन तोके पंचायत कच्चापाल थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छग) पद- कुतुल एलओएस/सीएनएम सदस्य, ईनामी-1 लाख।

शीतल वड्डे उर्फ मुरी पिता स्व. कटिया उम्र 21 वर्ष जाति माड़िया स्थाई पता निवास, पंचायत घमण्डी वर्तमान पता कस्तुरमेटा थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छग) पद- कुतुल एलओएस/सीएनएम सदस्य, ईनामी-1 लाख। शामिल है।

युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी पदाधिकारियों का कल होगा मनोनयन : पनकु नेताम

कोण्डागांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी पदाधिकारियों का 30 मार्च को जिला मुख्यालय कोंडागांव में मनोनयन होने के सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव 4230 (दिनांक 08/04/2013) के जिला अध्यक्ष पनकु नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि 'संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाने के लिए समाज प्रमुखों के द्वारा युवा प्रभाग जिला कोंडागांव का जिला अध्यक्ष व उनके समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन 30 मार्च 2025 रविवार को गोंडवाना भवन कोंडागांव में समय 11 बजे से किया जाना है। जिले के समस्त युवाओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अनिवार्य रुप से पहुँचे और समाज के महत्वपूर्ण दायित्व जैसे आदिवासी समाज की भाषा, बोली, नृत्य, गीत, पोशाक, विवाह, जन्म, मृत्यु, वाद्य यंत्रों, पेन पुरखाओं को संरक्षित करते हुए समाज को दिशा-दशा दिखाने का काम करने में सहयोग करें ताकि आदिवासी समाज को संरक्षित व सुरक्षित करने एवं समय-समय पर समाज की विभिन्न मांगों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक ज्ञापन के माध्यम से व धरने के माध्यम से किए जाते रहने के कार्य को निरंतर जारी रखा जा सके। साथ ही समाज के लोगों को व्यापार करने की दिषा में जोर देने के सम्बन्ध में होने वाले चर्चा में सम्मिलित होना है।

विधायक ने लिया बस्तर पंडूम की तैयारियों का जायजा

दंतेवाड़ा, 28 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर संभाग की समृद्ध जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कला एवं संस्कृति परंपरा से परिपूर्ण अंचल के लोक कला, शिल्प कला, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थ के मूल स्वरूप को संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2025 का आयोजन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। इस वृहद आयोजन में जिला सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, जिलों के सांस्कृतिक विजेता प्रतिभागी टीमों के अलावा अन्य राज्यों के सांस्कृतिक एवं कला पथक दल भी शिरकत करेगें। इस क्रम में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा हाई स्कूल ग्राउंड में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा उन्हें प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन की सम्पूर्ण व्यवस्था, कला एवं संस्कृति के प्रदर्शन से संबंधित समस्त व्यवस्थाएँ, साथ ही प्रतियोगिता स्थल पर बांस-बल्ली व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रतियोगिता स्थल पर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन हेतु वाहन की व्यवस्था, टेंट पंडाल, मंच व्यवस्था कार्यपालन, साउण्ड सिस्टम, मंच में लाइट तथा जनरेटर की व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल पर विद्युत व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल में आवश्यक लेआउट, समतलीकरण, साफ-सफाई, पीने के पानी, पानी टैंकर, चलित शौचालय एवं संबंधित अन्य कार्य, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, विशिष्ट अतिथियों के समन्वय हेतु लाईजनिंग के संबंध में भी बताया गया। इस दौरान विधायक द्वारा भी दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, सहित जनप्रतिनिधि, एवं अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आर.के बर्मन, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

- चैतराम को कलेक्टर मयंक ने दी पूरी जानकारी
- हाई स्कूल मैदान में होगा संभागीय आयोजन
- विधायक ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

बस्तर पंडूम के लिए कंट्रोल रूम प्रारंभ 24 घंटे कार्य करेगा नियंत्रण कक्ष

दंतेवाड़ा, 28 मार्च (देशबन्धु)। संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2025 के आयोजन हेतु समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों, सहयोगी एवं सभी विभागो से समन्वय स्थापित करने हेतु 3 दिवस के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना जिला कार्यालय के कक्ष कमांक-137 प्रथम तल में की जा रही है। इसका दूरभाष कर्मांक 07856-252412 जिसमें तहसीलदार बारसूर संतोष धुर्वे को नोडल अधिकारी एवं स.अ.भू.अ. गोवर्धन प्रसाद साहू को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। बस्तर पंडुम में किसी भी प्रकार की परेशानी, सहयोग, पूछताछ एवं समस्त संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित करने हेतु यह कन्ट्रोल रूम 24 घंटे सुविधा उपलब्ध करायेगा। कन्ट्रोल रूम से संबंधित कर्मचारियों जिसमें डिगेश उसेंडी, हर्षित गौतम, एम. लक्ष्मैया, रजनीश गुरु, बालसिंह ठाकुर, दाऊकल्याण सिंह, सुरेश नाग, बसन्त यदु एवं सदानंद राठिया की ड्यूटी बस्तर पंडुम में लगाई गई है। जिन कर्मचारियों की डुयटी लगाई गईं है उपरोक्त कर्मचारी उल्लेखित समयावधि में जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक 137 में उपस्थित रहेंगे। साथ ही ड्यूटी के दौरान दूरभाष से प्राप्त होने वाली जानकारी एवं सूचना तत्काल संबंधित विभाग, संबंधित अधिकारियों को देंगे।

नारायणपुर पुलिस के हत्थे चढ़े आईपीएल मैच का सट्टा खिलाने वाले 4 सटोरिए

नारायणपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला नारायणपुर में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार (भापुसे), रोबिनसन गुड़िया (भापुसे), सुशील कुमार नायक (रापुसे) अति. पुलिस अधीक्षक एवं लौकेश बंसल एसडीओपी नारायणपुर के मार्गदर्शन में निरीक्षक-थाना प्रभारी नारायणपुर दिनेश चन्द्रा के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् क्षेत्र में अपराध मुक्त समाज की कल्पना को साकार रूप देने के आशय से लगातार आपराधिक गतिविधियों पर सूक्ष्म निगाह रखकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 27 मार्च को सटोरियों पर थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि नारायणपुर पुलिस को 27 मार्च को रात्रि में खड़ीबहार नारायणपुर* के खुली जगह में रूपये-पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलाने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना तस्दीक पर थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा रात्रि में मौके पर रवाना हुए और उक्त स्थान पर दबिश दिया गया जहाँ पर 04 सटोरिए आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाईन मोबाईल फोन के माध्यम से रूपये-पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलाते हुए पकड़े गये। जिससे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम क्रमशः 1- विकास नेताम पिता देवानंद उम्र 24 वर्ष पता महावीर चौक नारायणपुर 2- मुकेश उर्फ टिट्टू गुप्ता पिता स्व. चमनलाल गुप्ता उम्र 31 वर्ष पता राजीव चौक नारायणपुर 3- जगदीश मण्डावी पिता स्व. आनंद मण्डावी उम्र 35 वर्ष पता राजीव चौक नारायणपुर 4- शहजादा उर्फ शब्बु खान पिता स्व. शेखअलाद्दीन खान उम्र 42 वर्ष पता राजीव चौक नारायणपुर का होना बताए।

उक्त आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 40,060/- शब्दो में चालीस हजार साठ रूपये, 7 नग एंड्राईड मोबाईल, 1 नग की पेड मोबाईल, 1 नग पॉवर बैंक मय चार्जिंग केबल, 02 नग कॉपी जिसमें विभिन्न अंकों में सट्टा पट्टी लिखा हुआ 02 पेन, 01 नग प्लास्टिक चटाई वाहन हीरो पैशन मोटरसायकल 01 नग, पल्सर मोटर सायकल 01 नग, एक्टिवा स्कूटी 01 नग जप्त किया गया और सटोरियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों का कृत्य विधि विरूद्ध का पाये जाये से थाना नारायणपुर में धारा 6, 7 छग जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया।

सटोरियों पर थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

आरती और चढ़ावे के पैसे से खरीदी वाहन

दंतेवाड़ा, 28 मार्च (देशबन्धु)। सत्संग से स्व रोजगार की राह को दंतेवाड़ा जिले के ग्राम बालपेट की सत्संग रामायण ने चरितार्थ किया है। इस मंडली के सदस्यों ने रामायण आरती व चढ़ावे में आए रुपयों को जमा कर पिकअप वाहन खरीदा है। इस वाहन का उपयोग मंडली के सदस्यों के साजो-सामान का रामायण पाठ के सिलसिले में यहां से वहां परिवहन में तो किया ही जायेगा, साथ ही बाकी समय मंडली के कुछ युवाओं को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी, जो वाहन से कमर्शियल ढुलाई कर आमदनी कमाएंगे। साथ ही वाहन किश्त भरने में मंडली की मदद करेंगे। दक्षिण बस्तर में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी रामायण मंडली ने आरती के पैसों का सदुपयोग कर स्वयं का वाहन खरीदा।

सत्संग रामायण मंडली के सदस्य कल्याण ठाकुर व ललित ठाकुर ने बताया कि समिति के उत्साही सदस्य नियमित रूप से रामायण पाठ करते हैं। बाहर से कई जगह बुलावा आने पर किराए का वाहन लेकर जाना पड़ता था। इस वजह से समिति के सदस्यों ने आरती एवं भेंट में मिलने वाले रुपयों को जोड़कर वाहन लेने का निर्णय लिया। इससे समिति को सत्संग में सुविधा के साथ ही कुछ सदस्यों को स्व रोजगार का अवसर भी मिलेगा। सत्संग रामायण मंडली की सक्रियता से बालपेट में युवाओं का रुझान नशापान की बजाय सत्संग और अच्छी बातें सीखने की तरफ बढ़ा है। कई युवाओं ने नशापान की लत भी छोड़ दी है। इस नए बदलाव से गांव के निवासी भी काफी खुश हैं।

- सत्संग ने दिखाई स्व रोजगार की राह
- बालपेट के युवाओं की शानदार पहल
- रामायण मंडली दे रही नशा मुक्ति का संदेश

युवक कांग्रेस ने मनाई दीपक कर्मा की जयंती

दंतेवाड़ा, 28 मार्च (देशबन्धु)। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्व. दीपक कर्मा की 48वीं जयंती पर उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस भवन में सर्वप्रथम स्व. दीपक के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवित किया गया साथ ही दीपक कर्मा अमर रहे के नारे लगाए गए।

इस मौके पर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि दीपक कर्मा हम सभी युवाओं के लिए एक आदर्श थे। उनसे हमें हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एवं सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। स्व. कर्मा के दिखाए मार्ग पर चलकर हमें उनके सपने को पूरा करना ही हमारे जीवन का पहला लक्ष्य होना चाहिए। गणेश ने कहा कि स्व. दीपक ने अपना पूरा जीवन बस्तर में शांति बहाली के लिए लगा दिया। उनके द्वारा जिले को संवारने कई ऐसे प्लान तैयार हुए जो आज मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं।

इस मौके पर जिला महामंत्री विमल सलाम,अजय मरकाम, जितेन्द्र कश्यप, अनिल कर्मा, भास्कर राठौर, राधा नाग, एन नागराज, इंदिरा ठाकुर, शिवकुमारी ध्रुव, प्रशांत बंसोड़ ,संदीप राठौर, पप्पु गुप्ता, गायेंद्र सिंह , शैलेन्द्र यादव, उमेश राणा, विवेक कर्मा, सचिन पटेल, आयुष यादव, त्रिशांक सिंह ठाकुर, छविन्द्र नेताम, अरूण सोनानी, वशीम खान, राजकुमार समेत अन्य उपस्थित थे। स्व. दीपक कर्मा की जयंती के मौके पूर्व विधायक देवती कर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर देवती व सुलोचना ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना। पूर्व सरपंच अनिल कर्मा एवं जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा द्वारा गुमरगुण्डा आश्रम में अध्यनरत बच्चों के साथ मिलकर केक काटा, साथ ही बच्चों के लिए आश्रम में राशन सामान भी दान दिया। अनिल कर्मा ने बताया कि स्व. दीपक कर्मा को बच्चों से काफी लगाव था इस कारण हर वर्ष उनके जन्मदिन के मौके पर हम सभी युवा यहां आते हैं।

- अस्पताल में मरीजों को फल वितरण
- गुमरगुण्डा आश्रम में राशन वितरण कर बच्चों के साथ काटा केक

डॉक्टर डिग्री पूर्ण करने पर बधाई

चारामा, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी किरी परिवार से उमेश किरी श्रीमती वीणा किरी की सुपुत्री जान्हवी किरी के कलिंगा ईन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भुवनेश्वर से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है, जान्हवी किरी प्रांरभ से ही मेधावी छात्रा थी, उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर से पूर्ण की। जान्हवी किरी की इस उपलब्धि पर श्रीमती मोहिनी किरी, अजय किरी, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं कांग्रेस नेता लोकेश किरी, खेम किरी, सत्येंद्र किरी, जोगेन्द्र किरी,सहित समस्त शुभचिंतक एवं मित्रगण, समस्त किरी परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख स्वीकृत

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील दरभा के अंतर्गत ग्राम कामानार निवासी कमली पति जलदेव की मृत्यु पानी में डूबने से पति जलदेव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

स्थायी समितियों का गठन 4 अप्रैल को

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत बस्तर के सभागार में स्थायी समितियों का गठन 04 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ की जाएगी। समितियों के गठन हेतु पीठासीन अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर द्वारा जिला पंचायत के सभी सदस्यों को इसकी सूचना प्रेषित कर प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभागार में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

उच्च योग साधना शिविर 1 से 6 अप्रैल तक

जगदलपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। बिहार योग विद्यालय मुंगेर के मार्गदर्शन में उच्च योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है द्य शिवम् योग समिति एवं श्री जलाराम सेवा ट्रस्ट, जगदलपुर के सयुक्त तत्वावधान में 1 से 6 अप्रैल 2025 तक ये शिविर श्री जलाराम मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा द्य शिविर में योग साधना करवाने मुंगेर से श्री गोरखनाथ सरस्वती पधार रहे हैं जो कि ध्यान, स्वर साधना, चक्रानुसंधान, अन्तरमौन, नादयोग, अजपाजप आदि का विशेष अभ्यास करवाएंगे द्य शिविर में पंजीयन हेतु सुनील जैन, गोल बाजार, किशोर पारख, मेन रोड, तरुण राठी, बस स्टैंड रोड, प्रमोद मोतीवाला, स्टेट बैंक चौक से सम्पर्क कर सकते है। आयोजक मंडल ने अनुरोध किया है कि कृपया शीघ्र पंजीयन करवाकर इस विशेष योग शिविर का लाभ लें।

सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा गंभीर समस्या

दंतेवाड़ा, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। ये देखने में भले ही एक छोटी सी समस्या लगती हो पर जब इनकी वजह से घटनाएं होती है जानमाल का नुकसान होता है, तब लोगों को समझ में आता है, कि ये कोई छोटी नहीं बल्कि बहुत बड़ी और गंभीर समस्या है। जब तक कोई हादसा न हो जाए तब तक प्रशासन, पालिका, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या फिर आम व्यक्ति किसी का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं जाता।

दंतेवाड़ा नगर की सड़कों पर, चौक चौराहों पर गाय, भैंसों का जमावाड़ा कोई आज की समस्या नहीं बल्कि कई दशकों से यह समस्या विद्यमान है शासन प्रशासन इस समस्या का स्थाई हल आज तक नहीं खोज पाई हैं। तमाम जतन व उपाय के बावजूद इस गंभीर समस्या से आज भी आम इंसान परेशान है। सड़कों पर मवेशियों के बैठने से कई हादसे नगर में पहले भी घटित हो चुके हैं। हादसे में कई पशुओं की मौत हुई है तो कई इंसानों की जान भी चली गई है, कई गंभीर रूप से चोटिल भी हुए हैं। नगर के बैंक चौक से लेकर पुलिस लाइन कारली तक सड़कों पर, चौक चौराहों पुलियों के उपर जगह जगह पशुओं का जमावाड़ा सुबह शाम देखा जा सकता है। तेज रफतार वाहनों की चपेट में अक्सर ये पशुएं आ जाते हैं। छोटे बड़े हादसे इनकी वजह से होती ही रहती है।

नगर पालिका प्रशासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि नगर के सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने की कारगर व्यवस्था सुनिश्चित करे मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा। दो दिनों बाद चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने जा रही है। बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु माता दंतेश्वरी के दर्शन पूजन के लिए दंतेवाड़ा पहुंचेंगे। सप्ताह भर के भीतर एक कद्दावर केंद्रीय मंत्री का आगमन भी नगर में होने वाला है, जिसकी भव्य तैयारी भी जोर शोर से चल रही है। ऐसे में नगर के सड़कों पर इस तरह से बेजुबान पशुओं का जमावाड़ा लगना और इस समस्या के प्रति नगर पालिका का आंखें मूंदे रहना कहां तक सही है?

- नगर पालिका उदासीन, आए दिन हो रहे हादसे
- दो दिनों बाद नवरात्रि, श्रद्धालुओं की बढ़ेगी भीड़
- वीआईपी प्रवास में भी बाधा डाल सकते हैं मवेशी

नवनिर्वाचित सरपंचों का अभिमुखीकरण सह परिचयात्मक प्रशिक्षण आयोजित

सुकमा, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन के निर्देशन एवं उपसंचालक पंचायत संध्या रानी कुर्रे के मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सुकमा में नवनिर्वाचित सरपंचों का अभिमुखीकरण परिचयात्मक प्रशिक्षण 26 से 28 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय जिले में आयोजित किया जा रहा है। सरपंचों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें राज्य के निर्देशानुसार निर्वाचित सरपंचों को उनके अधिकार, कर्तव्य, पंचायत के योजना की सामान्य जानकारी प्रदाय करना, ई-ग्राम पोर्टल में सरपंचों की मूलभूत जानकारी अद्यतन करना, जेम पोर्टल में सरपंचों का पंजीयन हेतु शासकीय ई-मेल आईडी हेतु जानकारी एकत्र करना, सरपंचों का डीएसी बनाए जाने हेतु बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन संपन्न कराना एवं सरपंचों को ऑनलाइन भुगतान के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का जायजा लेने पहुंची उपसंचालक पंचायत संध्या रानी कुर्रे ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे पंचायत संचालन की प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें और अपने ग्राम पंचायतों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। हमारा उद्देश्य सरपंचों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें शासन की योजनाओं की पूरी जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी भगत, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान डीपीएम किशोर देशमुख, पीपीआईए फेलो, पीरामल फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे।

कांग्रेस ने फूंका सीबीआई का पुतला

कोण्डागांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में लगातार कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भाजपा के इशारे पर केंद्रीय जाँच एजेंसियों ईडी सीबीआई के द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कांग्रेस भवन से रैली निकाल बस स्टैंड में सीबीआई का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा केवल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी सीबीआई की कार्यवाही भाजपा की बदले की भावना से की जा कार्यवाही को साफ प्रदर्शित करता है, जोकि सुशासन का नहीं बल्कि कुशासन का संकेत है। हमारी लड़ाई भाजपा की ऐसी नीतियों के खिलाफ जारी रहेगी। कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों से नहीं डरी तो ये भाजपा से क्या डरेगी। हम लड़ेंगे और आम जनता की आवाज को बुलंद करते रहेंगे। पुतला दहन के दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व मंत्री द्वय मोहन मरकाम, शंकर सोढ़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी, रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, राजेश नेताम, प्रवीण अग्निहोत्री, सुखराम पोयाम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, ब्रिज सोढ़ी, योगेंद्र राठौर, लखु पोयाम, बुधराम सागर, गोकुल प्रधान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, हेमलाल बघेल, ब्रम्हा मरकाम, मोतीबाई नेताम, देवेंद्र कोर्राम, सहदेव पोयाम, रविंद्र दीवान, गीतेश बघेल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेसियों को ईडी सीबीआई के माध्यम से परेशान करना सुशासन का नहीं बल्कि कुशासन का संकेत है : बुधराम नेताम

साइबर क्राइम, आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/बचेली, 28 मार्च (देशबन्धु)। साइबर क्राइम के खिलाफ दंतेवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर सेल और बचेली थाने की संयुक्त कार्रवाई में राजस्थान के बाड़मेर जिले से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

बचेली थाने में शिकायत दर्ज हुई थी कि 7 और 8 फरवरी 2024 के बीच एक मोबाइल धारक और विभिन्न बैंक खाता धारकों द्वारा बचेली के एक प्रार्थी से ब्लैक रॉक इंडियन बिजनेस स्कूल के नाम पर 13 लाख 54 हजार 963 रूपए की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रार्थी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई। इसके बाद तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा के नोडल अधिकारी गौरव सिंह के नेतृत्व में मोबाइल नंबरों के लोकेशन और विभिन्न बैंकों के 3 सौ खातों की जांच की गई। इसके बाद आरोपी की तलाश हेतु बचेली टीआई मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में टीम राजस्थान के जयपुर, बाड़मेर, और जैसलमेर रवाना हुई।

इसके बाद आरोपी मुकेश गर को बाड़मेर से पकड़ा गया। उसके कब्जे से 7 पासबुक, 4 चेकबुक, 9 एटीएम कार्ड, 1 किसान कार्ड, 6 पेन कार्ड, 7 आधार कार्ड, 2 ड्राइविंग लायसेंस, 2 आरसी बुक, 4 मोबाइल और 1 लाख 45 हजार रूपए नगद बरामद किये गए। आरोपी को गिरफ्तार कर बाड़मेर के न्यायालय में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड लेकर माननीय न्यायलय बचेली के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर किया गया। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के दिशा निर्देश में एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, आरके बर्मन, एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में की गई।

- स्कूल के नाम पर धोखाधड़ी
- 3 सौ नंबरों की पड़ताल के बाद पुलिस को सफलता
- आरोपी के कब्जे से पासबुक, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस और 1 लाख 45 हजार नगद बरामद

उल्टा पुल्टा

शराबी दरवाजे पे दस्तक देता है? उसकी बीवी दरवाजा खोलती है ।
शराबी-कौन हैं आप?
बीवी- मुझे भूल गए।
शराबी - नशा हर गम को भुला देता है बहन।

नगर निगम का 1529 करोड़ से ज्यादा का बजट पेश

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। मेयर मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम के लिए 1529 करोड़ 53 लाख 28 हजार रुपए का बजट पेश कर दिया है। महापौर ने इसे फायदे का बजट बताया है जिसमें सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है।

मीनल चौबे ने अपने अभिभाषण के दौरान बेटी बेबस नहीं, शहर की तकदीर गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में सिर्फ सपने दिखाए गए। काम कुछ नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा कि हमने बनाया हम ही संवारेंगे, रायपुर को स्वर्ग सा निखारेंगे।

रायपुर नगर निगम के बजट में महत्वपूर्ण योजना एवं कार्यक्रम-सेंट्रल लाइब्रेरी और रीडिंग जोन- छत्तीसगढ़ शासन ने रायपुर जिले में नालंदा परिसर की तर्ज पर युवाओं को पढ़ाई की विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए 500 सीटर के 2 सेंट्रल लाइब्रेरी और रीडिंग जोन निर्माण के लिए राशि 2284 ।56 लाख रुपए के नवीन मद की स्वीकृति दी है।

रायपुर नगर निगम के बजट में खास- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के क्रियान्वयन के लिए नगर पालिक निगम रायपुर के लिए राज्य शासन द्वारा राशि 9300 लाख रुपए नवीन मद अंतर्गत शामिल किए गए हैं। इस योजना के तहत रायपुर के 18 प्रमुख रोड जंक्शन, महादेव घाट पुर्नउद्धार योजना फेस-1, तेलीबांधा चौक के पास टेक्नो टावर तैयार किए जाएंगे, जिसमें युवाओं की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वर्किंग स्पेस, ट्रेड और आईटी टावर विकसित किए जाएंगे।

अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए राशि 3761 लाख रूपए इस मद के अंतर्गत शामिल किया गया है। इसके तहत गौरवपथ और चौड़ीकरण कार्य, सीएसबी चौक से पचपेड़ी नाका तक रोड निर्माण हेतु राशि 1500 लाख रुपए, छुईया तालाब सौंदर्यीकरण के लिए राशि 300 लाख रुपए, ठक्कर बाबा वार्ड क्रमांक 17 में दो हजार किलो लीटर क्षमता, 25 मीटर स्टेजिंग का नया जलागार निर्माण, राइजिंग लाइन, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, घरेलू कनेक्शन, पीएलसी स्कोडा ऑटोमेशन कार्य के लिए राशि 1961 लाख रूपए का व्यय शामिल है।

महिला स्वावलंबन योजनाएं- दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीबों / महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। शहरी आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूह की दीदीयों को बैंक लिंकेज' से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण किया जाएगा, साथ ही उनके कौशल प्रशिक्षण/उनके द्वारा चुने गए व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण करवाया जाएगा।

बजट प्रावधानों को 1 वर्ष में पूरा करेंगे : मीनल

महापौर मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम ने बजट को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि हमने बजट में जो भी प्रावधान किया है, उसे एक वर्ष में पूरा करने की कोशिश करेंगे। वहीं दूसरी ओर निगम में नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने बजट की निंदा की है।

बतौर महापौर मीनल चौबे ने अपना पहला बजट पेश करने के बाद मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग, हर समाज के लोगों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किया गया है। थर्ड जेंडर के लिए हमने गार्डन बनाने का प्रावधान किया है।

वहीं 400 करोड़ की कटौती को लेकर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि वास्तविकता का बजट है, हम जितना अनुमान लगाया है, उसके मुताबिक ही बजट लाए हैं, ताकि खर्च भी हम कर सके और विकास भी हो

गौ संरक्षण-अभ्यारण्य, मच्छर उन्मूलन के लिए प्रावधान नहीं : संदीप साहू

वहीं निगम के नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने बजट की निंदा करते हुए कहा कि गौ संरक्षण के लिए, गौ अभयारण्य बनाने का कोई प्रावधान नहीं है। मच्छरों के उन्मूलन के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं है। तालाबों के संरक्षण के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस पार्षद आकाश तिवारी ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विश्वास की कमी है, जो इतना कम बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कोई नई बात नहीं थी। निगम की बीजेपी सरकार के पहले बजट से स्पष्ट हुआ है कि कथनी और करनी में अंतर है। बजट फेलियर साबित होगा।

महिलाओं और नागरिक सुविधाओं से परे शेरों शायरी का का रहा बजट, अटल विश्वास पत्र से कोई वास्ता नहीं: दीप्ती दुबे

निगम का इस बार बजट लोगों के उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बजट साबित हुआ ।महापौर प्रत्याशी रहीं दीप्ति दुबे ने कहा कि भाजपा ने अपने अटल विश्वास पत्र में पहले ही नम्बर महिलाओं को टैक्स में इस बार से 25फीसदी की छूट का वादा किया और पहले ही वादे को सदा की भांति चुनाव जीतने के बाद भूल जाने की प्रवृति को आत्मसात किया है ।निगम में महिलाओं एवं बच्चों के लिए शहर में 10 उद्यान की अपेक्षा महिला महापौर होने के नाते महिलाओं को थी ।साथ ही पेयजल पर कोई ठोस नीति पर बजट में कोई विशेष उल्लेख नहीं किया गया है कि अमृत योजना के फेस 6 ,7 पर कब काम होंगे ताकि लाभांडी,देवपुरी,मोवा सड्डू संहित आउटर के वार्डो में पाइप लाइन डल सके।

दीप्ति दुबे ने आश्चर्य व्यक्त किया कि लोककर्म विभाग अंतर्गत मांग क्रमांक4 के 3 ठ्ठ्श में रायपुर शहर के लिए मात्र 5 लाख का प्रावधान डामरीकरण हेतु रखा गया है, इतने में तो एक गली का काम भी नहीं होगा,इससे ये सिद्ध हो गया है कि कोई सड़क का सपना जनता न देखें ।दीप्ति दुबे ने कहा है कि शेरों शायरी से भरपूर बजट में अधिकांश प्रस्ताव पूर्व कार्यकाल के हैं जैसे ऑन लाईन टैक्स ,वेंडिंग ज़ोन,बेबी फीडिंग रूम,एस टी पी ,बापू की कुटिया,ए सी बस स्टॉप,बॉण्ड, आदि। दीप्ति दुबे ने कहा है कि नए पार्षद जो जीत कर आये हैं उन्हें इस बजट से बड़ी उम्मीदें थी कि प्रत्येक वार्ड हेतु 50-50 लाख के विकास कार्य हेतु राशि का उल्लेख होगा वो इसलिए कि प्रारंभिक शेष में 67 करोड़ से ज्यादा की राशि निगम में पूर्व कार्यकाल के जमा है ।दीप्ति दुबे ने कहा कि तात्यापारा शारदा चौक के चौड़ीकरण के बारे में कोई उल्लेख न होने से फिर एक बार लाखों लोगों को ट्रैफिक जाम से 2,,4 होना पड़ेगा। कुल मिलाकर इस बजट में काम कम शायरी ज्यादा है जिससे जनता को सब अहसास हो गया।

स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटल लेनदेन का प्रशिक्षण-प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ उनको डिजिटल लेनदेन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, इनके परिवार के सदस्यों को शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा।

रायपुर के बाजार होंगे विकसित- Vending Zone के तहत चिन्हांकित स्थानों को विकसित किया जायेगा। Market Development Plan के तहत बाजारों को विकसित किया जाएगा।

थर्ड जेंडर को सशक्त बनाने प्रशिक्षण-तृतीय लिंग के समूहों को चिन्हांकित कर उनको / उनकी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें और आर्थिक / सामाजिक रूप से सशक्त बन सकें।

कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टलः रायपुर शहर की कामकाजी महिलाओं की आवास संबंधी दिक्कतों को दूर करने रायपुर में तीन स्थानों पर कामकाजी महिला-वसति गृह (Working Womens Hostel) का निर्माण किया जाएगा।

सार्वजनिक स्थलों विशेषकर बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं के लिए स्वच्छ व सुविधायुक्त महिला प्रसाधन गृह (Womens Rest Room) बनाए जाएंगे, जिसमें सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं बेबी फीडिंग रूम भी स्थापित होंगे।

सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा विषयक प्रबंधन के तहत सर्विलेंस कैमरे स्थापित होंगे। महिला स्वावलंबन, सुरक्षा व सुविधा विस्तार के लिए 20 लाख का बजट प्रावधान किया गया है।

रायपुर नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जोन कार्यालयों में स्थित महिला शौचालय में महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनेटर मशीन लगाया जाना है। वार्षिक कुल लागत 25 लाख का बजट प्रावधान किया गया है।

महिला स्वावलंबन व रोजगार सृजन गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए राज्य शासन द्वारा राशि रूपए 10 करोड़ प्रदान किया गया है। इस राशि से गारमेंट फैक्टरी का संचालन किया जाएगा और स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक समृद्धि प्रदान की जाएगी।

युवा वर्ग के लिए-रायपुर में युवाओं के लिए यूथ हॉस्टल तैयार किए जाएंगे, साथ ही राष्ट्रीय व राज्य के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवा प्रतिभागियों के लिए नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर रायपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्व-सुविधायुक्त हाईटेक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जिससे कि निवास क्षेत्र के आस-पास शांत व सुविधायुक्त वातावरण में पठन-पाठन की सुविधा युवाओं को मिल सकें। यूथ हॉस्टल के लिए राशि 15 करोड़ रुपए एवं नालंदा लाइब्रेरी के लिए 22 ।48 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

नगर निगम में प्ले जोन तैयार किए जाएंगे, जिससे बच्चे व युवा खेल गतिविधियों से जुड़कर शहर के सामाजिक सद्भाव व खेल भावना से आगे बढ़ सकें। इसके लिए राज्य शासन द्वारा 2 ।5 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

ऐतिहासिक / सांस्कृतिक प्रयोजन के लिए- रायपुर शहर के आध्यात्मिक व धार्मिक प्रसंगों के लिए प्रतिष्ठित महादेव घाट के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार कर इस पर अमल शुरू किया जाएगा। इस के लिए 15 करोड़ का प्रावधात है। ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण कार्य इस वित्तीय वर्ष में किया जायेगा।

व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन- रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, क्रिस्टल आर्केड कॉमर्शियल हब और ट्रेड टॉवर जैसे महत्वपूर्ण बिजनेस हब तैयार किए जाएंगे, जहां युवा उद्यमियों को स्वरोजगार के साथ ही स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्य के लिए 219 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

द्विव्यांगजनों के लिए- रायपुर में सर्व चिकित्सकीय सुविधायुक्त दिव्यांग पार्क, दिव्यांग फ्रेंडली भवन व प्रसाधन गृह स्थापित होंगे। बजट में लगभग 10 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

नव रोजगार के लिए- जोन कार्यालय क्षेत्र अंतर्गत स्थल चयन कर चौपाटी का निर्माण किया जाएगा। इससे छोटे व्यापारियों/पथ विक्रेताओं को अपने व्यवसाय के लिए उपयुक्त जगह मिलेगी।

नवाचारों व स्टार्ट-अप गतिविधियों से युवा कल्याण व रोजगार सृजन कार्यक्रमों से जुड़कर युवाओं के लिए नये कार्य स्थल एवं इनोवेशन सेंटर स्थापित करने इस बजट में 10 करोड़ का प्रावधान है।

संसद में छत्तीसगढ़ के किसानों की आवाज बने सांसद बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के किसानों के हितों का मामला लोकसभा में उठाया। शुक्रवार को बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में छत्तीसगढ़ में किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सरकार से प्रश्न किया। उन्होंने केंद्र सरकार से जानना चाहा कि क्या किसानों को सस्ती दरों पर समय पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना लागू की जा रही है, विशेष रूप से दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में।

सांसद श्री अग्रवाल ने यह भी पूछा कि क्या सरकार आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में नई सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बना रही है।

इस पर रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक जैसे यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट (डीएपी), म्युरेट ऑफ़ पोटाश (एम ओ पी) और नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर फसल सीजन में आवश्यक कदम उठा रही है।

मंत्री श्रीमती पटेल ने स्पष्ट किया कि सरकार का छत्तीसगढ़ में फिलहाल कोई नई एपीआई विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रभावी रणनीतियों पर काम कर रही है जिसके तहत राज्यवार और महीनावार उर्वरक आवश्यकता का आकलन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से किया जाता है। मासिक आपूर्ति योजना जारी करके उर्वरकों की निरंतर निगरानी की जाती है।

एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) के माध्यम से सब्सिडी वाले उर्वरकों की देशभर में आवाजाही की निगरानी की जाती है। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंस आयोजित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के तहत दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों के किसानों को भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिल रहा है, जिससे उन्हें खेती में कोई कठिनाई न हो।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को सस्ते दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए और अधिक ठोस योजनाएं लाई जाएं ताकि राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में 33,700 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुनियादी ढांचे के विकास और स्थायी आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 30 मार्च को 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की विद्युत, तेल और गैस, रेल, सड़क, शिक्षा एवं आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण- की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 9,790 करोड़ रुपये से अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना के कार्य की शुरुआत करेंगे। वह पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना (डब्ल्यूआरईएस) के तहत 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



भारत के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों, वायु प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अनुरूप, प्रधानमंत्री कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसमें 200 किलोमीटर से अधिक हाई प्रेशर पाइपलाइन और 800 किलोमीटर से अधिक एमडीपीई (मीडियम डेंसिटी पॉलीइथिलीन) पाइपलाइन और 1,285 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सीएनजी डिस्पेंसिंग आउटलेट शामिल हैं। वह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की 540 किलोमीटर लंबी विशाख-रायपुर पाइपलाइन (वीआरपीएल) परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 2210 करोड़ रुपये से अधिक होगी। क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रधानमंत्री 108 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और 2,690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 111 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह मंदिर हसौद के माध्यम से अभनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। वह छत्तीसगढ़ में भारतीय रेलवे के रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। छत्तसीगढ़ में सड़क के बुनियादी ढांचे को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री एनएच-930 (37 किलोमीटर) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किलोमीटर) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एनएच-130डी (47.5 किमी) के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को 2 लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री दो प्रमुख शैक्षिक पहलों को समर्पित करेंगे जिनमें राज्य के 29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) शामिल हैं। पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत 130 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा।

नए लुक में नजर आएगी लोकल ट्रेन

31 से दो मेमू पैसेंजर ट्रेनें सुबह और शाम चलाई जाएंगी

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश की कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह रेल सेवा यात्रियों को बेहतर और सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। ये मेमू ट्रेन नए लुक में नजर आएगी।

प्रधानमंत्री द्वारा उद्धघाटन के बाद गाड़ी संख्या 08835 अभनपुर-रायपुर इनॉग्रल मेमू पैसेंजर स्पेशल आठ कोच के साथ अभनपुर से दोपहर 3.30 बजे रवाना होगी और निम्नलिखित स्टेशनों पर रुकेगी।

केंद्री- 3.38 बजे
सीबीडी- 3.52 बजे,
मंदिर हसौद- 4.10 ,
रायपुर- 0.55 बजे।

31 मार्च से शुरू होगी नियमित सेवा। अगले दिन 31 मार्च से रायपुर-अभनपुर रूट पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो मेमू पैसेंजर ट्रेनें (सुबह और शाम) चलाई जाएंगी।

स्टॉपेज

रायपुर से प्रस्थान- सुबह 9 बजे, मंदिर हसौद- 9.18 बजे, सीबीडी- 9.32 बजे, केंद्री- 9.50 बजे, अभनपुर- 10.10 बजे,

वापसी

अभनपुर से प्रस्थान-1.20 बजे केंद्री-10.28 बजे, सीबीडी-10.42 बजे, मंदिर हसौद-11बजे रायपुर- 11.45 बजे।

गाड़ी संख्या 68762/68763 रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर

रायपुर से प्रस्थान- शाम 4.20 बजे

स्टॉपेज

मंदिर हसौद 4.38 बजे, सीबीडी- 4.52 बजे, केंद्री- 5.10 बजे, अभनपुर- 5.30 बजे।

वापसी (गाड़ी संख्या 68763) अभनपुर से प्रस्थान- 6.10 बजे, केंद्री- 6.18 बजे
सीबीडी--6.32 बजे
मंदिर हसौद- 6.45 बजे
रायपुर- 7.20 बजे।

फामेश्वरी यादव बनीं छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले की 21 वर्षीय फामेश्वरी यादव ने भारतीय सेना में अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस (ङ्खस्क्क) के रूप में चयनित होकर छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह राज्य के लिए गर्व और बेटियों के आत्मबल का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फामेश्वरी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक चयन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की हिम्मत और देशभक्ति का प्रमाण है। फामेश्वरी ने यह दिखा दिया कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सफलता राज्य की अन्य युवतियों को भी प्रेरणा देगी, और उन्हें सेना व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का हौसला देगी। राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण और राष्ट्र सेवा के हर कदम में उनके साथ है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और राज्य की बेटियाँ हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

उल्लेखनीय है कि 24 मार्च, 2025 को घोषित परिणाम में चयन के बाद फामेश्वरी 01 मई, 2025 से बेंगलुरु स्थित सेना मिलिट्री पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगी। उन्हें सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा सम्मानित भी किया गया।

मुख्य सचिव और डीजीपी ने पीएम मोदी की सभा की तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा में छत्तीसगढ़ को 33,700 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन और डीजीपी अरूण देव गौतम ने आज पीएम मोदी की सभा की तैयारियों का जायजा लिया और सभा स्थल पर सुरक्षा और ट्रैफिक प्लान को लेकर अफसरों को सख्त निर्देश दिए।

सीएम विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में काम हो रहा है। खास योजना के तहत आदिवासी समुदाय को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। पीएम मोदी की विशाल जनसभा की तैयारियों में प्रशासनिक अमला जुटा है। मुख्य सचिव और डीजीपी ने कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियों का जायजा लिया। बिजली, साउंड और बैरिकेडिंग व्यवस्था की जांच की।

CMYK

गणगौर माता को कराया नगर भ्रमण

थान खम्हरिया, 28 मार्च। अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणगौर माता को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान महिलाएं गीत गाते हुए, डांस करते हुए चल रही थी।

बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। पीएचडीसीसीआई ने लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से एक दिवसीय बौद्धिक संपदा (आईपी) जागरूकता कार्यक्रम (नेशनल आईपी आउटरीच मिशन – विकसित भारत) का आयोजन 28 मार्च को आईजीकेव्ही डायरेक्टर रिसर्च सर्विसेज, आईजीकेव्ही, कृषक नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) में किया। इस कार्यशाला में डॉ. हुलास पाठक (प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर एवं सीईओ, आरकेवायव्ही, राफ्टर एग्री-बिजनेस इनक्यूबेटर, आईजीकेव्ही) एवं डॉ. अमित दुबे (वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, छत्तीसगढ़ सरकार) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के सदस्य निखिल अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) का आज के आधुनिक युग में विशेष महत्व है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ज्ञान और विचार आज के उद्योगों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और व्यापारिक रहस्य (ट्रेड सीक्रेट्स) नवाचारों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे व्यवसायियों, उद्यमियों, कलाकारों और शोधकर्ताओं को लाभ मिलता है।डॉ. हुलास पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान को साझा करना आवश्यक है, लेकिन उद्यमियों को अपने विचारों को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि क्षेत्र में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में नई कृषि उत्पादों के लिए विशाल बाजार मौजूद है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि और अन्य उत्पादों पर व्यापक शोध कर रहा है, जो इस क्षेत्र में नवाचार के अनेक अवसर प्रदान करता है।

डॉ. अमित दुबे ने कहा कि केवल शोध करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत ने विश्व स्तर पर 4 लाख से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शोध का असली प्रभाव उसके व्यावहारिक उपयोग में निहित होता है। उन्होंने यह भी बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने कंप्यूटर उद्योग में क्रांति ला दी, और आज भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के अनुप्रयोगों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नवाचारकों और उद्यमियों को सलाह दी कि वे अपने उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग स्वयं करें, क्योंकि यदि इसे किसी अन्य संस्था द्वारा किया जाता है, तो लाभ भी वही उठाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की एससीआईपीपी योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

तकनीकी सत्र में आशीष वर्मा (असिस्टेंट मैनेजर, एग्री-बिजनेस इनक्यूबेटर, आईजीकेव्ही), कुलदीप पटेल (संस्थापक एवं सीईओ, फसल बाजार), देवेश पटेल (संस्थापक, वन कप), निपुर वर्मा (संस्थापक, राइस बाउल), एवं सजल मल्होत्रा (स्टार्टअप संस्थापक, आत्मीक भारत) ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

अंत में, सुमित दुबे (रेजिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर) ने सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

रविवि के सेवानिवृत कर्मियों ने सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने डॉ. रमन सिंह से लगाई गुहार

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं वर्तमान छत्तिसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव तीर्थ राम यादव और राधे श्याम साहू के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष डा रमन सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बताया कि आपके पंद्रह वर्षो के कार्य काल में वि वि के कर्मचारियों को छठवें वेतनमान और सातवें वेतनमान के एरियर्स आदि के समस्त लाभ मिले हैं। किंतु केवल सातवें वेतनमान के पेंशन के लाभ से विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण वंचित हैं। डा रमन सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की बातें ध्यान से सुनी। विगत 1 जनवरी 2016 से वि वि के शिक्षकों और कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर शासन के आदेशानुसार वेतन और उसके सभी लाभ के साथ एरियर्स लेते हुए वि वि से सेवानिवृत्त हो रहे हैं किंतु इन सेवानिवृत कर्मचारियों का पेंशन निर्धारण शासन द्वारा छठवें वेतन मान के आधार पर किया जा रहा है।

31 दिसंबर 2015 तक विवि से सेवानिवृत हुये कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने हेतु शासन ने आदेश जारी करते हुए उसका लाभ सेवानिवृत कर्मचारियों को दे रहा है, जबकि ये कर्मचारीगण अपने सेवा काल में कभी भी एक दिन का भी वेतन सातवें वेतनमान के आधार पर नहीं लिए हैं।

प्रदीप मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षामंत्री विष्णु देव साय के साथ साथ वित्त मंत्री जी और शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को शीघ्र ही पत्र देकर मांग करेगा कि प्रदेश के सभी वि, वि, के सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन देने हेतु शीघ्र आदेश जारी किया जाए। नगर निगम रायपुर के कर्मचारियों को भी सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन मिल रहा है केवल प्रदेश के वि वि विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को वंचित रखा गया है जो कि कहीं से भी न्याय संगत नही है।

ज्ञातव्य हो कि छत्तिसगढ़ प्रदेश के सभी वि वि के सेवानिवृत समस्त कर्मचारीगण मांग करते हैं की शासन के सेवा निवृत कर्मचारियों की भाँति प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को भी सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र महापर्व में आदेश जारी किया जाए।

शिव महापुराण यज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन

थान खम्हरिया, 28 मार्च (देशबन्धु)। समीप ग्राम पलानसरी (कबीरधाम) में दिनांक 14 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामवासी, क्षेत्र वासियों के सहयोग से जनकल्याण अर्थ आयोजन रखा गया है। राम कथा व्यास आचार्य धर्मराज शास्त्री 15 ,16 , 17 अप्रैल से तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन , पश्चात 18 से 23 अप्रैल शुश्री विद्या दुबे जी चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर, श्री जगतगुरु, श्री रामानंद अचार्य स्वामी, श्री रामस्वरूपचार्य जी के कृपा पात्र शिष्या द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा।कथा स्थल पानी टंकी अटल चौक कथा का समय 3 से 7 बजे तक यज्ञ में भोजन , भंडारा की व्यवस्था रखी गई है। यह यज्ञ शिव शक्ति भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक वरदान सिद्ध होगा। सुश्री विद्या देवी जी ने भेंट वार्ता के दौरान बताया, यह आयोजन सनातन संस्कृति के संरक्षण भगवान जी की पूजा का शक्तिशाली और सर्वोच्च रूप है। जो सभी प्राणियों के कल्याण, सार्वभौमिक, शांति और समृद्धि को बढ़ाने के लिए लोक कल्याण के उद्देश्य किया जा रहा है।

धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। कवर्धा स्टेट हाइवे में गुरुवार 27 मार्च की तकरीबन 7.30 बजे के आसपास खैरागढ़ की ओर से ट्रक में धान भरकर कवर्धा की ओर जा रही थी। खैरागढ़ के साई मंदिर के पास ट्रक ड्राईवर की लापरवाही के चलते धान से भरा ट्रक मुख्य मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक क्र. सीजी 06 एचए 7258 साई मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक ड्राईवर टिकेंद्र पिता बुधराम चौहान निवासी ग्राम माटे, पोस्ट दमोह जिला बालाघाट (एमपी) ट्रक के अनियंत्रित होते ही ड्राईवर कूदने के लिए दरवाजा खोलने लगा लेकिन तब तक ट्रक पलट गई और उसका दाहिना हाथ ट्रक में बुरी तरह दब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत व बचाव का कार्य शुरू किया, क्रेन की मदद से ट्रक को उठाकर ट्रक ड्राईवर के हाथ को बाहर निकाला गया जिसके बाद तुरंत उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है। बता दे कि जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वहां पर कई दुकानें है तथा भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है। हादसे के समय वाहन रिपेयरिंग दुकान के संचालक संजय टंडन के साथ उसका एक साथी भी था, जब तक वे कुछ समझ पाते ट्रक उनकी ओर आ गया। संजय ने अपने बच्चे को छुपा लिया और अपनी पीठ ट्रक की ओर कर लिया। घटना में बच्चे को तो कोई चोट नहीं आई लेकिन संजय टंडन घायल हो गया। संजय के सिर, रीढ़ की हड्डी व पैर में चोट आई है। जिसका इलाज नगर के सिविल अस्पताल में जारी है।

- हादसे में ट्रक ड्राईवर की हाथ में आई चोट
- घंटों तक रहा यातायात बाधित, पुलिस प्रशासन ने क्रेन बुलाकर ट्रक को हटवाया

बजट के पूर्व महापौर मीनल चौबे ने महामाया मंदिर में मत्था टेका



रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी महामाया माता मंदिर में आज महापौर के रूप में निर्वाचित होने के बाद प्रथम बजट नगर निगम रायपुर में प्रस्तुत किया जाना है। इसके पूर्व महापौर श्रीमती मीनल छगन चौबे ने महामाया माता का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नवरात्रि पर्व की तैयारी का अवलोकन किया। मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि श्रीमती मीनल चौबे ने महामाया मंदिर में पूजा अर्चन कर चुनरी प्रसाद ग्रहण कर नगर निगम बजट के लिए प्रस्थान की। इस अवसर पर न्यास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण तिवारी, न्यासी शिबू बिहारी शुक्ला, ललित शुक्ला उपस्थित थे। मंदिर के आचार्य पं श्रीकांत पांडे,पं मनोज शुक्ला ने उन्हें पूजा अर्चन कर जल प्रसाद प्रदान किया।

डॉ.चेलानी का रजिस्ट्रेशन 3 महीने के लिए निलंबित

रायपुर, 28 मार्च। राजधानी रायपुर के एक नामी डॉक्टर मनोज चेलानी का रजिस्ट्रेशन तीन महीने के लिए निलंबित किया गया है।उन पर आरोप है क सोसायटी में महिला डॉक्टरों से अभद्रता की और वाट्सअप में गाली-गलौच की।इसके बाद ये पूरा मामला मेडिकल काउंसिल के पास पहुंचा। मेडिकल काउंसिल ने उन शिकायतों को सही पाया और ये देश का पहला ऐसा मामला बताया जा रहा है जिसमें वाट्सअप चैट में अभद्रता के आरोप में 3 महीने का निलंबन किया गया हो। डॉ मनोज चेलानी आयुष हॉस्पिटल के संचालक भी है। पहले निलंबन की अनुशंसा 1 महीने के लिए की गई थी, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों से चर्चा के उपरांत पंजीयन को 1 से बढ़ाकर 3 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

भंडारपुर के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

तीन दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण करेंगे उग्र आंदोलन

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। केसीजी जिला मुख्यालय के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत भंडारपुर के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय खैरागढ़ पहुंचे हुए थे। भंडारपुर के ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को गांव के बाहर से खेत खलियानों से पानी लाना पड़ा रहा है। खैरागढ़ ब्लॉक में पीने की पानी का समस्या लगातार बना हुआ है। जल स्तर निचे गिरने के कारण ग्रामीणों को गांव के बाहर बोर से पानी लाना पड रहा है। 27 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत भंडारपुर के आश्रित ग्राम बनबोड़ की शासकीय भूमि खरारा न. 265 में बोर खनन व पाइप लाईन के माध्यम से भंडारपुर में पेयजल की समस्या को निवारण करने के लिए 27 मार्च गुरुवार को बोर खनन के लिए बोर गाडी को मौके पर बुलाया गया था किन्तु ग्राम बनबोड़ के ग्रामीण गण आकर बोर खनन करने को मना कर दिए मौके पर थाना प्रभारी एवं हल्का पटवारी द्वारा समझाने की कोशिश किया गया किन्तु ग्राम बनबोड़ के लोगों द्वारा धमकी दिया गया कि भंडारपुर में पानी का एक बूंद भी नहीं दिया जायेगा, जबकि पंचायत द्वारा शासकीय स्थान पर कम्प्युटर द्वारा पानी चेक कराने पर प्रर्याप्त मात्रा में जल स्तर बताया गया है। 28 मार्च को बड़ी संख्या में भंडारपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है। और कहा कि उक्त स्थान पर शासन अपनी स्वयं की उपस्थित्ति में बोर खनन करवाने का काम करें उक्त स्थान पर तीन दिवस के भीतर बोर खनन नहीं हुआ तो भंडारपुर के ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसका जिम्मेदार पूरा प्रशासन होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणगण मौजूद रहे।

केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैए के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, झूमाझटकी के बीच भाजपा सरकार का पुतला दहन

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की कथित तानाशाही और विपक्ष के खिलाफ हो रही प्रतिशोधात्मक कार्रवाइयों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने नगर के आंबेडकर चौक खैरागढ़ में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली लेकिन कांग्रेसी अंततः पुतला दहन करने में सफल रहे। कांग्रेस ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए इसे भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता का परिणाम बताया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और अन्य नेताओं के ठिकानों पर हुई सीबीआई छापेमारी सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध है जिसका मकसद विपक्षी दलों को कमजोर करना और जनता की आवाज को दबाना है।

लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश नाकाम होगी : संदीप सिरमौर

जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप सिरमौर ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को तहस-नहस कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को डराने और झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यदि यह दमनकारी नीतियाँ जारी रहीं तो आंदोलन और तेज होगा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार अपनी अलोकतांत्रिक हरकतों से बाज नहीं आई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी। यह सिर्फ एक चेतावनी है, अगर लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला जारी रहा, तो संघर्ष और व्यापक होगा। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को सिर्फ नाम मात्र का बनाकर तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है। सीबीआई और ईडी को सिर्फ उन राज्यों में सक्रिय किया जा रहा है, जहाँ भाजपा सत्ता में नहीं है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में बड़े घोटालों पर चुप्पी साधी जाती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं को गुलाम बनाकर लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने में लगी है।

भारत माता युवा मंच के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष की शोभायात्रा कल

■ नागपुर का धमाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा शोभा यात्रा में

थान खम्हरिया, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर 30 मार्च को 2025 दिन रविवार को विविध कार्यक्रम आयोजित है। दोपहर 4:00 बजे विशाल शोभायात्रा बेमेतरा रोड से प्रारंभ होकर, विभिन्न मार्गो से होते हुए, भारत माता चौक, जयस्तंभ चौक, दाऊ चौरा, त्रिमूर्ति चौक, शुभम मोटर्स होते हुए, अपने स्थल में पहुंचेगी। शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर जहां युवाओं की टीम जी जान से जुटी हुई है। वही नगर के विभिन्न संस्था, समाज और संगठन ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा का स्वागत कर उसका साक्षी बनने के लिए आतुर हैं। इस बार शोभा यात्रा में हिंदुत्व संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले महाराष्ट्र के ढोल, पातक का विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। नगर वासियों को देखने का अवसर प्राप्त प्राप्त होगा। प्रभु श्री राम जी की भव्य प्रतिमा मुख्य आकर्षण होगा। आयोजक समिति ने नववर्ष मनाते हुए, घर-घर भगवा ध्वज फहराने, घर के प्रवेश द्वार पर तोरण लगाने, गोबर से लिप कर रंगोली बनाने की अपील की। नव वर्ष का प्रथम दिवस उत्साह के साथ मनाते हुए, एक दूसरे को शुभकामनाएं बधाई व आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। इस दिन संध्या के समय दीपक जलाकर, सहपरिवार मंदिर देव दर्शन जाने की बात कही है। इस आयोजन के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होगी। जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिबद्ध प्रतिपदा से प्रारंभ होता है।

नगर के दैवीय मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू

सिमगा, 28 मार्च। बासंती चैत्र नवरात्रि का पर्व 30, मार्च से शुरू हो रही है जो 6 अप्रैल तक अर्थात आठ दिनों तक चलेगी। चैत्र नवरात्रि के लिए नगर के सभी देवी मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। दैविय मंदिरों का रंग रोगन, लाइटिंग, ज्योति कलश कक्ष की सफाई के सांथ ही उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के मां कंकालिन मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां माहेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना हेतु रसीद काटी जा रही है। 29 मार्च शनिवार की शाम 4,33बजे प्रतिपदा प्रारंभ हो जावेगी जो रविवार 30,मार्च को दोपहर 2 .15 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के कारण 30 मार्च को ही चैत्र नवरात्रि की कलश स्थापना होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चैत्र नवरात्रि पर विभिन्न पुण्य कारी शुभ संयोग बन रहे हैं।

राजा राव पठार में जमीन धोखाधड़ी मामले में आदिवासी समाज का आंदोलन शुरू

गुरुर, 28 मार्च (देशबंधु)। ब्लॉक में भोले भाले आदिवासी किसानों की जमीन को गलत तरीके से सामान्य वर्ग के व्यक्ति के नाम पर ट्रांसफर करवाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी होने के बाद मामले में कार्रवाई को लेकर पीड़ित किसान एवं आदिवासी समाज अब नेशनल हाईवे 30 में स्थित राजा राव पठार ग्राम कर्रेझर में अपना आंदोलन शुरू कर चुके हैं। आज शुक्रवार को भी आदिवासी किसान एवं समाज के पदाधिकारी आंदोलन में शामिल हुए। धरना प्रदर्शन स्थल से आज शुक्रवार की शाम 6:00 बजे जानकारी मुताबिक 16 आदिवासी किसानों की 52 एकड़ जमीन को हड़पी जा रही है, जिसके विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। सर्व आदिवासी समाज ने भी कलेक्टर से शिकायत की है। आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा एक सप्ताह के भीतर जमीन विवाद पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

ग्राम खौली में शराब दुकान खोलने प्रस्ताव न देने पर बर्खास्तगी की धमकी से मचा बवाल

ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। आसन्न आबकारी सत्र से ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने पर आमादा प्रशासन ग्रामीणों व पंचायत की मनाही के बाद अब धमकी - चमकी पर उतर आया है। पंचायत द्वारा प्रस्ताव न देने पर एक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर बर्खास्तगी की ? धमकी की जानकारी मिलते ही ग्राम में बवाल मच गया है। आनन - फानन में गुरुवार की सुबह ग्रामीण सभा की एक बैठक आहूत कर इसकी निंदा करते हुये किसी भी हालत में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे किसी के भी दबाव में न आये और फिर दबाव डालने की स्थिति में इसका उल्लेख करते हुये मुख्यमंत्री को अपना स्तीफा सौंप दें।

इधर इस घटनाक्रम से बौखलाये ग्रामीणों ने आनन-फानन में एक ज्ञापन तैयार कर व पूर्व में पंचायत द्वारा शराब दूकान खोलने की अनुमति न देने संबंधी आवेदन को इस ज्ञापन के साथ संलग्न कर एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जिलाधीश को ? सौंपा है। इसकी प्रति क्षेत्रीय विधायक व ? सांसद रहे पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित वर्तमान क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर लाल उमेद सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा व कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग को सौंप पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है। अनुचित दबाव व ? धमकी देकर पंचायत प्रस्ताव लेने की कोशिश की निंदा करते हुये बिना विधिवत पंचायत प्रस्ताव के शराब दूकान खोलने पर आंदोलनात्मक रुख अपनाने के प्रति आगाह किया है। प्रतिनिधि मंडल में ग्राम प्रमुख नारायण चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, गयाराम चंद्राकर, शोभाराम चंद्राकर, जयप्रकाश चंद्राकर व जयराम साहू आदि शामिल थे।

केंद्र के समान 5 फीसदी डीआर एरियर सहित देने की मांग

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आज केंद्र सरकार द्वारा जनवरी से 2 फीसदी प्रतिशत डीए डीआर देने की कैबिनेट निर्णय का स्वागत किया है।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य में पेंशनरों को भी केंद्र के समान केन्द्र के देय तिथि से क्रमश: जुलाई 24 से बकाया 3 फीसदी तथा जनवरी 25 से 2 फीसदी एरियर सहित कुल 5 प्रतिशत डीआर देने के आदेश जारी कर मोदी की गारंटी को पूरा करने मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश नेता क्रमश: वीरेन्द्र नामदेव, जे पी मिश्रा, द्रोपदी यादव, पूरन सिंह पटेल, अनिल गोल्हानी, बी एस दसमेर, प्रदेश में विभिन्न जिलों के नेताओ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस मामले को संज्ञान में लेकर जनहित में त्वरित कार्यवाही धारा 49 को विलोपित करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा में शासकीय संकल्प लाकर पारित करने हेतु जरूरी कार्यवाही करने की मांग की है। ताकि राज्य में बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सके और जीवन पड़ाव में विगत 24 वर्ष से हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

बूढ़ातालाब से चौपाटी हटाने सोमवार को धरना

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि दानी गर्ल्स स्कूल - डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग पर लगातार निर्माणाधीन चौपाटी को हटाए जाने की मांग को लेकर 31 मार्च सोमवार को निर्माण स्थल पर ही नागरिकों के साथ धरना देंगे। निर्माण स्थल पर धरना जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए दिया जाएगा।

ध्यान आकर्षण हेतु निर्माण स्थल पर देंगे धरना : डेग्वेकर

सत्यमेव जयते फाउंडेशन के कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि चौपाटी निर्माण के खिलाफ पिछले 20 वर्षों में अनेक आंदोलन हुए हैं। 2018 में इस चौपाटी का निर्माण विरोध के बाद रोका गया था, 2020 में नगर निगम ने इस पूरे प्रोजेक्ट को ही रद्द कर दिया था। नई सरकार बनते ही कोर्ट के आदेश का हवाला देकर मुंबई की तथाकथित कंपनी के अदृश्य कर्ता धर्ताओं ने अचानक चौपाटी के निर्माण का कार्य तेजी से प्रारंभ किया है। चौपाटी निर्माण रोकने के लिए फाउंडेशन के साथियों ने महापौर जी से मुलाकात की थी, उसके बाद महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने स्थल निरीक्षण किया और इस पर नाराजगी भी जताई थी। जानकारी के अनुसार उन्होंने तत्काल काम बंद करने के लिए भी कहा था परंतु बड़े लोगों के संरक्षण में बन रही इस चौपाटी का काम महापौर और अफसरों की नाराजगी के बावजूद भी नहीं रोका गया है।

डॉ अजीत डेग्वेकर ने बताया कि एमपी प्राइवेट लिमिटेड मुंबई की इस कंपनी को पर्यटन विभाग जो खुद निगम का किराएदार था उसने लीज पर दिया है। लीज की शर्तों के अनुरूप जो कार्य होने हैं इसमें विरोध के बावजूद चौपाटी निर्माण को स्वीकृति दी गई है और कंपनी के कर्ताधर्ता तालाब की सफाई, तालाब के सौंदरीकरण, तालाब में एडवेंचर स्पोर्ट्स, गार्डन के उन्नयन इन सब कामों को छोड़कर केवल और केवल चौपाटी निर्माण में लगे हैं। हर की पौड़ी ग्रुप के दीपक शर्मा ने कहा कि चौपाटी में शराब पर परोसने की अनुमति दी गई है। चौपाटी ही हमारी बेटियों के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा का खतरा है पर चौपाटी में बार खुल जाना तो एक तरह से दानी गर्ल्स स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के आवागमन के रास्ते को घोषित तौर पर बंद करने की तरह का कार्य है, इससे मोहल्ले की शांति भी भंग होगी।

सत्यमेव जयते फाउंडेशन, बुढ़ापारा के नागरिक, मॉर्निंग वॉक ग्रुप हर की पौड़ी द्वारा 31 मार्च, सोमवार को चौपाटी निर्माण स्थल में ही परिक्रमा पथ में योग करने वाले, सुबह-शाम भ्रमण करने वाले और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर धरना दिया जाएगा।

भाजपा बताए, क्या सौगातें मोदी तुष्टीकरण नहीं है : कांग्रेस

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मुस्लिमों को सौगाते मोदी के नाम से खजूर, सेवई आदि सामग्री दिये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा बताये क्या मुस्लिमों को दी जाने वाली यह सामग्री तुष्टीकरण नहीं है। यदि सामाजिक समरता के लिये यहीं काम कांग्रेस करती है तो भाजपा उसे तुष्टीकरण का नाम देती है। यदि विपक्ष का कोई नेता इफ्तार दावत देता है तो भाजपाई हाय तौबा मनाते है तथा उसे तुष्टीकरण का नाम देते है। अंततः भाजपा को सामाजिक सौहार्दय देर में समझ आया।

श्री शुक्ला ने कहा कि देश के मुस्लिमों को ईद के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी से खैरात नहीं चाहिये। मुस्लिमों को भाजपा और मोदी कुछ देना ही चाहते है तो उनको देश में समता और बराबरी का दर्जा दे, जो उनका अधिकार है। मुस्लिम इस देश के नागरिक है। देश का संविधान उनको समता और बराबरी का अधिकार देता है। भाजपा का मुस्लिम प्रेम बिहार चुनाव को सामने देखकर उमड़ा है। बिहार में अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिये भाजपा सौगाते मोदी का वितरण कर रही है। कांग्रेस ने सवाल पूछा कि क्या सौगाते मोदी के वितरण के साथ ही भाजपा मुस्लिमों के प्रति अपने दुर्भावना पूर्ण रवैय्ये में भी परिर्वतन करेंगी ?

एक खिलाड़ी एक अच्छा पुलिस वाला होता है : लाल उम्मेद सिंह

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। अमरेश कुमार मिश्रा भा प से पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र रायपुर के मार्गनिर्देशन में डा. लालउमेद सिंह उमनि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर की गरिमामय उपस्थिति में रायपुर रेंज का अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025 का समापन समारोह पुलिस लाईन रायपुर के परेड ग्राउण्ड में संपन्न हुआ। पांचो जिले के खिलाड़ी प्रतिभागियों द्वारा बैण्ड के धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया इस आकर्षक मार्च पास्ट का दर्शक दीर्घा में बैठे पुलिस के जवानों गणमान्य नागरिकों ने अपनी करतल ध्वनि से ताली बजाकर स्वागत् किया। प्रतियोगिता में जिला. रायपुर धमतरी गरियाबंद महासमुंद एवं बलौदाबाजार के पुरुष एवं महिला 204 खिलाड़ियों द्वारा फुटबॉल व्हॉलीबॉल हेण्डबॉल बास्केटबॉल कबड्डी जूडो बुशू एथलेटिक्स आदि खेलों में सम्मिलित होकर अपनी खेलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। वही जिला खेल एवं शिक्षा विभाग के पी टी आई के सहयोग से खेल नियमों के आधार पर इस आयोजन को निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराया गया है। उमनि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यद्यपि जिला पुलिस बल का दायित्व राज्य में आंतरिक सुरक्षा बनाये रखना तथा लगातार व्ही व्ही आई पी व्ही आइ पी सुरक्षा व्यवस्था में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है कर्तव्यों के निर्वहन करते हुये अपने खेल प्रतिभा को निखारने का जो भी अवसर मिल पाता है तैनाती स्थल पर उपलब्ध संसाधनों से अभ्यास कर प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर खेल प्रतिभागियो द्वारा अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। इस प्रतियोगिता के आयोजन के दायित्व को दिये जाने हेतु पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी जिलों से आये खिलाड़ियोंए निर्णायकों आयोजन में सम्मिलित पुलिस अधिकारियोंए मीडिया तथा पत्रकार बंधुओं को भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आगे चलकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस विभाग तथा छत्तीसगढ़ पुलिस का नाम गौरवान्वित करेगें। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग का खिलाड़ी अपने कर्तव्यों के पश्चात् समय निकालकर अभ्यास कर अपने प्रतिभा को दिखा रहे है यह प्रशंसनीय है एक खिलाड़ी एक अच्छा पुलिस वाला भी होता हैए जो दिये गये सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निर्वहन करता है। मुख्य अतिथि के ऊर्जा से ओत प्रोत शब्दों से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास एवं उत्साह बढ़ता दिख रहा था। प्रतिभागी कुछ. कुछ समय के अन्तराल में करतल ध्वनि से मुख्य अतिथि के कहे गये शब्दों को अपनी सहमति दे रहे थे।इसके पश्चात छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुडा रस्सा कसी ;महिला का फायनल मैच रायपुर एवं महासमुंद के बीच खेला गया जिसमें रायपुर की टीम 2.0 विजयी रहीं। रस्सा कसी पुरुष का फायनल मैच गरियाबंद एवं महासमुंद के बीच खेला गया जिसमें रायपुर की टीम 2.1 से विजयी रही। मैच के दौरान दर्शक प्रतिभागी उपस्थित गणमान्य नागरिक सभी में अत्यंत उत्साह दिखाए।

रायपुर रेंज अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

फेमस बनने चला था, कटवा बैठा चालान

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। यातायात पुलिस रायपुर ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर नवा रायपुर में स्टंट और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले चालक पर सख्त कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि नवा रायपुर क्षेत्र में लगे कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है जिससे स्पीड बाइकर्स की पहचान कर उनके खिलाफई. चालान जारी किया जा रहा है

सोशल मीडिया वीडियो के आधार पर कार्रवाई

27 मार्च 2025 को एक वायरल वीडियो सामने आयाए जिसमें दोपहिया वाहन सीडी डीलक्स का चालक सड़क पर खतरनाक स्टंट कर रहा था् वीडियो में युवक को सांप की चाल की तरह बाइक चलाने और लेटकर वाहन चलाने के दृश्य दिखे वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन स्वामी खेलू विश्वकर्मा ;निवासी ग्राम पलौद मंदिर हसौद रायपुर को नोटिस भेजकर तलब किया

स्टंटबाजी करने वाले युवक पर पुलिस ने ठोका जुर्माना

जांच में पता चला कि वाहन चला रहा युवक मोहन विश्वकर्मा 19 वर्ष वाहन स्वामी का भतीजा था जो बिना अनुमति के बाइक लेकर नवा रायपुर की सड़कों पर निकल गया था जांच में पाया गया कि चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थ वाहन का बीमा नहीं था और वाहन स्वामी ने बिना लाइसेंस के व्यक्ति को गाड़ी सौंप दी थी

6000 रुपये का जुर्माना सख्त चेतावनी: मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पुलिस ने वाहन चालक और स्वामी के खिलाफधारा 184, 3,181, धारा 5,180, धारा 146,196 कार्रवाई की गई् इसके तहत 6000 रुपये का जुर्माना लगाया गया और दोनों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न करें

नवा रायपुर में स्टंटबाजों पर कड़ी निगरानी: पुलिस ने बताया कि नवा रायपुर में स्टंट करने और रील बनाने वाले बाइकर्स पर सख्त नजर रखी जा रही है अक्सर युवा सोशल मीडिया पर स्टंट वीडियो डालकर दूसरों को प्रेरित करते ह जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। कई अभिभावक भी बच्चों की जिद के आगे मजबूर होकर स्पीड बाइक खरीदकर दे देते हैं जो खतरनाक साबित हो सकता है। कैमरों की मदद से पुलिस रोजाना ऐसे बाइकर्स का ई. चालान जारी कर रही है वर्ष 2025 के पहले तीन महीनों में 135 से अधिक चालान स्पीड बाइकर्स पर किए जा चुके हैं।

सीजीएमएससी घोटाले में एमडी, जीएम सहित 5 आरोपियों की रिमांड बढ़ी

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सीजीएमएससी घोटाला मामले में ईओडब्लूकी रिमांड पर चल रहे 5 आरोपियों को शुक्रवार को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान ईओडब्लू के वकील ने पांचों आरोपियों की रिमांड बढ़ाने की मांग की। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के लिए कोर्ट ने सभी आरोपियों को 3 अप्रैल तक कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया है। ंकि 22 मार्च को ईओडब्लू ने वसंत कौशिक महाप्रबंधक डॉ अनिल परसाई डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ डिपार्टमेंट शिरौंद्र रावटिया कमलकांत पाटनवार और दीपक बांधे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। और 28 मार्च तक पांचों आरोपी 7 दिनों के लिए ईओडब्लू रिमांड पर सौंपा था। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस रिमांड के दौरान ईओडब्लू के अधिकारी पांचों आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। इन अफसरों पर आरोप है कि इन्होंने 8 रुपए का ट्यूब 2,352 में और 5 लाख की मशीन 17 लाख में खरीदी थी। दरअसलसीजीएमएससी घोटाले में अधिकारियों और कारोबारियों ने सरकार को 411 करोड़ रुपए का कर्जदार बना दिया। आई एएस आईएफएस समेत अफसरों ने मिलीभगत कर सिर्फ27 दिनों में 750 करोड़ रुपए की खरीदी कर ली। इस केस में मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा ईओडब्लू की रिमांड पर हैं। सीजीएमएससी के अधिकारीए मोक्षित कॉर्पोरेशन, रिकॉर्ड्स और मेडिकेयर सिस्टम शारदा इंडस्ट्रीज और सीबी कॉर्पोरेशन ने 8 रुपए में मिलने वाला ट्यूब 2,352 रुपए और 5 लाख वाली सीबीएस मशीन 17 लाख में खरीदी। मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने 300 करोड़ रुपए के रीएजेंट भी खरीदा।

3 अप्रैल तक ईओडब्लू की कस्टडी में रहेंगे

10 साल से फरार महिला यूपी में गिरफ्तार

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। 10 साल से फरार चल रही बिनीता शर्मा को रायपुर पुलिस ने गाजियाबाद उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है आरोपिया अपने पति के साथ मिलकर आदिवासी बच्चों से जबरन घरेलू काम कराने के अपराध में संलिप्त थी बिनीता शर्मा के पति सतीश शर्मा उर्फ क्षितिज को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी और वर्ष 2022 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी लेकिन उसकी पत्नी फरार थी जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी

अदिवासी बच्चों से करवाती थी काम

कैसे करती थी आदिवासी बच्चों का शोषण : आरोपी दंपति कबीर नगर फेस.4ए रायपुर में रहते थे दंपति बस्तर मित्र फाउंडेशन के नाम से एक फर्जी संस्था बना रखी थी

इस फर्जी संस्था की आड़ में उन्होंने जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत तीन आदिवासी बच्चों को उच्च शिक्षा के बहाने अपने घर बुलाया लेकिन शिक्षा दिलाने के बजाय बच्चों से झाड़ू. पोछा बर्तन धोना गाड़ी साफकरना हाथ. पैर दबवाना जैसे घरेलू काम करवाए जाते थे बच्चों को परिवार से बात करने तक की अनुमति नहीं दी जाती थी

थाना कबीर नगर में था मामला दर्ज : इस मामले में थाना कबीर नगर में मामला दर्ज किया गया था पुलिस टीम ने गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर फरार चल रही बिनीता शर्मा को गिरफ्तार किया इस ऑपरेशन में नगर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा थाना कबीर नगर के सहायक उप निरीक्षक घनश्याम साहू महिला आरक्षक शारदा धुव्र एवं कंचन लता खालको और आरक्षक राधेश्याम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जागरुकता की कमी व देर रात तक जगने से बढ़ रहे थायरॉइड के मरीज

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। सामान्यत- थायरॉइड होने पर घबराहट, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, हाथों का काँपना, अधिक पसीना आना, दिल की धड़कन बढना, बालों का पतला होना एवं झडना, मांसपेशियों में कमजोरी एवं दर्द रहना जैसी परेशानियां होती हैं लेकिन लोगों में इसकी जागरुकता की कमी होना और देर रात तक जागने के कारण थायरॉइड के मरीज बढ़ रहे है। पूरे भारत मं 4.2 करोड़ लोग इससे पीड़ित हैं जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 80 है और 20 प्रतिशत पुरुष शामिल है। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान इसकी संभावना बढ़ जाती है। लोगों को इसकी जानकारी हो इसके लिए 30 मार्च को गीतानगर चौबे में स्थित एक निजी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर में सुबह 7 बजे से शाम को 7 बजे तक निःशुल्क जांच, परामर्श एवं जानकारी दी जानकारी। इस जांच शिविर को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया जाएगा। थायरॉइड की समस्या को सरल बनाने हेतु थायरॉइड कारण और निदान हेतु देश की प्रथम हिंदी पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

रविवार को सुबह 7 बजे चौबे कॉलोनी में नि:शुल्क थायरॉइड जाँच शिविर का आयोजन

आयोजक डा. तरुण मिश्रा, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रदेश हेड सोनल राजेश शर्मा व राजेश शर्मा ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि अभी तक इस शिविर में शामिल होने के लिए 7 हजार लोगों ने पंजीयन करा चुके है और है। उनका लक्ष्य है कि इस शिविर में 1000 थायरॉइड मरीजों की निःशुल्क जांच, परामर्श एवं जानकारी लेने लोग यहां पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि थायरॉइड मुख्यत दो प्रकार की होती है जिसमें हाइपोथायरायडिज्म = थायरॉइड ग्रंथि द्वारा पर्याप्त थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन न होना और दूसरा हाइपरथायरायडिज्म = थायरॉइड ग्रंथि द्वारा बहुत अधिक थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन होना।

नि:शुल्क स्वास्थ शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर, अमलीडीह द्वारा अमलीडीह स्थित एस एस एस डी धाम मे नि:शुल्क स्वाथ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की इस शिविर में क्षेत्र के रहवासियों ने बढ़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाया।इस आयोजन में डॉक्टरों ने अपना योगदान दिया।कुकरेजा ने बताया कि इसके साथ ही पंचायत ने रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। शिविर में खास बात ये रही की महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर नारी शक्ति का संदेश दिया।कुकरेजा ने बताया की आयोजन में रक्तदाताओं को कुलदेवी माता हिंगलाज माता की दुर्लभ प्रतिमा दी गई।इस आशीर्वाद को दुर्गा मंदिर लिली चौक के साईंजी सतगुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के द्वारा दिया गया जो की पूर्ण रूप से नि:शुल्क था।इस आयोजन मे मुख्य रूप से जी.एस गेहानी, डी. प्रेम मूलचंदानी, अमर चंदनानी, सुनील बत्रा, प्रेम सोनी, संजय जयसिंघानी, गोपी कुकरेजा, कपिल गेहानी, राकेश माटा, चिराग जयसिंघानी, यश नागवानी, दर्शिल बसंतवानी आदि उपस्थित थे।

नशीली दवा का देशभर में ऑनलाइन नेटवर्क

रायपुर, 28 मार्च (देशबन्धु)। अवैध रूप से नशीली दवाई बिक्री करने वाले आरोपी भुनेश्वर साहू उर्फ राजा निवासी ग्राम नवागांव थाना मगरलोड जिला बमतरी को 90 नशीली टेबलेट के साथ को गिरफ्तार कर आरोपी के धारा 22 ;ख नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी भुनेश्वर साहू से पुछताछ के दौरान बताया की आरोपी लक्की कुमार कुमार विहार के द्वारा नशीली टेबलेट पहुंचाई जाती थी। आरोपी लक्की कुमार को दिगर प्रांत विहार जाकर पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसमें आरोपी द्वारा यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम में अपना मोबाइल नम्बर शेयर कर के रखा हुआ था। जिसको भी जरूरत होती थी वह मोबाइल नम्बर से संपर्क कर के नशीली टेबलेट लक्की कुमार से खरीद लेता था। लक्की कुमार द्वारा आरोपी भुनेश्वर साहू धमतरी को कुरियर के माध्यम से छत्तीसगढ़ में नशीली टेबलेट पहुंचाना बताया गया। प्रकरण में संलिप्तता पाये जाने एवं अवैध रूप से धन अर्जित करने के इस कृत्य पर आरोपी लक्की कुमार के विरूद्ध धारा 22 ;ख 29 एन.डी.पी.एस गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी लक्की कुमार से पुछताछ करने के दौरान प्राप्त जानकारी और मोबाइल नम्बर के आधार पर स्पेशल टीम की मदद से अन्य नशीली टेबलेट सप्लायर जो छत्तीसगढ़ के दिगर जिलों में भी नशीली टेबलेट सप्लाई करते थे उन पर लगातार नजर रखी जा रही थी।

गिरोह का पर्दाफाश

प्राप्त जानकारी के आधार पर ज्ञात हुआ की रायपुर निवासी आरोपी निखिल फुले भी कुरियर के माध्यम बिहार के लक्की कुमार से नशीली टेबलेट मंगवाता था। इस लिए रायपुर निवासी निखिल फुल के उपर नजर रखी जा रही थी। साइबर सेल एवं मुखबीर से बताए गये हुलिया के आधार पर आरोपी पीयूष गोस्वामी निवासी खरियार रोड को समक्ष गवाहन के 240 नग नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया। जो आरोपी पीयूष गोस्वामी के निशानदेही व पुछताछ के दौरान बताया की पीयूष गोस्वामी को आरोपी निलिख फुले रायपुर के द्वारा नशीली टेबलेट खपाने के लिए राजिम बुलाया हुआ था।

उल्टा पुल्टा

शराबी दरवाजे पे दस्तक देता है? उसकी बीवी दरवाजा खोलती है ।
शराबी-कौन हैं आप?
बीवी- मुझे भूल गए।
शराबी - नशा हर गम को भुला देता है बहन।

महापौर बाघमार ने प्रस्तुत किया 5 सौ 19 करोड़ 52 लाख का बजट

कोई नया कर, शुल्क में वृद्धि नहीं, विकास एवं जनसुविधाओं पर फोकस, इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग, महिलाओं के नाम पर संपत्ति होने पर संपत्ति कर में 25 फीसदी छूट

दुर्ग, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग का वर्ष 25-26 के लिये भाजपा महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट सर्वसम्मति के पारित किया गया । पांच वर्षो के अंतराल के बाद एक बार फिर सत्ता पर लौटी भाजपा सरकार की पहली सामान्य सभा का दृश्य पूरा तरह बदला नजर आ रहा था। भाजपा महापौर सहित 40 पार्षदों के साथ पूरी तरह छायी रही। बजट में अनुमानित आय 5.19 करोड़ 52 लाख 25 हजार रूपये अनुमानत व्यय 519 करोड़ 20 हजार रूपये दर्शाया गया है। इस तरह प्रस्तुत बजट में कुल 4 लाख 95 हजार रूपये घाटे का अनुमनान है। प्रस्तुत बजट में महापौर अलका बाघमार ने महिलाओं को विशेष उपहार देते हुए महिलाओं के नाम से भूमि भवनों व संपत्ति कर की राशि में 25 प्रतिशत की छूट दी है। छात्राओं के लिये सेनेटरी नेपकीन मशीन लगाने पिंक टायलेट का निर्माण करने, महिलाओं के लिये बर्तन बैंक की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रस्तुत बजट में इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने, आयुर्वेदिक पार्क महापौर मार्ट सिटी एप योजना शुरू करने तथा महापौर सम्मान निधि की घोषणा अपने बजट भाषण में की है। नगर निगम सभापति श्याम शर्मा की अध्यक्षता में लगभग 5 घंटे नोकझोंक के अलावा पूरी सामान्य सभा शांति और सौहार्दता के साथ संपन्न हुई।

आज सुबह 11 बजे नगर निगम की विशेष सामान्य सभा स्व.मोतीलाल वोरा सभागृह में प्रारंभ हुई। प्रारंभिक औपचारिकताओं के बाद महापौर ने अपना बजट भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये समस्त स्त्रोतों एवं ऋण अनुदान से प्राप्ति के रूप में 5 अरब 19 करोड़ 52 लाख का प्रावधान के साथ ही अनुमानित प्रारंभिक शेष 1 अरब 28 करोड़ 8 लाख इस तरह कुल 6 अरब 47 करोड़ 61 लाख रूपये की आय व विभिन्न मदों में 5 अरब 19 करोड़ 57 लाख रूपये एवं अंतिम शेष वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये कुल 647.61 करोड़ का बजट अनुमानित किया गया है। इस प्रकार प्रस्तुत बजट में कुल 4.95 लाख हानि का बजट महापौर ने प्रस्तुत किया ।

पुराने ढर्रे के बजट को दरकिनार किया : महापौर श्रीमती बाघमार ने अपने बजट में शहर के लिये कुछ नया करने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा इसके लिये उन्होंने नई परिकल्पना के तहत दुर्ग शहर के सभी वर्गो, व्यापारियों, पत्रकारों जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नागरिकों से सुझाव लेकर बजट का खाका तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तुत करना उनके महज एक औपचारिकता नहीं बल्कि दुर्ग शहर में नागरिकों के सभी वर्गो की भावनाओं के अनुरूप विकास को गति और सुविधा प्रदान करना है।

बजट में नये संकल्प : महापौर श्रीमती बाघमार ने बजट प्रस्तुत करते हुए जो नई घोषणाएं की है उनमें सबसे ज्यादा प्रभावी घोषणा महिलाओं के लिये है जिनके नाम दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में संपत्ति मकान है इन महिलाओं को संपत्ति कर की राशि में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इसी तरह दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के स्कूलों व कालेजों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिये सेनेटरी नेपकीन मशीन का प्रावधान रखा गया है। ताकि किसी विशेष परिस्थिति में छात्राओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने शहर के प्रमुख चौक चौराहों तथा धार्मिक स्थल के आसपास महिलाओं के लिये पिंक टायलेट का निर्माण महतारी वंदन के अंतर्गत 10 महिलाओं का समूह बनाकर इस समूह को 2 से 3 लाख के बर्तन खरीदी हेतु ऋण सुविधा उपलब्ध करायेगी। इस तरह बर्तन बैंक से महिलाएं अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेगी।

महापौर अलका बाघमार ने दुर्ग शहर के इंदिरा मार्केट एवं पुराने जिला आयुर्वेदिक औषधालय स्थल में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करने, नगर निगम क्षेत्र में स्थित उद्यानों को आयुर्वेदिक गार्डन के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। ऐसे गार्डन में औषधीय महत्व के वृक्षों का रोपण कर उन्हें विकसित किया जायेगा। महापौर ने अपने बजट में महापौर माई सिटी एप योजना के अंतर्गत नगर निगम व शासन की योजनाओं की जानकारी आमजनता के इस एप के माध्यम से घर बैठे जानकारी देने और इस एप से निगम के करों का भुगतान भी ऑनलाईन सुविधा देने की जानकारी दी। इसी तरह महापौर श्रीमती बाघमार ने महापौर सम्मान निधि योजना की घोषणा की है।

इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप 1 लाख रूपयें दिये जायेगें।

वोरा जी का सम्मान का ध्यान रखें - कोहले

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने अपने भाषण की शुरूआत ही इस ताकीद से की जिस सभा भवन का नामकरण विधिवत रूप से श्रद्धेय मोतीलाल वोरा सभा भवन रखा गया है उस भवन में नगर निगम की बैठक हो रही है। बैठक के जारी परिपत्र में इस भवन का पूरा नाम नहीं लिखा गया है। यह अपमान जनक है। भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जायें। उन्होंने प्रस्तुत बजट को आननफानन में प्रस्तुत किया गया बजट बताया।

उन्होंने शासन द्वारा नगर निगम की सामान्य सभा के लिये निर्धारित मापदंड का पालन न करते हुए बैठक में प्रश्नकाल की व्यवस्था नहीं किये जाने का मामला उठाया। उन्होंने बजट को झूठ का पुलंदा बताया। महिलाओं को संपत्ति कर में 25 प्रतिशत रियायत देने को भी अतिशयोक्ति पूर्ण घोषणा बताया। निर्दलीय पार्षद अजीत वैद्य ने स्पैरो कंपनी द्वारा जो अतिरिक्त राशि वसूली गई है उसे वसूल कर कंपनी के विरूद्ध एफआईआर कराने की मांग की। प्रकाश गीते ने कबड्डी के लिये महापौर ट्राफी का प्रावधान बताया।

बैठक को पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा ने महापौर अलका बाघमार के पदभार ग्रहण करते ही सक्रिय होने की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य शहर का विकास होना चाहिए। बैठक को साजन जोसेफ, दीपक साहू, काशीराम कोसरे, अश्वनी निषाद, सविता साहू, ने भी संबोधित किया। सभी ने अपने अपने वार्डो की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके त्वरित समाधान का आग्रह महापौर से किया। वक्ताओं ने कसारीडीह एवं पोटिया नाले को भी विशेष सफाई अभियान में शामिल करने पर जोर दिया।

सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों द्वारा दिये गये सुझावों की व्याख्या की। उन्होंने विशेष रूप से मुक्तिधाम मार्ग को संधारण का सुझाव दिया। इस पर महापौर ने घोषणा की कि मार्ग निर्माण में हुए टेक्निकल फाल्ट की जांच कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में ठेकेदार की गलती होगी तो उसे ब्लेक लिस्टेड किया जायेगा।

सभी को सुनने के बाद वित्त लेखा अंकेक्षण प्रभारी नरेन्द्र बंजारे ने बजट को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की। इस पर पहले तो नेता प्रतिपक्ष ने विरोध दर्शाते हुए कहा कि हमारे सुझाव को नहीं मानते है तो बहुमत से बजट पारित करा लें हमारा विरोध रहेगा। इस पर सभापति श्याम शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे गैरंटी लेते है कि नेता प्रतिपक्ष तथा पार्षदों के जो भी सुझाव आये है उन पर अमल करते हुए कार्य किये जायेगें। इस पर श्री कोहले ने भी सहमति दे दी और बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

आज की बैठक में एमआईसी के प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, मनीष साहू, देवनारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, काशीराम कोसरे, हर्षिका संभव जैन, शशि बाई साहू, निर्दलीय पार्षदों में अजीत वैद्य, प्रकाश गीते, जीतू महोबिया, प्रतिभा गुप्ता, तथा भाजपा पार्षदों में नीलम परिहार, गुलशन साहू, देवनारायण तांडी, सहित सभी 60 पार्षद उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत गिरहोला के सचिव की रिक्त पद पर अनुकम्पा नियुक्ति

दुर्ग, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे द्वारा अंजना बंजारे निवासी ग्राम गिरहोला विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान 3500-10000 प्लस ग्रेड वेतन 1100 पर निर्धारित नियम शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा के विवेक पर जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग में आगामी आदेश पर्यन्त तक अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि श्रीमती बंजारे के पति डागेन्द्र कुमार बंजारे ग्राम पंचायत सचिव जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग का 16 दिसम्बर 2021 को आकस्मिक निधन हुआ था। उनके निधन पश्चात् रिक्त पद पर उनकी पत्नी अंजना बंजारे को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है।

साइंस कालेज में आज विज्ञान मेला

दुर्ग, 28 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में छत्तीसगढ़ कौसिंल ऑफसाईस एण्ड टेक्नालॉजी, रायपुर द्वारा प्रायोजित साईंस डे का आयोजन कल 29 मार्च को प्रात: 11 बजे से महाविद्यालय के ग्रंथालय भवन के प्रथम तल पर स्थित टैगोर हॉल में किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति की संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा एवं सह संयोजक डॉ. कुसुमांजलि देशमुख ने बताया कि विज्ञान के मूलभूत सिध्दांतों पर आधारित मॉड्लस का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों से विद्यार्थी करेंगे, अब तक आयोजन समिति को लगभग सौ टीमों के शामिल होने की प्रविष्टि प्राप्त हो चुकी है, इनमें पंखाजूर, रायपुर, बालोद, पाटन, कांकेर, बेमेतरा, राजनांदगांव आदि जगह शामिल है। 6 वर्गो में विभक्त इस मॉडल प्रदर्शनी के श्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

साईंस फेयर के साथ-साथ विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है।

भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष कल्पना तिवारी

■ **साहू समाज को दिया विकास का आश्वासन**

बेमेतरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम आंदू में साहू समाज द्वारा भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्तमाता कर्मा का आशीर्वाद लिया और समस्त साहू समाज व ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

भक्तमाता कर्मा जी का जीवन निस्वार्थ सेवा, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज में एकता, परोपकार और सशक्तिकरण की प्रेरणा देते हैं। समाज की उन्नति के लिए हमें शिक्षा, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। मैं आपके सहयोग से साहू समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगी। समारोह में साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने कल्पना ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

भिलाई निगम फिल्टर प्लांट पाईप लाईन में लिकेज से परेशानी

गंजपारा गंजमंडी के सामने भिलाई निगम फिल्टर प्लांट जानेवाली पाईप लाईन का अधिकारियों ने किया मुआयना, कहा सुधार में लगेगा समय

दुर्ग, 28 मार्च (देशबन्धु)। गंजपारा पुरानी गंजमंडी के सामने मुख्यमार्ग पर शिवनाथ नदी इंटकवेल से भिलाई नगर निगम फिल्टर प्लांट जाने वाली सप्लाई लाईन विगत कई दिनों से लिकेज पड़ी है। इस मामले में आज महापौर अलका बाघमार व जलगृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने जनशिकायतों के आधार पर मौका निरीक्षण किया और यह स्पष्ट होते हुए कि लिकेज पाईप लाईन भिलाई नगर निगम की है। दुर्ग नगर निगम ने भिलाई नगर निगम का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद आज भिलाई नगर निगम के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और इस लिकेज की मरम्मत के लिये कुछ समय की मोहलत मांगी है।

उल्लेखनीय है कि गंजपारा पुरानी गंजमंडी के सामने उक्त पाईप लाईन के लिकेज होने से विगत 15 दिनों से सड़क पर पानी बह रहा है। इसकी वजह से फिसलन होती जा रही जो कि दुर्घटना का कारण बन सकता है। गंजपारा के निवासी इस गलतफहमी पर कि यह फाल्ट नगर निगम दुर्ग का है, लोग दुर्ग नगर निगम को शिकायतें करते आ रहे है। जलगृह प्रभारी व अधिकारियों के निरीक्षण के बाद स्थिति स्पष्ट हुई और जलगृह विभाग ने भिलाई नगर निगम से पत्राचार करने के अलावा फोन पर भी बात की और पाईप लाईन के मरम्मत के लिये दबाव बनाया। इसके बाद भिलाई नगर निगम के अधिकारियों ने दुर्ग जलगृह विभाग के अधिकारियों सब इंजिनियरों मोहित मरकाम जल निरीक्षक नारायण ठाकुर के साथ मौके का निरीक्षण किया। भिलाई नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार यह बड़ा काम है, अत: मरम्मत के लिये कुछ दिनों का समय मांगा है।

नपा बेमेतरा में विजय सिन्हा की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट-इन-काऊंसिल की प्रथम बैठक

■ **जलसंकट को देखते हुए मई तक भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र पर रोक**

बेमेतरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बेमेतरा में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की प्रथम बैठक आहूत की गई । जिसमें प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति और काउंसिल सदस्य राजकुमार खांडे, पंचू साहू, विकास कुमार तंबोली, सुश्री नीतू कोठारी, गौरव साहू और आकिब मलकानी उपस्थित रहे।

आज की बैठक में नगर विकास की चर्चा ज्यादा रखी गई और समस्या पर ध्यान देकर कुछ नए योजनाओं को लेकर निर्णय लिया गया। जिसमें मां भद्रकाली महोत्सव मनाने का प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजने का है । गौ माता संरक्षण और संवर्धन के लिए गायों के रहने की जगह और चारा पानी के साथ स्थान देकर व्यवस्थित करने। जहां-जहां पालिका को शासन द्वारा जमीन आवंटन हुआ है, वहां वहां ईडब्ल्यूएस मकान का निर्माण और वार्ड नंबर 13 सिंघोरी में होलसेल मार्केट ढाई एकड़ में बनाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाया गया।

आज के बैठक में मुख्य रूप से नगर में जल संकट, जल की समस्या को लेकर गंभीर चर्चा की गई जिसके लिए जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग एसटीपी निर्माण और जल संकट से निपटने दो बड़ी टंकियां का निर्माण जिसकी क्षमता 5 लाख लीटर के लगभग होगी, उसके निर्माण कार्य का प्रस्ताव लाया गया, जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने प्रस्ताव को पारित कर दिया। बैठक में अमृत मिशन 2.0 योजना की स्वीकृति के लिए चर्चा रखी गई और उस पर निर्णय लिया गया । बैठक प्रस्ताव में प्रमुख रूप से शहर के अंदर तीन यात्री प्रतीक्षालय को पिंक महिला यात्री प्रतीक्षालय के रूप में लाने मरम्मत कार्य करवाने कार्य योजना लाई गई। बैठक में विधायक निधि मद द्वारा भी नगर विकास को दिशा मिलेगी जिसके तहत तहसील कार्यालय जयस्तंभ चौक के पास चबूतरा निर्माण, भद्रकाली तालाब पर में चबूतरा, स्लैब कार्य, शेड निर्माण और विधायक निधि से ही नगर के विभिन्न वार्डों में चबूतरा, मंच, सामुदायिक भवन और सीसी रोड, नाली मरम्मत कार्य का प्रस्ताव रखा गया विधायक निधि मद से ही मोहभट्ठा में शीतला मंदिर के पास एक अतिरिक्त कक्ष और दो पानी टैंकर क्रय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

उप मुख्यमंत्री साव सामूहिक कन्या विवाह में होंगे शामिल



बेमेतरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। 29 मार्च शनिवार को ज़िले के 171 गरीब परिवारों के लिए यादगार और शुभ होने वाला है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इन परिवारों के 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे। इस भव्य समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे और वर-वधू को आशीर्वाद देंगे ।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्री अरुण साव पूर्वाह्न 11 बजे बेमेतरा पहुंचेंगे। जिला अस्पताल में जीवन दीप समिति की बैठक में शामिल होंगे । उसके बाद श्री साव दोपहर 12 बजे इंडोर स्टेडियम कँटेली में सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शिरकत करेंगे । वर-वधू को आशीर्वाद देंगे। दोपहर 2 बजे बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

बजट में दुर्ग शहर के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार की एक झलक

दुर्ग, 28 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग निगम की महापौर अलका बाघमार ने नई शहरी सरकार के पहले बजट 2025-26 को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमने बनाया है, हम ही संवारेगें । दुर्ग शहर का विकास ही हमारा ध्येय है। प्रस्तुत बजट में विभागवार कार्ययोजनाओं का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

नगरीय नियोजन एवं लोक कर्म विभाग: 15 वें वित्त स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राशि रू. 5 करोड़ अनुमानित लागत से आवश्यक कुल 10 एसएलआरएम सेंटर का निर्माण किया जायेगा जिससे शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा।

नगर उत्थान योजना के तहत अनुमानित राशि रू. 9 करोड़ की लागत से राजेन्द्र पार्क से शहीद चौक होते हुए आईएमए चौक तक सर्वसुविधायुक्त फोरलेन रोड का निर्माण किया जावेगा। इसी प्रकार पटरीपार क्षेत्र में धमधा रोड से आदित्य नगर, सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका तथा हनुमान नगर से साकेत कालोनी तक कुल अनुमानित लागत राशि रू. 15 करोड़ से टू लेन रोड का निर्माण किया जायेगा, इन मार्गो के निर्माण से आम जनता को आवागमन में सुविधा होगी तथा शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा।

अधोसंरचना मद अंतर्गत साईंस कालेज के बाजू से स्टेशन रोड तक अनुमानित लागत राशि रू. 5.50 करोड़ से केनाल रोड फेस1 का निर्माण किया जावेगा, जिससे रेल्वे स्टेशन के आवागमन हेतु वर्तमान में उपलब्ध एकमात्र मार्ग के साथ साथ वैकल्पिक मार्ग के निर्माण से आम जनता की कठिनाई का निराकरण होगा। हरिनगर, शक्ति नगर, कादंबरी नगर एवं सिकोला क्षेत्र में वर्षाकाल में पानी की समुचित निकासी हेतु राशि रू. 3 करोड़ की अनुमानित लागत से सिकोला नाला निर्माण किया जावेगा।

छात्र छात्राओं एवं राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सर्वसुविधा युक्त हाईटेक लाईब्रेरी के निर्माण के लिये राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नालंदा परिसर योजना का निर्माण अनुमानित लागत राशि रू. 12 करोड़ से किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारतरत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा स्वीकृत भव्य एवं आकर्षक अटल परिसर का निर्माण जेल तिराहा ठगड़ा बांध के किनारे किया जावेगा, जो राष्ट्र निर्माण में उनके अविस्मरणीय एवं उल्लेखनीय योगदान में रेंखाकित करेंगा, जिससे आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगी।

शहर के सबसे प्रमुख एवं व्यस्ततम व्यवसायिक केन्द्र इंदिरा मार्केट-हटरी बाजार क्षेत्र में पार्किंग की गंभीर समस्या होने के कारण व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को हमारी परिषद की पहली सामान्य सभा में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसे राज्य शासन से स्वीकृति उपरांत इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा।

शनिचरी बाजार में पुराने लोक कर्म कार्यालय की अनुमानित 3.5 एकड़ रिक्त भूमि पर पीपीपी मॉडल पर पालिका बाजार व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जावेगा जिससे व्यवसाय के साथ-साथ रोजगार प्राप्त होगा एवं निगम की आय में वृद्धि होगी।

नगर निगम की आय बढ़ाने तथा व्यवसाय वृद्धि हेतु नगर निगम की उपलब्ध रिक्त भूमि तथा निगम क्षेत्र में शासन की रिक्त भूमि का आबंटन प्राप्त कर व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जावेगा।

राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आम जनता के मनोरंजन केन्द्र के रूप में विकसित किये गये ठगड़ा बांध में अतिरिक्त सुविधाओं के निर्माण एव विकास कार्य हेतु अनुमानित राशि रू. 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

भारत सरकार द्वारा फुटपाथ व्यवसायियों हेतु प्रारंभ की गई योजनांतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स के व्यवस्थापन हेतु अनुमानित लागत राशि रू. 02 करोड़ से सर्व सुविधायुक्त स्थल विकसित किया जावेगा, जिससे इन व्यवसायियों को व्यवसाय हेतु स्थायी जगह उपलब्ध होगा, इनकी आय बढ़ेगी तथा आम जनता को भी इससे लाभ होगा।

भक्तिपथ मार्ग का निर्माण जिसमें प्राचीन लंगूरवीर मंदिर से दुर्ग शहर की अधिष्ठात्री देवी चंडी मंदिर होते हुए शीतला मंदिर बैगापारा तथा ऐतिहासिक पुरातन किल्ला मंदिर को जोड़ने वाले परिधि क्षेत्र का विकास एवं सौंदर्यी करण हेतु अनुमानित लागत राशि रू. 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

अधोसंरचना मद में शहर के प्रमुख मार्गो के चौड़ीकरण तथा उन्नयन के साथ-साथ वार्डो में रोड, नाली, पुलिया इत्यादि के मूलभूत कार्यो हेतु अनुमानित लागत राशि रू. 37 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

जल कार्य विभाग: भारत सरकार की अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत सिवरेज मास्टर प्लान दुर्ग हेतु स्वीकृत योजना लागत राशि रू. 188 करोड़ के तहत् शहर के दो प्रमुख नाला- शंकर नाला में 47 एमएलडी एवं पुलगांव नाला में 30 एमएलडी क्षमता का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कुल लागत राशि रू. 145 करोड़ की योजना का कार्य किया जावेगा जिससे नाले के गंदे पानी का शुद्धिकरण पश्चात् उद्योग, व्यवसाय एवं नगर निगम के कार्य हेतु उपयोग किया जावेगा साथ ही शिवनाथ नदी में प्रदूषित पानी की रोकथाम होगी। 24 एवं 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सिविल कार्य तथा 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर को आउटडोर करने हेतु अनुमानित राशि रू. 72 लाख का कार्य प्रगति पर है, जिससे आकस्मिक या यंत्रिकी फाल्ट से छुटकारा मिलेगा। 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत शिक्षक नगर पानी टंकी एवं पाइप लाईन विस्तार हेतु अनुमानित राशि रू. 2.82 करोड़ स्वीकृत है, पानी टंकी स्थल विवाद के समाधान के पश्चात जल्द कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

विद्युत एवं कर्मशाला विभाग: तीन स्थानों पर हाईमास्ट लगाने हेतु अनुमानित राशि रू. 80 लाख का प्रावधान है एवं पूर्व में उल्लेखित भक्ति मार्ग हेतु अनुमानित राशि रू. 50 लाख से पोल लाईट हेतु प्रावधानित है। साथ ही बैगापारा मिनी स्टेडियम में स्थायी टावर फ्लड लाईट के लिए पर्याप्त विद्युत व्यवस्था हेतु अनुमानित राशि रू. 20 लाख का प्रावधान को शामिल किया गया है।

पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग: यह एक महत्वपूर्ण विभाग हैं, परंतु जन जागरूकता के अभाव में जनता तक संदेश पहुँच नही पाता। इस योजना के तहत् हमने ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत् अनुमानित राशि रू. 40 लाख का प्रावधान रखा है। साथ ही विकास कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए बड़े से बड़े वृक्षो की बलि न चढ़ाते हुए विधिवत उनके स्थानांतरण हेतु अपने बजट में अनुमानित राशि रू. 50 लाख का प्रावधान रखा है, जिससे उन वृक्षो का स्थायित्व बने रहे। शासन की योजना के अंतर्गत जगह की कमी को देखते हुए ''वर्टिकल गार्डन'' निर्माण कार्य हेतु अनुमानित राशि रू. 50 लाख का प्रावधान हमने अपने बजट में रखा है, जिसका शतप्रतिशत् आने वाले वर्षो में क्रियान्वयन किया जायेगा।

पुलिस द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा के तहत वाहन चेकिंग जारी

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा यातायात पुलिस को दिये गये सख्त निर्देश पर एवं सुश्री ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्ग दर्शन तथा सतांनद विध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में बिना हेलमेट की वजह सें होने वाली मौत, मालवाहक में सवारी ले जाते वाहनों को रोकने, नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों, शराब के नशे में वाहन चालाने वाले मौत को रोकने हेतु ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा इस अभियान के तहत लगातार जिले के अलग अलग प्रमुख स्थानो पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैँ जिसके तहत विगत 10 दिनों 1235 वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही किया गयाए जिसमें बिना हेलमेट 1081, मॉलवाहक में सवारी ले जाते 41, नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 22 और शराब का सेवन कर वाहन चालाने वाले 91 वाहन चालकों का वाहन जप्त कर न्यायालय पेश किया गया जिसमें न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको पर 10,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया जा रहा है साथ ही ऐसे वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को भेजा गया। यातायात पुलिस नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करे एवं किसी भी प्रकार के नशा करके वाहन न चलाये, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलाये, मॉल वाहक वाहन में यात्रा ना करें स्वयं तथा दूसरो को सुरक्षित आवागमन करने दें।

3 दिन बाद जमा करने पर 18 फीसदी अधिभार, 1000 पेनाल्टी

अवकाश के दिन भी जमा होगा टैक्स

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र के करदाताओ को बिना अधिभार एवं पेनल्टी के के टैक्स पटाने 3 दिन शेष है। 3 दिन पश्चात सभी करदाताओं को वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर जमा करने पर संपत्तिकर राशि पर 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 रूपये पेनल्टी की राशि जमा करना पड़ेगा। संपत्तिकर, भूभाटक भूपटक जल कर जमा करने के लिए लोग में भारी उत्साह है। नगर निगम में भी उनके बैठने के लिए उनको पानी पीने के लिए उनके सहयोग के लिए व्यवस्था की गई है। सबके लिए अभी अच्छा अवसर है, संपत्तिकर जमा करने अधिभार एवं पेनल्टी से बचने का। नगर निगम भिलाई में नागरिको की सुविधा के लिए मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर खुले हुए है। आवश्यकता के अनुसार कर्मचारियो को बैठाया गया है। जो स्व: विवरणीय भरने में सहयोग कर रहे है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी संपत्तिकर दाताओ से अनुरोध किये है कि शीध्र से शीध्र अपना बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा कर एक आदर्श नागरिक बने। संपत्तिकर के माध्यम से ही नगर निगम भिलाई जनता से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाती है। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्तिकर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रेल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा 1000 हजार रूपये पेनल्टी शुल्क की राशि से बच सकते है। नागरिको के सुविधा के लिए घर बैठ बैठे आनलाईन संपत्तिकर जमा करने के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है। आनलाईन वेबसाईट में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा। ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा, जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी। जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। अवकाश के दिनों में भी नगर निगम के मुख्य कार्यालय जोन कार्यालय में आकर के संपत्ति कर जमा कर सकते हैं खुला रहेगा।

सीएसआर-जिला चिकित्सालय द्वारा अंडा में चिकित्सा शिविर



भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु। संयंत्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने हेत स्वास्थ्य मेला के अंतर्गत दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम अण्डा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अण्डा में आयोजित चिकित्सा शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग से डॉ ए डी बनर्जी, फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, नर्स सुश्री प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से सीएचओ सुश्री दामिनी सिन्हा व आरएचओ मुकेश साहू उपस्थित थे। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 61 लोगों की सामान्य जांच शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई जिसमें 13 पुरुष, 46 महिलाएं एवं 02 बच्चे शामिल थे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस.पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क जाँच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजनए संयंत्र के परिधीय, खनि क्षेत्रों में किया जा रहा है।

सोसाइटी ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर 6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह फरवरी या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण देते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव में भी सोसाइटी परिवार सतत संपर्क बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि इन रिटायर कर्मियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। रिटायर शिशिर कुमार मिश्रा ने कहा कि सोसाइटी ने विपरीत परिस्थितियों में हमेशा साथ दिया जिसकी बदौलत हममें से ज्यादातर साथी अपने बच्चों का भविष्य बना सके। सुखदेव सिंह ने भी सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बीएसपी में अपनी सेवाकाल की शुरूआत के साथ ही यहां सोसाइटी के सदस्य बन गए थे और जब भी जरूरत पड़ी तो सोसाइटी ने हमेशा साथ दिया। इनके अलावा सोसाईटी के रिटायर होने वाले बीएसपी के सदस्य कर्मियों में डॉ. राजेश्वर राय, कृष्ण प्रसाद, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार यादव, राम आशीष प्रसाद, जितेश कुमार गुड़े, जालम सिंह ठाकुर, घनानंद, वीरेंद्र कुमार, बसंतलाल बंजारे, अरविंद कुमार मिश्रा, सुरेंद्र कुमार साहू, अनिल कुमार, आनंद राय, राजकुमार कौशिक, जमील अहमद कुरैशी, घनश्याम सिंहए अनवर अली, पवन कुमार, पुहूप राम नोरके, रमेश कुमार पाल, के गणपति राव, बी.जदू शामिल हैं। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत कौर, अमिताभ वर्मा, हरिराम यादव, कुलेश्वर चंद्राकर, श्रीमती नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और धन्यवाद ज्ञापन जे के गहिने संचालक ने किया।

निगम आयुक्त ने दिए टैक्स वसूली के कड़े निर्देश

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रिसाली के नागरिक अब घर बैठे टैक्स जमा कर सकते है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने लिंक का प्रचार प्रसार करते नागरिकों से अधिभार और पेनाल्टी से बचने की अपील की है। उन्होंने कर वसूली विभाग को निर्देश दिए है कि बकायादारों पर सख्ती की जाए। रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से कहा है कि इस वित्तीय वर्ष का टैक्स 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करे। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर कुल कर राशि में 18 प्रतिशत अधिभार जमा करना होगा। साथ ही 1000 पेनाल्टी अलग से देना होगा। आयुक्त ने घर बैठे टैक्स जमा करने की सुविधा के बारे में बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजी सूडा डॉट कॉम में जाते ही नगर पालिक निगम रिसाली का साइड खुलेगा। इसकी मदद से करदाता को कार्यालय न आकर वे टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकते है। नागरिकों को सुविधा देने रिसाली के सभी पार्षदों को लिंक उपलब्ध कराया गया है। रिसाली निगम ने दो ऐसे बकाया दारों के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी किया है जो लंबे समय से कर जमा नहीं कर रहे है। इसमें नवीन सिंह और मैरिज पैलेस द मार्क शामिल है। सम्पत्तिकर विभाग के राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि 31 मार्च तक कर जमा नहीं करने कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

अवकाश के दिन खुला रहेगा काऊंटर

नगर पालिक निगम रिसाली के राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि रिसाली निगम का काऊंटर 31 मार्च तक नियमित रूप से खुला रहेगा। अवकाश के दिन भी नागरिक कार्यालय पहुंचकर टैक्स की राशि जमा कर सकते है।

अत्याधुनिक सेटअप से लैस होगा सेक्टर-9 हास्पीटल

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल से बहुत जल्द भिलाई की बीएसपी टाउनशिप का एकमात्र पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र अत्याधुनिक सेटअप के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। सेल चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने आज दिल्ली में हुई चर्चा के बाद विधायक श्री सेन को आश्वस्त करते हुए बताया कि बहुत जल्द सेक्टर-9 हास्पीटल का कार्य शुरू होगा। श्री सेन द्वारा बीएसपी टाउनशिप में बंद की गई के स्कूलों के संबंध में जानकारी दिए जाने पर श्री प्रकाश ने कहा कि ये सभी स्कूल फिर से प्रारंभ किए जाएं, ऐसा भी उनका प्रयास होगा। आपको बता दें कि केंद्रीय वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की पहल पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश से बीएसपी टाउनशिप को लेकर अहम चर्चा की है। इस्पात मंत्री और सेल चेयरमैन ने श्री सेन को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य और शिक्षा उनकी प्राथमिकता वाले कार्य हैं। इसलिए बीएसपी टाउनशिप के बंद हुए स्कूल पुन: बेहतर सेटअप के साथ शुरू होंगे साथ ही पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र को और भी बेहतर बनाने तथा सेटअप को वहां की मांग अनुरूप व्यवस्थित करने का कार्य आगामी सत्र से प्रारंभ किया जाएगा। स्टील मिनिस्टर और सेल चेयरमैन से सार्थक चर्चा के बाद विधायक रिकेश सेन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा 92 वर्ष से उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम हेतु सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

31 तक भुगतान व अनुपालन में लापरवाही से बचे : जैन

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। जैसे.जैसे वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। वैसे-वैसे करदाताओं और व्यापारियों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे अपने सभी वित्तीय एवं कर संबंधी अनुपालनों की समय रहते समीक्षा करें। एक भी चूक उन्हें भारी कर भार, ब्याज, दंड एवं कानूनी विवादों की ओर ले जा सकती है। विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और करदाताओं के लिए मार्च का महीना सबसे अहम होता है। इस लेख के माध्यम से सीए पियूष जैन ने करदाताओं का ध्यान उन प्रमुख अनुपालनों की ओर आकर्षित किया है कि जिनका निपटान 31 मार्च 2025 से पूर्व करना अत्यंत आवश्यक है। पिछले वर्ष के वित्त विधेयक के अनुसारए यदि कोई करदाता न्कलंड रजिस्टर्ड सूक्ष्म या लघु उद्यम से माल या सेवा खरीदता है, तो उसे निर्धारित समयावधि में भुगतान करना आवश्यक है। यदि क्रेता और विक्रेता के बीच कोई लिखित अनुबंध नहीं है, तो भुगतान 15 दिनों में, और यदि लिखित अनुबंध है तो 45 दिनों में करना होता है। यदि यह भुगतान उपरोक्त अवधि में नहीं होता है, तो भले ही आप 31 मार्च से पहले भुगतान कर दे, यह आयकर अधिनियम की धारा 43 के अनुसार स्वीकार्य खर्च नहीं माना जाएगा और आपकी कर योग्य आय में जोड़ दिया जाएगा। इसका सीधा असर आपकी आयकर देनदारी पर पड़ेगा। यह ध्यान देने योग्य है कि यह प्रावधान केवल सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से की गई खरीद पर लागू होता है, जबकि व्यापारियों, ट्रेडर्स या अन्य विक्रेताओं से की गई खरीद पर यह लागू नहीं होता। इसलिए व्यापारियो, कंपनियों और प्रोफेशनल फर्मों से अपील है कि यदि उन्होंने किसी विक्रेता से माल या सेवा ली है और भुगतान अभी बकाया हैए तो वह भुगतान 31 मार्च 2025 से पहले हर हाल में कर दिया जाए। जीएसटी ब्याज और दंड माफी योजना धारा 128 का तहत 31 मार्च तक कर भुगतान आवश्यक केंद्र सरकार ने जीएसटी के शुरुआती वर्षों में करदाताओं को हुई व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए धारा 128। के अंतर्गत एक विशेष राहत योजना लागू की है। इसके अनुसार यदि किसी करदाता के खिलाफवित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 या 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस जारी हुआ हैए तो वह करदाता यदि 31 मार्च 2025 तक पूरा टैक्स चुका देता है, तो उस पर लगाया गया ब्याज और पेनल्टी माफ कर दिया जाएगा।इस योजना का लाभ उठाने के लिए यह दो शर्तें जरूरी हैं 31 मार्च तक मूल कर राशि का पूर्ण भुगतान करना होगा और 30 जून 2025 तक संबंधित प्रपत्र दाखिल करना होगा। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जहां करदाता बिना अतिरिक्त बोझ के पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। योजना केवल ैमबजपवद 73 के लिए लागू है और इसका लाभ उठाकर लाखों रुपये के दंड व ब्याज की देनदारी से बचा जा सकता है। अग्रिम कर की अंतिम किस्त 31 मार्च तक अदा करेंआयकर अधिनियम के अंतर्गत यदि किसी करदाता की कुल कर देनदारी 10,000 से अधिक है, तो उसे वित्तीय वर्ष में अग्रिम कर देना अनिवार्य है। इसकी अंतिम किस्त का भुगतान 31 मार्च 2025 तक करना होता है। यदि निर्धारित तिथि तक अग्रिम कर नहीं दिया गया,. तो धारा 234 और 234 के अंतर्गत ब्याज लगेगा, जिससे आपकी कुल देनदारी में बढ़ोत्तरी होगी। इसलिए मैं सभी प्रोफेशनल्स, कंपनियो, पार्टनरशिप फर्मों और व्यवसायियों को सलाह दूंगा कि वे वर्षांत लाभ की गणना कर लें और अग्रिम कर भुगतान समय पर कर दें।

फेरो स्क्रै द्वारा सीएसआर के तहत् एम्बुलेंस वितरित

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कोनोइके गुप के मुख्य आतिथ्य एव निदेशक- एफएसएनएल, सुनील कुमार दीक्षित, भावी मुख्य कार्यपालक अधिकारी एफएसएनएल एव पंकज त्यागी, महाप्रबधंक मे निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत् एम्बुलेंस वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि ने कहा- कोनो इके ट्रॉसपोर्ट कंपनी के संस्थापक चुजिरोकोनोइके ने सन 1880 में की थी । भारत की अर्थव्यस्था का सतत विकास इस्पात उदयोग पर निर्भर करता है। इस्पात उदयोग में एफएसएनएल का राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना से कार्य कर रहा है। वर्तमान परिवर्तन के दौर में एफएस.एन.एल.का एक महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके साथ ही, विकास के लिए असीम संभावनाएं है। विशेश अतिथि ने कहा कि एफएसएनएल द्वारा किए जाने वाले कार्य उस काम से मेल खाता है, जिसे हम जापान में एक सदी से भी अधिक समय से कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि एक-दूसरे से सीखकर हम जबरदस्त ताल मेल पैदा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एफएसएनएल के बढ़ोत्तरी के लिए काम करूंगा। विशेष अतिथि सुनील कुमार दीक्षित ने कहा कोनोइके एवं एफएसएनएल अब एक हो चुका है, अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना, सुरक्षा प्रथम को पालन करते हुए सिस्टम में सुधार कर कर्मचारियों के हित संवर्धन में काम करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। विशेष अतिथि पंकज त्यागी ने कहा कि भारतीय इस्पात उदयोग के विकास में एफएसएनएल का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। अब हम कोनोइके ग्रुप में शामिल हो चुके हैं। तदुपरांत स्वर्ण जयंती उदयान में तादाहिकोको नोइके एवं फुजीवरातोशि हिरो ने वृक्षारोपण किया तथा एफएसएनएल के द्वारा निगमित सामाजिक उत्तदायित्व के तहत् छत्तीसगढ़ एकता हेल्थ एंड सोशल वेलफेयर, रायपुर, जय शकुन्तला वेलफेयर फाउण्डेशन, बलरामपुर, परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजनांदगॉव, श्रीगणेश विनायक फाउण्डेशन, रायपुर, श्रीसत्य सांई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, नवा रायपुर और उदयाचल, राजनांदगॉंव (छत्तीसगढ़) को तादाहिकोकोनोइके एवंफुजीवरातो शिहिरो के द्वारा एम्बुलेंस की चाबी प्रदान किया गया। इस अवसर पंकज त्यागी ने कहा कि सीएसआर के तहत् वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 1 करोड़ 37 लाख 98 हजार 776 की राशि खर्च की हैं। जापानसे एफएसएनएल प्रथम दौरे पर कोनोइकेग्रुप के चेयरमेन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तादाहिकोको नोइके से यूनियन के प्रति निधियों ने मुलाकात किया और सभी विभाग प्रमुखों की बैठक ली। सभी कर्मचारियों ने कोनोइके ग्रुप के चेयरमेन का जापान से एफएसएनएल निगमन कार्यालय में स्वागत किया। अंचलों से पधारे विभिन्न संस्थाओं के नागरिकों, चिकित्सकों ने श्रीफल एवं शॉल तथा प्रतीक चिन्ह भेट अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सुनीता पंडित, छगनलाल नागवंशी ने किया किया।

उत्तराखंड में राष्ट्रीय जुडो स्पर्धा में भाग लेने टीम रवाना

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जुडो महासंघ के तत्वाधान तत्वाधान में उत्तराखंड जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन पिस्टल वीद स्कूल मसूरी रोड देहरादून उत्तराखंड में हो रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ की 23 सदस्यी टीम जिसमें 9 बालक 10 बालिका तथा 1 प्रबंधक एवं 2 प्रशिक्षिक भी भाग लेने के लिए रवाना हुए। छत्तीसगढ़ टीम में बालिका वर्ग में दीपिका साह 44 किलो, ट्विंकल सारथी 48 किलो, तनु रानी साहू 52 किलो, आकांक्षा जायसवाल 57 किलो, शारदा गोस्वामी 63 किलो, अंजलि ठाकुर 70 किलो, साधना जायसवाल 78 किलो, स्नेहा नियोगी 78 किलो, ज्योति ध्रुव 44 किलो, श्यामा अनजा 57 किलो टीम प्रशिक्षक नेहा वर्मा ब्लैक बेल्ट तथा प्रबंधक अशोक पटेल बीएसपी इसी प्रकार बालक वर्ग में लॉरेंस मशीन 55 किलो, पंकज जयसवाल 60 किलो, अभिजीत आचार्य 66 किलो, वरुण लहर 73 किलो, भरत तिवारी 81 किलो, राज सिंह 90 किलो, मैनक दत्ता 100 किलो, अपूर्व सोनी 66 किलो, यशवंत पांडे 73 किलो, प्रशिक्षक एवं प्रबंधक राजकुमार जायसवाल भाग लेंगे। प्रदेश के ब्लैक बेल्ट सुदर्शन निर्मलकर, देवेश रावत भाग ले रहे हैं। प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी महासचिव एस आर सोनी आलोक मिश्रा बधाई दी है।

घर जा रहे संयंत्र कर्मी दुर्घटना में घायल

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। द्वितीय पाली की ड्यूटी पूरी करने के पश्चात घर लौट रहे बीएसपी कर्मी फॉरेस्ट एवेन्यू रोड पर जवाहर उद्यान के पास साइकिल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर 9 अस्पताल ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीएचएम 3 विभाग मेंकार्यरत संयंत्र कमी विष्णु गोपाल भट्टाचार्य निवासी न्यू रुआबांधा कॉलोनी द्वितीय पाली की ड्यूटी पूरी करके दुपहिया वाहन से अपने घर जा रहे थे, फॉरेस्ट एवेन्यू रोड पर जवाहर उद्यान के पास सामने से आ रही साइकिल से टकरा गए दुर्घटना में विष्णु पाल भट्टाचार्य को गंभीर चोटें आई थीं। जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में ले जाया गया जहां संयंत्र कर्मी की स्थिति को देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया गया है। उनका इलाज जारी है।

बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में योगेन्द ने जीता सिल्वर मेडल

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। शिर्डी में संपन्न राष्ट्रीय जूनियर, सीनियर, मास्टर्स, पैरा एवं मेन्स फिटनेस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बॉडी बिल्डर योगेन्द्र नाग ने मेन्स फिटनेस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर नया इतिहास रचा है तथा कोच प्रदीप झा पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ व राष्ट्रीय पदक विजेता बॉडी बिल्डर के मार्ग दर्शन में उपलब्धि हासिल की है। योगेंद्र नाग ने पहली बार किसी राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पदक जीता है। योगेन्द्र नाग ने सम्पूर्ण भारत में रजत पदक जीतकर अपने कोच प्रदीप झा, छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का गौरव बढ़ाया है। योगेन्द्र नाग चरोदा के खिलाड़ी हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। उक्त प्रतियोगिता में अश्वन सोनवानी पैरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है, इन्होंने पहले भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं । शासन द्वारा इन्हें शहीद राजीव पांडेय खेल अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

विधायक ने महिलाओं को दिलाया बर्तन

भिलाईनगर, 28 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पहल की है। उनकी अनुशंसा पर तुलसी स्व सहायता समूह रिसाली को बर्तन उपलब्ध कराया गया। आजीविका मिशन कार्यालय में आयुक्त मोनिका वर्मा, विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू जंघेल ने समूह को बर्तन सौपा। वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से नि:शुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह बर्तनों का निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदानी होगी। बर्तन सौपते समय प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हाए सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर तुलसी महिला स्व सहायता समूह रिसाली की सद्स्यों ने संकल्प ली कि विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामानों का उपयोग नहीं करेंगी। वहीं आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराए बर्तनों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित भी करेंगी।

एम.आई.सी. के इस्तीफे स्वीकार

रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने अपने परिषद के दो सद्स्य के इस्तीफा को मंजूर कर लिया है। उल्लेखनीय है कि महापौर परिषद में आरंभ से महापौर शशि ने वार्ड 20 के पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह को राजस्व, बाजार और वाहन विभाग व वार्ड 33 के पार्षद परमेश्वर कुमार को पुनर्वास तथा नगर नियोजन, उद्यानिकी तथा संचार विभाग की जिम्मेदारी दी थी। परिषद के दोनो सद्स्य ने शुक्रवार को परिषद की सद्स्यता इस्तीफा सौपा था।

मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज की चांपा में बैठक कल

भरूवाडीह/बलौदाबाजार, 28 मार्च। 30 मार्च रविवार को प्रात: 10 बजे ग्राम चांपा के कुर्मी मंगल भवन में राजप्रधान श्रीमती सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में विशेष प्रकरण व महाधिवेशन में सम्मिलित होने के संदर्भ में बैठक आयोजित है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज बलौदाबाजार राज के समस्त संरक्षकगण, सलाहकारगण, पदाधिकारीगण, राज कार्यकारिणी के सदस्य गण, क्षेत्र प्रधानों, ग्राम प्रमुखों एवं समस्त स्वजतियों को आमंत्रित किया गया है।

केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैए के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, झूमाझटकी के बीच भाजपा सरकार का पुतला दहन

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की कथित तानाशाही और विपक्ष के खिलाफ हो रही प्रतिशोधात्मक कार्रवाइयों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने नगर के आंबेडकर चौक खैरागढ़ में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली लेकिन कांग्रेसी अंतत: पुतला दहन करने में सफल रहे। कांग्रेस ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए इसे भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता का परिणाम बताया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और अन्य नेताओं के ठिकानों पर हुई सीबीआई छापेमारी सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध है जिसका मकसद विपक्षी दलों को कमजोर करना और जनता की आवाज को दबाना है।

लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश नाकाम होगी : संदीप सिरमौर

जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप सिरमौर ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को तहस-नहस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को डराने और झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यदि यह दमनकारी नीतियाँ जारी रहीं तो आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार अपनी अलोकतांत्रिक हरकतों से बाज नहीं आई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी। यह सिर्फ एक चेतावनी है, अगर लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला जारी रहा, तो संघर्ष और व्यापक होगा। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को सिर्फ नाम मात्र का बनाकर तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है। सीबीआई और ईडी को सिर्फ उन राज्यों में सक्रिय किया जा रहा है, जहाँ भाजपा सत्ता में नहीं है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में बड़े घोटालों पर चुप्पी साधी जाती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं को गुलाम बनाकर लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने में लगी है। इस दौरान भिखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, कोमल साहू, दिनेश साहू, गैदलाल कुर्रे, विप्लव साहू, मनराखन देवांगन, दीपक देवांगन, संदीप सिरमौर, गोलू पाल,दिनेश बोरकर, सोहेल खान, रविन्द्र गहरवार, संजू चंदेल, तेजराम वर्मा, राजा सोलंकी, हरिदर्शन टीमर, दिलीप लहरे, अब्दूल रज्जाक खान, मोहम्मद खान, पूनमचंद्र साहू, सुरीत राम वर्मा, शत्रुहन धृतलहरें समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

भंडारपुर के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

तीन दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण करेंगे उग्र आंदोलन

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। केसीजी जिला मुख्यालय के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत भंडारपुर के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय खैरागढ़ पहुंचे हुए थे। भंडारपुर के ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को गांव के बाहर से खेत खलियानों से पानी लाना पड़ा रहा है। खैरागढ़ ब्लॉक में पीने की पानी का समस्या लगातार बना हुआ है। जल स्तर निचे गिरने के कारण ग्रामीणों को गांव के बाहर बोर से पानी लाना पड रहा है। 27 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत भंडारपुर के आश्रित ग्राम बनबोड़ की शासकीय भूमि खरारा न. 265 में बोर खनन व पाइप लाईन के माध्यम से भंडारपुर में पेयजल की समस्या को निवारण करने के लिए 27 मार्च गुरुवार को बोर खनन के लिए बोर गाडी को मौके पर बुलाया गया था किन्तु ग्राम बनबोड़ के ग्रामीण गण आकर बोर खनन करने को मना कर दिए मौके पर थाना प्रभारी एवं हल्का पटवारी द्वारा समझाने की कोशिश किया गया किन्तु ग्राम बनबोड़ के लोगों द्वारा धमकी दिया गया कि भंडारपुर में पानी का एक बूंद भी नहीं दिया जायेगा, जबकि पंचायत द्वारा शासकीय स्थान पर कम्प्युटर द्वारा पानी चेक कराने पर प्रर्याप्त मात्रा में जल स्तर बताया गया है। 28 मार्च को बड़ी संख्या में भंडारपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है। और कहा कि उक्त स्थान पर शासन अपनी स्वयं की उपस्थित्ति में बोर खनन करवाने का काम करें उक्त स्थान पर तीन दिवस के भीतर बोर खनन नहीं हुआ तो भंडारपुर के ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसका जिम्मेदार पूरा प्रशासन होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणगण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह संपन्न

52 जोड़ी का विवाह कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग नगरी के तत्वाधान में कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 52 जोड़ो का पूरे रीति रिवाज के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें स्वजनों सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। महिला बाल विभाग के द्वारा नव दंपत्तियों को 1नग बिछिया, 1नग मंगलसूत्र और वर वधु श्रृंगार सामग्री भेट स्वरूप प्रदान किया गया, पुरोहित के मंत्रोपचार द्वारा विधि विधान से इनका विवाह संपन्न हुआ। नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सर्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सदस्य प्रेमलता नागवंशी, कमल डागा, रामगोपाल साहू, पार्षद विनीता कोठारी, मिक्की गुप्ता, अलका साव, चेलेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित उपस्थित जनों ने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कवर्धा स्टेट हाइवे में धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

खैरागढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। कवर्धा स्टेट हाइवे में गुरुवार 27 मार्च की तकरीबन 7.30 बजे के आसपास खैरागढ़ की ओर से ट्रक में धान भरकर कवर्धा की ओर जा रही थी। खैरागढ़ के साई मंदिर के पास ट्रक ड्राईवर की लापरवाही के चलते धान से भरा ट्रक मुख्य मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक क्र. सीजी 06 एचए 7258 साईं मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक ड्राईवर टिकेंद्र पिता बुधराम चौहान निवासी ग्राम माटे, पोस्ट दमोह जिला बालाघाट (एमपी) ट्रक के अनियंत्रित होते ही ड्राईवर कूदने के लिए दरवाजा खोलने लगा लेकिन तब तक ट्रक पलट गई और उसका दाहिना हाथ ट्रक में बुरी तरह दब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत व बचाव का कार्य शुरू किया, क्रेन की मदद से ट्रक को उठाकर ट्रक ड्राईवर के हाथ को बाहर निकाला गया जिसके बाद तुरंत उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है। बता दे कि जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वहां पर कई दुकानें है तथा भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है। हादसे के समय वाहन रिपेयरिंग दुकान के संचालक संजय टंडन के साथ उसका एक साथी भी था, जब तक वे कुछ समझ पाते ट्रक उनकी ओर आ गया। संजय ने अपने बच्चे को छुपा लिया और अपनी पीठ ट्रक की ओर कर लिया। घटना में बच्चे को तो कोई चोट नहीं आई लेकिन संजय टंडन घायल हो गया। संजय के सिर, रीढ़ की हड्डी व पैर में चोट आई है। जिसका इलाज नगर के सिविल अस्पताल में जारी है।

- हादसे में ट्रक ड्राईवर की हाथ में आई चोट
- घंटों तक रहा यातायात बाधित, पुलिस प्रशासन ने क्रेन बुलाकर ट्रक को हटवाया

अग्निवीर में हुआ चयन

सोहन, कुलेश्वर एवं ओमप्रकाश बने अग्निवीर जीडी !

परपोड़ी, 28 मार्च। भारतीय सेना की महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचल से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देऊरगांव से उत्तीर्ण होनहार छात्र सोनपांडर निवासी सोहन निषाद पिता हरिराम, ओमप्रकाश पिता रामजी एवं कुटरू निवासी खुलेश्वर पिता कृपा राम का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर जी डी के लिए क्रमश: भोपाल, विशाखापत्तनम एवं बेंगलूर कैम्प हेतु हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा संकुल परिवार देऊरगांव गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनकी इस सफलता पर संकुल प्राचार्य बी एस नेताम एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, अपनी मातृभूमि की सेवा तन मन से करने की अपेक्षा की गई।

साजा उप पंजीयक कार्यालय में सर्वर की वजह से लोग रहे परेशान

साजा, 28 मार्च। साजा रजिस्ट्री कार्यालय में लोग रजिस्ट्री कराने के लिए दान पत्र,बटवारा, हत्या त्याग , तबादला एवं खरीदी बिक्री कार्य के लिए पंजीयन हेतु उप पंजीयन कार्यालय में आते हैं मार्च की अंतिम माह होने की वजह से नेट (सर्वर) धीमी चलने के कारण टोकन एवं ऑनलाइन लिखा पड़ी करने में असुविधा हो रही है जिससे दूर से आए लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है द्य लोक साजा तहसील के अंतिम छोर से आए व्यक्ति बुजुर्ग महिला / पुरुष रहे परेशान।

वार्ड 9 में पानी समस्या के निराकरण पर बंटी चोपड़े नपाध्यक्ष साहू को सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष चंद्रकांत बंटी चोपड़े ने भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू को वार्ड नंबर 9 में पानी की हो रही समस्या को ले कर मांग पत्र सौंपा। साथ ही वार्ड नंबर 9 में बोर खनन के लिए आवेदन किया गया। जिस पर तोरण लाल साहू ने आश्वस्त करते हुए कहा है कि वार्ड नंबर 9 में जल्द से जल्द बोर खनन करवाकर पानी की समस्या का निराकरण करेंगे! अध्यक्ष साहू ने कहा की गर्मी के दिनों में शहर में हर जगह जल संकट मंडराया हुआ है जिसके चलते हर वार्ड गली मोहल्ले में पानी की अत्याधिक समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मामले में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने भी इस और प्राथमिकता से ध्यान दें रहे हैं। उन्होंने कहा की वार्ड नंबर 9 के साथ नगर के प्रत्येक वार्डों में पानी की समस्या पर पालिका द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष चंद्रकांत बंटी चोपड़े ने तोरण लाल साहू को बोर खनन हेतु आवेदन दिया एवं जल्द से जल्द निराकरण करने एवं जब तक बोर खनन नहीं हो जाता तब तक वार्ड नंबर 9 में पानी का टैंकर उपलब्ध कराने आग्रह किया जिससे मोहल्ले में पानी के लिए जो समस्या हो रही है उसका समाधान हो जाए एवं ज्ञापन सौंपने में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद सुरेश जायसवाल विशाल मोटवानी उपस्थित थे।

पानी समस्या निराकरण होने तक वार्ड में टैंकर उपलब्ध कराने किये आग्रह : चोपड़े

संपत्ति, समेकित कर दुकान किराया, विशेष छूट प्रदान कर 2 अप्रेल किए निर्धारित : सीएमओ

दल्लीराजहरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगरपालिका के मुख्य पालन अधिकारी भुपेंद्र वाडेकर ने देशबन्धु को जानकारी देते हुए बताया की समेकितकर जलकर तथा दुकान किराया राशि जमा करने हेतु अंतिम तिथि 31.03 2025 तक अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में टैक्स जमा करने निर्धारित किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि आम नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत विगत वर्ष की भांति संपत्तिकर, समेकित कर,जलकर जमा करने हेतु अंतिम तिथि में 2 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते हुए दिनांक 2 अप्रैल 2025 तक निर्धारित किया गया है। जो करदाता अपना टैक्स जमा नहीं कर पाए हैं वह नगर पालिका दल्ली राजहरा के राजस्व विभाग मे जमा कर सकते हैंद्य इसके बाद टैक्स की राशि में सवा 6त्न सरचार्ज व ?1000.00 रु. अधिभार अतिरिक्त राशि के साथ संपत्ति कर की राशि जमा करना अनिवार्य होगा । जिसकी सारी जवाबदारी टेक्स दाताओं की रहेगी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक

बेमेतरा, 29 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में संपन्न हुई ।उन्होंने संबंधित विभाग निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि डीएमएफ के गाइड लाइन, नियम प्रक्रिया का शत प्रतिशत पालन किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौते नहीं करने की बात कही । इसके साथ डीएमएफ के कार्यों का सत्यापन पर जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि पिछले कार्यों का आडिट कराने और आपत्तियों का निराकरण करने कहा। बैठक में लोकसभा सांसद, दुर्ग, विधायक बेमेतरा के प्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत विभिन्न कार्यो सीसी रोड, प्रतीक्षालय, ट्यूवबैल,मीठा पानी टंकी,पौनी पासरी बाउंड्री बाल,और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न कार्यों पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास,उद्यानिकी, कृषि, वृद्ध और निश्क्त जनकल्याण, कौशल विकास और हस्त चलित स्प्रेयर,चाप कटर, आदि कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा हुई कुछ कार्यों का अनुमोदन हुआ।

डीएमएफ के गाइड लाइन, नियम प्रक्रिया का शत प्रतिशत पालन किया जाए : कलेक्टर

प्रादेशिकी का शेष...

भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव में ...

योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और उनके समाज उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्यजन- सरजू साहू (सरपंच), कमल किशोर साहू (उपसरपंच), रघुवीर साहू, छोटूराम साहू, देवचरण साहू, योगेश साहू, रति साहू (पंच), हरि साहू (पंच), टिकेश्वरी साहू (पंच), जगौती साहू (पंच), रामेश्वरी साहू (पंच), रेखा साहू (पंच), रोशनी साहू (पंच), ओमकुमारी साहू (पंच), बिशवनतीन साहू (पंच), श्यामा साहू (पंच), दसरूराम साहू, खेदू साहू, रामाधीन साहू, नरेश साहू, ललित साहू, देवराम साहू, सनत साहू, बंशी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

अंत में कल्पना योगेश तिवारी ने साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा समाज के विकास और कल्याण के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगी।

नपा बेमेतरा में विजय सिन्हा की ...

हेतु निर्णय लिया गया। वार्ड नंबर 3 के गली में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में चर्चा निर्णय लिया गया।

14वें और 15वें वित अंतर्गत अप्रारंभ कार्य को निरस्त किए जाने की संबंध में चर्चा निर्णय लिया गया ।नगर विकास के लिए वार्ड क्रमांक 16 गौरव पथ रोड नयापारा में गार्डन का जीर्णोद्धार ,शहर के पांच स्थानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्क लाइट की व्यवस्था की जाएगी। बेसिक स्कूल मैदान में वीआईपी वेटिंग कक्ष निर्माण और मॉडल शौचालय निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया। कार्यालय नगर पालिका भवन का मरम्मत और उन्नयन कार्य कराए जाने की भी चर्चा और निर्णय लिया गया ।

नवागढ़ चौक और कोबिया चौक में शौचालय निर्माण करने का निर्णय पास हुआ सभी मुक्तिधामों में शौचालय निर्माण करना है इस पर चर्चा और प्रस्ताव पास करते हुए बैठक समाप्त की गई आज के बैठक सीएमओ नगर पालिका कोमल ठाकुर के साथ नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे

बेमेतरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। कल शनिवार, 29 मार्च का दिन बेमेतरा ज़िले के लिए एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है, जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 171 गरीब परिवारों के बेटा-बेटियां विवाह बंधन में बंधेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इन परिवारों के 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे।

इस सामूहिक विवाह आयोजन से न केवल नवविवाहित जोड़ों के जीवन की नई शुरुआत होगी, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी यह एक यादगार क्षण बनेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे बिना किसी वित्तीय बोझ के अपने बच्चों के विवाह को संपन्न कर सकें।

इस भव्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री श्री दयाल दास करेंगे, जबकि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इनके अलावा, बेमेतरा सांसद श्री विजय बघेल, विधायक श्री दीपेश साहू एवं श्री ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, जनपद पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष श्रीमती हेमा दिवाकर समेत कई अन्य गणमान्य जन इस समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहेंगे।

यह भव्य आयोजन ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के कंतेली इंडोर स्टेडियम में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे होगी, जिसमें सबसे पहले पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात निकाली जाएगी। यह बारात टाउन हॉल से रवाना होकर इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी, जहां सभी वर-वधू एक ही मंडप में विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे। विवाह संस्कार विधिवत रूप से पुरोहितों द्वारा संपन्न कराए जाएंगे, जिसमें हिंदू विवाह परंपराओं का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसमें वधू को गृहस्थी शुरू करने के लिए सरकार हर जोड़े को विवाह सहायता के रूप में निश्चित राशि भी प्रदान करती है, पहले यह राशि 25000 रुपये थी जिसे बढ़ाकर 50000 रुपये किया गया है । जिससे उन्हें अपने नए जीवन की शुरुआत करने में मदद मिलती है।

सामूहिक विवाह योजना का महत्व

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत प्रदान करना और विवाह को एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाना है, जिससे समाज में एकता और भाईचारे की भावना विकसित हो। इस योजना से न केवल परिवारों को वित्तीय सहायता मिलती है, बल्कि यह आयोजन सामाजिक सहयोग और समरसता का प्रतीक भी बनता है।

राज्य सरकार की यह पहल उन हजारों परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है, जो अपनी बेटियों के विवाह को लेकर चिंता में रहते हैं। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन होता है, और इस तरह के सामूहिक विवाह समारोह न केवल संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं, बल्कि सामाजिक उत्थान में भी सहायक होते हैं।

समारोह में उत्साह और हर्षोल्लास का वातावरण

इस आयोजन को लेकर बेमेतरा ज़िले में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। वर-वधू के परिवारों में हर्ष और उल्लास का माहौल है। विवाह के लिए मंडप को विशेष रूप से सजाया गया है, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न होंगे। पूरे समारोह में सरकार की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि इस आयोजन को सफल और यादगार बनाया जा सके। बेमेतरा में आयोजित होने वाला यह सामूहिक विवाह न केवल नवविवाहित जोड़ों के लिए एक नया अध्याय साबित होगा, बल्कि सरकार की इस सामाजिक पहल को भी एक नई दिशा देगा। ऐसे सामूहिक विवाह आयोजन समाज को एक सकारात्मक संदेश देते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ समाज में समानता और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं।

भोरमदेव महोत्सव

लोकसंस्कृति, संगीत और नृत्य के रंग में सराबोर हुआ समापन समारोह

- पद्मश्री अनुज शर्मा की सुरमयी प्रस्तुति ने महोत्सव में समां बांधा
- लाईट और लेजर शो ने समापन समारोह को बनाया यादगार
- सुपर डांसर फेम अनिल टांडी ग्रुप की धमाकेदार प्रस्तुति और लोककला, नृत्य और भजनों से सजा सांस्कृतिक आयोजन

कवर्धा, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत को सहेजने वाले भोरमदेव महोत्सव का भव्य समापन समारोह भक्तिमय और बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने प्रदेशवासियों और पर्यटकों को छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की अनमोल झलक दिखाने के साथ-साथ उन्हें एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक यात्रा पर ले गया। समापन समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण छत्तीसगढ़ी संगीत जगत के सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री अनुज शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति रही। उन्होंने जब मंच से आरुग हे कलशा दाई...., ससुराल गेंदा फूल...., मोर छाहिया भुईयां...., झन भूलो मां बाप ला.... जैसे सुपरहिट गीत प्रस्तुति से पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। उनकी मधुर आवाज ने दर्शकों को झूमने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

सोनी टीवी के सुपर डांसर फेम अनिल टांडी ग्रुप द्वारा दी गई धमाकेदार डांस प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। उनकी शानदार कोरियोग्राफी और जबरदस्त स्टेज प्रेजेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी अपने नृत्य और गायन से समां बांध दिया। इन युवा कलाकारों की प्रस्तुतियों ने साबित किया कि आने वाली पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी हुई है। भोरमदेव महोत्सव का समापन समारोह लोककलाओं के अनोखे संगम का साक्षी बना। इस अवसर पर श्रीमती बसंता बाई एवं साथी ने छत्तीसगढ़ी बैगा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। श्रीमती संगीता कापसे और सुश्री राधिका शर्मा ने कत्थक नृत्य के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्री दानी वर्मा ने लोक विधा परसा के फुल प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। नासीर निदंर ने अपने भजन गायन से भक्तिमय माहौल बना दिया। श्री दुष्यंत हरमुख ने छत्तीसगढ़ लोक कला मंच च्रंग झरोखाज की भव्य प्रस्तुति देकर समारोह को विशेष बना दिया। महोत्सव में लाईट और लेजर शो बना मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशेष लाईट और लेजर शो का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रोशनी और ध्वनि के इस अद्भुत मेल ने समापन समारोह को और भी शानदार बना दिया। भोरमदेव महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की कला, संस्कृति और पर्यटन को आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। यह महोत्सव प्रदेश की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करने और उन्हें वैश्विक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष का भव्य समापन समारोह हर उस व्यक्ति के दिल में हमेशा के लिए बस गया, जो इसमें शामिल हुआ। भोरमदेव महोत्सव 2025 एक ऐसी यादगार शाम के रूप में दर्ज हुआ, जिसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का गौरव कहा जा सकता है।

प्रत्येक वर्ष तेरस और चौदस की तिथि बाबा भोरमदेव के लिए विशेष महत्व

भोरमेदव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद तेरस और चौदस को बाबा भोरमदेव शिव जी के लिए विशेष दिन रहता है। प्राचीन काल से तेरस के दिन मंदिर में विशेष अनुष्ठान और दिव्य श्रृंगार सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान किया गया। यहां प्राचीन काल से मंदिर के समीप स्थानीय मेला का आयोजन भी होते आया है, जो समय के साथ-साथ स्थानीय मेला अब महोत्सव का स्वरूप ले लिया है। इन दो दिनो में मंदिर में बाबा भोरमदेव शिव जी का विशेष अनुष्ठान और दिव्य श्रृंगार सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। प्रात काल बाबा भोरमदेव का महाभिषेक, एक हजार नामों से सहर्षाचन, रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती किया गया। दूसरे पहर शायम काल में सहत्रधारा से महाभिषेक, श्रृंगार महाआरती-भस्म आरती, शिव सरोवर के सामने भगवान वरूण देव का पूजन, दीपदान गंगाआरती की गई।

शिव महापुराण यज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन

थान खम्हरिया, 28 मार्च (देशबन्धु)। समीप ग्राम पलानसरी (कबीरधाम) में दिनांक 14 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामवासी, क्षेत्र वासियों के सहयोग से जनकल्याण अर्थ आयोजन रखा गया है। राम कथा व्यास आचार्य धर्मराज शास्त्री 15 ,16 , 17 अप्रैल से तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन , पश्चात 18 से 23 अप्रैल शुश्री विद्या दुबे जी चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर, श्री जगतगुरु, श्री रामानंद अचार्य स्वामी, श्री रामस्वरूपचार्य जी के कृपा पात्र शिष्या द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा।

कथा स्थल पानी टंकी अटल चौक कथा का समय 3 से 7 बजे तक यज्ञ में भोजन , भंडारा की व्यवस्था रखी गई है। यह यज्ञ शिव शक्ति भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक वरदान सिद्ध होगा। सुश्री विद्या देवी जी ने भेंट वार्ता के दौरान बताया, यह आयोजन सनातन संस्कृति के संरक्षण भगवान जी की पूजा का शक्तिशाली और सर्वोच्च रूप है। जो सभी प्राणियों के कल्याण, सार्वभौमिक, शांति और समृद्धि को बढ़ाने के लिए लोक कल्याण के उद्देश्य किया जा रहा है। श्री रूद्रम का जाप करने से व्यक्ति का मन मैं सुख, शांति रहती है। आगे आपने बताया। यज्ञ साला की 108 परिक्रमा करने से पूर्ण फल मिलता है। ऐसी मान्यता है, कि मन को शांति मिलती है, और शरीर के दुख कष्ट दूर हो जाते हैं।

गणगौर माता को कराया नगर भ्रमण

थान खम्हरिया, 28 मार्च (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणगौर माता को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान महिलाएं गीत गाते हुए, डांस करते हुए चल रही थी। यही सभी महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा अर्चना की साथ ही युवतियां दूल्हा दुल्हन बनकर श्रृंगार की हुई थी। विवाहित महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

भारत माता युवा मंच के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष की शोभायात्रा कल

- नागपुर का धमाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा शोभा यात्रा में

थान खम्हरिया, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर 30 मार्च को 2025 दिन रविवार को विविध कार्यक्रम आयोजित है। दोपहर 4꞉00 बजे विशाल शोभायात्रा बेमेतरा रोड से प्रारंभ होकर, विभिन्न मार्गो से होते हुए, भारत माता चौक, जयस्तंभ चौक, दाऊ चौरा, त्रिमूर्ति चौक, शुभम मोटर्स होते हुए, अपने स्थल में पहुंचेगी। शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर जहां युवाओं की टीम जी जान से जुटी हुई है। वही नगर के विभिन्न संस्था, समाज और संगठन ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा का स्वागत कर उसका साक्षी बनने के लिए आतुर हैं। इस बार शोभा यात्रा में हिंदुत्व संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले महाराष्ट्र के ढोल, पातक का विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। नगर वासियों को देखने का अवसर प्राप्त प्राप्त होगा । प्रभु श्री राम जी की भव्य प्रतिमा मुख्य आकर्षण होगा। आयोजक समिति ने नववर्ष मनाते हुए, घर-घर भगवा ध्वज फहराने, घर के प्रवेश द्वार पर तोरण लगाने, गोबर से लिप कर रंगोली बनाने की अपील की । नव वर्ष का प्रथम दिवस उत्साह के साथ मनाते हुए, एक दूसरे को शुभकामनाएं बधाई व आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। इस दिन संध्या के समय दीपक जलाकर, सहपरिवार मंदिर देव दर्शन जाने की बात कही है। इस आयोजन के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होगी। जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिबद्ध प्रतिपदा से प्रारंभ होता है।

एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन की मांग टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

कवर्धा, 28 मार्च (देशबन्धु)। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को आगामी एक अप्रैल से प्रात: पाली में संचालित करने की मांग किया। डीईओ की ओर से सहायक संचालक द्वय महेंद्र गुप्ता व यू. आर. चन्द्राकर ने ज्ञापन स्वीकार किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा प्रात: 7꞉30 बजे से 11꞉30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, उग्रसेन चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, राजेश कौशिक, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजकिरण चन्द्रवंशी, रामसिंह साहू, महेंद्र गुप्ता, बद्री चन्द्रवंशी, भूपेंद्र साहू, हुक्मीचंद धुर्वे, अरविंद कुंजाम, प्रकाश केशरवानी, भागवत कौशिक आदि उपस्थित रहे.

कृष्णा साहू बने सरपंच संघ के अध्यक्ष

सहसपुर लोहारा, 28 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा के कद्दावर नेता एवं साहू समाज के बड़े चेहरे कृष्णा साहू को सरपंचो ने सर्वसम्मती से विकास खण्ड सहसपुर लोहारा का सरपंच संघ का अध्यक्ष चुन लिया 24मार्च को सरपंचो के द्वारा सहसपुर लोहारा के मंगल भवन में बैठक आहूत किया गया। बैठक में नव निर्वाचित सरपंचो ने संगठन के संबंध में चर्चा किया गया और संगठन को मजबूत बनाने और अपने मांग एवं समस्या को सरकार तक पहुंचाने के लिए सक्रिय और नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया तब पंचायत निर्वाचन में लगातार छठवीं बार चुनाव जीतने वाले ग्राम पंचायत दलसाटोला के सरपंच श्रीमति बिरझा प्रहलाद साहू के द्वारा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच ग्राम पंचायत राम्हेपुर कृष्णा साहू के नाम का प्रस्ताव सरपंच संघ के अध्यक्ष के रूप में किया तब समर्थन में दूसरी बार सरपंच बने मुकेश पटेल ग्राम पंचायत जरहाटोला के द्वारा किया गया उपस्थित सरपंचो ने सर्व सम्मति से कृष्णा साहू को सरपंच संघ विकास खण्ड सहसपुर लोहारा का अध्यक्ष चुनते उन्हें बधाई दें दी इस अवसर पर भारी संख्या में नव निर्वाचित सरपंच उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से राजेन्द्र पटेल सरपंच बांधटोला, मुकेश पटेल जरहाटोला, सुनीता पटेल तिलईभाठ, उमंग घूर्वे पवनतरा, कौशिल्या गधर्व महराटोला, जाहिदा कल्याणपुर, सरीता धनौरा, साहेबलाल सोनझरी, सुरज साहू छोटूपारा, तीजन बाई छिरबांधा, प्रमिला साह कुटकीपारा, ढेलेश्वर साहू खैरा, जामबाई साहू बामी, बिशहत कोसरे सिंघनपुरी जं., रम्हली बाई मोतिमपुर, सोनी साहू भेण्ड्रा, जलेश्वर पटेल गांगपुर, सुनीता साहू केंजेदाह, बिन्दू राजेश साहू बासिनझोरी, इंदरमन पटेल बड़ौदा खुर्द, श्रीमति दुर्गा संतराम कुरुवा, जयप्रकाश कुंभकार भिभौरी, शिवबती वर्मा विचारपुर, अर्जुन साहू सिल्हाटी, उर्मिला साहू सुरपुरा जं., प्रकाश दास मानिकपुरी नरोधी, नंदकुमार साहू कोयलारी, रेखा गोपाल रजक आमगांव, ममता रामलाल पटेल सारी एवं अन्य ग्राम पंचायतो के सरपंच उपस्थित रहे। ज्ञात हो की नवनिर्वाचित सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णा साहू भाजपा के बड़े चेहरों में अपनी पहचान रखते है। उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में अपने पांच साल के कार्यकाल में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओ को मान सम्मान देकर और सबको साथ में लेकर चलकर उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया था उनके भाजपा अध्यक्ष के कार्यकाल को आज भी याद किया जाता है। अपने सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर कृष्णा साहू ने कहाँ की सरपंचो ने जो उन्हें जवाबदारी सौपी है उसको पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे और सरपंचो का मान सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा खडे रहेंगे वही मेरे जीतने भी सरपंच साथी है वो अपने आपको अध्यक्ष मानकर ही संगठन की एकता और मजबूती के लिए कार्य करे ताकि हम जनता के मतो के साथ न्याय करते हुए उनकी प्रत्येक समस्या का निराकरण करते हुए हमारे नेता नरेंद्र मोदी और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशाअनुरूप गावों का विकास सुनिश्चित कर सके। कृष्णा साहू के सरपंच संघ के अध्यक्ष बनने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने क्षेत्रीय दौरे के दौरान उन्हें बधाई दी इसके साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लाला राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, भाजपा नेता किसन सोनी, अजय बागड़े, सोहन शिवापासक, सुनील कर्नावत, मनीष नागराज,अघन साहू, बालू राम जंघेल, शिवचरण पटेल, नीलकंठ बंजारे, मनहरण श्रीवास, मूल सिंह टंडन, हरजीत सिंह राज, मिलउ साहू के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी

राजा राव पठार में जमीन धोखाधड़ी मामले में आदिवासी समाज का आंदोलन शुरू

गुरुर, 28 मार्च (देशबंधु)। ब्लॉक में भोले भाले आदिवासी किसानों की जमीन को गलत तरीके से सामान्य वर्ग के व्यक्ति के नाम पर ट्रांसफर करवाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी होने के बाद मामले में कार्रवाई को लेकर पीड़ित किसान एवं आदिवासी समाज अब नेशनल हाईवे 30 में स्थित राजा राव पठार ग्राम करेंझर में अपना आंदोलन शुरू कर चुके हैं। आज शुक्रवार को भी आदिवासी किसान एवं समाज के पदाधिकारी आंदोलन में शामिल हुए।

नेशनल हाईवे मार्ग करेंगे जाम

धरना प्रदर्शन स्थल से आज शुक्रवार की शाम 6꞉00 बजे जानकारी मुताबिक 16 आदिवासी किसानों की 52 एकड़ जमीन को हड़पी जा रही है, जिसके विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। सर्व आदिवासी समाज ने भी कलेक्टर से शिकायत की है। आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा एक सप्ताह के भीतर जमीन विवाद पर कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो ह॥ 30 को जाम कर दिया जाएगा। यह आंदोलन पूरे गांव और बस्तर के आदिवासी समाज का मुद्दा बन चुका है।

ग्राम भरदा के खेत खार में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

15 एकड़ का पैरा जलकर हुआ राख

गुरुर, 28 मार्च (देशबंधु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम भरदा में खेत खार में आग लगने से लगभग 15 एकड़ का पैरा जलकर राख हो गया है ।यह घटना गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे की है, घटनास्थल के आसपास ग्राम भरदा घोघोपुरी, पेन्वरो, छेड़िया के सैकड़ो किसानों का खेत भी लगा हुआ है जहां वर्तमान में पैरा एवं लकड़ी रखा हुआ है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो यह आग अन्य खेतों तक पहुंचकर पैरा एवं लकड़ी को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

खेत में रखे हुए पैरा एवं लकड़ी में आग लगने की जानकारी पर ग्राम भरदा के कुछ किसान खेत की तरफ पहुंचे थे तथा स्थानीय स्तर पर आग को नियंत्रित करने का प्रयास करते रहे, लेकिन यह आज की लपटे गर्मी की वजह से तेज होने के कारण लगातार अन्य खेतों तक फैल रहा है।

किसानों का कहना है खेतों में रखे गए पैरा में आखिर आग किसने लगाई है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है ऐसे में किसानों ने असामाजिक तत्वों द्वारा पैरा में आग लगाने की आशंका जताई है।

असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने से अलग-अलग खेतों में रखे गए लगभग 15 एकड़ का पैरा जलकर राख हुआ है जिसके चलते किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

किसानों का कहना है कि खरीफ फसल में मिजाई बाद पैरा को खेतों में ही छोड़ दिए थे, इसके अलावा सूखे हुए पेड़ों की कटाई के बाद जलाउ लकड़ी को भी खेतों में छोड़ दिए थे जिसे नुकसान पहुंचा है।

अव्यवस्था से सबक: व्यवस्था में बदलाव पांच-पांच की कतार में जाएंगे दर्शनार्थी

डोंगरगढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र पर्व की शुरुआत रविवार से होगी। इस बार यह पर्व आठ दिनों का रहेगा। इसे लेकर मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की तैयारी अंतिम चरण पर है। ऊपर माता के दर्शन को जानें वालें भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करनें के लिए इस बार ट्रस्ट समिति ने छिरपानी शेड की व्यवस्था में बदलाव किया है। अधिक भीड़ होनें पर भगदड़ की घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार दोनों शेड से दर्शनार्थियों को एंट्री दी जा रही है। जबकि अब तक दूसरें शेड में पुलिस अपना कंट्रोल रूम बनाकर सरकारी गाड़ियों को पार्क करती थी। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र पर्व के दौरान जब भीड़ शेड तक पहुंचेगी तो बेरिकेड्स में एक बार में केवल पांच दर्शनार्थी ही प्रवेश करेंगे। इससे एक साथ भीड़ दौड़ेगी नहीं और भगदड़ की स्थिति नहीं बनेगी। इसलिए इसके हिसाब से ही इस बार बेरिकेटिंग की गई है। वहीं शेड में कुछ-कुछ अंतराल में तीन पुलिस चौकी बनाई गई है, ताकि जवान व वालंटियर्स आसानी निगरानी रखकर भीड़ को नियंत्रित कर सकें। दूसरें शेड से भी प्रवेश देनें से भीड़ नीचें ही नियंत्रित हो जाएगी। इसके अलावा ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय के समीप ही पुलिस का कंट्रोल रूम रहेगा। कार्यालय के बगल से फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस के लिए रास्ता रिजर्व किया गया है। छिरपानी शेड में इन दो इमरजेंसी वाहनों के अलावा अन्य दूसरें वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे ।तीन रास्तें जहां से पुलिस व वालंटियर्स आएंगे- * छिरपानी शेड से कंट्रोल रूम व प्रधान कार्यालय तक आनें के लिए पुलिस व वालंटियर्स के लिए तीन गलीनुमा रास्तें बनाएं गए है। जहां से केवल ड्यूटी आईडी दिखाकर ही प्रवेश दिया जाएगा। यह तीन रास्तें इसलिए भी बनाएं गए है, ताकि भीड़ भी परेशान न हो और ड्यूटी में बाधा न पहुंचें। सरकारी अफसरों की गाड़ियां भी निश्चित स्थानों में पार्क होगी। शेड तक केवल इमरजेंसी वाहन ही जाएंगे।

*मंदिरों में कल जलेगी आस्था की ज्योत, तैयारी पूरी- * चैत्र नवरात्र पर्व पर ऊपर व नीचें बम्लेश्वरी मंदिर के अलावा शहर के शीतला मंदिर, काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, रणचंडी मंदिर, दुर्गा मंदिर, सतबहिनी मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में एकम यानी रविवार की शाम आस्था की ज्योत प्रज्जवलित होगी। ऊपर मंदिर में 7500 से अधिक ज्योत जलेगी। वहीं नीचें मंदिर में 901 व शीतला मंदिर में 65 ज्योत जलाई जाएगी। गर्मी को देखतें हुए ज्योत कमरों के भीतर विशेष व्यवस्था की गई हैपयजल, छाया व पदयात्रियों के रखा जाएगा विशेष ध्यान- * गर्मी चरम पर है। इसलिए दर्शनार्थियों को राहत देनें के लिए बेहतर व्यवस्था करनें का दावा ट्रस्ट समिति व प्रशासन ने किया है। वैसे तो गर्मी के चलतें चैत्र नवरात्र पर्व में पदयात्रियों की संख्या कम रहती है। लेकिन राजनांदगांव से लेकर डोंगरगढ़ तक सेवा पंडाल लगाएं गए है। जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम 24 घंटे तैनात रहेगी। वहीं पीनें के पानी व आराम के लिए पंखें, कूलर व गद्दा आदि पंडालों में रहेगा। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि सीढ़ियों में जगह-जगह वाटर कूलर लगाएं गए है और अतिरिक्त पंखें भी लगाया गया है। ताकि गर्मी से राहत दे सकें। *रोप-वे सुबह 7 से रात 12 बजें तक चलेगा, दोपहर में मेंटेनेंस भी होगा-* चैत्र नवरात्र में गर्मी की वजह से दर्शनार्थी रात में अधिक आतें है। इसलिए रोप-वे का संचालन रात को दो घंटे अतिरिक्त बढ़ाया गया है। पर्व के दौरान सुबह 7 बजें से रात 12 बजें तक इसका संचालन किया जाएगा। वहीं दोपहर में भोजन अवकाश के समय मशीनों का मेंटेनेंस भी टेक्निकल टीम करेगी। किसी तरह की तकनीकी खराबी आनें पर रोप-वे को तत्काल बंद कर सुधार किया जाएगा। हालांकि नवरात्र के पहलें मरम्मत कार्य कर लिया गया है। इसलिए नवरात्र में कोई बड़ी समस्या आनें की संभावना नहीं है। *सभी मार्गों के लिए पार्किंग का स्थान तय, भीड़ बढ़नें पर विकल्प भी मौजूद- * नवरात्र में डोंगरगढ़ आनें वालें सभी रास्तों में पार्किंग तय कर दिया गया है। राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर की ओर से आनें वालें दर्शनार्थी गुरुद्वारा पार्किंग, प्रज्ञागिरी के समीप अस्थाई पार्किंग, छिरपानी पार्किंग में गाड़ियां पार्क होगी। वहीं खैरागढ़, कवर्धा, गोंदिया, नागपुर, चिचोला से आनें वाली गाड़ियां गौशाला, पुराना कॉलेज के बगल में निजी ग्राउंड, अग्रसेन चौक व टूरिस्ट लॉज पार्किंग में पार्क की जाएगी। प्रशासन ने पार्किंग संचालकों से निर्धारित दर से चार्ज लेनें के निर्देश दिए है। वहीं भीड़ अधिक बढ़नें पर हाई स्कूल ग्राउंड में भी वाहनों को पार्क कराया जा सकता है

महापौर मधुसूदन यादव के परिषद की पहली बैठक में बजट पर अनुशंसा सहित अन्य विषयों की स्वीकृति

राजनांदगांव 28 मार्च (देशबन्धु)। महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2025-2026 पर विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के विभिन्न विभागों के लिये निविदा आमंत्रण सहित अन्य विषयो पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के पूर्व में महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा महापौर परिषद के सभी प्रभारी सदस्यों का आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, श्री संजय वर्मा व श्री दीपक खांडे के अलावा विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

महापौर श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्यसभा को प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि बजट में शासन द्वारा राजनांदगांव के विकास के लिये दी गयी स्वीकृति व बजट प्रावधान को रखा जायेगा। इसके अलावा जनहित एवं जनभावनाओं के अनुरूप बजट में प्रावधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगले माह अप्रैल में नवरात्रि के पश्चात सामान्य सभा में बजट प्रस्तुत किया जायेगा।

महापौर श्री यादव ने बताया कि बजट के अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। इसके अलावा मवेशी बाजार निलामी की उच्चतम बोली की स्वीकृ ति तथा वार्षिक निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही शासन के निर्देशानुसार नवागांव ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में शेष लिगेसी वेस्ट पार्ट-2 के निपटान के लिये निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

बैठक में महापौर श्री यादव ने अधिकारियो से कहा कि सभी अपने अपने दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेगे, चुकि नगर निगम जनता से जुडी संस्था है, अतः जनता की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पार्षदों से सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे, अधिकारी कर्मचारी संबंधित वार्ड के पार्षद से मिलकर जानकारी देकर कार्य संपादित करेंगे। उन्होंने अधिकारी कर्मचारी के पदोन्नति, क्रमोन्नति तथा अनुकंपा नियुक्त के प्रकरणो का प्राथमिकता से निराकरण करने आयुक्त श्री विश्वकर्मा को निर्देशित किये।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती बिना ध्रुव, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा एव राजेश जैन रानू, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

चैत्र नवरात्रि के लिये निगम ने किये व्यापक प्रबंध

राजनांदगांव 28 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुये तकनीकी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मूलभूत सेवा कार्यो के सुचारू संपादन के लिये तीन पालियो में दायित्व सौपा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में पदयात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिये नगर निगम सीमा के सेवा पंडालो में मूलभूत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिये तीन पालियों में तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त कर्मचारी सेवा पंडालो में 24 घण्टे कार्यो का संपादन करेंगे।

■ आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा दायित्व

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उपरोक्त कार्यो के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को एवं प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 97705 19619 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिये प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू मो.नं. 78285 23391 को इनके सहयोगी उप अभियंता श्री मोनेन्द्र साठिया मो.नं. 89826 24140 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव मो.न. 99070 02411 को इनके सहयोगी उप अभियंता श्री अशोक देवांगन मो.नं. 83579 92380 को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे मो.नं. 74705 47099 को इनके सहयोगी श्री डागेश्वर कर्ष मो.नं. 83495 05814 को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। साथ ही शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल व्यवस्था के लिये प्र.मोटर प्रतिपालन श्री सुरेन्द्र साव मो.नं. 94255 64327 को व परिचालक श्री रविकांत साहू मो.नं. 88151 90668 को दायित्व सौपा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सफाई व्यवस्था हेतु प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा मो.नं. 93039 47901 को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 75871 60345 को बनाया गया है एवं प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्र.सफाई दरोगा श्री सपन साहू मो.नं. 62629 81724 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक सफाई दरोगा श्री वरूण सोनी मो.नं. 88399 66872 को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्र.सफाई दरोगा श्री राजकुमार सिन्हा मो.नं. 93028 19262 को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्रा मो.नं. 83197 26288 को सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था प्रभारी एवं लाईनमेन श्री किशन गांवरे मो.नं. 88896 53352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारी व कर्मचारी प्रातः से रात्रि तक तीन पाली में अपने-अपने दायित्वो का निर्वाहन करेंगे।

अतिक्रमण हटाने निगम की कार्यवाही

मेन रोड अनुपंम नगर से नाली के उपर रखे ठेला हटाये

राजनांदगांव 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित अतिक्रमण दस्ता शहर में निरीक्षण कर और शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही है। आज मेन रोड अनुपंम नगर से नाली के उपर ठेला हटाने की कार्यवाही की गई।

रोड एवं चौक चौराहो में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा रखने या मटेरियल व मलमा रखने की जानकारी होने पर नगर निगम की गठित दल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही है। वही उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान अतिक्रमित पाये जाने पर भी कार्यवाही की जा रही है। आज आयुक्त के निर्देश पर अनुपंम नगर मेन रोड में नाली के उपर ठेला रखकर होटल एवं पान का व्यवसाय किया जा रहा था, जिसे हटाने पूर्व में नोटिस दिया गया था। नोटिस उपरांत नहीं हटाने पर आज निगम की टीम ने ठेला हटाने की कार्यवाही की।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहॉ जहॉ पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उसे तत्काल हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये। उन्होंने व्यवसायियो से भी कहा है कि वे अपने दुकान के अंदर ही समान रखे, दुकान के बाहर समान रखने पर यातायात बाधित होती है, इसी प्रकार नाली के उपर ठेला खोमचा रखने से साफ सफाई बांधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि सडक या सार्वजनिक स्थल में निर्माण समाग्री न रखे, अन्यथा अर्थदण्ड के साथ साथ जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

माता विंध्यवासिनी मंदिर में मनेगा चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से

डोंगरगढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। मुढीपार टु खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुढीपार के समीप ग्राम कोपेनवागांव में पहाड़ों पर वीराजी माता विंध्यवासिनी के मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च रविवार से प्रारंभ होगा उक्ताशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुखदास वर्मा संरक्षक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल मार्गदर्शक दयाराम वर्मा सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि 30 मार्च रविवार को ज्योति कलशो की स्थापना की जाएगी 2 अप्रैल बुधवार को पंचमी भोग होगा। 5 अप्रैल शनिवार को अष्टमी हवन प्रातः प्रारंभ होगा हवन के पश्चात शाम 7 बजे से ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम कोपे नवागांव दैहान पोस्ट मुढीपार के समीप तीन पहाड़ियों के बीच माता का विग्रह स्थित है बड़े ही मनोरम दृश्य में यहां पर माता विराजमान है मंदिर के समीप ही पूरे वर्ष भर पानी के लिए कुंड भी स्थापित है जिसमें सभी ऋतुओं में पानी भरा रहता है। मंदिर में सड़क व लाइट की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कर दी गई है यहां मनोकामना ज्योति कलश विशेष रूप से जलाए जाते हैं समिति के लोगों ने क्षेत्र के धर्म प्रेमियों से इस अवसर पर आधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

31 मार्च तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव 28 मार्च (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा समय समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर, दिशा निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करो का भुगतान कर सकते है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा समय समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था, उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्यवाही भी की जा रही है, इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ साथ घर घर जाकर राजस्व वसूली करने कडे निर्देश दिये जा रहे है तथा क्यू.आर. कोड के माध्यम से ऑनलाईन करो की वसूली की जा रही है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर कडाई से करो का वसूली करना सुनिश्चित करे। शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही करने पर कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से करो का भुगतान नहीं करने वालों का नाम प्रकाशित करे तथा निगम स्वामित्व की दुकाने जिनकी प्रीमियम जमा नहीं हुये है तथा लम्बे समय से दुकान किराया नहीं जमा करने वालो की दुकाने सील करने के निर्देश दिये गये है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में करो का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धरित की गयी है, इसके उपरांत जमा करने पर क्रमशः सम्पत्तिकर में 5 प्रतिशत एवं जलकर में 15 प्रतिशत अधिभार लिया जायेगा। अतः उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया करों का 31 मार्च तक भुगतान कर अधिभार से बचे।

ग्राम दर्राबांधा में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती का भव्य रूप से आयोजन

■ मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किए वर्चुवल उद्बोधन

■ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू व विधायक दलेश्वर साहू हुए सम्मिलित

राजनांदगांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। डोंगरगांव/दर्राबांधा-तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह तहसील साहू संघ डोंगरगांव, परिक्षेत्र साहू संघ कोकपुर तथा ग्राम साहू समाज दर्राबांधा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम दर्राबांधा में पूरे उत्साह के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने वर्चुवल उद्बोधन के माध्यम से जनमानस को संबोधित किए। इस गरिमामय कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने की। इसके साथ ही विशेष अतिथी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, देवरी तहसील अध्यक्ष नरेंद्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला संरक्षक नीरेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू व शैलेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, महेंद्र यादव, जागृति चुन्नी यदु, प्रशांत कोड़ापे, मधुकांत यादव, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सदस्य अनिता पंचारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, पार्षद कोमल साहू, सरपंच बसंत निषाद, उपसरपंच ठाकुर राम वर्मा की उपस्थिति रही।

प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने समाज के लोगो को हर क्षेत्र मे आगे बढाने तथा समाज के सरल व सुलभ न्याय व्यवस्था का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले इस दिशा मे प्रयास करने का अव्हान किया। प्रमुख अतिथी विधायक दलेश्वर साहू ने कहा हर अच्छे कार्य करने वाले के जीवन मे चुनौती आता है जिसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, दिनेश गांधी, डां निरेन्द्र साहू, शैलेन्द्र साहू, श्रीमति नीरा साहू, विभा साहू, महेन्द्र यादव, जागृति यदु, मनीष साहू आदि ने भी संबोधित किया।

इसके पूर्व भक्त माता के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा व नवनिर्मित भवन का का लोकार्पण किया गया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने स्वागत भाषण व समाज का प्रतिवेदन पठन करते हुए विभिन्न सामाजिक कुरुतियो को दूर करने व शिक्षा के क्षेत्र मे किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। कार्यक्रम मे नवनिर्वाचित जिला पंचायत, जनपद पंचायत के प्रतिनिधियो का सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रो मे समाज को गौरवान्वित करने सामाजिक प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। जिसमे इंजी नितिन साहू दर्राबांधा, इंजी उत्तम साहू दर्राबाधा, डां एकेश कुमार रिसर्चर बोदेला, पुरुषोत्तम साहू शिक्षक डोंगरगांव, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत साहू, सहित पूरे तहसील स्तर पर दसवी, बारहवी व उच्च शिक्षा मे श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग से नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चो का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक सचिव लविंद्र साव व सचिव धनराज साहू ने किए। सम्मान कार्यक्रम को नोहर दास साहू ने गति दिए।

उक्त आयोजन में तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष प्यारे लाल साहू, सचिव कृष्ण कुमार साहू, ग्रामअध्यक्ष हरिश्चंद्र साहू, रमेश साहू त्रिलोक साहू, तहसील पदाधिकारी उपाध्यक्ष शिवराम साहू, मीना साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, मूलचंद्र साहू, गणेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, लविंद्र साव, धनराज साहू, नोहर दास साहू, माधव साहू, बेलस राम साहू, पोवादास साहू, नितीन साहू, उत्तम साहू, इन्दु साहू, कौशल साहू, पूर्णिमा साहू, पुनारद साहू, सुंदर साहू, बलिराम साहू, चेतन दास साहू, पोहन साहू, रवि साहू, सरिता साहू, रेशम साहू, मोहनीश साहू, टकेश्वर साहू, कृष्णा साहू, रामेश्वर साहू, चुन्नी साहू, भागवत साहू, चुम्मन साहू, सहित परिक्षेत्र कोकपुर के संरक्षक रामकुमार साहू, हेमंत साहू, खिलावन साहू, तुलाराम साहू, जनक साहू, आदि प्रमुखजन सहित बड़ी संख्या मे सामाजिकजनो की उपस्थिती रही।

गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर्व पर मंत्र जाप व यज्ञ हवन की रहेगी धूम

शक्तिपीठ में श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने जुटेंगे श्रद्धालु

राजनांदगांव, 28 मार्च (देशबन्धु)। पोस्ट आफिस चौक समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि पर्व की जोरदार तेयारियां की जा रही है। एक ओर जहां शक्तिपीठ को नये कलेवर में लाने के लिए खूबसूरत साज- सज्जा की जा रही है। राजस्थान के कारीगरों द्वारा संगमरमर पत्थरों में की जा रही सुंदर नक्काशी सहित मंदिर के सौंदर्य वृद्धि के अन्य कार्य धड़ल्ले से जारी है। गायत्री शक्तिपीठ को खुबसूरत व भव्य कलेवर देने के लिए मुक्त हस्त से दान देने के लिए भक्तों से अपील भी की जा रही है।

जप- तप साधना - उपासना का बना रहेगा माहौल

शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या और निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर में जप- तप व शक्ति आराधना के लिए साधना उपासना का दौर जारी रहेगा। ट्रस्टी द्रव्य ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि आठ दिनों का है। इसलिए आठों दिनों में मां गायत्री का पूजा- उपासना का दौर अनवरत रूप से चलते रहेगा। मंत्र जाप, गायत्री चालीसा का पाठ किया जाएगा। साथ ही रोजाना यज्ञीय आयोजन भी संपन्न किए जाएंगे। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि नवरात्रि के दिनों माहेश्वरी समाज द्वारा मंदिर में श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनो की उपस्थिति बनी रहेंगी। अंतिम दिन मंदिर में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार कार्य संपन्न किए जाएंगे। यज्ञाहूति के पश्चात मंदिर में महाप्रसादी दी जाएगी।

आज से 2 अप्रैल तक शनि मंदिर में अखंड ज्योत की प्रज्जवलीत

डोंगरगढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। महावीर पारा में स्थित शनि मंदिर में हर ढ़ाई वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनि देव मंदिर में शनि ब्रम्हयोग में श्री शनि पालट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तों के कल्याण के लिये एवं मनोकामना पूर्ति के लिये 29 मार्च 2025 से 2 अप्रैल 2025 तक अखंड ज्योत, रुद्र अभिषेक, शनि शांतिपाठ एवं शनि शांति जाप नवग्रह पाठ जाप कराये जायेंगे। 29 मार्च 2025, दिन-शनिवार शनिमूर्ती अभिषेक, तेल अभिषेक सुबह 06.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक, शेज श्रृंगार शाम 04.00 बजे से अखंड ज्योत प्रज्जवलीत शाम 5.00 बजे से, महा आरती रात्री 12.00 बजे की जायेगी 2 अप्रैल 2025, दिन बुधवार ज्योति हवन सुबह 10.00 बजे से 04.00 बजे विसर्जन होगा, इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

भ्रामक प्रचार करने वाले के खिलाफ तत्काल शिकायत की गयी

डोंगरगढ़, 28 मार्च (देशबन्धु)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा हमर भिलाई छत्तीसगढ़ के इंस्टाग्राम पेज में चैत्र नवरात्रि 2025 बम्लेश्वरी माता मंदिर और पाताल भैरवी मंदिर में ज्योति कलश जलाने पे लगी रोक नाम से भ्रामक जानकारी प्रसारित किए जाने की जानकारी मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में तत्काल शिकायत की गयी थी। ट्रस्ट समिति द्वारा की गयी शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने हमर भिलाई छत्तीसगढ़ इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करने वाले न्यू खुर्सीपार भिलाई निवासी सोनू साहू को डोंगरगढ़ थाने लाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी कार्यवाही के पश्चात भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वाले सोनू साहू ने पत्र लिखकर मंदिर ट्रस्ट समिति और भक्त जनों से माफी मांगते हुए कहा है कि यह भूलवश हुआ है मेरी मंशा किसी भी प्रकार से मंदिर ट्रस्ट और माता के भक्तों की भावना को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। चूंकि मैं मिडिया संस्थान के पी न्यूज़ में विडियो एडिटर के पद कार्यरत हूं इसलिएजानकारी साझा करता रहता हूं। बम्लेश्वरी मंदिर में जोत नहीं जलेंगे यह पोस्ट केवल और केवल भूलवश हुई इसके लिए मैं पूरे मंदिर ट्रस्ट समिति से माफी मांगता हूं। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने समस्त मिडिया कर्मियों और सोशल मीडिया एक्टिविस्टों से आग्रह किया है कि मां बम्लेश्वरी मंदिर छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ साथ पूरे देश के हिन्दू धर्मावलंबीयों के आस्था का केंद्र है अतः किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने के पश्चात उसकी पुष्टि किये बिना उसे प्रसारित न करें।

कवर्धा नपाध्यक्ष ने पेश किया 228 करोड़ 61 लाख का बजट

■ कोई नया कर नही, शहर विकास के लिए 193 करोड़ का प्रावधान

कवर्धा, 28 मार्च (देशबन्धु)। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। जब इंसान पूरे समर्पण और मेहनत से काम करता है, तो चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, वह आखिरकार सफलता प्राप्त करता है। मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। यही विश्वास और दृढ़ संकल्प से ही विजय प्राप्त किया सकता है। इसी अंदाज में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने प्रथम बजट को परिषद के पटल पर रखा। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ायेगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होनें बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्गान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की।

इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया गया है इसमें वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय 22861.95 लाख (अक्षरी-दो सौ अठ्ठाईस करोड़ एकसठ लाख पनचानवे हजार रूपये) तथा व्यय 22843.30 (अक्षरी-दो सौ अठ्ठाईस करोड़ तिरालीस लाख तीस हजार) रूपये प्रस्तावित किया गया है इस प्रकार बजट में 18 लाख 65 हजार का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया है।

मिल का पत्थर साबित होगा बजट - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास के लिए इस बजट में 193 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट निर्माण 1 करोड़, शारदा संगीत महाविद्यालय का उन्नयन, खेल विस्तारीकरण, महिला जीम की स्थापना 2 करोड़, नालंदा परिसर, जेवड़न मार्ग, करपात्री स्कूल के सामने एवं परशुराम चौक से गंगानगर होते हुए वार्ड क्रं. 08 तालाब तक गौरवपथ निर्माण 15 करोड़, शहर के चारो दिशाओं में प्रवेश द्वार का निर्माण 2 करोड़, शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 50 लाख, तालाबों का विकास 6 करोड़, पाईप लाईन विस्तारीकरण, स्ट्राम डेञ्न बडे नाला का विकास कार्य, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे नवीन मटन मार्केट का निर्माण 2 करोड़ 50 लाख, नवीन कचरा प्रबंधन संग्रहण केन्द्र का निर्माण 1 करोड़, मुक्तिधाम विकास कार्य 5 करोड़, गार्डन विकास का कार्य 6 करोड़ 50 लाख सहित अन्य विकास कार्यो को शामिल किया गया है। इस प्रकार अधोसंरचना मद अंतर्गत 34 करोड़, राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 24 करोड़, केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत 35 करोड़ 11 लाख, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 3 करोड़, अन्य मदो से प्राप्त राशि 15 करोड़ 64 लाख, सांसद, विधायक, अध्यक्ष पार्षद निधि से 2 करोड़ 10 लाख, निकाय राजस्व से 6 करोड़ 60 लाख रू. का खर्च करने का प्रावधान किया गया है।

महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान का ख्याल, 4 स्थानों पर बनेगें पिंक टायलेट - बजट में नपाध्यक्ष ने बताया कि चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट का निर्माण होगा। पिंक टायलेट का निर्माण जो महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में मदद करेगा। महिलाओं को साफ, सुरक्षित और आरामदायक सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक सकारात्मक पहल है। इस तरह की सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए अधिक सहूलियत और आत्मविश्वास पैदा करेगें, खासकर जब वे बाहर निकलने पर अक्सर व्यक्तिगत सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर चिंतित होती हैं अब वह चिंता दूर होगी।

विकास कार्यों पर फोकस - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में पेश किया गया। यह उनके कार्यकाल का पहला बजट था। इस बजट में नगर पालिका क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव किया गया, जिसमें अधोसंरचना, केन्द्र प्रवर्तित योजना, राज्य प्रवर्तित योजना, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, जल आपूर्ति, और स्वच्छता संबंधित कार्यो को शामिल किया गया है।

बेहतर सेवाओं के लिए रोड मैप तैयार- सीपी - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस बजट में सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सुंदर और स्वच्छ कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। उन्होनें कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य न केवल कवर्धा शहर का विकास करना है, बल्कि उसे एक आदर्श और स्वच्छ शहर बनाना भी है।

उल्टा पुल्टा

एक शराबी आंखें दान करने गया, काउंटर क्लर्क ने कहा, कुछ कहना चाहते हो?
शराबी - जिसे लगाओ उसे बता देना कि दो घूंट बाद ही खुलती है।

भैंस चोरी का अपराध दर्ज नहीं करने पर नाराज यादव समाज ने घेरा थाना

महासमुंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। बेलटूकरी गांव में भैंस चोरी की शिकायत दर्ज नहीं करने से नाराज यादव ठेठवार समाज ने तुमगांव थाने का 27 मार्च को घेराव कर दिया। भैंस चोरी की घटना 14 मार्च की है। बेलटूकरी निवासी दिनेश यादव की 4 भैंसें चरने गई थी। रात 9 बजे तक भैंसें नहीं लौटीं। खोजबीन के बाद दिनेश ने तुमगांव थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही कोई जांच की। 14 दिन तक कार्रवाई न होने से नाराज होकर खैरझिटी, तुमगांव, बिरबिरा, परसाडीह, कुकराडीह, खट्टीडीह, अमावस और आरंग के यादव ठेठवार समाज ने गुरुवार को थाने का घेराव कर दिया। समाज की महिलाएं थाने के अंदर धरने पर बैठ गईं। करीब 3 घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। यादव समाज के नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, दिनेश यादव, सोमनाथ यादव, नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, मनोज यादव, सचिन यादव, संतोष यादव, लव यादव, घना यादव, खमतरीय आरंग गुलाब यादव, संतोष पाल सचिव दुग्ध संघ महासमुंद, रौशन यादव, घनश्याम यादव, ठाकुर राम यादव, अमन यादव, भगेलू यादव, बलदाऊ यादव, सोहन यादव, राम प्रसाद यादव, पतिराम यादव, कमलेश यादव, मोहन यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस भैंस चोरों को बचा रही है। 14 दिनों तक पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। वहीं एडिशनल एसपी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि प्रार्थी के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान गांव वालों की मदद से की जा रही है।

रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वर डाउन होने की वजह से लोग हो रहे हैं परेशान

खरीदी बिक्री करने वाले तपती धूप में बारी आने का करते हैं इंतजार

कसडोल/बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। रजिस्ट्रार कार्यालय कसडोल में सर्वर डाउन होने की वजह से रजिस्ट्री में अनावश्यक विलंब हो रहा है जिसके कारण जमीन के क्रेता एवं विक्रेताओं को इस भीषण गर्मी में दिन भर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कसडोल के रजिस्ट्री ऑफिस में रोजाना बड़ी संख्या में जमीन के क्रेता एवं विक्रेता अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचते हैं और रजिस्ट्री कराते है लेकिन पिछले एक सप्ताह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से यहां सर्वर डाउन होने की समस्या चल रही है। सर्वर डाउन होने की वजह से लोगों का कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण तपती धूप में दिन भर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह समस्या पूरे छत्तीसगढ़ में है क्योंकि यह कार्य पुणे से संचालित होता है जहां से ही इस सर्वर संबंधित समस्या होना बताया जा रहा है। यहां के जमीन क्रेता विक्रेताओं एवं किसानों ने शीघ्र इस सर्वर की समस्या को हल करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि होली पर्व के बाद से ग्रामीण क्षेत्र में शादी विवाह का सिलसिला शुरू हो जाता है और कई किसानों को इसके लिए जमीन जायदाद को बेचना पड़ जाता है। वहीं प्रति वर्ष 1 अप्रैल से रजिस्टी फीस बढने की चर्चा को लेकर भी खरीदी बिक्री करने वाले मार्च माह के अंत तक जमीन खरीदी बिक्री के कार्य को करने के लिए भी लगे रहते है।

प्रेसिडेंट इन काउंसिल का नपाध्यक्ष ने किया गठन

दिव्यांग महिला पार्षद को पीआईसी में नपाध्यक्ष ने किया शामिल

महासमुंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद महासमुंद की नई पीआईसी का गठन नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने गुरुवार को किया। जिसमें 4 कांग्रेस सहित 2 निर्दलियों को भी शामिल किया गया। एक सदस्य नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी हैं। पीआईसी गठन पश्चात नपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के पार्षदों सहित निर्दलियों को शामिल कर हमने सभी को साथ लेकर शहर विकास का संकल्प लिया है। ज्ञात हो कि पीआईसी गठन में प्रमुख बात यह रही कि नपाध्यक्ष श्री साहू ने प्रथम बार के निर्वाचित वार्ड 15 के दिव्यांग पार्षद ईश्वरी संजय भोई को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग का सभापति बनाया है। इस पर नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि उन्होंने दिव्यांग पार्षद श्रीमती ईश्वरी भोई के संघर्ष व जनसेवा को ध्यान में रखकर पीआईसी मेंबर बनाया है। इससे जनसेवा के प्रति श्रीमती ईश्वरी भोई का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही पीआईसी की बैठक में मजबूती से जनहित के मुद्दे पर आवाज बुलंद करेगी। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

नगर में बजरंग दल कार्यकारणी का गठन

नवापारा राजिम, 28 मार्च (देशबन्धु)। बजरंग दल नवापारा के तत्वावधान में कार्यकारणी गठन के लिए माँ कर्मा माता मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के उच्च पदाधिकारियों के निर्देशानुसार नवापारा बजरंग दल का गठन किया गया और संयोजक और सह संयोजको की नियुक्ति की गई।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता भूपेंद्र सोनी (पूर्व जिला उपाध्यक्ष विहिप) और धीरज साहू ने नव कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने हिन्दूओ को एकता के सूत्र में बांधने और हिन्दू धर्म के प्रति जागरूकता की बात कही। बैठक के दूसरे सत्र में संगठन के डिगेश्वर वर्मा विभाग सह मंत्री विहिप, निखिल यादव जिला मंत्री विहिप, मोहित साहू जिला संयोजक जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार नवापारा बजरंग दल के गठन की घोषणा की गई।

घोषणा अनुसार नगर संयोजक सुमित सोनी, सह संयोजक मुकेश निषाद, चन्दन जैन, चंद्रकांत साहू, गौ रक्षाप्रमुख अभिषेक शर्मा, सह गौ रक्षाप्रमुख मुन्नू जैन, चंदन यादव, महेश साहू, अखाड़ा प्रमुख खुशवंत ठाकुर, राजा साहू, राहुल साहू, सत्संग प्रमुख मनु तिवारी, तरुण यादव, रोहित कंडरा, सेवा प्रमुख रमन सोनकर, सेवासहप्रमुख गौरव सामनानी, युवराज यादव, प्रचार प्रमुख राघव सोनकर, प्रचार प्रसार सह प्रमुख हर्ष, मेहुल कृष्णा यादव, विद्यार्थी कार्य प्रमुख नितुल देवांगन, शुभम देवांगन एवं अन्य सभी वार्डो के संयोजक और सह संयोजको की नियुक्ति की गई।

दुर्गावाहिनी के बहनों की उपस्थिति साथ ही संगठन के पूर्व दायित्ववान पदाधिकारी कार्यकर्ता गुलाब राव, मुकंद मेश्राम, नागेंद्र वर्मा, कुणाल मिश्रा, ललित साहू, संजय साहू, राजु रजक, देव साहू, राकेश यादव, करन साहू और समस्त कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त पदाधिकारीयो को शुभकामनाएं दी।

प्राथमिक शाला भेंडरी की छात्रा लुप्ताजंलि गोस्वामी का नवोदय में चयन

राजिम, 28 मार्च (देशबन्धु)। विकासखंड फिंगेश्वर के अंतिम छोर में बसे ग्राम भेंडरी(लोहरसी) के शासकीय प्राथमिक शाला से लुप्ताजंलि गोस्वामी पुत्री सोनू - वेदलता गोस्वामी का चयन नवोदय विद्यालय पाण्डुका में छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है जो बहुत होनहार एवं मेधावी छात्रा है उनके इस चयन से विद्यालय परिवार एवं संकूल केंद्र लोहरसीएवं ग्राम भेंडरी में हर्ष का माहौल है ।शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी चाहे एकलव्य आवासी विद्यालय हो या जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में लगातार विद्यार्थियों के चयन की उपलब्धि दर्ज कर रही है ।शिक्षा सत्र के प्रारंभ के साथ ही एक कालखंड नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए निर्धारित कर प्रति दिन बच्चों को अभ्यास करवाया गया एवं अन्य स्थान से विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान कर प्रेरित किया गया । नए शिक्षा सत्र में भी प्रारंभ से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के तैयारी हेतु कोचिंग की सुविधा बच्चों को उपलब्ध करवाया जाएगा। लुप्ताजंलि गोस्वामी के इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधानपाठक एव शिक्षकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त कर मिठाई खिलाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य के कामना कर शुभकामनाएं बधाई दी ।चयनित छात्रा लुप्ताजंलि गोस्वामी एवं शाला परिवार कोइस उपलब्धि के लिए बधाई शुभकामनाएं देने वालो में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी बीआरसीसी सुभाष शर्मा,सकुंल प्राचार्य के एल कंवर ,संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा सरपंच तुलेश्वरी साहू,उपसरपंच ऐलू राम साहू,पूर्व सरपंच मोहन लाल साहू,भूषण साहू, ढाल सिंह ध्रुव,टीकम चंद साहू,घनश्याम साहू,प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी शिक्षक गण लालजी सिन्हा,टीकू राम ध्रुव,रेखराम निषाद,प्रदीप कुमार साहू शाला के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

रावन सहित अंचल के गांवों में प्रारंभ हैं नवधा रामायण

भरूवाडीह/बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार के एकमात्र सेनानी गौरव ग्राम रावन सहित अंचल के चांपा, सैहा, भरूवाडीह, ठेलकी, गुमा, सरसेनी, चुचरूंगपुर, सेम्हराडीह, पिपराही, चंडी, सरकीपार, आदि गांवों में सभी ग्रामवासियों के सहयोग से अनवरत चौबीसों घंटे पांच से सात दिवसीय रामायण समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। जहां अंचल से बालिका, नवयुवक और महिला तथा बुजुर्गों की मानस मंडली द्वारा भजनों एवं कथा के माध्यम से रघुकुल के राजा दशरथ और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचन्द्र जी-माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म से लेकर उनके परलोक गमन तक रामायण की गंगा बह रही है। मंच संचालक नरेश धुरंधर, अध्यक्ष गणेश वर्मा ने बताया, कि श्रद्धालु और श्रोतागण भारी संख्या में पहुंचकर आस्था पुर्वक रामचरित मानस के कथा श्रवण कर रहे हैं।

पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम का गठन

महासमुंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। ग्रीष्मकाल के दौरान मैदानी स्तर पर पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जिले में पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए वर्ष 2025.26 में उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक कार्यरत रहेगा। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा हस्त पंप तकनीशियन होंगे। पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर सम्पर्क किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड महासमुंद अंतर्गत महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी किशोर कुमार साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। इसी तरह विकासखण्ड महासमुंद के लिए उपअभियंता विकासखण्ड प्रभारी आलोक शुक्ला, बागबाहरा के लिए उप अभियंता श्रीमती कुलेश्वरी भारद्वाज, विकासखण्ड पिथौरा के लिए उप अभियंता विकासखण्ड प्रभारी पीडी अनंत होंगे। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड सरायपाली अंतर्गत बसना और सरायपाली के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खिलेश्वर साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। विकासखण्ड बसना के लिए उप अभियंता विकासखण्ड प्रभारी महेन्द्र ध्रुव एवं विकासखंड सरायपाली के लिए उपअभियंता विकासखण्ड प्रभारी टी के चन्द्राकर प्रभारी अधिकारी होंगे।

देवरीकला में ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा को स्वयं हटाया जा रहा हैं

पंचायत प्रतिनिधियों की पहल को सभी ने सराहा

कसडोल/बलौदाबाजार, 28 मार्च (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत देवरीकला में ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध कब्जा को बैठक के बाद अब लोग स्वयं तोड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत देवरीकला में अवैध कब्जा किए जाने के कारण चारागाह सहित निस्तारी की समस्या बढ़ गई थी और लगातार बढ़ते ही जा रही थी जिसके कारण नवनिर्वाचित सरपंच एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर वैष्णव के नेतृत्व में गत दिनों गांव में बैठक आयोजित कर समस्या के बारे में चर्चा करते हुए अवैध कब्जा तोड़ने का निर्णय लिया गया जिसमें समस्या को देखते हुए कब्जा धारियों ने भी अपनी सहमति जताई। जिसके बाद यहां जे सी बी के माध्यम से कब्जा तोड़ा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अवैध कब्जा आज कसडोल नगर सहित क्षेत्र के प्रत्येक गांव के लिए समस्या बन गई है। गांवों में एक प्रकार से अवैध की बाढ़ सी आ गई है। कसडोल नगर में जहां अवैध कब्जा के कारण चारागाह की समस्या तो है ही सरकारी भवनों के लिए जगह नहीं होने से आस पास के दूसरे गांवों में सरकारी भवन बनाना पड़ रहा है। यहां आस पास के विभिन्न गांवों में अवैध कब्जा के कारण चारागाह एवं खेल मैदान सहित निस्तारी की समस्या बन गई है। विदित हो कि आस पास गांव के लोग तो अवैध कब्जा अपने लिए किए हैं पर विकास खंड के कई ऐसे गांव हैं जहां लोग अवैध कब्जा कर दूसरे लोगों को बेच देते हैं और दूसरे लोग उसे मोटी रकम में ले भी लेते हैं इनमें ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल गिरौदपुरी एक है जहां अवैध कब्जा कर दूसरों को मोटी रकम में बेचे जाने का खेल काफी फल फूल रहा है। शासन प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

झूठ लबारी अटियाथे, सच बोलइया ल चिंता हे

चिपरीडीह के हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने खूब गुदगुदाया

नवापारा राजिम, 28 मार्च (देशबन्धु)। चिपरीडीह के मानसगान प्रतियोगिता में शुभारंभ के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अंचल के कवियों ने एक से बढ़कर एक हास्य, व्यंग्य, देशभक्ति, संस्कृति, संस्कार, एवं धार्मिक कविताएं पढ़कर लंबे समय तक गुदगुदाया। इस मौके पर राज्यपाल पुरस्कृत पूर्व प्रधानपाठक मकसूदन साहू, मोंगरा बाई ने गांव के सात विधवा महिलाओं को नगद राशि एवं साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अनीता, भगवती, सुखिया, कालिंद्री, कुमारी, गुणई, वेणुका है। जिसमें सरपंच उषा बाई ने भी सभी महिलाओं का तिलक लगाकर प्रणाम किया। मनोज कुमार ने संचालन करते हुए सभी कवियों को मंच में स्वागत कराया। गीतकार किशोर निर्मलकर ने सरस्वती माता की वंदना गीत प्रस्तुत किया तथा पैरोडी सुनाकर खूब तालियां बटोरी। गीत के मुखड़ा देखिए-हर बात दिल का अक्सर कहना जरूरी नहीं, हर जख्म दिल का सबको दिखाना जरूरी नहीं, मैं हूं सही तुम हो गलत, कहना जरूरी नहीं। गातापार से पहुंचे कवि चोपेश्वर कुमार ने व्यंग्य रचना देकर माहौल में ताजगी ला दी। उन्होंने रामायण के प्रसंग पर चर्चा करते हुए प्रस्तुत कर पंक्तियों में श्रोताओं का दिल जीत लिया। उनकी छत्तीसगढ़ी लाइन देखिए- झूठ लबारी अटियाथे, सच बोलइया ला चिंता हे, जला ले पुतला रावण के, रावण अभी जिंदा है। ओज के कवि टीकमचंद सेन दिवाकर ने देशभक्ति का अलख जगाया। प्रस्तुत है चार लाइन-कतरा खून का मेरे वतन के काम आ जाए, वतन के वास्ते जिए मरे तो बात बन जाए, यही अरमान है दिल की जय जयकार हो जिनकी, हर दिन और हर सांस तेरे नाम करता हूं, शहीदों की शहादत को सजदा सलाम करता हूं।

ऐसा कोई राम बता दो जो कैकई का दंश सह पाएगा: कवि श्रवण प्रखर एक से बढ़कर एक कविताएं प्रस्तुत किया उन्होंने धार्मिक कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब तक कहीं खोज मिलते, राम भारत सा भाई, पिता के सीने पर बैठा, बेटा बन के कसाई, ऐसा कोई राम बता दो, जो कैकई का दंश सा पाएगा। कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने बेटियों पर शानदार रचना पढ़ी और खूब तालियां बटोरी। उन्होंने माताओं के विभिन्न रूपों को रेखांकित भी किया। प्रस्तुत है कुछ अंश-2 वर्ष की कन्या कुमारी, तीन त्रिमूर्ति रुपाणी है, 4 वर्ष की कन्या कल्याणी, पांचवा माता रोहिणी है, दुष्टों का संहार करती, छठवा कालिका बन जाती, सातवां चंडिका, आठवां मां संभावी कहलाती, नव वर्ष की कन्या मां दुर्गा, 10 सुभद्रा की अवतार है, ममता दुलार की प्रतिमूर्ति, करती हम सब की बेड़ा पार है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित होकर काव्य के रस में भींगते रहे।

सिख समाज ने गुरुद्वारा पहुंचने पर प्रभात फेरी का किया स्वागत

महासमुंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। चेट्रीचंड जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत, नवयुवक सेवा समिति, झूलेलाल सेवा समिति, सिंधु महिला समिति द्वारा 5 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा, बच्चे उत्साह के साथ भजन कीर्तन करते हुए भाग ले रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार 25 से 29 मार्च तक सिंधी धर्मशाला से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। जो प्रमुख मार्ग बस स्टैंड, गांधी चौक, नेहरू चौक होते हुए वापस सिंधी धर्मशाला पहुंच रही है। 28 मार्च को प्रभात फेरी नगर भ्रमण उपरांत स्टेशन रोड होते हुए गुरुद्वारा पहुंची। जहां सभी ने गुरुद्वारा में मत्था टेका। प्रभात फेरी में शामिल संगत को सिख समाज ने स्वागत कर जलपान प्रसादी का वितरण किया। पूज्य सिंधी पंचायत के राहुल लालवानी ने बताया कि चेट्रीचंड जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक तैयारी की गई है। 29 मार्च को सिंधु भवन में बहराणा साहब की पूजा शाम 4 होगी। शाम 5 बजे बहराणा साहब की शोभायात्रा सिंधु भवन से महामाई तालाब पहुंचेगी। रात्रि 9 बजे भजन संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। 30 मार्च को सुबह 9 बजे झूलेलाल चौक में आरती, 9. 30 बजे एमजी रोड में प्याऊ का उद्घाटन, 10 बजे सिंधु भवन से बाइक रैली नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। दोपहर 12 बजे से 2. 30 बजे तक भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। शाम 5. 30 बजे सिंधु भवन से झूलेलाल महाराज की भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो नगर भ्रमण उपरांत वापस सिंधु भवन पहुंचेगी।

खरोरा में पांच दिवसीय रामायण सम्मेलन 6 से

महासमुंद 28 मार्च (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा में रामनवमी के पावन पर्व पर पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन 6 से 11 अप्रैल तक रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चौथा पुरस्कार 3001, पांचवा पुरस्कार 2001 रखा गया है। प्रत्येक मांनस मंडली को 1100 रु दिया जायेगा। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि प्रत्येक मांनस मंडली में 5 से 7 सदस्य वांछनीय है। प

पंचायत सचिव संघ का 12वें दिन भी हड़ताल जारी

बागबाहरा, 27 मार्च (देशबन्धु)। छ ग पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर आज 10 वे दिन भी ब्लाक इकाई बागबहारा जिला महासमुंद के पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में डटे हुए है ,जिसके कारण पंचायत के सारे कार्य ठप्प पड़े हुए है ।

यह कहना गलत नही होगा कि ,पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत सचिव प्रशासन की रीढ़ है ,जिनके माध्यम से केंद्र एवम राज्य से संबंधित समस्त योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल पाता है ।

अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल में ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सचिवों को ग्राम सहायक के नाम से जाना जाता था , जो राज्य शासन के अधीन तृतीय श्रेणी के कर्मचारी हुआ करते थे , तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंग के कार्यकाल में नियमित ग्राम सहायकों के पद को ड़ाइंग ह्यड्डस्त्रड्डह्न घोषित कर पद समाप्त कर दिया गया है ,एवम उनके स्थान पर पंचायतों में 500 रु के मानदेय पर पंचायत कर्मी की नियुक्ति कर दी गयी , तत्समय पंचायत क्षेत्र के बेरोजगारों ने सिर्फ इस आश में की, आज नही तो कल शासन प्रशासन नियमित कर सम्मान जनक वेतन और पदोन्नति देगी ।

लेकिन इन्हें ये कंहा पता था कि शासन में बैठे हजारों लाखों की तनख्वा पाने वाले अधिकरी ,भोले भाले शिक्षित ,आज 30 वर्ष बाद भी ,राज्य शासन के कर्मचारी नही बन पाए , 500 से शरू हुई वेतन की यात्रा 4 साल बाद 1000 हुई, 3 साल बाद 1250 ,फिर 3 साल बाद 1500 तक पँहुचने में 13 साल गंवा दिए , जबकि 1500 में एक सायकल भी नही खरीदी जा सकती थी ।

इस बीच पंचायत सचिवों ने कई बार आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ते रहे , आखिरकार बीजेपी शासन में डॉक्टर रमन सिंग ने 7-7-2007 को पंचायत सचिव के लिए नियमित वेतन मान ,जो सबसे नीचे एवम जिला संवर्ग के कर्मचारी के लिए 2700-1100-3800 का वेतन बैंड लागू किया गया ,1995 से लेकर 2007 के बीच 12 साल बाद 2700 रु वेतन की वैल्यू 500 रु से भी कम थी , बाद भी पंचायत सचिव ने धैर्य रखते हुए ,इस न्यूनतम वेतन पर भी काम कर रहे है ।

बढ़ती महंगाई के कारण ये वेतन भी किसी भी लेवल के कर्मचारी के लिए नाकाफी है ,आंदोलन का क्रम 3 साल बाद भी चलते रहा और फिर से एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए आखिरकार 23 वर्ष बाद अप्रैल 2018 में 5200-2400-20200 का वेतनमान लागू हुआ ,लेकिन यंहा भी शासन ने छल कपट करते हुए वेतनमान के अलावा अन्य सभी शासकीय सुविधाएं जो एक तृतीय श्रेणी के कर्मचारी को मिलनी चाहिए ,से वंचित रखा गया ।

इन 30 वर्षो की यात्रा में हजारों सचिव भगवान को प्यारे हो गए या ,कोई गंभीर बीमारी के चपेट में आकर तो कोई दुर्घटना से काल कलवित हो गए । इनके आश्रितों को भले ही अनुकंपा नियुक्ति सचिव पद पर हुई ,लेकिन फिर उसे वंही लाकर पटक दिया गया ,जंहा से उसके स्व.माता /पिता की नियुक्ति न्यूनतम वेतन पर हुआ था ,यानी फिर से उनकी नौकरी 10000 रु से शुरू होती है ,जबकि उनकी विधवा को किसी प्रकार से पेंशन आदि की पात्रता नही थी ।

आज यदि कोई सचिव रिटायर होता है तो उन्हें किसी भी प्रकार के पेंशन की पात्रता नही है । दुर्घटना में मृत सचिवों को केवल 25000 रु की अनुग्रह राशि और ग्रेज्युटी पिछले 1 साल से प्रारंभ हुआ है ।

जबकि आज पर्यंत ,पंचायत सचिवों को किसी प्रकार की पदोन्नति ,क्रमोन्नति का लाभ नही मिला है 30 वर्ष पहले भी सचिव थे , और आज भी सचिव रहते हुए रिटायर हो रहे है ,इन्हें आज भी शासन के अनुदान से वेतन मिलता है , जिसके कारण निश्चित समय मे वेतन भी प्राप्त नही होता जबकी अन्य शासकीय कर्मचारी को 1 तारीख को वेतन मिल जाता है ।

पंचायत सचिव को शासन से अपेक्षा- राज्य सरकार के तृतीय श्रेणी के कर्मचारी घोषित किया जाय । सेवानिवृति के पश्चात 50 प्रतिशत वेतन की पात्रता हो । योग्यता अनुसार एवम अनुभव के आधार पर रिक्त उच्च पदों पर पदोन्नति किया जाय। निर्धारित सेवाकाल पश्चात क्रमोन्नति का लाभ हो। आवास भत्ता /यात्रा भत्ता। चिकित्सा क्षति पूर्ति राशि भुगतान। राज्य कर्मचारी कोड। वेतन भुगतान राज्य शासन के खजाने के स्थापना मद से भुगतान हो ।

उपरोक्त समस्त मांग ,हमारी एक सूत्रीय मांग *शासकीयकरन* में समाहित है ,राज्य शासन से मांग है वे हमारी मांगो पर सहानुभति पूर्वक विचार करते हुए अविलंब निराकरण करने का कष्ट करें ।

दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर में चोला चढ़ा

कुरूद 28 मार्च (देशबंधु)बजरंग चौक कुर्मी परा वार्ड क्रमांक 5 में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी के मूर्ति का पुजारी द्वारा नित्य प्रतिदिन की तरह आज भी 27 मार्च सुबह 11ः00 बजे मंदिर के पुजारी जितेंद्र नाथ योगी द्वारा हनुमान जी के मूर्ति के ऊपर चढ़े फूल, बंधन ,चोला ,नयन की सफाई कर रहे थे। तभी हनुमान जी के ऊपर चढ़े चोला थोड़ा-थोड़ा करके लगातार गिरने लगा, और थोड़े ही समय में पूरा का पूरा झड़ गया ।यह चमत्कार देख आसपास के लोग लोगों की भीड़ देखते ही देखते जमा हो गया। और यह चमत्कार देख लोगों के जुबान में तरह-तरह के बाद होने लगी जितेंद्र नाथ योगी ने बताया हनुमान जी के मूर्ति के ऊपर बंधन के चढ़े चोला 2 चिंटल 40 किलो निकला है। वहीं हनुमान जी के मस्तक का चार नाग तिलक , 11 जोड़ी नयन मिला है। झड़े हुए चोला को नगर के आराध्य देवी मां चंडी मंदिर में भक्तों के दर्शन के लिए रखा गया है ।बाद में गंगा नदी में ले जाकर विसर्जन किया जाएगा। किदवंती अनुसार यह हनुमान जी का मूर्ति कि कल का है, यह आज तक कोई साबित नहीं कर पाए कुछ अनुभवी जानकार लोगों का कहना है। यह नागवंशी कल का लगता है ।यह मंदिर सदियों पुराना है जिसका देखरेख पूर्व में चंद्राकर परिवार द्वारा होता था । इस मंदिर को चंद्राकर परिवार के द्वारा जीर्णोधार कर भव्य मंदिर बनवाया है ।इस मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को शाम 7ः00 बजे हनुमान जी का पाठ भी किया जाता है। इस स्थान को बजरंग चौक कुरूद के नाम से जाना जाता है ।जानकार लोगों का कहना है 100 वर्ष पूर्व कोई साधु इस दक्षिण मुखी हनुमान जी के मूर्ति के ऊपर चढ़े चोला को सफाई करने का प्रयास किया था ।उसे समय थोड़ा ही चोला निकला था। जिसे गंगा नदी में ले जाकर विसर्जन किया था। मंदिर में प्रमुख रूप से मोहन चंद्राकर, हर्षित योगी, शेखर चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, भुरू चंद्राकर शाहिद सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

जनता का ध्यान भटकाने डबल इंजन की सरकार ले रही केंद्रीय एजेंसियों का सहारा:रश्मि

महासमुंद 28 मार्च (देशबंधु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि 15 महीने की विष्णु देव सरकार के पास जनता के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया गया है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री के सामने यह दिखाने का प्रयास किया कि हम कार्रवाई कर रहे हैं, सीबीआई का दुरुपयोग कर माहौल तैयार करने की कोशिश की गई। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ियावाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाया,छत्तीसगढ़ियों को धान की असली कीमत दिलाई जिसका सजा मिल रही है। उन्होंने कहा कि राजिम कुम्भ का नाम पुन्नी मेला किया छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति हर जिले में लगवाया छत्तीसगढ़ में बिहार तिहार का विरोध किया ये सब परदेशियावादी पार्टी कहाँ सह पाएगी। आगे डॉ रश्मि ने कहा कि भाजपाइयों को भूपेश बघेल का खौफ कितना है समझिए एक महीने के अंदर दो बार छापे डाले गये। पहले जब कका को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया और अब जब उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि वर्तमान की बीजेपी सरकार अपने उद्योगपति मित्रों के लिए जगह और मौके तलाश रही है, जो इसका विरोध कर रहा है उसके खिलाफ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। छापा मारकर उन्हें डराया जा रहा है। यह रेड सीबीआई का दुरुपयोग है, पूरे तरीके से यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है, इससे पहले पूर्व मंत्री और आदिवासी नेता कवासी लखमा को झूठे आरोप में जेल भेजा गया। उसके बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के यहां ईडी और सीबीआई का छापा पड़ा।

नयापारा में पुलिस सहायता केंद्र पुन: खोलने वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

आए दिन लड़ाई.झगड़े से नागरिक हो रहे परेशान

महासमुंद 28 मार्च (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड क्रमांक . 6, 7 व 8 के मध्य स्थित शिच चौक नयापारा में स्थित पुलिस सहायता केंद्र को पुन: खोलने की मांग को लेकर गुरूवार को वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मानव संस्कार सेवा समिति के पदाधिकारियों व तीनों वार्ड के नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू को बताया कि शिव चौक स्थित पुलिस सहायता केंद्र विगत कुछ वर्षों से बंद है। वर्तमान में शिव चौक सहित नयापारा स्लम क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है। शराब की अवैध बिक्री, गांजा, नशीली टेबलेट सहित अन्य नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री नयापारा क्षेत्र में हो रहा है। नशे के चपेट में युवाओं सहित 14.15 साल के किशोर वर्ग के बच्चे भी आ रहे हैं। आए दिन लड़ाई.झगड़े की स्थिति निर्मित हो रही है। महिलाओं, युवतियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता केंद्र को खोलने की आवश्यता है। समिति अध्यक्ष अशोक साहू, सचिव राजू बरिहा ने नपाध्यक्ष को बताया कि इस आशय का एक पत्र पुलिस विभाग को भी दिया गया है। अत: इस दिशा में नपाध्यक्ष से सहयोग की मांग की है। वार्डवासियों की मांग पर पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने पुलिस सहायता केंद्र शीघ्र प्रारंभ कराने उचित पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक साहू, टीकम साहू, मोहन बावनकर, भरत ठाकुर, महिला समूह के सदस्य गण, नैनू शर्मा, आशा ठाकुर, सुमित यादव, राम बाई, रेशमा साहू, मंजू साहू, श्याम कहार, सुशीला गाड़ा, कुंती साहू, चंद्रकांता, लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में तीनों वार्ड के महिलाए पुरुष उपस्थित थे।

माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विनोद

महासमुंद 28 मार्च (देशबंधु)। ग्राम मचेवा में 25 मार्च को संत माता कर्मा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम मचेवा के साहू समाज द्वारा संगीतमय रामायण कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें मानस मंडली द्वारा श्रीराम चरित मानस पाठ के प्रमुख चौपाई व भगवान श्रीराम के कथाओं का वर्णन किया गया। संत माता कर्मा की पूजा.अर्चना कर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक ने कहा कि साहू समाज ऐसे महान व्यक्तित्व के वंशज हैं, जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण की विशेष भक्ति प्राप्त हुई। संत माता कर्मा भगवान श्रीकृष्ण के महान भक्तों में शामिल हैं। उनकी भक्ति व प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान ने उनके हाथों से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया था। आज साहू समाज के लोग जागरूक हो चुके हैं। समाज के विभिन्न रूढ़ीवादी परंपराओं का त्याग कर समाज हित में निर्णय ले रहे हैं तथा समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती प्रमिला ध्रुव, पंच गण, साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, भुवन लाल साहू, जगदीश साहू, निरंजन साहू, शिवकुमार साहू, किशन देवांगन, जनकराम साहू, तोगेश साहू, सीताराम साहू, उपसरपंच जितेंद्र साहू, नीलकंठ साहू, मुरारी साहू, हिरामन साहू, ठगन साहू, पन्नालालए राजेश, पुरुषोत्तम, लालू, लोचन साहू, मुकेश साहू एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला.पुरुष, युवा व ग्रामीण जन उपस्थित थे। संचालन किशन लाल साहू ने किया।

नपा उपाध्यक्ष राठी ने किया बस स्टैंड व सुलभ शौचालय का निरीक्षण

महासमुंद 28 मार्च (देशबंधु)। बस स्टैण्ड का औचक निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने किया । शिकायत मिली थी कि बस स्टैण्ड मे स्थित सुलभ शौचालय मे महिलाओ से बाथरूम जाने का 10 रूपये मनमानी पूर्वक लिया जा रहा है शुलभ शौचालय के ठेकेडार को हिदायत दी गई कि बाथरूम जाना नि:शुल्क है उनसे वसुली न की जावे। नहाने एवं शौच का ही निर्धारित शुल्क लेवे अन्यथा नगर पालिका ठेका परिवर्तन करेगी मनमानी करने से। वाटर ए.टी.एम. का भी निरीक्षण किया गया जो जर्जर हालत मे है। सी.एम.ओ. से चर्चा की गई 10-15 दिन में वाटर ए.टी.एम. चालू करने कहा गया। इसी तरह यात्री प्रतिक्षालय कई वर्षो से झालों से भरा हुआ है साफकरने के लिए प्रभारी को कहा गया। पंखे एवं लाइट भी नही है गर्मी का मौसम है नितान्त आवश्यक है। सी एम. ओ. को तत्काल व्यवस्था करने के लिए अवगत कराया गया। बस स्टैण्ड के अन्दर रूम है जिसमे ताला महिनों से लगा हूआ है। उसके चाबी का कोई जानकारी किसी को नही है। आसपास के लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि शराब का अड्डा बना हुआ है। बस स्टैण्ड में शराब माफिआओं का आतंक चल रहा है। रैन बसेरा में महिला रैन बसेरा के तरफसेप्टिक टेंक नही है इसकी जानकारी प्राप्त हुई। बस स्टैण्ड में संचालित दाल भात सेन्टर का भी निरीक्षण किया गया जहां पर देखा गया कि खाना पकाने की व्यवस्था साफसुथरा थी। प्रतिदिन 300 से 400 लोग दाल भात सेन्टर में 5 रू. प्रति थाली भोजन करते है। उनके संचालक को आस पास साफ सुथरा रखने को कहा गया। सभी बातों से सी.एम.ओ. को अवगत करा कर कहा गया कि शीघ्र ही व्यवस्था को दुरस्त किया जावे समय -समय पर बस स्टैण्ड का अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए निर्देश फोन पर दिया गया। निरीक्षण के दौरान गौरव राठी, रोशन बग्गा, तिलक पटेल, सार्थक साहू एवं बस स्टैण्ड के नागरिक उपस्थित थे।

लक्ष्य देवांगन ने अपने नवोदय चयन के लक्ष्य को प्राप्त किया

खरोरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। विकासखंड तिल्दा से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के छात्र लक्ष्य देवांगन पिता नारायण प्रसाद देवांगन का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 माना रायपुर के लिए हुआ 7 लक्ष्य देवांगन शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है, पूर्व में कक्षा 3 व 4 में राज्य स्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में छ.ग. में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के आतिथ्य में श्री बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर के द्वारा मेडल सहप्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है 7 इस बार शहरी क्षेत्र से नवोदय में चयन होकर छात्र ने एक और उपलब्धि प्राप्त की, और नवोदय चयन के लक्ष्य को प्राप्त कर माता पिता और गुरुजन का नाम रोशन किया 7

ज्ञात हो कि छात्र के माता-पिता मंजुलता देवांगन और नारायण प्रसाद देवांगन दोनों शासकीय शिक्षक है, तथा विगत 5 वर्षो से ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लास से नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी कराते है, इनके प्रयास से शास. प्राथ. शाला मांठ से 6 बच्चो का नवोदय में चयन हो चूका है, और पिता के ऑनलाइन क्लास से छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों के विद्यार्थियों का भी चयन हुआ है7 च्चउन बच्चो के चयन के लिए निस्वार्थ रूप से किये गए कार्य का पुरस्कार लक्ष्य बेटा के चयन के रूप में प्राप्त हुआज्ज, ऐसा लक्ष्य के माता-पिता का मानना है 7

लक्ष्य के चयन के सम्बन्ध में उनके पिता बताते है कि शहरी क्षेत्र के स्कूल में पढ़कर नवोदय में चयन होना सबसे कठिन होता है,क्योंकि शहरी क्षेत्र के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं होता, वह मेरिट अनुसार ही होता है 7 यदि किसी बच्चे को शहरी क्षेत्र से चयन प्राप्त करना है तो उन्हें पुरे जिला में टॉप 10 में आना होगा और यही कठिन लक्ष्य था 7 इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य ने अपने विद्यालय के आचार्यो के मार्गदर्शन बहुत मेहनत किया 7 साथ ही वह महासमुंद में मेरे मित्र शिक्षको के सहयोग से आयोजित प्री टेस्ट परीक्षा में 3 बार भाग लिया, यह परीक्षा भुरकोनी, लखनपुर, और सरायपाली बसना में आयोजित था वहां के शिक्षको हेमलता ईश्वर बरिहा, लुकेश ध्रुव, प्रधान सर, यादव सर, गोपाल साहू, रिंकल बग्गा आदि का बहुत योगदान रहा7 इसके साथ ही नवोदय गुरु गुनाराम चन्देल का विशेष मार्गदर्शन रहा 7

छात्र के चयन पर उनके प्राचार्य जी अश्वनी पाटकर,समस्त आचार्यगण, बंधू भगिनी, माता- पिता, दादाजी, संकुल समन्वयक देवेन्द्र ठाकुर, संकुल समन्वयक संजय वर्मा एबीईओ जाहिरे सर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी. दास जी और साथ ही देवांगन समाज केशला और खरोरा के सभी पदाधिकारीगण ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये ।

ईल्दा में पंचदिवसीय रामायण समारोह का यज्ञहवन एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन

खरोरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। ईल्दा गाँव में आयोजित पंचदिवसीय रामायण समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने पूरे गाँव को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय पाठ किया गया, जिसमें विद्वानों और कथा वाचकों ने रामायण के आदर्शों पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए 7समारोह के चौथे दिन दीपदान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भगवान श्रीराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सरोवर तट और मंदिर प्रांगण हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा, जिससे पूरा वातावरण दिव्य और मंत्रमुग्धकारी बन गया। दीपदान कार्यक्रम ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति और भक्ति की अनुभूति कराई ।समापन समारोह में आयोजक समिति के अध्यक्ष भगत राम साहू एवं उपाध्यक्ष चरण साहू ने कहा, च्च्रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। ग्राम के शिक्षक परमानंद साहू ने कहा ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिकता और संस्कारों का संचार होता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य नारायण साहू ,महेश साहू गणेश राम , गोविंद कनौजे ,हेमलाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया। इनके अथक प्रयासों से पूरा समारोह अनुशासित और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बना 7 ग्राम के सरपंच धनेश साहू ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और भविष्य में भी इसे और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया और संकीर्तन के साथ समारोह का समापन हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का एक सुंदर प्रयास साबित हुआ।

संजीवनी रक्तदाता संघ का उद्देश्य पूरे तिल्दा एवं सिमगा विकासखंड को अपने साथ जोड़ना

खरोरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। 1 अक्टूबर 2004 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ की नींव रखी गई थी । जिसका मूल उद्देश्य जरूरतमंदों तक नि:शुल्क रक्त दान कर सेवा प्रदान करना था । इस उद्देश्य हेतु शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में विगत 21वर्षो से चले आ रहे इस संगठन को और विस्तार रुप प्रदान कर ज्यादा से ज्यादा सेवा प्रदान करने के लिए हमारे संगठन द्वारा सदस्यता जोड़ो महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें तिल्दा ब्लॉक के प्रत्येक गांव से हमारे संगठन का सदस्य बनाया जा सके (जिससे हम हर समय रक्तदान करने मे सफल रहे और किसी को भी संगठन से गुहार करने के बाद मायुसी का सामना न करना पड़े इसिलिए हम चाहते है कि प्रत्येक गाँव से हमारे संगठन मे सदस्यता ग्रहण करे जिससे हम जरुरतमंदो का सहायता करने मे सदा ही अपना अग्रीणी प्राथमिकता प्रदान कर सके

इस महा अभियान में अब -तक 75त्न गांव के लोगों (युवक -युवतियाँ)को जोड़ा जा चुका है और हमारा उद्देश्य को पुरा करने के लिए या (सफल)बनाने के लिए अभी भी 25 त्न गांवो को हमारे संगठन में जोड़ने (जागरुक)करने के लिए बचा हुआ है जिसके अंतर्गत ऐ सभी ग्राम इस प्रकार है ः—चांपा, भैसा , देवरी, हथबंद, सीतापार कुकराचुंदा ,खुड़मुड़ी ,गुजरा रायखेड़ा ,मढी, चिचोली ,मोहदी सोनतरा ,केवतरा, देवसुंदरा, केसला ,खरोरा ,आरंग ,कोसरंगी मोहरेंगा, तरपोंगी ,देवरी ,भटभेरा, तिल्दाबांधा ,बरडीह ,नवापारा बोईरझीटी, ताराशिव, निनवा जलसो ,जारा ओटगन, नेवारी, फूलवारी, कोनारी,सिमगा,रजिया,मोहरा, इत्यादि गांव हैं।

अत: हमारे सभी सदस्यों से अनुरोध है की जिस गांव में हमारे सदस्य नहीं है तथा जिस गांव से आप लोग जुड़े हो उसके साथ-साथ आपके आसपास के गांव में जिस गांव में हमारे सदस्य नहीं है उस गांव से सदस्यता जोड़ो महा अभियान के तहत सदस्यता दिलाएं ।

आपको बता दें कि संस्था का मूल उद्देश्य रक्तदान तो है ही साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे की ग्रीष्म ऋतु में सार्वजनिक प्याउ घर का संचालन, तिल्दा रेलवे स्टेशन में दिव्यांग जनों के लिए व्हीलचेयर तथा स्ट्रेचर प्रदान करना, संस्था के प्रचार प्रसार हेतु टी-शर्ट वितरण, रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा हेतु हेलमेट वितरण ,शोकाकुल परिवार को अन्नदान, पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिससे कि आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंद मरीज को तत्काल ब्लड मुहैया हो सके जैसे अनेक प्रकार के जनहित के कार्य किए जाते हैं।

अत: जिन युवा एवं युवतियों महिला व पुरुष जिनका उम्र 18 वर्ष से अधिक हो और वजन 45 किलो से अधिक एवं हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह इस संगठन में जुड़कर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर सकते हैं। अत: हमारे संगठन मे जिस किसी को भी सदस्यता प्राप्त करना है हमारे संस्था के अध्यक्ष महोदय ओमप्रकाश चौहान जी से सम्पर्क कर सकते है पता है ः——लक्की डेली नीड्स कोटा रोड नेवरा मे सुबह 9ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक संपर्क करें साथ में अपना आधार कार्ड का फोटो कॉपी तीन नग पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो एवं 51 रुपया सदस्यता शुल्क लेकर आवे साथ में दो गवाह जिनके सामने सदस्यता ग्रहण किये जा सके।

युवक की सड़क हादसे में मौत

पलारी 28 मार्च (देशबन्धु)नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले 24 वर्षीय युवक मिथिलेश सेन पिता धूरेद्र सेन, जो सैलून चलाते थे, की गुरुवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। उनके पिता ने बताया कि मिथिलेश तड़के सुबह ही घर से निकल गए थे, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें दुर्घटना की सूचना दी। पलारी थाना पुलिस के अनुसार, सुबह 6ः00 बजे बलौदा बाजार मार्ग पर एक ट्रक द्वारा एक युवक को कुचलने की सूचना मिली। मौके पर प्रधान आरक्षक अरशद खान, प्रधान आरक्षक कमल कैवर्त्य, सहायक आरक्षक राजेंद्र ठाकुर और वाहन चालक यदु पहुंचे। युवक ट्रक के पिछले पहियों में फंसा हुआ था। पुलिस जवानों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन उसे गंभीर चोटें आई थीं। घायल मिथिलेश को तुरंत पलारी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को जप्त कर लिया है। हादसे के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और आरोपी चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुराने सिक्को और नोटो के सभी गवर्नर और खास नम्बर का कलेक्शन है पिथौरा के चरनदीप अजमानी के पास

पिथौरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। पुराने सिक्कों और नोटों का कलेक्शन एक अलग तरह का जुनून है। पिथौरा के कॉइन कलेक्टर्स डॉ एस. एस. तिवारी व चरनदीप अजमानी के पास खासकर पुराने समय के ऐतिहासिक और चांदी के सिक्के और 1 रुपये से लेकर 2000 रुपये के सभी नए पुराने नोटो का अदभुत संग्रह मौजूद है।

पुराने सिक्कों का कलेक्शन भी एक अलग ही शौक है। इस तरह की चीजों के कलेक्शन के लिए लंबे समय तक मेहनत और खोज करनी पड़ती है। तब कहीं जाकर इनके कलेक्शन तैयार होते हैं।

शासकीय महाविद्यालय पिथौरा के प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी के निर्देशन एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. एस एस तिवारी के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा चरनदीप अजमानी के सिक्कों और नोटों के कलेक्शन की प्रदर्शनी का आयोजन 22 मार्च 2025 को किया गया।

महासमुंद जिले के पिथौरा निवासी चरनदीप अजमानी ने बताया कि वह 13 वर्ष की आयु से भारतीय पुराने सिक्के, नोटो व करेंसी का संग्रह कर रहे है। उनके इस संकलन में महारानी विक्टोरिया सन 1887 के समय से लेकर आजादी के समय तक व आज तक के सभी सिक्के व नोट इनके संग्रह में हैं। इसी तरह एक रुपये, दो रुपये और पांच रुपये के सभी गवर्नर के हस्ताक्षर सिग्नेचर नोट कलेक्शन में है। 786001 नम्बर वाले खास नोट 000786, 786000 व 786786 वाले नोट भी इनके संग्रह में मौजूद है। और भी यूनिक नम्बर वाले नोट इनके न्यूमेस्मेटिक्स संग्रह में है। इसी तरह जन्मतिथि वाले नोट भी संग्रह में है। चरनदीप बताते है कि कक्षा छठवी से सिक्के जमा करने का ऐसा शौक चढ़ा कि बड़े ही अलग अलग ढंग से इन्हें जमा करने लगा। अपने आसपास में हर एक सिक्के और नोट के पहलू को देखता, वहीं कहीं भी जाता हूँ तो सिक्कों पर बड़ी बारीकी से नजर बनाए रखता हूं। बस इसी जुनून से एक अलग और खास तरह का कलेक्शन तैयार होता गया। उन्होंने यह भी बताया किसी भी तरह के नोट व सिक्को की कीमत लाखो में नही होती है ये सभी ऑनलाइन में ठगी का नया तरीका है। आम जनता ठगी से बचने के लिए पुराने सिक्को के वास्तविक मूल्य व करेंसी की सही जानकारी के लिए आप इनके नम्बर 7000916170 पर सम्पर्क कर सकते है।

इसी तरह डॉ. एस. एस. तिवारी सर के पास भी प्राचीन काल से लेकर मुगल काल के ऐतिहासिक सिक्को का संग्रह मौजूद है। फिलहाल उनके पास प्राचीन काल से लेकर अब तक के करीब 500 से अधिक सिक्के मौजूद हैं। उनके कलेक्शन में चांदी के लगभग 50 सिक्को का कलेक्शन अद्भुत व काफी प्राचीन है। इसमे कुछ 15 वी शताब्दी के भी है। वे इतिहास के प्रोफेसर भी है और इस कलेक्शन के जरिये छात्रों को इतिहास, कला, भारतीय संस्कृति से भी जोड़ते है। सिक्को और नोट प्रदर्शनी के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सीमा अग्रवाल, श्री बीएस विशाल, श्री शेखर कानूनगो, श्री जितेंद्र पटेल, श्री ईश्वर पटेल, सुश्री टिकेश्वरी, श्रीमती सुमन पटेल, डॉ कपिल कुमार चंद्रा, डॉ मुकेश्वर सोनवानी, श्री लक्ष्मण साहू, श्री योगेश पटेल, श्री रामकुमार रविदास, श्री खीरसागर बरिहा, श्री दुष्यन्त धृतलहरे व डॉ. वीरेंद्र प्रजापति, श्री पराग जैन, विवेक दीक्षित सहित नागरिकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के शिक्षक श्री आर के तिवारी द्वारा किया गया।

मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज की चांपा में बैठक कल

भरूवाडीह/बलौदाबाजार, 28 मार्च। 30 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे ग्राम चांपा के कुर्मी मंगल भवन में राजप्रधान श्रीमती सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में विशेष प्रकरण व महाधिवेशन में सम्मिलित होने के संदर्भ में बैठक आयोजित है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज बलौदाबाजार राज के समस्त संरक्षकगण, सलाहकारगण, पदाधिकारीगण, राज कार्यकारिणी के सदस्य गण, क्षेत्र प्रधानों, ग्राम प्रमुखों एवं समस्त स्वजतियों को आमंत्रित किया गया है।

विधायक गुरु खुशवंत साहेब का 36वां जन्मदिन, सेवा भक्ति व उत्साह के साथ मनाया

आरंग, 28 मार्च (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गुरु खुशवंत साहेब का 36वां जन्मदिन हर्षोल्लास, सेवा और भक्ति के भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। रायपुर से लेकर आरंग, भंडारपुरी धाम, खरोरा और तिल्दा तक कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने उनका भव्य स्वागत किया और केक काटकर शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय सम्मान

विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने जन्मोत्सव की शुरुआत रायपुर स्थित गुरुनिवास में अपने परिवार और कर्मचारियों के साथ केक काटकर की। इसके बाद वे मुख्यमंत्री निवास पहुँचे, जहाँ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वयं केक कटवाकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सतनामी समाज के धर्मगुरु एवं उनके पूज्य पिता गुरु बालदास साहेब भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सेवा कार्य भिक्षुक पुनर्वास केंद्र और बालिका गृह में जन्मोत्सव

मुख्यमंत्री निवास से लौटकर गुरु साहेब ने मोवा स्थित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में जरूरतमंदों के साथ जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत वे बालिका बालगृह, रायपुर पहुँच बच्चों के साथ जन्मोत्सव मनाया और वहां वाटर कूलर दान किया, जिससे वहाँ रहने वाली बेटियों को गर्मी में राहत मिल सके। उनके इस सेवा भाव की सभी ने सराहना की।

आरंग में भव्य जन्मोत्सव समारोह

आरंग पहुंचते ही सतनामी समाज एवं अखिल भारतीय सतनाम सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सतनाम भवन में जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आरंग विधानसभा समाज के अध्यक्ष यशवंत टंडन सहित अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसके पश्चात जनपद कार्यालय आरंग में जन्मोत्सव मनाया गया। भाजपा विधानसभा आरंग की ओर से होली मिलन समारोह एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ, केक

काटकर जन्मोत्सव मनाया फिर होली मिलन समारोह में जमकर थिरके विधायक गुर साहेब,जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक गुरु साहेब ने अपने विधानसभा क्षेत्र के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों—सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों तथा पत्रकारों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित थे-

विधायक मोतीलाल साहू, इंद्रकुमार साहू, रोहित साहू, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत सदस्य अनुज गुरु सौरभ साहेब, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, देवकुमार साहू, गोपाल वर्मा, टेशवन बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष हिरामन कोशले, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी। कार्यक्रम को देखकर गुरु खुशवंत साहेब ने सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समस्त विधानसभा वासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा-यह जन्मोत्सव अपने विधानसभा परिवार के साथ मिलकर मनाने से मेरा हृदय गदगद हो गया। आपका स्नेह और प्यार सदैव बना रहे। मैं भी यह विश्वास दिलाता हूँ कि आरंग विधानसभा के हर नागरिक के सुख-दु:ख में हमेशा खड़ा रहूँगा।

भंडारपुरी धाम में भक्ति और आध्यात्मिक आशीर्वाद

आरंग में भव्य स्वागत के बाद विधायक गुरु साहेब भंडारपुरी धाम गुरुद्वारा पहुँचे, जहाँ उन्होंने अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। साथ ही अपने पूज्य पिता गुरु बालदास साहेब जी,गुरुमाता प्रवीण माता जी, बड़े भाई गुरु सोमेश बाबा जी एवं छोटे भाई गुरु सौरभ साहेब जी सहित समस्त परिवार का स्नेह प्राप्त किया।

गुरुद्वारे में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भंडारपुरी गांव में आयोजित रामायण समारोह में भी जन्मोत्सव मनाया गया, जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पंचायत सचिवों के हड़ताल 11वें दिन भी जारी

तिल्दा धरना स्थल पर पहुंचे पंचायत सचिव संघ प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा

खरोरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ की एक सूत्री मांग शासकीय करण को भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के आधार पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनते ही 100 दिन में पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के फल स्वरुप प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा आयोजित 7 जुलाई 2024 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय, पंचायत मंत्री विजय शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सभा के बीच घोषणा किया गया था कि मोदी की गारंटी के आधार पर पंचायत सचिव की समस्याओं को एक महीने के भीतर समिति गठित कर पूर्ण कर दी जाएगी लेकिन पुरानी समिति को भंग करके नया समिति का गठन 24 मार्च 2025 को किया गया है ।

पुरानी समिति द्वारा रिपोर्ट शासन को सौंपा नहीं गया और फिर से नया समिति बनाया गया है। शासन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से क्षुब्द होकर छत्तीसगढ़ में कार्यरत 10995 पंचायत सचिव द्वारा अपनी एक सूत्री मांग को लेकर 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में आंदोलन रथ है हड़ताल के 11 वे दिन लगातार जारी है शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर ग्रहण लग चुका है प्रदेश पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक इकाई तिल्दा नेवरा अध्यक्ष भरत वर्मा एवं रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू द्वारा जानकारी दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का सर्वे हड़ताल में जाने के कारण सर्वे रुक गया गया है अभी काम पूर्णता बंद हो गया है उनके साथ-साथ नव निर्वाचित सरपंचों के कार्य भर दिलाना, जन्म मृत्यु ,विवाह पंजीयन,मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित सभी संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की कार्य भी ठप हो गया है जब तक की पंचायत सचिव की एक सूत्री मांग शासकीयकरण पूर्ण नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा आंदोलन के 11 वे दिन धरना स्थल जनपद पंचायत तिल्दा में प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा, उप प्रांताध्यक्ष अनिल गुप्ता सहित प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित हुए और शासकीय करण मांग को लेकर उग्र आंदोलन की बात करते हुए आगामी दिवस में जिला स्तर का मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हड़ताली सचिवों को समर्थन हेतु पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह संपन्न

52 जोड़ी का विवाह कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग नगरी के तत्वाधान में कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 52 जोड़ो का पूरे रीति रिवाज के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें स्वजनों सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। महिला बाल विभाग के द्वारा नव दंपत्तियों को 1नग बिछिया, 1नग मंगलसूत्र और वर वधु श्रृंगार सामग्री भेट स्वरूप प्रदान किया गया, पुरोहित के मंत्रोपचार द्वारा विधि विधान से इनका विवाह संपन्न हुआ। नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सर्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सदस्य प्रेमलता नागवंशी, कमल डागा, रामगोपाल साहू, पार्षद विनीता कोठारी, मिक्की गुप्ता, अलका साव, चेलेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित उपस्थित जनों ने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन

पलारी, 28 मार्च (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम रेंगाडीह में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, महेंद्र मोनू साहू, धन्नू साहू, सरपंच तीरथ राम रात्रे सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि रामायण के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें मर्यादा, कर्तव्य और भक्ति की सीख देती है जो समाज को सही दिशा में ले जाने में सहायक होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति प्रतिभागियों और दर्शकों को इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। समापन समारोह में धन्नू साहू ने सभी अतिथियों प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के आयोजनों से समाज को धार्मिक और नैतिक प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर गाजू राम साहू, कृष्णा साहू, गंगा राम साहू, रेवा राम साहू, सुखी राम साहू, फिरंटा राम यादव, धर्मेंद्र साहू, कालीराम साहू, पारस विश्वकर्मा, प्रमोद साहू, नंदलाल साहू और किशन साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सुभाष चंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस से मिले नगरी के प्रतिनिधि

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। सर्व हिंद सनातन समाज, जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत सामाजिक समन्वय जन संकल्प अभियान का आयोजन 27 मार्च को नूतन स्कूल प्रांगण मराठपारा में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुभाष चंद्र बोस जी के वंशज सोमनाथ बोस थे। आयोजन समिति के विशेष निवेदन पर नगरी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए, कार्यक्रम में सभी समाज प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र व गमछे से सम्मानित किया गया।

समारोह में नगरी सिहावा के प्रतिनिधियों ने सोमनाथ बोस से भेंट कर सप्तऋषि क्षेत्र के बारे में अवगत कराया। इस दौरान डॉक्टर गोकुलराम देवांगन, रवि शंकर दुबे, महेन्द्र नेताम, मोतीलाल दिवाकर, विनय देवांगन, शारदा प्रसाद ग्वाले, अधिवक्ता तुलसीराम साहू, रुपेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, डेविड ने मुलाकात कर नगरी आगमन का आग्रह किया।

नगर के दैवीय मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू

सिमगा, 28 मार्च। बासंती चैत्र नवरात्रि का पर्व 30, मार्च से शुरू हो रही है जो 6 अप्रैल तक अर्थात आठ दिनों तक चलेगी । चैत्र नवरात्रि के लिए नगर के सभी देवी मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है । दैविय मंदिरों का रंग रोगन, लाइटिंग, ज्योति कलश कक्ष की सफाई के सांथ ही उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है । चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के मां कंकालिन मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां माहेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना हेतु रसीद काटी जा रही है ।29 मार्च शनिवार की शाम 4,33बजे प्रतिपदा प्रारंभ हो जावेगी जो रविवार 30,मार्च को दोपहर 2 .15 बजे तक रहेगी ।उदया तिथि के कारण 30 मार्च को ही चैत्र नवरात्रि की कलश स्थापना होगी । ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चैत्र नवरात्रि पर विभिन्न पुण्य कारी शुभ संयोग बन रहे हैं । चैत्र नवरात्र रविवार से शुरू होने के कारण देवी मां की सवारी हांथी है जो समृद्धि एवं शक्ति का प्रतीक है ।

विक्रम संवत के पहले दिन गुड़ी पड़वा पर स्कूली बच्चों के विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन एवं मिलन समारोह आज

बागबाहरा, 28 मार्च (देशबन्धु)। संकुल केन्द्र कसेकेरा के द्वारा गुड़ी पड़वा विक्रम संवत् नव वर्ष शुभारंभ के अवसर पर अध्ययनरत कक्षा 5 वी के छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाये गए नैतिक शिक्षा, भाषा, विज्ञान,गणित, पर मिट्टी, कागज, प्राकृतिक कबाड़ से जुगाड के मॉडल का प्रदर्शन करने , यूथ यूको किचन गार्डन की कार्यशाला, दाखिल खारिज जांच मिलान के साथ होली मिलन समारोह का 29 मार्च 2025 शनिवार को प्राथमिक शाला बिडोरा में आयोजित है। जिसमें संकुल के शिक्षक- शिक्षिका , प्रतिभागी विद्यार्थियों की सहभागिता एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम समापन अवसर में बच्चो का उत्साहवर्धन करने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष श्री विश्वास मेश्राम जी, शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री पी एन राव जी भिलाई बडिंग ग्राफ्टिंग, गार्डनिग विशेषज्ञ श्री बी एस बघेल कांकेर बच्चो का उत्साह वर्धन करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया एवं संकुल प्रभारी पवन चक्रधारी द्वारा दी गई।

भाजपा ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

गरियाबंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा ने गुरुवार को जिला कार्यालय में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। सभी निकाय और जनपद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, भाजपा समर्थित जनपद और जिला पंचायत के सदस्य तथा वॉर्ड पार्षदों को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र के विकास और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू और राम कुमार साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने उत्कृष्ट कार्य, कड़े परिश्रम और क्षेत्र के विकास से पहचान बनाएं। पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के लोग हैं। यह काम करने का स्वर्णिम समय है। सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें और जनता को लाभान्वित करें। जनता की समस्याएं सुनें और समाधान करें। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के कारण जिले में भाजपा को अभूतपूर्व जीत मिली है। अब जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित होकर काम करें। चुनाव के बाद भी जनता से जुड़ाव बनाए रखें। विनम्र व्यवहार करें। व्यवहार किसी तरह का बदलाव नहीं आना चाहिए। वहीं संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं, यह परखना और जरूरतमंदों को लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। आम जनता के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर काम करना होगा।

प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि जिले में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। छह में से चार निकायों में भाजपा की सरकार बनी है। जिला पंचायत गरियाबंद सहित सभी पांच जनपदों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष बने हैं। अधिकांश में उपाध्यक्ष भी भाजपा के हैं। यह जीत वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया। बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, कुंजबिहारी बेहरा, मिलेश्वरी साहू सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, निकायों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, निकाय पार्षद और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नपा अध्यक्ष करवा रहे शासकीय भूमि का चिन्हांकन ताकि विकास कार्य हो सके

भाटापारा, 28 मार्च (देशबन्धु)। शहर के विकास के लिए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा का विज़न के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार 28 मार्च को नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर पालिका परिषद के अंतर्गत सभी हल्कों के पटवारियों के साथ बैठक कर अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने शासकीय भूमि के संबंध में जानकारी ली और नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले शासकीय भूमि का चिन्हांकन करने के लिए निर्देशित किया ताकि भविष्य की विकास योजनाओं पर काम किया जा सके।

शहर विकास के लिए नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का विज़न

गौरतलब है कि नगरीय निकाय चुनाव के वक्त भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद अश्वनी शर्मा ने अपने स्थानीय घोषणा पत्र में शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनाने की बात कही थी। चुनाव जीतने और पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार नपा अध्यक्ष श्री शर्मा भाटापारा के विकास को लेकर प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने 28 मार्च को भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सभी हल्कों के पटवारियों के साथ बैठककर चर्चा की। नपा अध्यक्ष ने पटवारियों से नगर पालिका क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि का चिन्हांकन करने कहा, ताकि भविष्य में इन भूमियों का उपयोग भाटापारा की प्रगति और विकास कार्यों के लिए किया जा सके। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि, नगर के विकास और जनकल्याण के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग और समर्पण सराहनीय है। हम सब मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

शिवरतन शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेंद्र प्रधान के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की

भाटापारा, 28 मार्च। शुक्रवार को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ओडिशा के भुवनेश्वर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के निवास पर पहुंचकर उनके पूज्य पिताश्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेंद्र प्रधान जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर चर्चा में बताया की डॉ देवेंद्र प्रधान जी का जीवन समाज व राष्ट्र की सेवा को समर्पित रहा, उनकी विचारधारा और योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। वे एक दूरदृष्टा राजनेता, कुशल संगठनकर्ता और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वारिष्ठ भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक अजय चंद्राकर, सुनील सोनी, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, डॉ विमल चोपड़ा भी उपस्थित रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

प्रेसिडेंट इन काउंसिल...

उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पालिका पीआईसी में दिव्यांग को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सभी को समान अवसर मिले यही उनकी सोच हैं। यदि अवसर मिले तो श्रीमती ईश्वरी भोई जैसी दिव्यांग महिला नगर विकास में अपनी बराबर की भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है नपाध्यक्ष श्री साहू ने पीआईसी मेंबर में देवीचंद राठी उपाध्यक्ष को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग सभापति, जयकुमार देवांगन पार्षद वार्ड क्र 02 को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, गुलशन कुमार साहू पार्षद वार्ड.27 को जलकार्य विभाग, बबलु सूरज नायक पार्षद वार्ड क्र 09 को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव पार्षद वार्ड क्र 05 को राजस्व तथा बाजार विभाग, श्रीमती ईश्वरी भोई पार्षद वार्ड क्र 15 को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पूनर्वास तथा नियोजन विभाग, श्रीमती ज्योति रिन्कू चंद्राकर पार्षद वार्ड क्र 1 शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग सभापति की जिम्मेदारी प्रदान की है।

क्रिकेट की दीवानगी अब मैदानों से निकलकर घर के छतों पर भी दिखने लगी : इंद्र साव

भाटापारा, 28 मार्च (देशबन्धु)। शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पहले कबड्डी खेल गांव गांव में होते रहते थे,लेकिन वर्तमान में क्रिकेट प्रेमियों की रुचि इतनी ज्यादा इस खेल में दिखने लगी है कि लोग घर के छतों पर भी प्लास्टिक बैट से क्रिकेट खेलते नजर आने लगे है,उक्त बाते निपनिया में एमएलए कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम को पुरस्कृत करने के दौरान मैदान पर उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कही।

विधायक इंद्र साव ने निपनिया में हो रहे प्रतिवर्ष इस आयोजन पर आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन के पीछे आयोजक गांव और शहर क्षेत्रों में दबी हुई प्रतिभा को बाहर लाने का कार्य कर रहे है।खेल कोई भी हो,,खेल में कोई हारता नहीं है बल्कि कुछ सीखता है और आने वाले समय के लिए और कड़ी मेहनत कर विजेता बनने अभ्यास करता है।श्री साव ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में विजेता बनने के लिए सामूहिक प्रयास का होना अत्यंत आवश्यक होता है और आज इस बात को कुम्भली और तरेंगा की टीम ने बता भी दिया ,की लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों ना हो,,मिलकर जवाबदारी के साथ करने से लक्ष्य आराम से हासिल किया जा सकता है।उन्होंने उप विजेता टीम के खिलाड़ियों की भी तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने यहां तक का सफर भी टीम भावना के साथ किया। विदित हो कि निपनिया में इस बार ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गई थी। शहरी क्षेत्र का फाइनल मैच कुम्भली व धरसींवा के बीच खेला गया,जिसमें कुम्भली की टीम ने 8 ओवर में 114 रन बनाए वही लक्ष्य का पीछा करते हुए धरसींवा की टीम मात्र 62 रनों पर ढेर हो गई। उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में तरेंगा व भोथीडीह टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भोथीडीह की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 54 रन बना पाई। तरेंगा ने आसानी से ये रन बनाकर 7 विकेटों से फाईनल मैच जीत लिया। विजेता कुम्भली टीम को एक लाख रूपये नगद कप आयोजक समिति द्वारा एवं द्वितीय पुरस्कार 50 हजार व कप क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव के द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र प्रतियोगिता में विजेता तरेंगा को 40 हजार नकद व कप आयोजन समिति द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भोथीडीह टीम के खिलाड़ी को सायकल व कप राजेन्द्र गुप्ता, अनिता गुप्ता, सृजन गुप्ता द्वारा दिया गया। उसी प्रकार अन्य पुरस्कार आशा कृषि केन्द्र ,शंकर दास मानिकपुरी शेरा ठाकुर , नरेश नेताम सरपंच निपनिया, कामता ध्रुव मोपकी ,अनूप साहू सरपंच गुड़ाघाट द्वार दिया गया। फाईनल मैच का आनंद लेने दूर-दूर से खेल प्रेमी व महिलाएं बच्चे भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अलावा आसपास गांव के सरपंच, पंच एवं जनपद सदस्य एवं ग्रामवासी कामता रावत, पिन्टू वर्मा, कृष झा, आशीष डेहरी, शैलेश ठाकुर, विनय ठाकुर, रामनरेश यादव, गोपी वर्मा, मुकेश ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, चन्द्रशेखर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

कुंभली और तरेंगा की टीम बनीं विजेता

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एसडीएम का किया आत्मीय स्वागत

नगरी, 28 मार्च। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नगरी अनुभाग में नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी सुश्री प्रीति दुर्गम और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी करूणा सागर पटेल से सौजन्य मुलाकात की, ब्लॉक में पदस्थापना होने पर गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया और फेडरेशन ने अधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हित पर कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा किया। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, महासचिव गिरीश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू विजय गेंडरे, अशोक साहू, तरुण कुमार साहू, प्रवक्ता के पी साहू, बेलरतहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, सहायक शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष शरीफ बेग मिर्जा, श्रवण कुमार साहू, कोमलुराम नेताम सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

धमतरी पुलिस यातायात द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारी संघ के साथ की गई बैठक

धमतरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी,उप पुलिस अधीक्षक मीना साहू एवं नगर निगम उपायुक्त पी.सी. सार्वा के द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात शाखा धमतरी में व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था बनाने हेतु अपने दुकान के सामानों व विज्ञापन बोर्ड को मार्ग पर/मार्ग किनारे नही रखने, अपने दुकान के बाहर दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग हेतु निर्धारित जगह चिन्हित कर पार्किंग कराने एवं मुख्य मार्ग से लगे (सफेद पट्टी के अंदर) में ही पार्किंग करने बोर्ड लगाने, शहर के मुख्य मार्ग एवं सदर मार्ग के अंदर दुकान के सामानों का लोडिंग-अनलोडिंग रात्रि 10 बजे से सुबह 9 बजे तक ही कराने ताकि आमजन को असुविधा न हो।

देर रात्रि तक दुकान अनावश्यक रूप से खोलकर नही रखने, बड़ी वाहनों एवं भारी वाहन संचालन करने वाले व्यापारी जैसे रेत, गिट्टी, अन्य खनिज सामग्री लेकर चलने वाले वाहन का संचालन रात्रि 10 बजे से प्रात: 8 बजे तक करने, बंद दुकान के सामने ठेला या अन्य दुकान लगाने नही देने, मुख्य मार्ग एवं सदर मार्ग के व्यापारीगण सामुहिक रूप से अपने ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग कराने प्राईवेट गार्ड या कर्मचारी नियुक्त करने ताकि यातायात अव्यवस्थित न हो एवं आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे, दुकानों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु दुकान के बाहर हाई फ्रीचेंसी नाईट विजन, सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने।

सुरक्षा के दृष्टिगत दुकान में कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस से सत्यापन कर चरित्र प्रमाण पत्र लेने एवं उनके समस्त जानकारी का फाईल बनाकर रखने, अपने कर्मचारी एवं खुद के वाहन को व्यवस्थित पार्किंग करवाने, त्यौहारी सीजन में दुकान के बाहर टेंट, पंडाल लगाकर व्यवसाय नही करने, लगाने के पूर्व नगर निगम से अनुमति प्राप्त करने, त्यौहारी सीजन में लघु व्यवसायियों द्वारा घड़ी चौक के पीछे से मठ मंदिर तक मार्ग में ही दुकान लगा देते है, जिससे आवागमन बाधित होती है, ऐसे व्यवसायियों के लिए एक निश्चित जगह चिन्हाकित कर व्यवसाय करने बताया गया।

इसी क्रम में व्यापारी संघ द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर सुझाव दिये है, कि घड़ी चौक के पीछे पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही की जाये।

त्यौहारी एवं मुख्य आयोजन के दौरान सदर मार्ग को वन-वे करने, बालक चौक के पास अतिक्रमण करने वाले पर कार्यवाही करने, दुकानों के बाहर सामान रखने वाले को समझाईश देने, गोलबाजार में मार्ग में ठेला पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करने, हाईवा वाहन का शहर में प्रवेश हेतु समय व रूट निर्धारण करने के साथ शहर में 20-20 गाड़ियां प्रवेश कराने, शहर में अधिकतम गति 35 किमी प्रति घंटे में चलाने, सिहावा रोड में रोड किनारे अवैधानिक रूप से खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने, लोडिंग-अनलोडिंग करने का समय निर्धारण करने, शहर के अंदर बस की स्पीड की गति निर्धारण करने, आटो, ई-रिक्शा के लिए स्टॉपेज बनाने, ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने, नाबालिग बच्चों के परिजन पर कार्यवाही करने, प्रेशर हार्न पर कार्यवाही करने सुझाव दिये गए है, जिस पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी एवं उपायुक्त नगर निगम पी.सी. सार्वा द्वारा संबधित विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित सुझावों को त्वरित कार्यवाही करने आश्वासन दिया गया। यातायात पुलिस समस्त व्यापारियों से अपील करती है, कि मार्ग में अतिक्रमण कर व्यवसाय न करें, वाहनों को अव्यवस्थित खड़े न करें, यातायात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस, नगर निगम का सहयोग करने बताया गया।

उक्त बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश जसुजा, सदस्य अर्जुन दासवानी, प्रमोद पाण्डेय, दिनेश रोहरा, आलोक पाण्डेय, रवि पंजवानी, हर्ष चांवला, अन्य सदस्य एवं पार्षद राकेश चंदवानी यातायात उनि. रामकृष्ण साहू, सउनि. भेनूराम वर्मा, सुरेश नेताम, चन्द्रशेखर देवांगन, प्रआर. चमन सिंह, जितेन्द्र कृदत्त, ठाकुर राम सिन्हा, दौलत मरकाम एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

गरियाबंद जिले के 6 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन, कलेक्टर ने दी बधाई

गरियाबंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए गरियाबंद विकासखंड में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने इन बच्चों से मुलाकात कर उनका मुंह मीठा कराया और स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

आदिवासी बाहुल्य गरियाबंद में कोचिंग सेंटर की कमी को देखते हुए गौरव गरियाबंद अभियान के तहत नि:शुल्क कोचिंग शुरू की गई थी। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत के निर्देशन में विकासखंड गरियाबंद के 40 विद्यार्थियों को एक माह का प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा परिणाम में 6 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ।

चयनित विद्यार्थियों में शासकीय प्राथमिक शाला मजरकटा से योगिता ध्रुव, बारूला से चांदनी दीवान, टूइयामुड़ा से त्रिसा किरण कंवर, देव परसुली से खुमेश्वरी, धवलपूर से प्रियांशु ओटी और कोचवाय से वेदांत ठाकुर शामिल हैं। आश्रम शाला पिपरछेड़ी से लोमश कुमार का भी चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेलसिंह नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, शिक्षक गिरीश शर्मा और छन्नुलाल सिन्हा के साथ कलेक्टर से मुलाकात की। विकासखंड स्तर पर आयोजित नि:शुल्क कोचिंग सेंटर में गौरव गरियाबंद के नोडल श्याम कुमार चंद्राकर, सहायक नोडल मनोज केला और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

ग्रामीण अचंलों में धूमधाम से मनी मां कर्मा की जंयती

धमतरी/पुरूर, 28 मार्च (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में साहू समाज के द्वारा भक्त मां कर्मा की 1009 वीं जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा के साथ समाज द्वारा भक्त मां कर्मा एवं श्री कृष्ण की जयकारे के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। प्रत्येक ग्रामों मे पूजा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

झिरिया ग्रामीण साहू समाज चिटौद के द्वारा ग्राम चिटौद में भक्त मां कर्मा जंयती के अवसर पर सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मां कर्मा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं जंयती उत्सव भी मनाया गया। गांव में सुबह 10 बजे समाज के महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूजा अर्चना के बाद समाज के सभी लोगों ने मां कर्मा की महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा ने समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गांव के लिए यह बहुत खुशी की बात है मां कर्मा की जयंती के दिन सामाजिक भवन का लोकार्पण हो रहा है। उन्होने साहू समाज की एकता उनकी समाजिक रिती निति की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के द्वारा कुछ पुराने कुरितीयों का त्याग किया जा रहा है। जो कि सभी समाज के लिए आवश्यक है। उन्होने कहा कि साहू समाज की अराध्य देवी मां कर्मा की जंयती आज पुरे देश में धूम धाम से मनाया जा रहा है। सेवा त्याग और समर्पण की प्रतिभूति मां कर्मा भगवान श्री कृष्ण के महान भक्त के रूप में जानी जाती है। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति की रही है जो हमेशा ही भगवान कृष्ण के भजन पूजन में ध्यान लगाती थी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन लाल साहू, मिथलेश साहू, राजेन्द्र साहू सुरेन्द्र तिवारी देवलाल साहू, गोकुल राम साहू, रूपराम नागवंशी ग्राम के सरपंच तीरथ यादव सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में तैलिक समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी लोगों को उनके बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया। अतिथियों के उद्बोधन के पूर्व सुबह 10 बजे गांव के युवाओं ने डीजे की धुन में भव्य शोभा यात्रा एवं महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष बिसरू राम साहू, परस राम साहू, कमलू साहू, दानेश्वर साहू, जीतेन्द्र साहू, पीलू राम साहू, राजाराम साहू, रामकुमार साहू, पूनित राम साहू, भागीराम साहू, केशो राम साहू, रूपराम साहू, चंद्रकांत साहू युवा प्रकोष्ठ के लोकेश साहू, परमानंद साहू, सोहन साहू, डां. संतोष साहू, तुलसी राम साहू, राजा साहू सहित समाज काफी संख्या में उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम पुरूर, चंदनबिरही, उसरवारा, फागुनदाह, भर्रीगांव, आनंदपुर, बालोदगहन, मुड़खुसरा, बोरिदकला, बागतराई कनेरी, भेजा, कंवर पेरपार, पेंडरवानी सहित अंचल के सभी गांवों मे साहू समाज द्वारा मां कर्मा की जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जिला हिन्दी साहित्य समिति के कवियों ने काव्यगोष्ठी के साथ खेले फूलों की होली

धमतरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा म्युनिसिपल स्कूल के पीछे साहित्य भवन धमतरी में होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी प्रेम सद्भाव और भाईचारा का परिचय देते हुए उत्साह से मनाया। इस अवसर पर साहित्यकारों ने काव्य गोष्ठी के साथ फूलों की होली खेली गई।

काव्य गोष्ठी के पूर्व जिला हिन्दी साहित्य समिति के संरक्षक गोपाल शर्मा ने कहा होली केवल रंगो का खेल नहीं बल्कि सामाजिक बंधनों का भी पर्व है। जाति, धर्म, वर्ग, अमीरी, गरीबी जैसी दीवारें टूट जाती है और हर कोई समान रूप से इस त्यौहार का आनंद लेता है। मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा राग रंग का यह लोकप्रिय पर्व बसंत का संदेश वाहक प्रकृति भी इस समय रंग बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। नरेश चंद्र श्रोति ने कहा होली प्रेम और भाईचारा फैलाती है यह देश में सद्भाव और खुशियां लाती है। विनोद रणसिंह, शेष नारायण गजेन्द्र ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

तत्पश्चात् कवियों ने काव्य पाठ का खुशनुमा माहौल बनाया।

कवि कुलदीप सिन्हा ने कहा जीवन म कुछ पाना हे ते कुछ तो खोना पड़थे जान, जिहां जरूरत नई हे जिनला, फोकट के मत बांटव ज्ञान। राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा आगे-आगे हे संगी फागुन तिहार जुरमिल सबो मनाबो, ठेठरी, खुरमी, चौसेला, अरसा घलो बनाबो। आकाशगिरी गोस्वामी ने देश में अमन चैन लाने के लिए मैं होली खेलूंगा अभिनय के माध्यम से जनमानस को संदेश दिया। दीप शर्मा ने चंदन सा आदर, कुमकुम सी आस्था पुष्पों सा प्रेम सपनों की आशा कबीर रहीम, रसखान के दोहे मीरा बाई की भक्ति की अभिलाषा जीवन की सलाइयों से इन्हें बुना हूं साहित्य की फूलवारी से कुछ अरमान चुना हूं। कामिनी कौशिक-बधाई होली के लिए गा रही वसुंधरा शुभकामनाओं की थाल सजाए हर आत्मा की दुराव को प्राणमन से खींचकर दुलार दो सद्भावना जगा दिलों में रंगों में बुहार दो। डॉ. सरिता दोशी-ऐ हवा, रूको याद करने दो मुझे कुछ भी मेरी बंकिम ग्रीवा पर तपन भरी वो छुअन कोई सुकोमल चेहरा गहराती हुई सांझ आम के कच्चे फूलों की गंध लहके हुए पीले फूलों वाले खेत रूको हवा याद करने दो मुझे। चन्द्रशेखर शर्मा-तुम छंदों का रंग लगाओ मैं गीतों की मल दूं होली, इंद्रधनुषी रंग उतरे आज बैठ दोहे की डोली, गीतिका में आए तो राधा खण्ड काव्य में कान्हा की टोली, अध्यक्ष जिला हिन्दी साहित्य समिति डुमन लाल ध्रुव-सात रंगो में रंग बरसे, इस होली के फाग में टेरता तन, नहाता मन धधकती आग में। सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने काव्य पाठ के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आकाश गिरी गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया।

उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने किया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

लंबित मांग हुई पुरी वार्ड वासियों ने बोहरा का किया साधुवाद

नगरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत नगरी चुनाव को लगभग 2 माह होने को है नगर वासी टकटकी लगाकर देख रहे हैं कि कब विकास की नए आयाम की नींव रखी जाएगी, जिसकी शुरुवात उपाध्यक्ष बोहरा ने कर दी है। अपने रानी दुर्गावती वार्ड 6 में निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर वार्ड वासियों को बड़ी सौगात दे दिया है, बता दे कि इस वार्ड की प्राथमिक मांग नाली निर्माण थी, जिसे बोहरा ने हरि झंडी दे दी साथ ही चरमराई लाईट व्यवस्था को भी दुरुस्त करा दिया है। वार्ड वासियों ने इस कार्य की सराहना कर विकास बोहरा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पार्षद राजा पवार, चेलेश्वरी साहू, वार्डवासी यशवंत साहू, ईश्वर देवांगन, नरेंद्र साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

जलाशयों से जरूरत अनुसार भरे जाएंगे ग्रामीण तालाब

- पानी की समस्या से निपटने प्रशासन का प्रयास, कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की मंत्रणा
- गंगरेल में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने पर भी हुई बात

धमतरी, 28 मार्च (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पानी की कमी वाले स्थानों पर पर्याप्त जल आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पहले ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां जल आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। ग्रामीण इलाकों में गर्मी में सूख जाने वाले तालाबों में जलाशयों और बांधों से पानी भरकर इस समस्या से निपटने का प्रयास भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आज जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अगले तीन दिनों में ऐसे तालाबों की पहचान करने को कहा, जो गर्मियों में सूख जाते हैं और उन गांवों में लोगों को निस्तारी के लिए असुविधा झेलनी पड़ती है। कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों के तालाबों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़कर भरने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों से सम्पर्क कर इस काम के लिए जरूरी समन्वय करने को भी कहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि ऐसे तालाबों को भरने के लिए बांधों से पानी छोड़ने के पहले जरूरी पारा नाली, जल प्रवाह नाली आदि व्यवस्थित रूप से बनाई जाएं, ताकि पानी का कम से कम नुकसान हो। उन्होंने पानी छोड़ने से पहले वितरक नहरों और नालियों की भी अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि बांधों से छोड़ा गया पानी आसानी से तालाबों तक पहुंच सके। कलेक्टर ने पानी छोड़ने के लिए जरूरी सभी प्रक्रियाएं और स्वीकृति आदेश आदि लेने के लिए अभी से पत्राचार करने के निर्देश भी दिए।

गंगरेल में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने पर भी हुई चर्चा

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी के मुख्य पर्यटन केन्द्र गंगरेल बांध में सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने गंगरेल के कैचमेंट एरिया के छोटे टापू-आईलैंड पर भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर विचार किया। श्री मिश्रा ने फैमिली आईलैंड पर पर्यटकों के रूकने, खाने-पीने और मनोरंजन के लिए साधन विकसित करने योजना बनाने को कहा। उन्होंने गंगरेल में मोबाईल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जरूरी स्वीकृतियां भी नियमानुसार टेलीकॉम कंपनियों को देने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने गंगरेल के आसपास मोबाईल टावर स्थापित करने के लिए जमीन एलॉटमेंट के प्रकरणां को भी शीघ्र निराकृत करने को कहा।

हिंदी प्रश्न पत्र से शुरू हुआ दसवीं ओपन का परीक्षा

बिलाईगढ़ 28 मार्च(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल अंतर्गत दसवीं का पहला परीक्षा गुरुवार को हिंदी प्रश्न पत्र के साथ सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे के मध्य संपन्न हुआ। इस परीक्षा का आयोजन सारंगढ़, बिलाईगढ़, बरमकेला झाल में किया गया, जहां झाल 73 परीक्षार्थी में 73, सारंगढ़ में 81 परीक्षार्थी में 72, बिलाईगढ़ के 31 परीक्षार्थी में 27 और बरमकेला में 213 परीक्षार्थी में 198 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान सारंगढ़ के सेजेस स्कूल में जिला नोडल अधिकारी बसंत दुबे, केंद्र अध्यक्ष परमेश्वर भारद्वाज, प्राचार्य सुदीप्त प्रधान, व्यवस्था इंचार्ज भरत लाल देवांगन सहित शिक्षकगण उपस्थित थे। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि ओपन परीक्षा से उन छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा, जो किसी कारणवश नियमित पढ़ाई नहीं कर पाए थे।

हीट आईलैंड की सूची में अब बलौदा बाजार भी

- चिंता में आईएमडी, एनजीटी और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

भाटापारा, 28 मार्च (देशबन्धु)। कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के बाद हीट आईलैंड की सूची में नया नाम बलौदा बाजार जिले का। कुछ और जिले भी इस सूची में शामिल किये जा सकते हैं, जहां यह स्थिति शुरुआती दौर में है।

हीट आईलैंड की सूची जिस गति से लंबी हो रही है, उससे अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय चिंता में आ चुका है। लिहाजा कुछ ऐसे उपायों पर फौरन काम चालू करने का सुझाव दिया है जिससे हीट आईलैंड का विस्तार रोकने में प्रभावी मदद मिलती है।

इसलिए हीट आईलैंड- बढ़ता शहरीकरण, घटता हरित क्षेत्र का रकबा। कांक्रीट, कोलतार और धातु संरचनाओं का उपयोग जिस मात्रा में बढ़ रहा है, वह सूर्य की तेज धूप को अवशोषित कर तो रही है लेकिन लंबी अवधि तक इसे बनाए हुए है। हरित क्षेत्र तापमान को नियंत्रित करते हैं लेकिन शहरीकरण की चपेट में यह भी तेजी से खत्म हो रहे हैं। यह स्थितियां तापमान बढ़ाने में भरपूर मदद कर रहीं हैं।

यह भी बढ़ा रहे तापमान-वाहन और उद्योगों से निकलने वाली गर्मी तो बढ़ते तापमान की वजह है ही, नई हिस्सेदारी अंधाधुंध ऊर्जा खपत की भी सामने आई है। इसमें एयर कंडीशनर और ऐसे अन्य संसाधन भी हैं, जो अप्रत्यक्ष रूप से गर्मी को बढ़ा रहे हैं। यह सभी वायु प्रदूषण और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को बढ़ा रहे हैं, तो बढ़ते तापमान को मजबूत साथ दे रहे हैं।

यहां बढ़ रहे गर्मी के दिन- रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा के साथ बलौदा बाजार जिले को इसलिए गंभीर जिला माना जा रहा है क्योंकि यहाँ भी शहरीकरण और औद्योगीकरण की गति अपेक्षाकृत ज्यादा है। हरित क्षेत्र का सिमटता रकबा हीट आइलैंड को और भी मजबूती दे रहा है। ऐसे में तापमान को काबू में रखने के लिए हर वह उपाय करने होंगे जो ऐसे क्षेत्र के लिए विशेष रूप से सुझाए गए हैं।

सुझाए यह उपाय- गर्मी अवशोषण कम करने में सहायक हो सकते हैं ग्रीन और कूल रूफ। हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और ग्रीन बेल्ट को विकसित करना। पानी अवशोषित करने वाली सामग्री का उपयोग सड़क और फुटपाथ निर्माण के काम में। सार्वजनिक परिवहन जैसी नीतियां और इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर देना होगा। तालाब, झील, बावड़ी और कुओं का संरक्षण एवं संवर्धन इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि यह भूजल के भंडारण में मदद करते हैं और पर्याप्त नमी बनाए रखते हैं।

वनस्पतियों की महत्वपूर्ण भूमिका- शहरी हीट आइलैंड प्रभाव का मुख्य कारण हरित क्षेत्र की कमी और बढ़ता शहरीकरण है। पेड़ और वनस्पति तापमान संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे छाया प्रदान करते हैं और वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से गर्मी को नियंत्रित करते हैं। बढ़ता औद्योगीकरण और कंक्रीट संरचनाओं के कारण तापमान असामान्य रूप से बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय जलवायु असंतुलित हो रही है।

अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

शिक्षकों को मिला शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार, 28 सम्मानित

गरियाबंद, 28 मार्च (देशबन्धु)। वन विभाग के ऑक्सन हॉल में गुरूवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाल जिले के 28 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। तीन श्रेणियों में शिक्षकों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

शिक्षादूत के रूप में 15 शिक्षकों को पांच-पांच हजार रुपये मिले। ज्ञानदीप श्रेणी में 3 शिक्षकों को सात-सात हजार रुपये दिए गए। उत्कृष्ट प्रधानपाठक के रूप में 10 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। समाज में उनका विशेष स्थान है। बच्चों को शिक्षा देने के साथ नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण में भी वे योगदान देते हैं। उन्होंने शिक्षकों को बधाई दी और अच्छे कार्य जारी रखने की अपील की।

समारोह में विधायक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। गरियाबंद को जल्द ही नालंदा परिसर की सौगात मिलेगी। आधुनिक ऑडिटोरियम और मिनी स्टेडियम भी बनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में 220 बेड का अस्पताल स्वीकृत हो चुका है। नगर पालिका क्षेत्र में 43 करोड़ रुपये की लागत से तीन किलोमीटर फोरलेन सड़क बनेगी। राजिम से छुरा तक दो लेन सड़क का प्रस्ताव विधानसभा में पारित हो चुका है। कृषि महाविद्यालय और सिंचाई बराज की भी स्वीकृति मिलने वाली है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। शिक्षकों के प्रयासों से गौरव गरियाबंद अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। उन्होंने शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया।

समारोह में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्रकार, सुमित पारख, पार्षद खेम सिंह बघेल, सूरज सिन्हा सहित शिक्षक और नागरिक मौजूद रहे।